शासकीय एवं अशासकीय शाला	उच्च निम्न	14 18	138.35 130.16	7.06 0.58	4.81	<0.01
शासकीय शाला	उच्च निम्न	9 7	135.66 124.85	3.87 1.38	6.67	<0.01
अशासकीय शाला	उच्च निम्न	5 11	145.45 133.54	9.59 4.36	3.18	<0.01

स्त्रोत: क्षेत्र निरीक्षण पर आधारित

उपरोक्त सारणी में आँकडो के परिणामों से प्रदर्शित होता है कि उच्च एवं निम्न अभिभावकीय प्रोत्साहन के विभिन्न समूहों मे सांख्यिकीय दृष्टिकोण से किशोरों के सामाजिक व्यवहार मे सार्थक अन्तर है क्योंकि प्राप्तांकी मान 0.01 के निर्धारित मान की अपेक्षा अधिक है ।



किशोरों के सामाजिक व्यवहारों के परिणामों का विश्लेषण

अभिभावकों का उच्च प्रोत्साहन किशोरों की बड़ी से बड़ी समस्याओं का निदान करने में सहायक होता है जिससे किशोर घर,परिवार,समाज एवं विद्यालय तथा मित्रों के बीच एक सामन्जस्य बना लेते हैं । जो उनके व्यवहार को आदर्श बनाता है । किशोर/किशोरियों को अभिभावकों का प्रोत्साहन ना मिलने पर वे समाज के नियमों से विचलित हो जाते है । साथ ही विद्यालय में भी स्थान प्राप्त नहीं कर पाते जिसके कारण वे घर, पडोसी एवं मित्रों से दूर होते हैं जिससे उनका सामाजिक व्यवहार प्रभावित होता हैं । यही कारण है कि जनजातीय क्षेत्रों में कुछ अभिभावक शिक्षित है एवं कुछ अभिभावक अपने आस- पास के वातावरण के अनुसार ढल गयें हैं । वे अपने किशोरों को प्रोत्साहित कर रहें हैं । जनजाति क्षेत्रों में शिक्षा की कमी का किशोर/किशोरियों के विकास पर प्रभाव पडता हैं । कुछ अभिभावक किशोरियों की अपेक्षा किशोरो पर अधिक ध्यान देते हैं । जिससें किशोरियों का व्यवहार किशोरों के प्रति घृणात्मक व्यवहार बनता जा रहा हैं ।

इस प्रकार उपरोक्त परिणामों से स्पष्ट हो जाता हैं कि किशोर/किशोरियों के सामाजिक व्यवहार को कुशल बनाने में अभिभावक के प्रोत्साहन की अहम् भूमिका होती है । जिससे वे घर, परिवार एवं मित्रों के बीच में एक पहचान बनाते है । अत: अभिभावकीय प्रोत्साहन का किशोर/किशोरियों के सामाजिक व्यवहार पर सार्थक प्रभाव पडता है ।

निष्कर्ष:-

1. किशोर/किशोरियों के सामाजिक व्यवहार पर अभिभावकीय प्रोत्साहन का सकारात्मक प्रभाव पडता है । उच्च अभिभावकीय प्रोत्साहन के किशोर/किशोरियों का सामाजिक व्यवहार निम्न अभिभावकीय प्रोत्साहन के किशोर/किशोरियों की अपेक्षा अधिक अच्छा है ।
2. शासकीय शाला के किशोर/किशोरियों के सामाजिक व्यवहार पर अभिभावकीय प्रोत्साहन का सकारात्मक प्रभाव पडता हैं । शासकीय शाला में उच्च अभिभावकीय प्रोत्साहन के किशोर/किशोरियों का सामाजिक व्यवहार निम्न अभिभावकीय प्रोत्साहन के किशोरों की अपेक्षा अधिक अच्छा है ।
3. अशासकीय शाला के किशोर/किशोरियों के सामाजिक व्यवहार पर अभिभावकीय प्रोत्साहन का सकारात्मक प्रभाव पडता हैं । अशासकीय शाला में उच्च अभिभावकीय प्रोत्साहन के किशोरों का सामाजिक व्यवहार निम्न अभिभावकीय प्रोत्साहन के किशोरों की अपेक्षा अधिक अच्छा है ।

सन्दर्भ ग्रन्थसूची:-

1. कुप्पुस्वामी, बी (1982) '' बाल व्यवहार और विकास '' विकास पब्लिशिगं हाउस, भारती प्रिंटर्स, आगरा, । पेज नं. 51.84
2. कुदेसिया, उमेशचन्द्र (1998) '' शिक्षा मनोविज्ञान '' प्रकाशन केन्द्र,न्यू बिल्डिंग,अमीनाबाद, लखनऊ, ।
3. जायसवाल ,.सीताराम(1975) '' शिक्षा मनोविज्ञान '' प्रकाशन केन्द्र न्यू बिल्डिंग, अमीनााद,लखनउ, ।
4. वर्मा, प्रीति श्रीवास्तव, डी.एम.(1986), '' बाल मनोविज्ञान एवं बाल विकास '' विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा ।
5- http:// www.google.com.in
6- http:// www.6 seconds. Org.
7. मप्र सांख्यिकीय संक्षेप 2010 आर्थिक एवं साख्यिकी संचालनालय, म.प्र. पेज नं. 15-16
8. सिंह वृन्दा(2007) '' बाल विकास एवं बाल मनोविज्ञान '' मूलचन्द गुप्ता पंचशील प्रकाशन फिल्म कॉलोनी , जयपुर पेज नं. 289 से 297
9. जैन, शशि प्रभा (2005) '' मानव विकास '' शिवा प्रकाशन श्री गणेश मार्केट खजूरी बाजार, इन्दौर पेज नं. 206 से 2009
10. मिश्रा महेन्द्र कुमार (2007) ''किशोर मनोविज्ञान'' युनिवर्सिटी बुक हाऊस प्रा.लि. 79 चौड़ा रास्ता, जयपुर पेज नं. 145 से 166
11. मिश्रा, महेन्द्र कुमार (2007) ''बाल विज्ञान की नूतन दिशाएँ'' ज्ञान प्रकाशन 12 शाहपुरा हाऊस, उनियारा रावजी का रास्ता चांदपोल बाजार, जयपुर पेज नं. 21 से 32

पूर्व किशोरावस्था (11 से 16 वर्ष) के किशोर तथा किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता का अध्ययन करना

कु. अनिता सोलंकी *

प्रस्तावना–

किशोर–किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता के स्तर को मापने के लिए डॉ. आर.के. टंडन ने सामूहिक मानसिक योग्यता का परीक्षण किया। इस शोध पत्र का उद्देश्य इन्दौर जिले के किशोर–किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता स्तर का अध्ययन किया गया। इसमें कुल 100 प्रतिदर्श चयन किया गया। जिसमें 50 किशोरों व 50 किशोरियों जिसमें शासकीय स्कूल व अर्द्धशासकीय स्कूल के किशोर व किशोरियों का अध्ययन किया गया। जिसमें तथ्यों का विश्लेषण तथा परिणाम निकालने के लिए प्रतिशत मध्यमान, प्रमाप, विचलन टी–परीक्षण, काई वर्ग परीक्षण आवश्यकतानुसार तकनीक परीक्षण जिसमें सार्थकता व असार्थकता पता लगाने के लिए किया गया है।

इस अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि शासकीय विद्यालय व अशासकीय विद्यालय के 10वीं व 12वीं शिक्षा प्राप्त किशोर व किशोरियों में सामूहिक मानसिक योग्यता स्तर में अधिक अंतर नहीं पाया गया। यह उपकल्पना अस्वीकृत हुई है। इसका कारण यह हो सकता है कि अधिकांश परिवारों में किशोरों व किशोरियों को स्वतंत्र वातावरण प्रदान नहीं किया जाता है। संवेगों पर नियंत्रण नहीं कर पाते हैं जबकि सामूहिक मानसिक योग्यता स्तर में संघर्षमय जीवन व्यतीत करते हुए भावानात्मक रूप से शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, रूप से मजबूत होने के बारे में सहमति व्यक्त की गई।

किशोरावस्था एक संक्रमण की अवस्था है। जिसमें बालक न ही बालक रहता है और न ही प्रौढ़। जैसे कि असुबेल ने कहा है कि हमारी संस्कृति में किशोरावस्था को व्यक्ति की जैव सामाजिक स्थिति का एक संक्रमण काल कहा जा सकता है। इस अवस्था में कर्तव्यों जिम्मेदारियों, विशेषाधिकारों और अन्य लोगों के साथ सम्बन्धों में बहुत परिवर्तन हो जाते हैं। ऐसी हालत में माता पिता, साथियों और दूसरों के प्रति अभिव्यक्तियों का बदल जाना स्वाभाविक प्रक्रिया है। हमारे आधुनिक समाज में किशोरों की स्थिति अस्पष्ट और उलझी हुई होती है। किशोरावस्था शारीरिक परिपक्वता के साथ–साथ मानसिक सांवेगिक और सामाजिक परिपक्वता की भी अवस्था है।

पूर्व किशोरावस्था तब शुरू होती है जब व्यक्ति लैंगिक दृष्टि से परिपक्व हो जाता है। पूर्व किशोरावस्था औसतन तेरह की आयु में और लड़के की लगभग एक वर्ष बाद शुरू होती है। पूर्व किशोरावस्था की विभाजक रेखा सोलहवें वर्ष के आसपास मानी जाती है।

किशोरावस्था बाल्यावस्था के बाद आने वाली अवस्था है। यह अवस्था बचपन की समाप्ति तथा वयस्कावस्था प्रारंभ होने तक रहती है। इस समय विकास की गति बहुत तीव्र होती है। इस अवस्था में किशोर न तो बालक रहता है न ही वयस्क वरन् वह दुविधाजनक स्थिति में रहता है। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में एक समय ऐसा आता है जबकि उसके शरीर में कुछ परिवर्तन होना शुरू होते हैं, बचपन से प्रौढ़ बनने की प्रक्रिया प्रारंभ होती है। यह वयसंधि का काल (समय) ही किशोरावस्था है। इसमें न केवल शारीरिक बल्कि बौद्धिक, भावनात्मक तथा सामाजिक आदि सभी प्रकार के परिवर्तन होते हैं।

किशोरावस्था को देखें तो लगता है कि उस काल में जीवन तरंग सर्वोच्च शिखर पर पहुंच जाती है। किशोर का जीवन नये अनुभवों के क्षेत्र में प्रवेश करने के नवीन संबंधों को ढूंढ निकालने के तथा आंतरिक शक्ति एवं योग्यता के नये साधनों की अनुभूति के उपजनें से भरा होता है।

यह अवस्था लड़कों में 14 से 17 वर्ष तथा लड़कियों में 13 से 16 वर्ष होती है। इस समय कुछ शारीरिक परिवर्तन भी होने लगते हैं। सामूहिक, मानसिक, योग्यता/बौद्धिक योग्यता, मानसिक विकास मानसिक आयु से जुड़ा हुआ है। मानसिक आयु की सहायता से बालक किशोरों की मानसिक परिपक्वता का संकेत मिलता है। किशोर इन्हीं मानसिक योग्यता के आधार पर मानसिक गतिविधियों में भाग लेते हैं। मानसिक गतिविधियों का संचालन प्रत्येक शैक्षणिक संस्था नियमित रूप से उनकी बुद्धि, तेजस्वी बने, स्मृति शक्ति बढ़े इस उद्देश्य हेतु महाविद्यालय में भाषण वाद–विवाद और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है।

मानसिक योग्यताओं का विकास किशोरों में निरीक्षण, तुलना, निर्णय इत्यादि मानसिक शक्तियों का थोड़ा विकास देखा जा सकता है। भाषा संबंधी योग्यताओं का भी विकास होता है। किशोरों की ये मानसिक योग्यताऐं उनके खेलों में देखी जा सकती है। बालक के प्रत्येक विकास पर उसकी बौद्धिक योग्यता का भी पर्याप्त प्रभाव पड़ता है। जिन बालकों की बौद्धिक योग्यता अधिक होती है। उनकी स्मरण शक्ति व तर्क शक्ति अधिक होती है।

पूर्व बाल्यावस्था में किशोरों की मानसिक योग्यताओं में निरंतर वृद्धि होती है। उसकी संवेदना एवं प्रत्यक्षीकरण की शक्तियों में वृद्धि होती है। किशोर विभिन्न बातों के बारे में अधिक देर तक अपने ध्यान को केन्द्रित कर सकता है। उसमें अपने पूर्व अनुभवों को स्मरण रखने की योग्यता उत्पन्न हो जाती है। शारीरिक मानसिक स्थिरता में पूर्व किशोरावस्था में न केवल किशोर का वजन एवं कद बढ़ता है। वरन् वह मानसिक रूप से भी परिपक्व होता है।

मनुष्य आज श्रेष्ठतम प्राणी बुद्धि के कारण ही समझा जाता है। कुछ किशोर जन्म से ही प्रखर बुद्धि वाले अथवा मूर्ख हुआ करते हैं। प्रखर बुद्धि वाले किशोर मूर्ख किशोरों की अपेक्षा शिक्षा से अधिक लाभ उठाते हैं। अत: कहा जा सकता है कि बुद्धि वंशानुक्रम पर आधारित होती है।

स्पीयरमैन (1904–1927) इनके अनुसार बुद्धि में दो–दो कारक हैं। प्रथम सामान्य मानसिक योग्यता द्वितीय विशिष्ट मानसिक योग्यता। बुद्धि परीक्षणों की सहायता से मन्द बुद्धि किशोरों का पता सरलता से लगाया जा सकता है। चाहे एक कक्षा में पढ़ने वाले किशोर हैं अथवा एक समूह विशेष के किशोर हों। बुद्धि परीक्षणों की सहायता से मन्द बुद्धि प्रखर बुद्धि और प्रतिभाशाली किशोरों को सरलता से अलग–अलग किया जा सकता है।

बुद्धि परीक्षणों के द्वारा बुद्धि का मापन कर यह ज्ञात किया जा सकता है

* पीएच.डी शोधार्थी,माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

कि एक विद्यार्थी विद्यालय में पढ़ने योग्य है। बुद्धि परीक्षणों के द्वारा बुद्धि का मापन कर कक्षा के क्षेत्र में बुद्धि परीक्षणों का एक उपयोग यह भी किया जाता है कि कक्षा में किशोरों के द्वारा प्राप्तांकों के आधार पर किसी भी विषय के पाठ्यक्रम का निर्धारण सरलता से किया जा सकता है।

उपर्युक्त क्षेत्र के अतिरिक्त बुद्धि परीक्षणों की उपयोगिता अन्य और क्षेत्रों में है। जैसे व्यावहारिक क्षेत्र में अपराधी किशोरों की समस्या के समाधान के क्षेत्र में निदान, उपचार और चिकित्सा के क्षेत्र में भी बुद्धि परीक्षणों का उपयोग बहुत अधिक है। इन सबके अतिरिक्त अनुसंधान के क्षेत्र में कई दशकों से बुद्धि परीक्षणों का उपयोग व्यापक स्तर पर किया जा रहा है।

बुद्धि-लब्धि और आयु- यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है कि क्या आयु और संवेगात्मकता को बुद्धि और विकास के साथ-साथ हमारी IQ का भी विकास होता है। प्रत्येक आयु स्तर के किशोर-किशोरियों की अपेक्षा बौद्धिक कौशलों के आगे होते हैं।

लड़के मैथेमेटिकल तथा मैकेनिकल में भी आगे होते हैं दूसरी ओर किशोरियां प्रत्यक्षात्मक कौशलों तथा भाषा विज्ञान में किशोरों की अपेक्षा किशोरियां श्रेष्ठ होती हैं। यदि शासकीय या अशासकीय स्कूलों में रेकार्ड देखा जाये तो लगभग सभी देशों में औसतन किशोरियों का स्कूल में रिकार्ड किशोरों की अपेक्षा बेहतर होता है।

$$\frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{वास्तविक आयु}} \times 100$$

इस अध्ययन के दौरान किशोरों की मानसिक योग्यता का अध्ययन किया गया जिससे उनकी योग्यताओं का विकास हो सके और उनका सामाजिक समायोजन उत्तम बने और वे अपना सम्पूर्ण विकास कर सकें।

अध्ययन के उद्देश्य-

1. शासकीय विद्यालय के किशोर व किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता स्तर का अध्ययन।
2. अशासकीय विद्यालय के किशोर व किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता स्तर का अध्ययन करना।
3. शासकीय व अशासकीय विद्यालय के किशोर व किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता के स्तर का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन की उपकल्पना-

1. शासकीय विद्यालय के किशोर व किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता में अंतर होगा।
2. अशासकीय विद्यालय के किशोर व किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता में अंतर होगा।
3. शासकीय व अशासकीय विद्यालय के किशोर व किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता में अंतर होगा।

अध्ययन शोध प्रविधि-

प्रस्तुत शोध कार्य में निदर्शन के चयन इन्दौर शहर को लिया गया। जिसके लिए 100 निदर्शन का चयन किया गया। जिसमें 50 किशोरों तथा किशोरियों शासकीय विद्यालय के और 50 अशासकीय विद्यालय के किशोर तथा किशोरियों को लिया गया।

निदर्शन का चुनाव करने के लिए इन्दौर शहर के नक्शे को चार भागों में बांटा गया तथा दैव निदर्शन की लॉटरी विधि के द्वारा हर क्षेत्र से एक एक शासकीय तथा अशासकीय स्कूलों का चयन किया गया। इन स्कूलों का चयन लॉटरी विधि द्वारा गया।

विधि तथा उपकरण-

किशोर तथा किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता का अध्ययन करने के लिए डॉ आर.के. टंडन के द्वारा निर्मित सामूहिक मानसिक योग्यता मापनी का उपयोग किया गया। इस परीक्षण द्वारा किशोर व किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता में प्रखर बुद्धि, मूर्ख बुद्धि जड़ बुद्धि के अंतर्गत किया गया।

प्रस्तुत शोधकर्ता ने 50 किशोरों एवं 50 किशोरियों को लिया गया। जिसमें शासकीय तथा अशासकीय स्कूल के 10वीं कक्षा के किशोर एवं किशोरियों से जाकर प्रपत्र भरवाये थे।

सांख्यिकीय प्रविधियां-

तथ्यों को विश्लेषण तथा परिणाम निकालने के लिए सांख्यिकीय परीक्षण किया गया। जिसमें सार्थकता व असार्थकता का पता लगाया गया। इसके लिए प्रतिशत, मध्यमान, प्रमाप, विचलन, टी परीक्षण, काई वर्ग, परीक्षण का प्रयोग किया गया।

अशासकीय विद्यालय के किशोर व किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता से तालिका क्र. 1

क्रं.	श्रेणी	अशासकीय विद्यालय				स्वतंत्रता अंश	काई वर्ग ($\times^2$)	परिकल्पना सार्थकता स्तर
		किशोर		किशोरियाँ				
1	प्रतिभाशाली	0	0	0	0			
2	श्रेष्ठ	0	0	0	0			
3	सामान्य	0	0	0	0			
4	सीमावर्ती	3	12	2	8	6	0.819	असार्थक
5	मुर्ख बुद्धि	6	24	8	36			
6	मूढ़ बुद्धि	9	36	8	36			
7	जड़ बुद्धि	7	28	7	28			
		25	100	25	100			

उपरोक्त तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अशासकीय विद्यालय के किशोरों व किशोरियों की मानसिक योग्यता में प्रतिभाशाली श्रेष्ठ व सामान्य श्रेणी के किशोर तथा किशोरियों में 0 प्रतिशत पाया गया। सीमावर्ती श्रेणी में किशोरों में 12 प्रतिशत तथा किशोरियों में 8 प्रतिशत पाया गया।

मूर्ख बुद्धि श्रेणी में किशोरों में 24 प्रतिशत तथा किशोरियों में 36 प्रतिशत पाया गया। मूढ़ बुद्धि श्रेणी के किशोरों व किशोरियों में 36 प्रतिशत पाया गया। जड़ बुद्धि श्रेणी में किशोर व किशोरियों में 28 प्रतिशत पाया गया।

इनके X^2 का मान 0.819 पाया गया हो 6 स्वतंत्रता के अंश पर सार्थकता स्तर के आवश्यक मान से कम है। अत: दो में अंतर असार्थक है।

दूसरी उपकल्पना-अशासकीय विद्यालय के किशोर तथा किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता में अंतर होगा। इसमें पाया गया कि अशासकीय विद्यालय के किशोर व किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता में अंतर तो पाया गया किन्तु यह अंतर सार्थक नहीं पाया गया। अत: उपरोक्त उपकल्पना असार्थक सिद्ध हुई।

शासकीय विद्यालय के किशोर व किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता में अंतर से संबंधित तालिका

तालिका क्र. 2

क्रं.	श्रेणी	शासकीय विद्यालय		स्वतंत्रता अंश	टी परीक्षण	परिकल्पना सार्थकता स्तर
		किशोर	किशोरियाँ			
1	प्रतिभाशाली	0	0	0	0	
2	श्रेष्ठ	0	0	0	0	
3	सामान्य	0	0	0	0	
4	सीमावर्ती	88.33	87.5	3	0.29	असार्थक
5	मुर्ख बुद्धि	6	24	8	36	असार्थक
6	मूढ़ बुद्धि	9	36	8	36	असार्थक
7	जड़ बुद्धि	7	28	7	28	असार्थक

.01 सार्थकता स्तर

.05 सार्थकता स्तर

उपरोक्त तालिका के अनुसार कि किशोर व किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता का तुलनात्मक अध्ययन करने पर पाया गया कि सामूहिक मानसिक योग्यता में प्रतिभाशाली श्रेष्ठ व सामान्य का मध्यमान 0 पाया गया व इनके टी परीक्षण का मान 0 प्राप्त हुआ।

सीमावर्ती सामूहिक मानसिक योग्यता का मध्यमान क्रमश: 88.33 व 87.5 पाया गया। इनके टी परीक्षण का मान 0.29 प्राप्त हुआ जो 3 स्वतंत्रता के अंश पर .05 सार्थकता स्तर के आवश्यक मान से कम है।

मूर्ख बुद्धि में सामूहिक मानसिक योग्यता को मध्यमान क्रमश: 84.42 व 84.5 पाया गया। इनके टी पीरक्षण का मान 0.04 प्राप्त हुआ जो स्वतंत्रता के अंश पर .05 सार्थकता स्तर के आवश्यक मान से कम है।

अत: दोनों में सार्थक अंतर नहीं है। मूढ़ बुद्धि, सामूहिक, मानसिक योग्यता का मध्यमान क्रमश: 74.87 व 75.25 पाया गया। इनके टी परीक्षण का मान 0.22 प्राप्त हुआ जो 14 स्वतंत्रता के अंश पर .05 सार्थकता स्तर के आवश्यक मान से कम है।

अत: दोनों में अंतर सार्थक नहीं है। मूढ़ बुद्धि मानसिक योग्यता का मध्यमान 68.57 व 68 पाया गया। इनके टी परीक्षण का मान 0.48 प्राप्त हुआ जो 10 स्वतंत्रता के अंश पर .05 सार्थकता के आवश्यक मान से कम है।

अत: दोनों में अंतर सार्थक नहीं है।

तीसरी उपकल्पना– शासकीय विद्यालय के किशोर व किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता पर प्रभाव पड़ेगा।

शासकीय विद्यालय के किशोर तथा किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता में अंतर की जानकारी उक्त उपकल्पना की सार्थकता सिद्ध करने के लिए इसमें संबंधित प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किये गये तथा इनका टी परीक्षण का मान ज्ञान किया गया।

शासकीय विद्यालय के किशोरों तथा किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता में अंतर तो पाया गया जो कि असार्थक हैं इसके अतिरिक्त यह भी पाया गया कि शासकीय विद्यालय के किशोर तथा किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता में अंतर तो असार्थक पाया गया।

अत: उपरोक्त उपकल्पना असार्थक सिद्ध हुई।

निष्कर्ष–

1. शासकीय विद्यालय के किशोरों व किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता परीक्षण में सर्वाधिक मूढ़ बुद्धि वाले किशोर व सबसे कम सीमावत्री बुद्धि वाले किशोर पाये गये। सर्वाधिक मूर्ख बुद्धि वाले किशोर व सबसे कम सीमावर्ती वाले किशोर पाये गये।
2. अशासकीय विद्यालय के किशोरों व किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता परीक्षण में सर्वाधिक मूढ़ बुद्धि वाले किशोर व सबसे कम सीमावर्ती बुद्धि वाले किशोर पाये गये। सर्वाधिक मूर्ख बुद्धि वाले किशोर व सबसे कम सीमावर्ती वाले किशोर पाये गये।

सुझाव–

1. किशोर व किशोरियों को परिवार में अच्छा वातावरण दिया जाना चाहिए।
2. विद्यालय में किशोर व किशोरियों की योग्यता को बढ़ाने के लिए कार्यक्रम किये जाने चाहिए।
3. माता पिता द्वारा उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

किशोर व किशोरियों की सामूहिक मानसिक योग्यता में कई मनोवैज्ञानिक परिवर्तन हो रहे हैं। इनके प्रभावों को जानने के लिए अध्ययन किया जा सकता है।

1. पूर्व शालायें बालकों पर अध्ययन किया जा सकता है।
2. अध्यापक के द्वारा किशोर व किशोरियों की मानसिक योग्यता के अनुसार पाठ्यक्रम बनाया जा सकता है।
3. कम मानसिक योग्यता वाले किशोर व किशोरियों को अलग से पढ़ाना चाहिए ताकि उनकी बुद्धि का विकास हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची–

1. दास भगवान, बाल विकास–2006, ओमेगा पब्लिकेषन, नई दिल्ली।
2. हलौक, एलिजाबेथ बी. विकास मनोविज्ञान प्रथम खण्ड, 1967, हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय।
3. बर्मन श्रीमती गायत्री एवं जैन श्रीमती शशिप्रभा, किशोरावस्था विवाह एवं परिवार 2003, शिवा प्रकाशन, इन्दौर
4. शर्मा कमलेश, वर्मा माया, किशोरावस्था विवाह एवं पारिवारिक जीवन संस्करण, 1991–1992
5. मुखर्जी रवीन्द्रनाथ सामाजिक शोध व सांख्यिकीय 2007, विवेक प्रकाशन, दिल्ली।
6. कपिल एच.के. अनुसंधान विधिया, 2006, बारहवां संस्करण, एच.जी. भार्गव, बुक हाउस, कचहरी घाट आगरा।

****

बालिका भ्रूण हत्या

डॉ. मीना सिसौदिया *

भ्रूण हत्या का अर्थ है प्रसव पूर्व वैधानिक तकनीक द्वारा लिंग परीक्षणकर गर्भ का चिकित्सकीय समापन। गर्भस्थ कन्या शिशु भ्रूण हत्या के रूप में जीवन का अधिकार छीनना। कुछ अपराध ऐसे होते है जो सम्पूर्ण समाज, सभ्यता एवं संस्कृति को ही कलंकित कर देते है।

कन्या भ्रूण हत्या इसी तरह का एक घिनौना व अक्षम्य अपराध है पारंपरिक सोच व आधुनिक तकनीक साधनों के दुरूपयोग का सम्मिलित परिणाम अब हमारे सामने आने लगा है। जनगणना आंकड़ों के अनुसार लिंगानुपात में महिलाओं की संख्या निरन्तर घटती जा रही है। महिलाओं की संख्या में आ रही गिरावट के पीछे प्रमुख कारणों में प्रसव पूर्व निदान तकनीकों का दुरूपयोग है जिसके अंतर्गत गर्भस्थ शिशु का लिंग पता कर कन्या होने पर हत्या कर दी जाती है इस प्रकार भ्रूण लिंग परीक्षण के बढ़ते दुरूपयोग तथा निरन्तर होती कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए महाराष्ट्र की प्रदेश सरकार ने इस पर प्रतिबंध लगाया।

इसके बाद अन्य राज्यों और केन्द्र सरकार ने भी भ्रूण लिंग परीक्षण को प्रतिबंधित किया, किन्तु कानून बना देने से कोई बुराई मिट नहीं जाती है। इसके लिए महिलाओं को ही जागरूक होना पड़ेगा।

आज वर्तमान में राज्य सरकारें कन्याओं के जन्म पर कई योजनाएं उपहारस्वरूप दे रही है। माता-पिता को अब बालिका जन्म पर निराश होने की आवश्यकता नहीं है। वर्तमान में इतनी योजनाओं के बावजूद भी लिंगानुपात के बढ़ते आंकड़े एक गम्भीर समस्या बनकर उपस्थित है। आर्थिक विकास का परचम फहराने वाले, सभ्यता, संस्कृति और नैतिक मूल्यों की मिसाल बनें इस देश में प्रति वर्ष 20 लाख से अधिक बालिका भ्रूण हत्या कर दी जाती है। कारण कई है, फिर भी वंश वृद्धि हेतु पुत्र की इच्छा अहम् है। इसे अगर रोका नहीं जाएगा तो मानव जाति का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।

भारत में पिछले कई वर्षो से स्त्री-पुरूष अनुपात में लगातार गिरावट आई है। भारत वर्ष के समृद्ध राज्यों में बालिका भ्रूण हत्या के सबसे अधिक मामले सामने आए है और भ्रूण हत्या कराने में अधिकांश पढ़े-लिखे, सम्भ्रान्त कहे जाने वाले परिवारों की संख्या अधिक है।

कन्या भ्रूण हत्या के कारण :-

कन्या भ्रूण हत्या के अनेक कारण हो सकते है - लिंग भेदभाव, कुपोषण, गरीबी, अशिक्षा, अज्ञानता, माताओं के आहार में कमी, पर्याप्त चिकित्सा का अभाव, धार्मिक प्रथाएं, स्त्रियों को दिया जाने वाला दोयम दर्जा, सम्पत्ति का बंटवारा, पुत्र की चाह, स्त्रीजन्य रोग, आर्थिक स्वावलंबन, भ्रष्ट कानून, उन्नत सोनोग्राफी एव अन्य तकनीकी का गलत उपयोग, कठोर कानून का अभाव, संस्कार रीति-रिवाज में पुरूषों की प्रधानता, पति को भगवान का दर्जा देना, अपने अधिकार के लिए नहीं लड़ना, परिवार कल्याण की अवधारणाओं से अपरिचित होना, सामाजिक विघटन, व्यवसायिक क्षेत्रों में महिलाओं की नगण्यता, पुत्र को बुढ़ापे का सहारा मानना, मृत्यु के बाद पिण्डदान करने की प्रथा का होना भी पुत्र की चाह को बढ़ाते है। इसके अतिरिक्त अश्लील अनैतिक वातावरण में कन्या की सुरक्षा व जोखिम, महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराध, पितृसत्तात्मक ढांचे में स्त्रियों को निर्बल, निम्न, हेय मानना भी बालिका हत्या के लिए उत्तरदायी है। और चिकित्सक भी दोषी है, जिनकी संवदेनशीलता अनैतिक और धन-लिप्सा असीमित हो गई है। भ्रूण का गर्भपात केवल उन परिस्थितियों में ही किया जाए जब गर्भस्थ शिशु के कारण माँ का जीवन खतरे में हो, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य का खतरा हो, बच्चा गंभीर रूप से विकलांग हो, गर्भ बलात्कार के कारण हुआ हो, परिवार नियोजन असफल हुआ हो।

महिलाओं पर हिंसा :-

- **भ्रूण काल :-** लिंग जांच के लिए दबाव या ज्यादती, भ्रूण हत्या के लिए दबाव
- **शिशु काल-** शिशु हत्या की शिकार, कुपोषण एवं कम भोजन मिलना।
- **बाल्यावस्था :-** स्वास्थ्य, शिक्षा में भेदभाव, शारीरिक हिंसा
- **किशोरावस्था :-** कम उम्र में विवाह का बोझ, गर्भधारण में पति की मनमानी ओर घरेलू हिंसा
- **विधवा/वृद्धावस्था :-** परित्याग का सामना, भावनात्मक एवं सामाजिक उपेक्षा की शिकार

प्रसव पूर्व जाँव एवं तकनीकी अधिनियम एवं दण्डात्मक प्रावधान -

गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीकी अधिनियम 1994 के अंतर्गत भ्रूण लिंग परीक्षण कराना कानूनन अपराध है यदि कोई चिकित्सक द्वारा इस तरह का परीक्षण पाया जाता है तो उसे 3-5 साल तक सजा एवं जुर्माना हो सकता है जो व्यक्ति गर्भवती महिला को लिंग परीक्षण के आधार पर गर्भ समापन के लिए जाती है तो वह भी दण्ड की भागीदार होगी।

राज्य में कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रदेश में संचालक, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राज्य स्तर पर तथा जिला मजिस्ट्रेट, जिला स्तर पर सक्षम अधिकारी है लिंग निर्धारण करने वाले डॉक्टरो एवं तकनीशियनों की सूचना अपने जिले के सक्षम प्राधिकारी जिला मजिस्ट्रेट को तत्काल दे। सक्षम अधिकारी शिकायत मिलने के उपरान्त जिसके खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई है उसके विरूद्ध कार्यवाही कर सकते है।

कई स्थानों पर कानून बनाने के बावजूद भी भ्रूण परीक्षण किए जा रहे है, एवं कन्या भ्रूण हत्या में भी कमी नही आ रही है। चिकित्सक भी अपनी रिपोर्ट में भ्रूण की स्थिति व स्वास्थ्य का उल्लेख करते हे और लिंग की जानकारी मौखिक रूप से देते हें।

कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए कुछ प्रयास पारिवारिकता स्तर, ओर सामाजिक स्तर पर भी होना आवश्यक है।

* सहायक प्राध्यापक (गृह विज्ञान), शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

अपने परिवार की कन्या की शिक्षा, भोजन, देखभाल पर पूरी तरह ध्यान दे। परिवार के निर्णय में महिलाओं को भी शामिल करे। घर में कन्याओं एवं महिलाओं पर हिंसा की घटनाओं को रोके। कन्या भ्रूण हत्या न होने दे, विधवा/परित्यक्ता महिलाओं का सम्मान करे उन्हे सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करे।

कम उम्र में विवाह को रोके, हिंसा का एक कारण समाज में दहेज जैसी कुप्रथा का होना भी है, इसलिए दहेज प्रथा का विरोध करें। महिलाओं के लिए बने कानूनों की जानकारी ले और घर परिवार व समाज में लागू करने की पहल करें, तथा समाज को भी इसकी जानकारी से समृद्ध करें की लड़की बोझ नहीं है। लड़की को अवसर मिले तो माता-पिता, सास-ससुर व बच्चों की अच्छी देखभाल के साथ लड़के की तुलना में भी वह कुछ करके दिखा सकती है समाज को बताये कि लड़की के जन्म होने पर माँ को प्रताड़ित न किया जाये कि क्योंकि लड़का पैदा हो या लड़की इसका निर्धारण के पुरूष के गुण सुत्र करते है इसके लिए पिता ही जिम्मेदार होता है।

सरकारी प्रयास :-

दिनांक 27.12.2012 को समाचार पत्र-पत्रिका द्वारा बताया गया कि किसी भी सरकारी अस्पताल में हुए गर्भपात में अगर कन्या भ्रूण निकलता है तो उसकी जांच की जायेगी। गर्भपात से महिला की मेडिकल रिपोर्ट की जांच की जाये और दोनों जांच रिपोर्ट में अंतर मिलने पर संबंधित डॉ. व महिला के विरूद्ध मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट के उल्लंघन का मामला दर्ज किया जायेगा। राज्य सरकार ने घटते शिशु लिंगानुपात को नियंत्रित करने और कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए यह व्यवस्था की गयी है।

कन्या भ्रूण हत्या को रोकने हेतु सुझाव :-

- नेताओं, पत्रकारों, मीडिया और जनसाधारण को विभिन्न जन आंदोलनों एवं अभियानों के माध्यम से इस सामाजिक बुराई को खत्म करना चाहिए।
- कार्यशालाएं आयोजित की जानी चाहिए।
- भ्रूण हत्या और बालक-बालिका के भेदभाव को मिटाने का संकल्प लेना चाहिए।
- स्त्री शिक्षा पर जोर देना चाहिए।
- बालिकाओं के लिए मुफ्त शिक्षा, चिकित्सा होना चाहिए।
- स्त्रियों का शोषण करने वालों को कठोर दण्ड देना चाहिए।
- भ्रूण परीक्षण और हत्या पर रोक का संदेश मीडिया द्वारा जनसाधारण तक पंहुचाया जाना चाहिए।
- वंश वृद्धि अथवा पुत्र की चाह की मनोवृत्ति को बदलना चाहिए।
- धर्माचार्यो को इस दिशा में समाज से आह्वान करना चाहिए।
- स्त्रियों को हीन भावना छोड़कर अपनी क्षमताओं का विकास करना चाहिए।

सन्दर्भ :-

1. रविन्द्र नाथ मुखर्जी - भारतीय समाज व संस्कृति, विवेक प्रकाशन, दिल्ली।
2. डॉ. रमेंश चौबे - सामाजिक, संस्कृति, मानव विज्ञान, म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी।
3. ए.आर. देसाई - भारतीय राष्ट्रवाद 1995 की अधुनातक प्रवृत्तियां।
4. समाज कल्या (2004)
5. लड़की बोझ नही, उपहार है - समाज कल्याण (फरवरी 2004)
6. राज्य स्वास्थ्य सूचना शिक्षा संचार - लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग।
7. समाचार पत्र (27.12.2012 अंक)
8. समाज कल्याण अक्टूबर 2006

****

महाविद्यालय स्तर के किशोर-किशोरियों की पर्यावरणीय जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन

कु.शारदा भिण्डे *

मानव के चारों तरफ फैले हुए वातावरण को पर्यावरण की परिधि में माना जाता है। मानव जन्म लेने से मृत्यु तक पर्यावरण में ही रहता है। इसी में वह वैयक्तिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में विकास करता है। यदि उसे अच्छा वातावरण नहीं दिया गया तो वह स्वस्थ मानव के रूप में स्वस्थ नागरिक नहीं बन सकता। व्यक्ति को चारों और से ढँकने वाला आवरण ही ''पर्यावरण'' है। मानव एक सामाजिक प्राणी है वह अपने समाज के सदस्यों की जिम्मेदारी के सामूहिक कर्तव्यों व दायित्वों का निर्वहन करता हैं। इसके लिए अपने अनुकूल क्षेत्रों का चुनाव करता है और सम्पूर्ण समाज की आवश्यकता की पूर्ति के लिए पर्यावरण पर प्रभाव डालता है और प्रकृति के साधनों का अपने अनुकूल उपयोग करता है। इस प्रकार प्रकृति और समाज की अन्तर्क्रिया सामाजिक पारिस्थिति की कहलाती है। मानव समाज की अन्तर्क्रिया में जनसंख्या, विकास का स्तर, सांस्कृतिक विरासत, रीति-रिवाज, धार्मिक-मनोवैज्ञानिक विचार, ज्ञान-विचार और तकनीकि उपलब्धियाँ आधारभूत कारक हैं। जिनके आधार पर मानव समाज के भौतिक परिवेश से अन्तर्क्रिया कर सांस्कृतिक प्रदेश की रचना करता है। क्षेत्रीय स्तर पर मानव समाज विकसित, विकासशील और अविकसित स्तरों में बँट जाने से सांस्कृतिक परिमण्डलों का निर्माण करता है। इन परिमण्डलों की विशिष्टताएँ मानव-पर्यावरण के प्रति काफी संवेदनशील हैं प्रकृति ने विपरीत पर्यावरणीय परिस्थितियों में कुछ सीमा तक समायोजन और अनुकूलन की क्षमता प्रदान की है। प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धताऔर उचित उपयोग वायु, जल, भूमि इनके प्रदूषण के कारण और निवारण ध्वनि प्रदूषण, बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण, औद्योगिकीकरण, ग्रीन हाउस प्रभाव, ओजोन-परत का नम भूमि और बंजर भूमि की समस्याऐं,स्वचलित वाहनों से प्रदूषण, पर्यावरणीय कानून ऊर्जा और उसके वैकल्पिक-स्त्रोतों, राष्ट्रीय पर्यावरणनीति और पर्यावरणीय शिक्षा आदि से विचार बिन्दू हो सकते हैं, जिन पर हमें शान्ति से सोचना है तथा उन पर जन साधारण की जिम्मेदारी निश्चित करनी हैं। हमारा सुन्दर भविष्य हमारे अपने उत्तरदायित्व को निभाने में निहित है। पर्यावरण के क्षेत्र में अनेक समस्याएँ हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख हैं-

1. विश्व-तापन 2. अम्लीय वर्षा
3. ओजोनपरत की क्षीणता 4. स्पोग

उद्देश्य-

1. महाविद्यालय स्तर के किशोर-किशोरियों की पर्यावरणीय जागरूकता का अध्ययन करना।
2. महाविद्यालय स्तर के विज्ञान समूह और कला समूह के किशोर-किशोरियों में पर्यावरणीय जागरूकता का अध्ययन करना।
3. महाविद्यालय स्तर के किशोर-किशोरियों में पर्यावरण संरक्षण, पेड़-पौधों एवं जीव-जन्तुओं का महत्व एवं उपयोगिता के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।

उपकल्पना-

1. महाविद्यालय स्तर के विज्ञान समूह के किशोर एवं कला समूह के किशोरियों की पर्यावरणीय जागरूकता में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।
2. महाविद्यालय स्तर के विज्ञान व कला समूह की किशोरियों की पर्यावरणीय जागरूकता में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।
3. महाविद्यालय स्तर के विज्ञान तथा कला समूह के किशोर किशोरियों की पर्यावरणीय जागरूकता में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।

शोधप्रविधि-

प्रस्तुत शोध हेतु यादृच्छि की न्यादर्श (Random Sampling) का प्रयोग किया गया। प्रस्तुत शोध कार्य में निदर्शन का चयन इन्दौर शहर के महाविद्यालय स्तर के किशोर-किशोरियों पर किया गया है। इस हेतु 4 महाविद्यालय से 50 किशोर तथा 50 किशोरियों को चुना गया है। जिसमें कला तथा विज्ञान समूह के किशोर-किशोरियों को समान रूप से सम्मिलित किया गया है।

विधि तथा उपकरण-प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु सर्वेक्षण विधि तथा स्वनिर्मित प्रश्नावली उपकरण का प्रयोग किया गया है।

सांख्यिकीय प्रविधियाँ-संकलित प्रदत्तों का विश्लेषण करने के लिए मध्यमान, मानक विचलन, क्रांतिक अनुपात तथा काई वर्ग सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग किया गया है।

परिणाम - सर्वेक्षण के आधार पर कार्यों का विश्लेषण-

1. विज्ञान समूह के किशोर एवं कला समूह के किशोरियों के तुलनात्मक परीक्षण के बाद क्रांति जो कि 0.01 सार्थकता स्तर के मान 2.63 तथा 0.05 सार्थकता स्तर के मान 1.98 दोनों से अधिक है। अत: दोनों सार्थकता स्तर पर प्रथम उपकल्पना अस्वीकृत हुई है।
2. विज्ञान समूह एवं कला समूह की किशोर-किशोरियों के तुलनात्मक परीक्षण के बाद क्रांतिक अनुपात (C.R.) कामान 9.80 प्राप्त हुआ है जो कि 0.01 सार्थकता स्तर के मान 2.63 तथा 0.05 सार्थकता स्तर के मान 1.98 दोनों से अधिक हैं। अत: दोनों सार्थकता स्तर पर हमारी द्वितीय शून्य उपकल्पना अस्वीकृत हुई है।
3. विज्ञान समूह एवं कला समूह के तुलनात्मक परीक्षण के बाद क्रांतिक अनुपात (C.R.) मान 13.45 प्राप्त हुआ है जो कि 0.01 सार्थकता स्तर के मान 2.60 तथा 0.05 सार्थकता स्तर के मान 1.97 दोनों से अधिक है। अत: दोनों सार्थकता स्तर पर हमारी तृतीय शून्य उपकल्पना अस्वीकृत की जाती है।

निष्कर्ष-

1. प्रथम शून्य उपकल्पना अस्वीकृत होती है, अत: विज्ञान एवं कला समूह के किशोरों की पर्यावरणीय जागरूकता में सार्थकता अन्तर पाया जाता है।
2. द्वितीय शून्य उपकल्पना असत्य सिद्ध होती है, अत: इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि विज्ञान समूह एवं कला समूह की किशोरियों की पर्यावरणीय जागरूकताओं में सार्थक अन्तर पाया जाता है।
3. तृतीय शून्य परिकल्पना भी अस्वीकृत होती है, इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि विज्ञान एवं कला समूह के किशोर-किशोरियों की पर्यावरणीय जागरूकता में सार्थक अन्तर पाया जाता है।

सुझाव-

1. प्रत्येककिशोर-किशोरियों को पर्यावरण क्लब का सदस्य बनना चाहिए।
2. किशोर-किशोरियों को पर्यावरण से संबंधित प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए।
3. किशोर-किशोरियों को अपने महाविद्यालय में उपस्थित जीव-जन्तु तथा पादप संरक्षण करना चाहिए।
4. किशोर-किशोरियों को अपने महाविद्यालय में वृक्षारोपण करना चाहिए।
5. विद्यार्थियों को वृक्षों एवं जीवों का महत्व समझाते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
6. महाविद्यालयों में पर्यावरण से संबंधित प्रश्न मंच, भाषण, निबन्ध लेखन, चित्रकला इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन करना चाहिए।
7. वर्ष मे एक बार आवश्यक रूप से सभी छात्रों को शिक्षण भ्रमण पर ले जाने की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे विद्यार्थी पर्यावरण के प्रति जागरूक हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची-

1. शर्मा डॉ. टी.सी. : पर्यावरणशिक्षा, रजत प्रकाशन, नईदिल्ली, प्रथम संस्करण, 2008
2. सती विश्रम्भ प्रसाद: पर्यावरण और कानून, आविष्कार पब्लिशर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, जयपुर (राजस्थान)
3. व्यास, हरिशचन्द्र : पर्यावरण शिक्षा, विद्याविहार, नईदिल्ली
4. गर्ग, राजीव: पर्यावरण शिक्षा, अभिराम प्रकाशन, नई दिल्ली-1
5. कपिल एच.के.: अनुसंधान विधियां, हरप्रसाद भार्गव, आगरा।
6. श्रीवास्तव डी.एन. : अनुसंधान विधियां, साहित्य प्रकाशन, आगरा।

* पी.एच.डी. शोधार्थी, (गृह विज्ञान) माताजीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

शिक्षा के क्षेत्र मे महिलाओं की स्थिति

डॉ.रश्मि वर्मा *

मानव के प्रारम्भिक इतिहास पर नजर डाले तो मानव जाति की दैनिक जीवन की क्रियाएं अत्यन्त कम होने के कारण जीवन सरल एवं सहज था । क्रमश: मानव जाति सभ्यता एवं विकास की ओर अग्रसर हुई तो मानवीय क्रियाओं मे वृद्धि होने लगी ओर शिक्षा के महत्व को समझा गया । जीवन की जटिलताओं ओर विज्ञान के विकास से मानव उन्नति के शिखर पर पहुंच गया। किंतु इस प्रक्रिया सम्पूर्ण घटनाक्रम मे अधिकांश महिलाएं प्रथम सीढ़ी पर ही रह गयी । शहर एवं ग्रामीण दोनो ही क्षेत्रों मे महिलाएं आर्थिक , सामाजिक ,सांस्कृतिक धरातल पर शोषण का शिकार हुई । इन समस्त शोषण का मूल आधार स्त्रियों मे शिक्षा की कमी पायी गयी । महिलाओं मे ज्ञान शिक्षा के अभाव के कारण आत्मविश्वास की कमी आयी और वे स्वयं की समस्याओं का समाधान स्वत: नही खोज पायी और पुरूष वर्ग के अधीनस्थ होती चली गयी ।

वर्तमान मे शिक्षा का महत्व बढ़ गया है । महिला एवं पुरूष दोनो की शिक्षा पर समाज एवं विधिक द्वारा जोर दिया जाता है परन्तु व्यवहारिक रूप मे पुरूष की शिक्षा को महिला से अधिक महत्व समाज द्वारा दिया जाता है । परिवारों में बेटे की पढ़ाई हेतु अधिक सुविधायें प्रदान की जाती हैं । बेटी की पढ़ाई असुविधाजनक होती है एवं अनेक परिवार इसे व्यर्थ ही मानते है । वे शिक्षा को नोकरी प्राप्त करने का जरिया मानते हैं जबकि महिला को पराया धन कहकर शिक्षा मे अवरोध पैदा किया जाता है । दहेज एवं विवाह संबंधी समस्याओं के डर से भी महिला शिक्षा मे व्यवधान उत्पन्न होता है । निर्धन वर्ग मे माता पिता दोनो ही मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते है । अत: यदि घर पर बेटि है तो और वह शाला के सुख से वंचित रह जाती है ।

जनगणना वर्ष 1901 से 2001 तक साक्षरता दर मे निरन्तर वृद्धि हुई है । तथापि महिला एवं पुरूषों की साक्षरता दर का अन्तर बढ़ता गया है । वर्ष 1901 मे जहां अन्तर 9.23 था वहीं वर्ष 2001 मे यह बढ़कर 21.59 हो गया । इन आंकडों से पता लगता है कि साक्षरता दर मे भले ही वृद्धि हुई है, परन्तु महिलाओं की शैक्षणिक स्थिति मे गिरावट आयी है । यह इस बात का प्रतिक है कि महिलाओं को देश मे उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं को प्राप्त करने मे पुरूषों से पीछे रहना पड़ता है ।

भारत मे साक्षरता दर की स्थिति मे अत्यधिक असमानताएं दिखाई देती है । 2001 की जनगणना के आधार पर सर्वाधिक साक्षरता वाले प्रदेशों मे केरल ,लक्षद्विप एवं मिजोरंम क्रमश:94.24% ,92.53% एवं 90.72% पुरूष साक्षरता एवं महिला 87.72% ,80.47% एवं 86.75% के साथ क्रमश: प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर है ।

स्कूल में पर्जीकरण अनुपात :-

भारत मे अनेक आर्थिक एवं सामाजिक कारणों से प्राय: बच्चें प्राथमिक शिक्षा भी ग्रहण नही कर पाते है । प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करना तो दूर अधिकांश गांवो मे बच्चे विद्यालय मे अपना पंजीकरण ही नही करवा पाते है । आंकड़ों से पता चलता है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के समय 6 से 11 वर्ष की आयु के 3 बच्चों मे से केवल एक बच्चा पंजीकृत होता था अर्थात कुल बच्चों की संख्या का 1/3 तथा 11 से 14 वर्ष की आयु मे 11 मे से केवल एक बच्चा अर्थात 1/11 भाग विद्यालय मे अपना पजींयन करवाता था। 2007-2008 मे प्राथमिक , माध्यमिक एवं हायर सेकेण्डरी स्तर पर 100 बालको के अनुपात मे बालिकाओं का पंजीकरण क्रमश: 80%,67% एवं 58% रहा जो यह दर्शाता है कि शैक्षणिक स्तर के बढ़ने साथ- साथ बालिकाओं का स्कूल मे पंजीकरण प्रतिशत क्रमश: कम हो रहा है । इसी प्रकार बीच मे पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों की स्थिति से स्पष्ट होता है कि 2007-2008 मे प्राथमिक,माध्यमिक एवं हायर सेकेण्डरी स्तर पर बीच मे पढ़ाई छोडने वाले बालकों का प्रतिशत क्रमश: 25.7% , 43.7% एवं 56.6% रहा जबकि बालकों के अनुपात मे बालिकाओं का प्रतिशत क्रमश: 24.4%, 41.3% एवं 57.3% रहा जिससे स्पष्ट होता है कि जैस-जैसै शैक्षणिक स्तर बढता है बीच मे पढ़ाई छोडने वाले बालको की अपेक्षा बालिकाओं का प्रतिशत बढ़ रहा है ।

अध्ययन के उद्देश्य :-

प्रस्तुत शोध कार्य के निम्नलिखित उद्देश्य है ।

(1) स्कूल शिक्षा मे गुणवत्ता लाने के लिए केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की सफलता एवं असफलताओं का तुलनात्मक अध्ययन समय अन्तराल के सन्दर्भ मे करना ।

(2) स्कूल शिक्षा मे गुणवत्ता लाने के लिए केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की असफलताओं के कारणों का पता लगाना ।

(3) विभिन्न स्कूलों मे आधारभूत शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन करना ।

(4) बालिकाओं की स्कूल शिक्षा मे बाधक विभिन्न कारकों का पता लगाना ।

(5) प्रदेश सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का मूल्यांकन करना ।

(6) बीच मे पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों का प्रतिशत एवं कारणों का पता लगाना ।

शोधविधि -

प्रस्तुत शोध कार्य मे तथ्य संकलन हेतु द्वितीयक स्त्रोत का उपयोग किया गया है जिसके अन्तर्गत विभिन्न अन्तरालों की जनगणना रिपोर्ट , मानव विकास सूचकांक एवं विभिन्न शोधकर्ताओं द्वारा किये गये शोध कार्यो के परिणामों को आधार बनाया गया है ।

निष्कर्ष एवं परिणाम :-

स्कूल शिक्षा मे बालिकाओं की वर्तमान स्थिति के लिए पारिवारीक ,सामाजिक ,आर्थिक सास्कृंतिक ,भौगोलिक एवं राजनेतिक कारक जिम्मेदार है । जो प्रत्यक्ष रूप से बालिकाओं की स्थिति को कमजोर बना रहे हे । यह कारक घर से लेकर स्कूल तक अलग-अलग रूपो मे अपना प्रभाव छोड़ते है । बालिकाओं की शिक्षा मे बाधक मुख्य कारक निम्नानुसार है ।परिवार की आय ,परिवार का आकार ,बच्चों की आयु ,परिवार के रहने का स्थान गाँव / शहर ,परिवार का प्रकार ,माता पिता का व्यवसाय ,बच्चों का लिंग , अभिभावकों की बच्चों से उच्च शैक्षणिक अपेक्षाएं ,परिवार का आर्थिक सामाजिक स्तर ,बच्चों की बौद्धिक क्षमता,परिवार की जाति,परिवार के

* सहायक प्राध्यापक (गृहविज्ञान) श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या महविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

सदस्यों का शैक्षणिक स्तर विशेषकर माता पिता की शिक्षा, परिवार प्रमुख की आयु ,परिवार के पास उपलब्ध साधन, भौगोलिक कारक, आधारभूत शैक्षणिक सुविधाओं का अभाव, अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता मे कमी, सहन करनें की प्रवृति एवं महिलाओं पर बढते शारीरिक और मानसिक अत्याचार आदि ।

मानव विकास सूचकांक के अनुसार यदि हम गुणवत्ता पूर्ण जीवन की बात करते है तो उस स्थिति मे परिवार मे महिला का शिक्षित होना बहुत जरूरी है । क्योंकि शिक्षा हमारे सामने कई ऐसे विकल्प उपलब्ध कराती है जो हमारी जीवन की गुणवत्ता के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि विभिन्न शोध के परिणामों से यह ज्ञात होता है कि यदि हम बालिका को शिक्षित करते है तो वह हमारे पूरे समाज को न सिर्फ शिक्षित करती है, इसके साथ वह अपने परिवार के जीवन स्तर मे बढलाव लाती है उसके स्वयं के निर्णय करने की क्षमता का विकास होता है। परिवार की आय, परिवार के आकार संरचना मे परिवर्तन आता है। वह स्वयं अपने व अपने परिवार के सदस्यों के स्वास्थ व पोषण के प्रति जागरूक होती है । घरेलू हिंसा मे कमी लाने का प्रयास करती है। शिक्षित महिला अपने बच्चों को पूर्ण रूप से विकसित होने के लिए सकारात्मक वातावरण प्रदान करती है ।

भौगोलिक दशा एवं उपलब्ध साधन विशेषकर आधारभुत शैक्षणिक सुविधाओं की कमी भी बालिकाओं की शिक्षा मे बाधा के साथ-साथ बालिकाओं के बीच मे हि पढ़ाई छोड़ने के मुख्य कारण है । वर्ष 2005 मे किये गये सर्वेक्षण से ज्ञात होता है कि भारत के लगभग 38 % स्कूल ऐसे है जिनके पास स्वयं का भवन नही है । 58% प्रतिशत स्कूलो मे पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था नही है, 58% स्कूलों में कॉमन शौचालय है लड़कियों के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था नही है । 13% स्कूल ऐसे है जहॉ कोई महिला शिक्षिका नही है। 11% ऐसे स्कूल है जहॉ केवल 01 कमरा उपलब्ध है उसी में सभी पढ़ने-पढ़ाने की गतिविधियां होती है। 50% स्कूल ऐसे है जहॉ प्रधान अध्यापक उपलब्ध नही है । 10% प्रतिशत स्कूल ऐसे है जहॉ शैक्षणिक कार्य हेतु ब्लेक बोर्ड उपलब्ध नही है ।

इसी प्रकार 70 छात्रों पर एक शिक्षक उपलब्ध है जो छात्र शिक्षक के असन्तुलित अनुपात को दर्शाता है जो कि शिक्षा के गुणात्मक स्तर मे कमी के लिए जिम्मेदार नकारात्मक कारक है। कुछ ऐसे कारक भी हैं जो शिक्षा के क्षेत्र मे बालिकाओं की स्थिति मे सकारात्मक परिवर्तन ला सकतें है जैसै अच्छा स्कूल प्रबंधन ,समुदाय का सहयोग एवं छात्र शिक्षक अनुपात मे सन्तुलन आदि। सरकार द्वारा बालिकाओं की शैक्षिक स्तर को बढाने के उद्देश्य से कई योजनाऐं लागू की गई है जिनका प्रत्यक्ष लाभ शिक्षक एवं अभिभावक की जागरूकता मे कमी के कारण बच्चों को नही मिल पाता। बालिकाओं की उच्च शिक्षा मे उपस्थिति बढाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा विभिन्न योजनाए चलाई जा रही है जैसै प्रतिभा किरण , आवागमन सुविधा, गाँव की बेटी योजना एवं अन्य छात्रवृत्तियां जो जाति आधार पर दी जाती है । हम पूर्व मे चर्चा कर चुके हे कि शैक्षणिक स्तर के बढ़ने के साथ साथ बालकों की अपेक्षा बालिकाओं के पजींकरण का प्रतिशत कम होता जाता है जिसके परिणामस्वरूप महाविद्यालय तक पहुचने वाली बालिकाओं का प्रतिशत बहुत कम हो जाता है और इस कारण बहुत सारी बालिकाऐं उपरोक्त छात्रवृत्तियों एवं अन्य सुविधाओं से वंचित रह जाती हैं ।

परिवार का सामाजिक आर्थिक स्तर एवं अभिभावकों के शैक्षणिक स्तर ऐसे महत्वपूर्ण कारक है, जो बच्चों की शिक्षा को प्रत्यक्ष रूप से प्रभाव डॉलते है। आधारिय संरचनात्मक ढांचे मे भी परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। स्कूल को बालिका तक पहुचाने का प्रयास किया जाना है। सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न योजनाओं के बारे मे सभी को जानकारी देने की आवश्यकता है। इसके साथ-साथ अधिक से बालिकाओ का स्कूल मे नामांकन कराने के प्रयास करना होगें।

संदर्भ:

* www.censusindia.gov.in/2001, 2011 census
* www.humandevelopmentreport.gov.in2010
* www.humandevelopmentreport.gov.in2011,2012,2013
* www.humandevelopmentreport.gov.in2010,2011,2012, 2013

****

भोजन की गुणवत्ता

श्रीमती प्रीति गुप्ता *

भोजन केवल भूख ''शान्त'' करने मात्र के लिए न होकर वरन् व्यक्ति की शारीरिक मानसिक सामाजिक स्वस्थता के लिए होता है। इस दृष्टि से हमारा ध्यान भोजन की पौष्टिकता की तरफ ही जाता है। परन्तु भोजन में मिले हानिकारक दूषित पदार्थ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष किसी भी रूप में भोजन की पौष्टिकता को कम या नष्ट कर रहे है, तो फिर उचित पोषक तत्वों से युक्त भोजन भी शरीर को कैसे स्वस्थ रख पायेगा ? भारतीय जनता अपनी आय का 50 प्रतिशत भाग भोजन पर व्यय करती है। अत: आवश्यक हो जाता है कि उन्हे बाजार से उचित गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ प्राप्त हो सके ।

भोज्य पदार्थ विक्रेता स्व लाभ हेतु भोज्य पदार्थ का वजन बढ़ाने हेतु जानबूझकर निम्न कोटि के पदार्थ या अखाद्य वस्तुए मिला देता है। उदाहरण- काफी पाउच में भूनी हुई इमली के बीज का पाउडर या शक्कर, नमक आदि में सफेद बालू अथवा भोज्य पदार्थ को आकर्षक रूप देने के लिए हानिकारक विषैले रंगों का प्रयोग करता है। उदाहरण- खेसारी दाल में पीला रंग लगाकर अरहर की दाल में मिलावट या धनिया, मिर्च, हल्दी, मिठाई आदि में विभिन्न रंग मिलाकर उन्हे आकर्षक रंग प्रदान किया जाता है अथवा कुछ भोज्य पदार्थो का सारतत्व निकाल लेते है। उदाहरण- तेल निकली हुई लौंग व बादाम अथवा कुछ तत्व इन्जेक्शन के द्वारा डाल देते है। उदाहरण- फलों का रस व मिठास बढाने के लिए पानी व सेक्रीन का इन्जेक्शन ।

जानबूझकर की जाने वाली मिलावट के अलावा कई बार भोज्य पदार्थो में अपने आप आकस्मिक रूप से मिलावट हो जाती है। उदाहरण- फसल को कीटों से बचाने के लिए अथवा अधिक फसल उत्पादन के लिए जो रासायनिक पदार्थो का प्रयोग किया जाता है उनके अवशेष खाद्य पदार्थो में रह जाते है। जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होते है, इसी प्रकार पॉलीइथलिन व पोलीविनाईल क्लोराइड आदि से निर्मित पेकिंग पदार्थ कुछ विशेष प्रकार के खाद्य पदार्थ से क्रिया कर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदार्थ तैयार कर देते है। मिलावट किसी भी तरह से हुई हो, भोज्य वस्तु के मौलिक रूप व गुण में परिवर्तन लाती हो । निश्चित ही स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है।

अपने दैनिक प्रयोग की वस्तुओं के शुद्धिकरण की जॉच छोटे सरल प्रयोगों द्वारा हम स्वयं भी कर सकते है। उदाहरण के लिए चाय पत्ती, धनिया, शहद, हींग, शक्कर, नमक को ठण्डे पानी से भरे हुए कांच के अलग अलग गिलास में डालेगें अगर चायपत्ती व धनिये में बुरादा मिला होगा तो वह उपर आ जायेगा और अगर रंग मिला होगा तो पानी रंगीन हो जायेगा । शहद की बूंद बिना घुले सीधे गिलास के तल में जम जाये तो शहद शुद्ध है अगर पानी में घुले तो अशुद्ध है। हींग पानी में आसानी से घुलकर दूधिया रंग दे तो शुद्ध और अगर देर से घुले या दूधिया के अतिरिक्त अन्य कोई रंग आये या कुछ पदार्थ गिलास में नीचे बैठ जाये तो गोन्द या राल मिली हो सकती है। शक्कर, नमक पानी में घुल जाते है कुछ अवशेष नही बचता है तो वह शुद्ध है। लाल मिर्च पाउडर को सफेद रंग के कागज पर रखे अगर तत्काल गहरा लाल रंग कागज पर आये तो वह मिलावटी है। हल्दी पर फर्श साफ करने का एसिड डाले तो हल्दी का रंग ज्यादा गहरा हो जाये मतलब हल्दी में उपर से रंग लगाया गया है। मावे को हाथ पर रगडे अगर चिपके तो मिलावटी होगा । इस प्रकार इन सरल परीक्षणों से खाद्य वस्तुओं में मिलावट का आभास होते ही स्वास्थ्य अधिकारी तथा आहार निरीक्षकों को सूचित किया जाना चाहिए उनके द्वारा इन खाद्य पदार्थो का प्रयोगशाला में परीक्षण करवाया जाता है। ये परीक्षण नगर निगम की अथवा राज्य सरकार द्वारा स्थापित फूड एण्ड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन लेबोरेटरीज अथवा भारत सरकार द्वारा स्थापित केन्द्रीय भोज्य पदार्थ परीक्षण प्रयोगशाला अथवा निर्यात निरीक्षरण परिषद द्वारा स्थापित प्रयोगशाला अथवा निजी प्रयोगशालाओं में करवाया जाता है।

मिलावट की रोकथाम के लिए भारत सरकार ने 1954 में '' भोज्य पदार्थो में मिलावट की रोकथाम की धारा '' (P.F.A. Act, Prevention of food adulteration) लागू की ।

इस धारा के अर्न्तगत मिलावट किये हुए भोज्य पदार्थ का न सिर्फ निर्माण और वितरण बल्कि विशाक्त पदार्थों से दूषित भोज्य पदार्थ और नकली भोज्य पदार्थ बेचना भी प्रतिबंधित है। इसके तहत खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता को उचित बनाये रखने के लिए खाद्य मानक (Food Standards) तथा खाद्य पदार्थो में एन्टी आक्सीडेन्ट, इम्लीस फाइंग एजेन्ट, स्टेबलाईजिंग एजेन्ट रंग, संरक्षक पदार्थो की सीमा भी निर्धारित की गई है। जिनका पालन करना उत्पादकों व व्यापारियों दोनों के लिए अनिवार्य है। अगर कोई इस धारा का उल्लघंन करते पाया गया अर्थात मिलावट प्रमाणित होती है तो एक हजार रूपये जुर्माना तथा 2 माह से 2 साल तक की सजा होती है।

1954 के बाद 1955 में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केन्द्र सरकार ने '' फल उत्पाद आदेश '' (F.P.O. Friut Production order) जारी किया जो समस्त भारत के लिए लागू है। जिसके अर्न्तगत F.P.O. मानक तैयार किये गये है। जिनका उद्धेश्य किसी भी फल तथा वनस्पति संबंधी वस्तुओं की उस न्यूनतम गुणवत्ता और स्तर को बनाये रखना है जिसे खेती, निर्माण और विक्रय के लिए स्वीकार किया जा सकता है।

F.P.O. चिन्हित वस्तुओं में निम्न जानकारी युक्त लेबल लगाना आवश्यक है। वस्तु का नाम, निर्माता, फर्म का नाम व पता, उत्पाद के अवयव व उनकी मात्रा, निर्माण तिथि, वस्तु के खारिज होने की तिथि, (Date of expiry) मूल्य, प्रतीक चिन्ह (emblem or logo) उपयोग विधि, लाईसेन्स संख्या और चेतावनी । इनमें से कोई भी त्रुटिपूर्ण जानकारी हेतु शिकायत की जा सकती है।

उपरोक्त वर्णित वैधानिक स्तरों के अलावा बाजार में बिकने वाले भोज्य पदार्थो की विभिन्न श्रेणीयों के स्तर निश्चित करने के लिए दो अन्य संगठनों द्वारा कुछ मानक तैयार किये गये है ये मानक स्तर अनिवार्य नही है परन्तु ये भोज्य पदार्थ की उच्च गुणवत्ता को दशति है। इनमें से एक है भारतीय मानक संख्या (Indian Standard Institution I.S.I.) जिसे 1947 में स्थापित किया गया था । उत्पादन कर्ताओं और उपभोक्ताओं को राष्ट्रीय तथा अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर सही वस्तुओं के निर्माण और उपलब्धि को और वस्तुनिष्ठ तथा व्यापक बनाने की दिशा में और आगे बढ़ाने हेतु इस संस्था को ब्यूरो ऑफ इण्डियन स्टेन्डर्डस एक्ट 1982 के अर्न्तगत ले लिया गया तथा संस्था को नया नाम '' भारतीय मानक ब्यूरो '' (Bureau of Indian

* सहायक प्राध्यापक गृह विज्ञान, शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

standards) दे दिया गया तभी से इसे संक्षिप्त रूप में B I S लिखते है। सामान्य व्यक्ति को इस परिवर्तित नाम से कोई परेशानी न हो अत: चिन्ह **ISI** ही रहने दिया । यह संस्थान विभिन्न खाद्य वस्तुओं जैसे अनाज व उनसे बने पदार्थ फल व सब्जियों व उससे बने पदार्थो मसाले, चाय, काफी, कोको, कार्बोनेटेड व मद्यकि युक्त पेय पदार्थो आदि के लिए मानक स्तर निश्चित करता है तथा स्तर के अनुरूप पाये जाने पर ISI का चिन्ह प्रदान करता है। **ISI** होने पर वह पदार्थ उच्च गुणवत्ता वाला माना जाता है, साथ साथ पदार्थ को निर्धारित समय तक उपयोग में लाने की निश्चिंतता और प्रमाणिकता मानो स्वयं आश्वस्त हो जाती है।

दूसरी संस्था है भारत सरकार का विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, जिसका केन्द्रीय कार्यालय फरीदाबाद हरियाणा में है। इस संस्था द्वारा अनाज तिलहन, तेल, मक्खन, घी, दलहन अण्डे आदि की गुणवत्ता दर्शाने के लिये उनके विभिन्न ग्रेड '' द ग्रेडिंग एण्ड मार्केटिंग आफ एग्रीकल्चरल प्राडक्टस एक्ट 1973 '' (कृषि उपज श्रेणी करण एवं विपणन अधिनियम 1973) के अर्न्तगत बनाये गये है ।

ये ग्रेड्स है–विशिष्ट श्रेणी (श्रेणी **I**), उत्तम श्रेणी (श्रेणी **II**), अच्छा श्रेणी (श्रेणी **III**), साधारण ग्रेड (श्रेणी **IV**)

जिन वस्तुओं को यह श्रेणी दी जाती है उन पर A.G.M.A.R.K. का चिन्ह लगाया जाता है। ये श्रेणी देने का कार्य ऐच्छिक संस्थाएँ, जिनके पास कृषि उपज विपणन सलाहकार का अधिकार प्रमाण पत्र होता है, कर रही है। श्रेणी करण के साथ साथ पैकिंग के भी विशिष्ट मानक निर्धारित किये गये है। जिन पदार्थो पर ''एगमार्क'' का चिन्ह अंकित होता है वे पदार्थ अच्छी गुणवत्ता वाले माने जाते है।

यदि ''एगमार्क'' चिन्हित वस्तुओं के पैकेज में सामान की गुणवत्ता निम्न स्तरीय हो तो उस पैकेज को निर्माता के पास भेजकर उसका मूल्य लौटाये जाने का प्रावधान है। यह कार्य अपने प्रदेश के स्वास्थ्य निदेशक कार्यालय से सम्पर्क कर किया जा सकता है।

उपभोक्ताओं को उत्तम गुणवत्ता के भोज्य पदार्थ प्राप्त हो इसलिये बम्बई में ''उपभोक्ता मार्गदर्शक संस्थान'' स्थापित किया गया है जो उपभोक्ताओं को मिलावट के प्रति जागरूक कर मिलावट पहचानने के परीक्षण सिखाकर मिलावट के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिये प्रेरित करती है।

संदर्भ पुस्तकें –

1. राठौर राका डॉ. (2007) स्वास्थ्य विज्ञान एवं आरोग्य शास्त्र, विनोद पुस्तक मन्दिर आगरा पेज नम्बर 128–187
2. बख्शी बी.के. (2007) आहार एवं पोषण के मूल आधार, विनोद पुस्तक मन्दिर आगरा पेज नम्बर 335–339
3. वर्मा सरस्वती (1987) पारिवारिक वित्त एवं उपभोक्ता संरक्षण, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी पेज नम्बर 45 ।

****

किशोरावस्था में एनिमिया

डॉ. मीना सिसोदिया *

प्रस्तावना :- स्वाल्पता हमारे देश की एक प्रमुख पोषणहीनता की समस्या है। '' प्रमुख रूप से महिलाओं मे देखी जाती है, एनीमिया उस स्थिति को कहते है जब रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर सामान्य से कम रहता है, सामान्यत: किशोरवय लड़कियो व महिलाओं मे खून की कमी एनीमिया की स्थिति है। यह सभी वर्ग की किशोरियों मे देखी जाती है, एनीमिया एक सामान्य समस्या है, लौह लवण की कमी से एनीमिया होती है, देखा गया है कि सरकारी स्कूल मे 30 फीसदी ज्यादा छात्राओं में खून की कमी देखी गई स्वास्थ्य विभाग को स्कूल में स्वास्थ्य शिविरो के माध्यम से पता चला कि छात्राएँ कुपोषित है उनमे विटामिन ए की कमी पाई गई। खरगोन में 8 सितम्बर 2011 को कुपोषण के कारण दम तोड़ा। कुपोषित बच्चो में बालिकाओं की संख्या अधिक पाई गई। 21 सितम्बर 2011 मुरैना मे पाया गया कुपोषण से ग्रस्त 18 बच्चो में लड़कियों की संख्या ज्यादा थी और कुपोषण के कारण स्वल्पता देखी गई कई बार मलेरिया के संक्रमण भी रक्ताल्पता उत्पन्न कर सकता है। जैनेटिक भी एनीमिया का कारण हो सकता है। म.प्र. के रतलाम जिले के कुछ आदिवासी क्षैत्र के 40 प्रतिशत बच्चे अत्यधिक रक्ताल्पता के शिकार है। हमारे देश की कुल आबादी का 80 प्रतिशत रक्त अल्पता का शिकार है इसमे दो तिहाई महिला एवं बच्चे है, रतलाम के ही एक आंकड़े के अनुसार कुछ रक्तदाताओं मे से केवल 2.02% महिला थी। जबकि ब्लड का उपयोग लेने वालों में (ब्लड बैंक से) 80.2% महिला की संख्या रही औ म.प्र. में 55 प्रतिशत महिलाएँ एनीमिया से ग्रसित है। मानव विकास रिपोर्ट के अनुसार आदिवासी महिलाएँ एक तिहाई एनीमिया से ग्रसित है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार -

* 12 ग्राम प्रतिशत से अधिक - सामान्य * 10 से 12 न्यु रक्ताल्पता, 8 से 10 मध्य रक्ताल्पता, 8 से कम गंभीर रक्ताल्पता

स्वयं के अनुसंधान के दौरान भी शराब कारखानो मे कार्यरत महिलाओं का मानवमिती परीक्षण कराया गया इसमे यह पाया गया कि महिला एवं किशोर के रक्त मे हिमोग्लोबिन का स्तर सामान्य से कम पाया गया। 90 प्रतिशत श्रमिक महिलाएँ दूध का सेवन नहीं करती, 78 प्रतिशत महिलाएँ खट्टे पदार्थो का सेवन एवं हरी सब्जी व फल का सेवन नहीं करती, 21 प्रतिशत महिला श्रमिक कारखाने मे कार्य के दौरान कुछ नहीं खाती, कुपोषण से एनीमिया देखा गया।

किशोरियो - महिलाओं मे मासिक धर्म मे रक्तस्त्राव हो जाने पर उसकी पूर्ति आहार मे अतिरिक्त लौह लवण से नहीं की जाती है।

गर्भावस्था, धात्रीवस्था मे आवश्यक पौष्टिक तत्व की कमी के कारण और अतिरिक्त लौह लवण की पूर्ति न होने से एनीमिया हो जाता है।

गरीबी, अशिक्षा, अज्ञानता के कारण पौष्टिक आहार की कमी हो जाती है हरी सब्जियाँ लौह लवणयुक्त आहार का सेवन नहीं करने से एनीमिया की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बच्चो को जन्म देने व खान पान के प्रति लापरवाही के कारण एनीमिया हो सकता है। किशोरियो को इस आयु में लौह लवण की हानि के कारण शरीर मे रक्त परिवहन की मात्रा बढ़ जाने से लौह लवण की अधिक मात्रा की आवश्यकता होती है। 18-18 वर्ष की अवस्था मे किसी ना किसी प्रकार से कुपोषण की शिकार होती है और एनीमिया उत्पन्न हो जाता है। बालिका की कुपोषण की जड़े बचपन से उत्पन्न हो जाती है उसका लालन पालन उचित पोषण से नहीं होने एवं लिंग भेद के कारण कुपोषण एनीमिया होता है। माँ का दूध छुड़ाने पर अच्छे तंदुरूस्त बच्चे भी एकदम कमजोर हो जाते है कारण एनिनिया हैं।

लक्षण :- जब एनीमिया गंभीर अवस्था मे पहुँच जाता है तब जाकर लोगो को इसका पता चलता है भूख न लगना, थकावट होना, हाँफना, अनिद्रा, वजन घटना, किसी भी कार्य मे मन नहीं लगना, सीखने की क्षमता घटना, वृद्धि की दर घटना, विभिन्न बीमारियों का बढ़ना, खिलाड़ियो के प्रदर्शन मे कमी, नाखून चपटे होना, नाखून का अंदर की ओर धंसना, रोगप्रतिरोधक क्षमता घटना, जीभ पर पीलापन दिखाई देना, आँखो के पास कालापन।

सुझाव :- माँ को शिक्षित करना, पोषणिक जानकारी से अवगत कराना, स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करना एवं नि:शुल्क दवाओं का वितरण एवं उपचार, पालन पोषण मे लिंगभेद हटाने का प्रयास करना, कम कीमत वाले आयरन युक्त पोषक खाद्य पदार्थो का प्रचार करना, आयोडिन अल्पता विकास नियंत्रण कार्यक्रम को सर्वसुलभ बनाना, किशोर बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम बनाना और लिंगभेद हटाने के लिए प्रयास करना।

भारत गाँवों का देश है और भारतीय अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान है अर्थात् गाँवों का विकास कृषि पर आधारित है। देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से कृषि का उल्लेखनीय योगदान है। कृषि उत्पादन को बढ़ाने में सिंचाई महत्वपूर्ण होने के साथ सर्वोपरि कारक की भूमिका का निर्वहन करती है। कृषि के विकास हेतु सिंचाई के साधनों का विकास आवश्यक है। सिंचाई से कृषि उत्पादकता में क्षेत्रीय असमानता को दूर किया जा सकता है। भारत में कृषि के कुछ क्षेत्र सम्पन्न है जबकि कुछ क्षेत्र पिछडे एवं अविकसित है इस क्षेत्रीय पिछडेपन का सबसे महत्वपूर्ण कारण कृषि की उत्पादकता में असमानता होना है। भारतीय कृषि को मानसून का जुआ कहा जाता है। अच्छी भूमि सबल पशु, तथा उत्तम बीज, खाद एवं आधुनिकतम औजार के रहने पर भी पानी के अभाव में कृषि कार्य अनिश्चित हो जाता है इस कारण कृषि के लिए आवश्यक साधनों में सिंचाई का स्थान सर्वोपरि होता है; कुछ विद्धानों ने इसे भूमि से अधिक महत्व दिया है।

उनके अनुसार भूमि में सिंचाई की सहायता से कुछ उपज ली जा सकती है, इसके बिना भूमि स्वयं कुछ भी उत्पन्न नहीं कर सकती, इसीलिए सिंचाई को कृषि की रीढ़ माना जाता है क्योंकि जब भूमि का जल से सिंचन होता है तो उसकी उर्वरता से खेतों में फसले लहलहाने लगती है। सिंचाई से देश में 17 प्रतिशत बंजर भूमि भी कृषि हेतु उपयोग की जा सकती है। कुल कृषि क्षेत्र के 40 प्रतिशत भाग हेतु ही सिंचाई सुविधा उपलब्ध है।

कृषि की उन्नति के लिए एवं इसे लाभप्रद व्यवसाय बनाने के लिए यह आवश्यक है कि प्रकृति पर कम निर्भर रहा जाये तथा मानव द्धारा निर्मित जल-संग्रहण-स्रोतों से खेती हेतु सामयिक जल आपूर्ति की जाये साथ ही पानी से खेतों की सिंचाई हेतु आधुनिकतम तकनीक जैसे स्प्रींकल, ड्रीपऐरिगेशन आदि प्रयुक्त कि जाये और नमी संरक्षण हेतु मल्चिंग पद्धति भी आवश्यकतानुसार अपनायी जाये।भारत में कृषि के पिछड़े रहने एवं कृषकों के निर्धन बने रहने का सबसे बड़ा कारण भारतीय कृषि की मानसून पर निर्भरता है जिसे सिंचाई सुविधाऐ उपलब्ध करवाकर कम किया जा सकता है। देश के अन्य क्षेत्रों की भांति मध्यप्रदेश की कृषि भी मानसून पर निर्भर है। वर्षा ऋतु में पर्याप्त पानी बरसने पर खरीफ की फसलों का उत्पादन किया जा रहा है एवं ठंड के महीनों में रबी फसलें - गेहूँ, चना, जौ आदि ली जा रही है।

सिंचाई के लिये जितना भी पानी मिलता है वह सब वर्षा जल के संग्रह पर ही निर्भर करता है। वर्षा होने पर कुछ पानी जमीन में रिसाव होकर भूमिगत जल स्त्रोंतो (कुंआ एवं ट्युबवेल) का भूजल स्तर बढ़ाता है तथा शेष पानी या तो व्यर्थ बह जाता है या निजी स्रोतों यथा - तालाब, डबरी आदि तथा शासकीय स्रोतों जैसे - सूक्ष्म, लघु, मध्यम व वृहद् बांधो के माध्यम से कृषि हेतु रोक लिया जाता है इनसे रबी की फसल में सिंचाई किया जाना संभव हुआ है। इस संग्रहित पानी से खेतों में पर्याप्त एवं समसामयिक सिंचाई से उपज भी समुचित मात्रा में बढ़ती है जबकि वर्षा न होने पर कृषि उत्पादन भी पर्याप्त मात्रा में नहीं हो पाता। यही देखते हुए सिंचाई के साधनों में निरंतर विकास एवं विस्तार किया जा रहा है और अनेक लघु, मध्यम एवं वृहद् योजनाएँ विभिन्न प्रदेश में निर्मित की गयी है। इन योजनाओं में नदी व नालों पर बांध बनाकर एवं तालाब को निर्मित करके नहरों के माध्यम से कृषि के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई गई है साथ ही निजी सिंचाई साधनों में भी वृद्धि हुई हैं एवं भूजल स्तर भी बढ़ा है जिसके परिणाम स्वरूप मध्यप्रदेश में उपलब्ध सिंचाई सुविधाओं से सिंचित प्रमुख रबी फसलों का क्षेत्रफल एवं उत्पादन बढ़ा है।

इस कथन की पुष्टि हेतु निम्न तालिका अवलोकनार्थ प्रस्तुत है :-

म.प्र.की प्रमुख रबी फसलों का उत्पादन एवं क्षेत्रफल की तुलनात्मक स्थिति (उत्पादन हजार मेट्रिक टन एवं क्षेत्रफल हजार हैक्टेयर में)

तालिका क्रमांक 1

वर्ष	गेहूं		चना	
	क्षेत्रफल	उत्पादन	क्षेत्रफल	उत्पादन
2005-06	3784-70	6199-74	2540-71	2377-94
2010-11	4571-08	9046-07	3110-01	2636-06

स्रोत - *(1. म.प्र. का आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2011-12, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय म.प्र. पृष्ठ 38 व 39) (2. सिद्दीकी, शादाब एहमद, म.प्र. सम्पूर्ण अध्ययन, ISBN No. 978-81-7482-738-8 उपकार प्रकाशन पृष्ठ 41 व 42)*

* विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक - शास. महा. महिदपुर जिला-उज्जैन ** पीएच.डी. शोधार्थी-शास. माधव कला एवं वाणिज्य महा. उज्जैन (म.प्र.) भारत

उपर्युक्त तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि 2005-06 की अपेक्षा सन् 2010-11 में आकर गेंहू की फसल का क्षेत्रफल एवं उत्पादन बढ़ा है साथ ही चने का क्षेत्रफल एवं उत्पादन भी बढ़ा है जोकि सिंचाई हेतु सुविधाओं के विकास एवं विस्तार से खेतों को पानी मिलने का परिणाम है।

उपर्युक्त भूमिका के आधार पर यहां शोध हेतु **''उज्जैन जिले में सिंचाई सुविधाओं के विकास एवं विस्तार का प्रमुख रबी फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता पर प्रभाव - एक अध्ययन''** विषय का चयन किया गया है तथा निम्नानुसार शोध अभिकल्पित एवं प्रस्तुत है।

अध्ययन क्षेत्र एवं अवधि :- प्रस्तावित शोध पत्र के अध्ययन का क्षेत्र सम्पूर्ण उज्जैन जिला है। प्रस्तुत शोध जिले में निर्मित सिंचाई साधनों के विकास एवं विस्तार के परिणाम स्वरूप प्रमुख रबी फसलों गेहूँ व चने के उत्पादन व उत्पादकता पर प्रभाव ज्ञात करने तक सीमित है यह अध्ययन वर्ष 2005-06 से वर्ष 2010-11 तक की अवधि के तथ्यों पर आधारित है।

अध्ययन के उद्देश्य:- सिंचाई योजनाओं के क्रियान्वयन से कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता में आए परिवर्तन का पता लगाना ही प्रस्तुत शोध का उद्देश्य है।

परिकल्पना :- यहाँ परिकल्पित है कि उज्जैन जिले में सिंचाई परियोजनाओं के विकास एवं विस्तार से प्रमुख रबी फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है।

शोध उपकरण :- सिंचाई के निजी एवं शासकीय साधनों से सिंचित क्षेत्र तथा कृषि उत्पादन व उत्पादकता से संबंधित द्वितीयक समंको का प्रयोग किया गया है।

वर्तमान में जिले में एक मध्यम योजना जिससे सिंचित क्षेत्र 2268 हेक्टेयर तथा 43 लघु योजनाएँ जिनसे सिंचित क्षेत्र 12276 हेक्टेयर है साथ ही 22 बैराज है जिनसे सिंचित क्षेत्र 1497 हेक्टेयर है। इन योजनाओं के निर्माण में कुल 4075.67 लाख रूपये पूँजी विनियोजित की गई है। यहां 9 योजनाएँ निर्माणधीन अवस्था में है जिन पर 3998.44 लाख रूपये विनियोजित कर 3098 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता निर्मित होने का प्राक्कलन है। **तालिका क्रमांक 2 में देखिए उज्जैन जिले में सिंचाई के साधन एवं उनसे सिंचित क्षेत्र (सिंचित क्षेत्र-हेक्टेयर में)**

तालिका क्रमांक 2 के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि जिले में सिंचाई साधनों में निरन्तर वृद्धि हो रही है तथा सिंचित क्षेत्र से शुद्ध बोये गये क्षेत्र के प्रतिशत में भी वृद्धि हुई है। वर्ष 2005-06 से वर्ष 2010-11 तक देखा जाये तो जिले में सिंचाई साधनों की संख्या में जहाँ वृद्धि हुई। वहा सिंचित क्षेत्र में भी वृद्धि हुई वहीं शुद्ध सिंचित क्षेत्र का शुद्ध बोये गये क्षेत्र से प्रतिशत वर्ष 2005-06 में 29.49 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2010-11 में 55.18 प्रतिशत तक हो गया है किन्तु वर्ष 2008-09 में सिंचित क्षेत्र में गिरावट आयी जो कम वर्षा व तालाबों में कम पानी संग्रहण के कारण दर्ज हुई है।

इस प्रकार सिंचाई साधनों में वृद्धि तथा वर्षा के स्तर में वृद्धि के साथ ही शुद्ध बोये गये क्षेत्र में बढ़ोतरी होती है तथा विपरीत परिस्थिति में उत्पादन भी कम होता है। **तालिका क्रमांक 3 में देखिए उज्जैन जिले की प्रमुख सिंचित रबी फसलों का उत्पादन, उत्पादकता एवं क्षेत्रफल** (उत्पादन :-हजार मेट्रिक टन क्षेत्रफल हेक्टेयर में, उत्पादकता :-कि.ग्रा./हेक्टेयर)

तालिका क्रमांक 3 के विश्लेषण से स्पष्ट हैं कि जिले में गेंहू का क्षेत्रफल वर्ष 2005-06 में 69776 हेक्टेयर था जो बढकर वर्ष 2010-11 में 135129 हेक्टयर हो गया है। वहीं वर्ष 2005-06 में गेंहू का उत्पादन 122.43 हजार-मेट्रिक टन था। वह बढ़कर वर्ष 2010-11 में 225.4 हजार मेट्रिकटन हो गया। वर्ष 2006-07 में गेंहूँ का सर्वाधिक उत्पादन 548.85 हजार मेट्रिक टन रहा अर्थात गेहूँ के क्षेत्रफल उत्पादन व उत्पादकता में सिंचाई के लिये पानी की उपलब्धता के आधार पर उच्चावचन की स्थिति रही है।

जिले में चने का क्षेत्रफल-वर्ष 2005-06 में 82460 हेक्टेयर था जो निरन्तर बढ़कर वर्ष 2010-11 में 212713 हेक्टेयर हो गया तथा चने का उत्पादन वर्ष 2005-06 में 62.75 हजार मेट्रिक टन था जो वर्ष 2010-11 में 104.79 हजार मेट्रिक टन हो गया। जिले में सर्वाधिक-सकल उत्पादन वर्ष 2006-07 में 687.6 हजार मेट्रिक टन रहा, जिसमें रबी फसलों के उत्पादन में सर्वाधिक वृद्धि 277.31 प्रतिशत रही। **तालिका क्रमांक - 4 में देखिए सकल सिंचित क्षेत्र एवं सकल उत्पादन में सह सम्बन्ध :- एक सांख्यिकीय विश्लेषण** (इकाई:- उत्पादन-हजार मेट्रिकटन, क्षेत्रफल-हजार हेक्टेयर में)

तालिका क्रमांक 4 में सकल सिंचित क्षेत्र व सकल उत्पादन के मध्य सहसम्बन्ध गुणांक द्वारा सांख्यिकीय विश्लेषण करने पर ज्ञात होता है कि सिंचित क्षेत्र व उत्पादन के बीच मध्यम श्रेणी का धनात्मक (+) 0.59 सहसम्बन्ध है। अर्थात् सिंचित क्षेत्र में वृद्धि से उत्पादन में भी वृद्धि हुई है तथा प्रति हेक्टेयर उत्पादकता पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ा है।

प्राकल्पना की पुष्टि :-

प्रस्तुत शोध हेतु किये गये अध्ययन से यहां शोध परिकल्पना की पुष्टि होती है कि उज्जैन जिले में सिंचाई परियोजनाओं के विकास एवं विस्तार से प्रमुख रबी फसलों के उत्पादन व उत्पादकता पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है क्योंकि सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत जिले में स्टापडेम, बैराज व तालाबों के बनने और इसके अतिरिक्त निजी साधनों जैसे नलकूप व कुओं के निर्माण (दृष्टव्य तालिका क्र.-2) से सिंचित क्षेत्र में वृद्धि हुई है। सिंचाई साधनों के निर्माण से जिले में प्रमुख फसलो के क्षेत्रफल व उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ उत्पादकता (दृष्टव्य तालिका क्र.-3) में भी वृद्धि हुई है।

गेहूँ व चने के उत्पादन में क्रमश: 258.57 प्रतिशत व 89.46 प्रतिशत वृद्धि हुई है तथा उत्पादकता में क्रमश: 7.84 प्रतिशत व 93.66 प्रतिशत की वृद्धि ज्ञात हुई है। इसके अतिरिक्त सकल सिंचित क्षेत्र एवं सकल उत्पादन के मध्य सहसम्बन्ध गुणांक द्वारा सांख्यिकीय विश्लेषण करने से ज्ञात हुआ है कि सिंचित क्षेत्र व उत्पादन के बीच मध्यम श्रेणी का धनात्मक ;+0.59 सहसम्बन्ध (दृष्टव्य तालिका क्र.-4) से यह स्पष्ट होता है कि सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि से उत्पादन में भी वृद्धि हुई है।

निष्कर्ष :-

यहां निष्कर्ष के रुप में यह कहा जा सकता है कि सिंचाई सुविधाओं के विकास से अर्थव्यवस्था में प्रगति होती है। देश के आर्थिक विकास को अग्र गति देने हेतु कृषि के लिए सिंचाई सुविधाओं का तीव्रतर विस्तार एवं विकास आवश्यक है तथा सुप्रबंधीत जल संग्रहण एवं वितरण प्रणाली भी वांछित है। सिंचाई सुविधाओं के विकास से केवल किसानों के खेतों में उत्पादन वृद्धि ही नहीं होती अपितु: उनके परिवार एवं गाँव की सर्वांगीण प्रगति भी होती है।

यह कहा जा सकता है कि भारतीय कृषि मानसून पर अवलंबित रही है किन्तु वर्तमान समय में इस स्थिति में सुधार हेतु सिंचाई सुविधाऐं बढ़ रही है। सिंचाई सुविधाओं के निर्माण में होती प्रगति ने कृषि की मानसून पर निर्भरता को कुछ हद तक कम किया है परन्तु वृहत् क्षेत्र में यह सुविधा निर्मित कर उपलब्ध करवाना अपेक्षित है।

सिंचाई सुविधा ग्रामीण जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन ला रही है। इसलिए यदि सिंचाई के प्रभावों के बारे में यह कहा जाय तो अतिश्योक्ति न होगी कि सिंचाई सुविधाओं के विकास एवं विस्तार से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में समृद्धि आती है जिससे समग्र विकास की दिशा में अग्रगामी कदम बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण अधोसंरचना उपलब्ध होती है इसलिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उन्नयन एवं भारत के समग्र समावेशी विकास के लिए कृषि हेतु सिंचाई की सुविधाओं का निर्माण एवं विस्तार आवश्यक है।

यहां उल्लेखनीय है कि बांध-बंधान, स्टाप-डेम, बैराज, डबरी, तालाब आदि सतही भूजल संग्रहण स्रोतों का निर्माण किये जाने पर एक ओर रबी के मौसम में खेतों की सिंचाई तों होती है साथ ही भूजल स्तर बढ़ने से कुओं एवं नलकूपों से भी अधिक पानी ज्यादा अवधि के लिए खेती हेतु उपलब्ध होता है और पेयजल संकट का भी निवारण होता है। इसलिए सतही जल संग्रहण संसाधनों के संवर्धन, विकास, विस्तार एवं गहरीकरण हेतु शासकीय एवं निजी दोनों स्तर पर शीघ्र एवं पर्याप्त प्रयास किये जाना आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

(1) रिसर्च मैथडोलॉजी- त्रिवेदी डॉ.आर.एन. शुक्ला 1999 कॉलेज बुक डिपो जयपूर

(2) गुप्त, डॉ. शिवभूषण, ''कृषि अर्थशास्त्र'', 2007 एस. बी. पी. सी. डी., पब्लिशिंग हाउस, आगरा

(3) ओझा बी.एल. ''भारतीय अर्थव्यस्था'', वर्ष 2010, रमेश बुक डिपो, जयपुर।

(4) जिला सांख्यिकी पुस्तक, उज्जैन 2005, 2011

****

तालिका क्रमांक-2

उज्जैन जिले में सिंचाई के साधन एवं उनसे सिंचित क्षेत्र (हेक्टेयर में)

वर्षा	नहरे		नलकूप		कुएं		तालाब		अन्य स्त्रोतों से सिंचित क्षेत्र	समस्त स्त्रोतो से शुद्ध सिंचित क्षैत्र	समस्त स्त्रोतों सें सकल सिंचित क्षैत्र	शुद्ध सिंचित क्षैत्र का शुद्ध बोये गये क्षैत्र से प्रतिशत
	संख्या	सिंचित क्षैत्र	संख्या	सिंचित क्षैत्र	संख्या	सिंचित क्षैत्र						
2005.06	34	716	45758	90176	31892	33506	55	3229	16712	143897	144339	29.49
2006.07	34	2164	45242	172956	32454	66212	55	6598	30949	278762	278879	56.71
2007.08	34	3534	46877	197438	33303	68574	43	4088	50404	324038	324069	66.14
2008.09	34	3570	47753	131272	33390	44267	43	926	19773	199808	199811	40.84
2009.10	34	5591	47992	156602	35795	66913	41	1685	27579	258370	258379	52.08
2010.11	34	4866	49985	166523	36039	67816	59	1951	32848	274004	274153	55.18

स्त्रोत- जिला सांख्यिकीय पुस्तिका, जिला सांख्यिकीय कार्यालय, उज्जैन वर्ष 2005 एवं 2011, पृ.क्रं. 36 व 37

तालिका क्रमांक-3

उज्जैन जिले की प्रमुख सिंचित रबी फसलों का उत्पादन, उत्पादकता एवं क्षेत्रफल

(उत्पादन :-हजार मेट्रिक टन क्षेत्रफल हेक्टेयर में, उत्पादकता :-कि.ग्रा./हेक्टेयर)

वर्ष	गेहूँ			चना			सकल		सकल उत्पादनों में गतवर्ष से % वृद्धि या कमी
	क्षैत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षैत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षैत्रफल	उत्पादन	
2005–06	69766	122.43	3160	82460	62.75	761	152226	185.18	–
2006–07	183168	548.85	4706	119514	138.75	1161	302682	687.6	+277.31
2007–08	190976	341.11	2883	133724	91.33	683	324700	432.44	–37.11
2008–09	98796	184.32	3350	163321	127.22	683	262117	311.54	–27.96
2009–10	128916	318.57	3989	202956	192.19	947	331872	510.76	+63.95
2010–11	135129	225.4	2270	212713	104.79	947	347842	330.19	–35.35

स्त्रोत- जिला सांख्यिकीय पुस्तिका, जिला सांख्यिकीय कार्यालय, उज्जैन वर्ष 2005 एवं 2011, पृ.क्रं. 30

तालिका क्रमांक-4

सकल सिंचित क्षेत्र एवं सकल उत्पादन में सह सम्बन्ध :- एक सांख्यिकीय विश्लेषण

(इकाई:- उत्पादन-हजार मेट्रिकटन, क्षेत्रफल-हजार हेक्टेयर में)

	x	y	dx	dy	d^2x	d^2y	dxdy
वर्ष	सकल सिंचित क्षेत्र	सकल उत्पादन					
2005-06	152.206	185.180	-134.680	-224.438	18138.70	50372.42	30227.31
2006-07	302.682	687.600	+15.776	+277.982	248.88	77273.99	4385.44
2007-08	324.700	432.400	+37.794	+22.822	1428.39	520.84	862.53
2008-09	262.117	311.540	-24.789	-98.078	614.49	9619.29	2431.25
2009-10	331.872	510.760	+44.966	+101.142	2021.94	10229.70	4547.95
2010-11	347.842	330.190	+60.936	-79.428	3713.20	6308.8	-4840.02
योग	1721.439	2457.710			26165.6	154325.05	37614.46

कार्ल पियर्सन:- *सहसम्बन्ध गुणांक सूत्र द्वारा परिणाम r =+0.59*

खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र में औद्योगिक नीति, प्रोत्साहन, विकास तथा रोजगार के बढ़ते अवसर

डॉ. संजय पण्डित * श्रीमती मंजू शाक्य **

भारत में ग्रामीण बेरोजगारी की समस्या भी अत्यन्त जटिल है। एक अनुमान के अनुसार कुल बेरोजगारी का 20 प्रतिशत भाग ग्रामीण क्षेत्रों से सम्बन्धित होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारों की क्षेणी में भूमिहीन किसानों, छोटे कृषकों एवं लघु दस्तकारों के साथ-साथ पढ़े-लिखे युवक भी शामिल है। गॉवों में 40 लाख से अधिक ऐसे युवक है, जिन्होंने माध्यामिक स्तर तक शिक्षा प्राप्त की हुई है। दूसरी और हमारे देश में शिक्षित बारोजगारों की बढ़ती हुई जनसंख्या भी चौकने वाली है।

वर्ष 1923 में कांगेस पार्टी में एक प्रस्ताव द्वारा श्री जमनालाल जी बजाज की अध्यक्षता में अखिल भारतीय खादी मंडल की स्थापना की। इसके पश्चात् गांधी जी ने वर्ष 1925 में चरखा संघ और वर्ष 1935 में ग्रामोद्योग संघ को जन्म दिया।विनोबा जी और पंडित जवाहरलाल नेहरू के सम्बन्ध मित्रवत् थे। जब पंचवर्षीय योजना का निर्माण चल रहा था तब पण्डित जी ने विनोबा जी से इस बारे में विचार किया था।

उनके तथा योजना आयोग के साथ हुई चर्चाओं के आधार पर भारत सरकार ने देश के गरीबों को राजगार देने के लिए एवं अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग की मदद के लिए वर्ष 1953 में अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग आयोग स्थापना की गई। केन्द्र सरकार द्वारा चरखा संघ की विकेन्द्रीयकृत इकाईयों को आर्थिक सहायता देना प्रारम्भ किया जिसके फलस्वरूप वर्ष 1952 में संसद ने खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड बनाया।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग जहाँ केन्द्रिय स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु नीति निर्धारण का कार्य करता है। वहीं सभी राज्यों में योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड का निर्माण किया गया है।

खादी का अर्थ– खादी से आशय है, कपास, रेशम या ऊन के हाथ कते सूत अथवा उनमें से दो या सभी प्रकार के सूतों के मिश्रण से भारत में हथकरघा पर बुना गया कोई भी वस्त्र।

ग्रामोद्योग का अर्थ – ग्रामोद्योग का आशय ऐसे किसी भी उद्योग से हैं जो ग्रामीण क्षेत्र (जिसकी आबादी 20,000 से अधिक न हो) में स्थित हो तथा जो विद्युत के उपयोग या बिना उपयोग के कोई माल तैयार करता हो या कोई सेवा प्रदान करता हो तथा जिसमें (संयंत्र तथा मशीनरी एवं भूमि भवन में) निवेशित स्थायी पूँजी प्रति कारीगर या कर्मी 50,000 रू से अधिक न हों।

ग्रामोद्योग क्षेत्र के अनतर्गत आने वाले उद्योग :-

1. खनिज आधारित उद्योग
2. वनाधारित उद्योग
3. कृषि आधारित और खाद्य आधारित उद्योग
4. बुलक और रसायन आधारित उद्योग
5. इंजीनियरिंग एवं परम्परागत ऊर्जा
2. वस्त्रोद्योग (खादी को छोड़कर)
7. सेवा उद्योग

म.प्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजनाएं-

परिवारमूलक इकाई स्थापना योजना- ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले हितग्राहियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से शहर की ओर पलायन रोका जा सके। इस योजना के लिए बैंक द्वारा स्वीकृत अनुदान की सीमा इकाई लागत राशि का 50 प्रतिशत है जिसकी अधिकतम सीमा रूपये 25000/- है।

हितग्राही का चयन – हितग्राही म.प्र के ग्राम पंचायत/नगर पंचायत क्षेत्र का निवासी हो। उसकी उम्र 18 वर्ष से 50 वर्ष के मध्य हो एवं वह बी.पी.एल. सूची में सम्मिलित हो योजना के पात्र हितग्राही का चयन जिले में पदस्थ उपसंचालक/प्रबंधक/सहायक प्रबन्धक के माध्यम से क्षमता के आधार पर किया जावेगा।

परिवार मूलक ईकाई स्थापना योजना की प्रगति

मांग संख्या	वर्ष	लक्ष्य		पूर्ति	
		ई.सं.	राशि	ई.सं.	राशि
41, 24, 52,	2010-11	2349	429.80	2253	447.22
41, 24, 52	2011-12	2597	342.25	2373	521.822
41, 24, 52	2012-13	2780	597.22	2597	597.22

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि वर्ष 2010-11 से वर्ष 2012-13 के दौरान पूर्ति में वृद्धि हुई है वर्ष 2010-11 में पूर्ति 447.22 लाख रूपये थी जो बढ़कर वर्ष 2012-13 में 597.22 लाख रूपये हो गई।

कारीगर प्रशिक्षण योजना – ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत युवाओं को स्वरोजगार एंव रोजगार प्राप्ति हेतु तकनीकी रूप से सक्षम बनाने एवं परम्परागत कारीगरों का उन्नत तकनीक से अवगत कराने के उद्देश्य से यह योजना लागू की गई है।

कारीगर प्रशिक्षण योजना की प्रगति

मांग संख्या	वर्ष	लक्ष्य		पूर्ति	
		ई.सं.	राशि	ई.सं.	राशि
41, 24, 52,	2010-11	0	40.02	1728	40.02
41, 24, 52	2011-12	1091	25.52	1147	25.52
41, 24, 52	2012-13	1122	22.48	1513	22.48

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि वर्ष 2010-11 से वर्ष 2012-13 के दौरान पूर्ति में वृद्धि हुई है वर्ष 2010-11 में पूर्ति 40.02 लाख रूपये थी जो बढ़कर वर्ष 2012-13 में 22.48 लाख रूपये हो गई।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम बोर्ड द्वारा संचालित प्रधानमत्री

* विभागाध्यक्ष वाणिज्य माता जीजाबाई शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मोती तलेबा, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, वाणिज्य संकाय, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

रोजगार सृजन कार्यक्रम भारत शासन लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की योजना है एवं इसकी राष्ट्रीय स्तर पर नोडल एजेन्सी खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग है। प्रदेश में इसका संचालन तीन एजेन्सियों द्वारा किया जाता है-

1. जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र , 2. म.प्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड एवं 3. खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की प्रगति

वर्ष	लक्ष्य		पूर्ति	
	ई.सं.	राशि	ई.सं.	राशि
2010-11	1122	1232.40	524	1211.44
2011-12	1109	1551.92	232	1550.23
2012-13	1282	2949.52	1127	7455.17

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि वर्ष 2010-11 से वर्ष 2012-13 के दौरान पूर्ति में वृद्धि हुई है वर्ष 2010-11 में पूर्ति 1211.44 लाख रूपये थी जो बढ़कर वर्ष 2012-13 में 7455.17 लाख रूपये हो गई।

खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा अनेक योजनाएं खादी एवं ग्रामोद्योग के विकास के लिए संचालित की जा रही है जिससे खादी एवं ग्रामोद्योग के क्षेत्र में औद्योगिक नीति, प्रोत्साहन, विकास तथा रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है।

संदर्भ ग्रंथ सूची-

- भारतीय अर्थव्यवस्था - मिश्र व पुरी, हिमालया पब्लिसिंग हाऊस
- भारतीय अर्थव्यवस्था - डॉ. अग्रवाल अनुपम, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स
- व्यावसायिक उद्यमिता - जी.एस सुधा, रमेश बुक डिपो, जयपुर
- वार्षिक प्रतिवेदन - म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, भोपाल
- कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की योजनाएं - म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, भोपाल
- दैनिक भास्कर, नई दुनियां रोजगार निर्माण प्रतियोगिता दर्पण।

****

रतलाम जिले में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों का तुलनात्मक विश्लेषण

डॉ. लक्ष्मण परवाल * डॉ. सुनील सूर्यवंशी **

प्रस्तावना :-

वर्तमान समय में अधिकांश पिछड़े एवं विकासशील देशों में न्यूनतम आय स्तर के कारण जनसंख्या का एक बहुत बड़ा भाग निम्न जीवन स्तर पर जीवन गुजारने को मजबूर है। इस वर्ग को दो समय का भोजन व अन्य आवश्यक वस्तुएँ भी प्राप्त नहीं हो पाती है। ''गरीबी से आशय मनुष्य की आधारभूत आवश्यकताओं जैसे भोजन, कपड़ा, स्वास्थ्य आदि की पूर्ति हेतु पर्याप्त वस्तुओं एवं सेवाओं को जुटा पाने में असमर्थता से है।''

दूसरे शब्दों में ''गरीबी से अर्थ उस न्यूनतम आय से है, जिसकी एक परिवार के लिए आधारभूत न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आवश्यकता होती है तथा जिसे वह परिवार जुटा पाने में असमर्थ होता है।'' इस गरीबी को निरपेक्ष गरीबी कहते है। जो परिवार उस न्यूनतम आय को जुटा पाने में असमर्थ रहते है, ऐसे परिवारों को गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार कहा जाता है। गरीबी पर एक सापेक्ष विचार यह भी है, जिसमें उच्च वर्गीय व्यक्तियों के व्यय की तुलना निम्न वर्ग के व्यक्तियों के व्यय से की जाती है। इससे इनके जीवन स्तर की असमानता का अनुमान लगाया जाता है। भारत में गरीबी के निरपेक्ष विचार को ही अपनाया जाता है। भारत में गरीबी को 'केलोरी के उपभोग' से भी जोड़ा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में 2400 केलोरी प्रतिदिन तथा शहरी क्षेत्रों में 2100 कलोरी से कम उपभोग करने वाले व्यक्ति को गरीब माना जाता है।

योजना आयोग द्वारा गठित ''न्यनूतम आवश्यकता व प्रभावपूर्ण उपभोक्ता माँग'' पर कार्यकारी दल (1979) ने उपभोग के इन न्यूनतम स्तरों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रति व्यक्ति प्रति माह व्यय की राशि 1973-74 के मूल्य पर लगभग 49/- रू. तथा शहरी क्षेत्र के लिए 56.60/- आँकी थी। इसे गरीबी की रेखा कहा गया था। इससे कम राशि व्यय करने वाले गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्ति माने गये थे। बाद के वर्षो में कीमतों मे बढ़ोत्तारी के कारण सन् 1979-80 में यह राशि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रति व्यक्ति प्रति माह 76 रू. तथा शहरी क्षेत्रों के लिए 88/- रू. प्रति व्यक्ति प्रति माह निर्धारित की गई थी।

तत्पश्चात् बाद के वर्षो में कीमतों में परिवर्तन के कारण गरीबी का मापदण्ड भी परिवर्तित होता रहा। सातवीं योजना में इसमें संशोधन कर व्यय की जाने वाली राशि ग्रामीण क्षेत्रों में 11,060/- व शहरी क्षेत्रों में 11,850/- प्रति गृह वार्षिक उपभोग व्यय का मानदण्ड तय किया गया था।

अध्ययन के उद्देश्य :-

गरीबी की पीढ़ा से जहाँ पूरा विश्व, पूरा देश पीड़ित हैं वहीं मध्यप्रदेश का रतलाम जिला भी इससे अछूता नहीं रहा है। प्रस्तुत शोध पत्र में यह जानने का प्रयास किया गया है कि मध्यप्रदेश के रतलाम जिले में कितने शहरी गरीब परिवार निवासरत है। यह अध्ययन निम्न उद्देश्यों पर आधारित है :-

1. जिले में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की संख्या कितनी है ?
2. जिले में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले कुल सर्वेक्षित परिवारों में जाति-संवर्ग के आधार पर क्या भिन्नताएं हैं ?
3. वर्ष 1997-98 के बी.पी.एल. सर्वे की तुलना में वर्ष 2002-03 के बी.पी.एल. सर्वे में कुल कितने परिवार तुलनात्मक रूप से गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करते हुए रेखांकित किये गये हैं, तथा जाति-संवर्ग के आधार पर उनमें क्या भिन्नताएं हैं ?
4. यह पता लगाना कि जिले में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार किस निकाय में अधिक हैं तथा किस निकाय में कम हैं ?

अध्ययन विधि :-

प्रस्तुत शोध पत्र मध्यप्रदेश के रतलाम जिले पर आधारित है। यह शोध द्वितीय समंकों के आधार पर किया गया है जिन्हें जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय रतलाम से संग्रहित किया गया है। समंक वर्ष 1997-98 एवं 2002-03 में किये गये बी.पी.एल. सर्वे से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित हैं। जिन्हें औसत, प्रतिशत व अनुपात जैसी सांख्यिकी एवं गणितीय विधियों से विश्लेषित कर अपेक्षित परिणाम प्राप्त किये गये हैं।

समंकों का विश्लेषण एवं शोध परिणाम :-

गरीबी रेखा के नीचे कौन-सा परिवार निवास करता है इसका निर्धारण आर्थिक एवं गैर आर्थिक मापदण्डों के आधार पर किया जाता है। मध्यप्रदेश के रतलाम जिले में इन्हीं निर्धारित मापदण्डों के आधार पर दो बार वर्ष 1997-98 एवं 2002-03 में बी.पी.एल. सर्वे कार्य किये गये हैं, जिसका विश्लेषण शोधार्थी द्वारा अग्र तालिकाओं में किया गया है (देखिए तालिका क्रमांक 1) तालिका 1 से स्पष्ट होता है कि वर्ष 1997-98 में किये गये बी.पी.एल.सर्वे के अनुसार रतलाम जिले में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले कुल 27,277 परिवार पाये गये हैं। इसमें से नगर निगम, रतलाम क्षेत्र में सबसे अधिक 56.97 प्रतिशत परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले रेखांकित किये गये हैं। इसके पश्चात नगर पालिका, जावरा क्षेत्र में लगभग 19.28 प्रतिशत परिवार तथा 06 नगर परिषदों में सबसे अधिक आलोट नगर परिषद में तथा सबसे कम नामली नगर परिषद में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार रेखांकित किये गये हैं।

जातिगत आधार पर रतलाम जिले में वर्ष 1997-98 के बी.पी.एल. सर्वे में कुल सर्वेक्षित 27,277 परिवारों में सबसे अधिक अन्य पिछड़ा वर्ग के 9,743 परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले रेखांकित किये गये है, जो कुल सर्वेक्षित परिवारों का लगभग 35.72 प्रतिशत भाग है। इसके पश्चात अल्पसंख्यक वर्ग, सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग का क्रम आता है, जहाँ क्रमश: 7510, 4264, 3969 एवं 1791 परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले रेखांकित किये गये हैं। प्रतिशत के आधार पर 27.53 प्रतिशत परिवार अल्पसंख्यक वर्ग के, 15.63 प्रतिशत परिवार सामान्य वर्ग के, 14.55 प्रतिशत परिवार अनुसूचित जाति वर्ग के एवं मात्र 06.57 प्रतिशत परिवार अनुसूचित जनजाति वर्ग के पाये गये हैं। (देखिए तालिका क्रमांक 2)

तालिका क्रमांक 2 से स्पष्ट होता है कि वर्ष 2002-03 में किये गये

* प्राध्यापक ** सहायक प्राध्यापक वाणिज्य संकाय, शासकीय वाणिज्य महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

बी.पी.एल.सर्वे के अनुसार रतलाम जिले में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले कुल 37,669 परिवार पाये गये हैं। इसमें से नगर निगम, रतलाम क्षेत्र में सबसे अधिक 61.21 प्रतिशत परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले रेखांकित किये गये हैं। इसके पश्चात नगर पालिका, जावरा क्षेत्र में लगभग 14.11 प्रतिशत परिवार तथा 06 नगर परिषदों में सबसे अधिक ताल नगर परिषद में तथा सबसे कम नामली नगर परिषद में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार रेखांकित किये गये हैं।

जातिगत आधार पर रतलाम जिले में वर्ष 2002-03 के बी.पी.एल. सर्वे में कुल सर्वेक्षित 37,669 परिवारों में सबसे अधिक अन्य पिछड़ा वर्ग के 14,933 परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले रेखांकित किये गये है, जो कुल सर्वेक्षित परिवारों का लगभग 39.64 प्रतिशत भाग है। इसके पश्चात अल्पसंख्यक वर्ग, सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग का क्रम आता है, जहाँ क्रमश: 9613, 5881, 5074 एवं 2168 परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले रेखांकित किये गये हैं। प्रतिशत के आधार पर 25.52 प्रतिशत परिवार अल्पसंख्यक वर्ग के, 15.61 प्रतिशत परिवार सामान्य वर्ग के, 13.47 प्रतिशत परिवार अनुसूचित जाति वर्ग के एवं मात्र 05.76 प्रतिशत परिवार अनुसूचित जनजाति वर्ग के पाये गये हैं। (देखिए तालिका क्रमांक 3)

तालिका क्रमांक 3 से स्पष्ट है कि रतलाम जिले में गत् दो बी.पी.एल. सर्वे की तुलना करने पर वर्ष 1997-98 की तुलना में वर्ष 2002-03 में कुल सर्वेक्षित परिवारों में 38.10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है, जिसमें सबसे अधिक वृद्धि नगर परिषद-ताल में 125.02 प्रतिशत हुई है। इसके पश्चात् नगर निगम, रतलाम में 48.38 प्रतिशत, नगर परिषद-आलोट में 46.87 प्रतिशत, नगर परिषद-बड़ावदा में 41.29 प्रतिशत, नगर परिषद-सैलाना में 23.48 प्रतिशत, नगर परिषद-पिपलौदा में 14.74 प्रतिशत व नगर पालिका-जावरा में 1.06 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई है। केवल नगर परिषद-नामली में 29.34 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है।

जाति संवर्ग के आधार पर सामान्य वर्ग के परिवारों की संख्या में गत् दो बी.पी.एल. सर्वे की तुलना करने पर वर्ष 1997-98 की तुलना मे वर्ष 2002-03 में कुल 37.92 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है, जिसमें सबसे अधिक वृद्धि नगर परिषद-ताल में 528.72 प्रतिशत व सबसे कम नगर निगम-रतलाम में

20.20 प्रतिशत वृद्धि हुई है। नगर परिषद-नामली, नगर परिषद-पिपलौदा व सैलाना में सर्वेक्षित परिवारों में क्रमश: 55.17 प्रतिशत, 19.07 प्रतिशत व 4.35 प्रतिशत कमी दर्ज हुई है। नगर परिषद-बड़ावदा में कोई परिवर्तन नहीं पाया गया है।

अनुसूचित जाति वर्ग के परिवारों की संख्या में कुल सर्वेक्षित परिवारों में 27.84 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है, जिसमें सबसे अधिक नगर परिषद-नामली में 83.08 प्रतिशत, इसके पश्चात् 58.41 प्रतिशत, नगर परिषद-बड़ावदा में, 44.70 प्रतिशत, नगर पालिका-जावरा में, 34.44 प्रतिशत, नगर परिषद-पिपलौदा में, 26.03 प्रतिशत, नगर निगम-रतलाम में, 11.46 प्रतिशत, नगर परिषद-सैलाना में व 10.17 प्रतिशत, नगर परिषद-ताल में वृद्धि दर्ज हुई है। केवल आलोट नगर परिषद में 1.24 प्रतिशत कमी दर्ज हुई है।

अनुसूचित जनजाति वर्ग के परिवारों की संख्या में गत् दो बी.पी.एल. सर्वे की तुलना करने पर वर्ष 1997-98 की तुलना में वर्ष 2002-03 में 21.05 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है, जिसमें सबसे अधिक वृद्धि नगर परिषद-सैलाना में 515.79 प्रतिशत दर्ज हुई है। इसके पश्चात् 96.97 प्रतिशत नगर पालिका-जावरा में, 68.92 प्रतिशत नगर परिषद-बड़ावदा में, 12.44 प्रतिशत नगर निगम-रतलाम में वृद्धि हुई है। नामली नगर परिषद-में 88.44 प्रतिशत व पिपलौदा नगर परिषद-में 26.67 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है।

अन्य पिछड़ा वर्ग के परिवारों की संख्याओं में गत् दो बी.पी.एल. सर्वे की तुलना करने पर वर्ष 1997-98 की तुलना में वर्ष 2002-03 में 53.27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है, जिसमें सबसे अधिक 119.25 प्रतिशत वृद्धि नगर परिषद-ताल में, इसके पश्चात् 79.28 प्रतिशत नगर निगम-रतलाम में, 50.08 प्रतिशत नगर परिषद-आलोट में, 37.91 प्रतिशत नगर परिषद-बड़ावदा में व 7.74 प्रतिशत नगर परिषद-सैलाना में वृद्धि दर्ज हुई है। जबकि नगर पालिका-जावरा, नगर परिषद-नामली व नगर परिषद-पिपलौदा में क्रमश: 32.19 प्रतिशत, 9.09 प्रतिशत व 8.38 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है।

अल्पसंख्यक वर्ग के परिवारों की संख्या में गत् दो बी.पी.एल. सर्वे की तुलना करने पर वर्ष 1997-98 की तुलना में वर्ष 2002-03 में 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है, जिसमें सबसे अधिक 486.67 प्रतिशत नगर परिषद-पिपलौदा में वृद्धि दर्ज हुई है। इसके पश्चात् 85.40 प्रतिशत नगर परिषद-ताल में, 69.03 प्रतिशत नगर परिषद-आलोट में, 55.83 प्रतिशत नगर परिषद-बड़ावदा में, 52.83 प्रतिशत नगर निगम-रतलाम में वृद्धि दर्ज हुई है, जबकि नामली, जावरा व सैलाना नगर परिषद व नगर पालिका में क्रमश: 60.61 प्रतिशत, 10.69 प्रतिशत व 9.26 प्रतिशत कमी दर्ज हुई है।

निष्कर्ष :-

प्रस्तुत शोध पत्र ' रतलाम जिले में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों का तुलनात्मक विश्लेषण' के प्रमुख निष्कर्ष इस प्रकार हैं :-

- वर्ष 1997-98 के बी.पी.एल. सर्वे में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 100 परिवारों में लगभग 57परिवार नगर निगम रतलाम क्षेत्र में, 19 परिवार नगर पालिका जावरा क्षेत्र में, 10परिवार नगर परिषद आलोट व ताल क्षेत्र में, 04 परिवार नगर परिषद बडावदा क्षेत्र में, 07 परिवार नगर परिषद सैलाना व पिपलौदा क्षेत्र में तथा 03 परिवार नगर परिषद नामली क्षेत्र में निवासरत पाये गये हैं।
- वर्ष 1997-98 के बी.पी.एल. सर्वे में जातिगत आधार पर गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 100 परिवारों में से लगभग 36 परिवार अन्य पिछड़ा वर्ग के, लगभग 28 परिवार अल्पसंख्यक वर्ग के, लगभग 16 परिवार सामान्य वर्ग के, लगभग 14 परिवार अनुसूचित जाति वर्ग के तथा मात्र 06 परिवार अनुसूचित जनजाति वर्ग के पाये गये हैं।
- वर्ष 2002-03 के बी.पी.एल. सर्वे में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 100 परिवारों में लगभग 61 परिवार नगर निगम रतलाम क्षेत्र में, 14 परिवार नगर पालिका जावरा क्षेत्र में, 13 परिवार नगर परिषद ताल व आलोट क्षेत्र में, 04 परिवार नगर परिषद बडावदा क्षेत्र में, 06 परिवार नगर परिषद सैलाना व पिपलौदा क्षेत्र में तथा 02 परिवार नगर परिषद नामली क्षेत्र में निवासरत पाये गये हैं।
- वर्ष 2002-03 के बी.पी.एल. सर्वे में जातिगत आधार पर गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 100 परिवारों में से लगभग 40 परिवार अन्य पिछड़ा वर्ग के, लगभग 25 परिवार अल्पसंख्यक वर्ग के, लगभग 16 परिवार सामान्य वर्ग के, लगभग 13 परिवार अनुसूचित जाति वर्ग के तथा मात्र 06 परिवार अनुसूचित जनजाति वर्ग के पाये गये हैं।

- दोनों बी.पी.एल सर्वे का निकायवार तुलनात्मक विश्लेषण करने पर यह ज्ञात हुआ कि वर्ष 1997-98 की तुलना में वर्ष 2002-03 के बी.पी.एल. सर्वे में नगर निगम रतलाम, नगर परिषद ताल व आलोट में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों में वृद्धि हुई है, जबकि नगर पालिका जावरा व नगर परिषदें सैलाना, पिपलौदा व नामली में कमी दर्ज हुई है।
- दोनों बी.पी.एल.सर्वे का जातिगत आधार पर तुलनात्मक विश्लेषण करने पर यह ज्ञात हुआ कि वर्ष 1997-98 की तुलना में वर्ष 2002-03 के बी.पी.एल. सर्वे मे अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों में वृद्धि हुई है, जबकि अल्पसंख्यक वर्ग व अनुसूचित जाति वर्ग के परिवारों में कमी दर्ज हुई है।

संदर्भ सूची :-

शोध पत्र की सम्पूर्ण सामग्री शोधकर्ता डॉ.सुनील सूर्यवंशी, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग, शासकीय वाणिज्य महाविद्यालय, रतलाम के शोध प्रबंध ''स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना का हितग्राहियों के आर्थिक उन्नयन में योगदान'' (रतलाम जिले के विशेष संदर्भ में) से ली गई है। यह शोध प्रबंध डॉ.लक्ष्मण परवाल, प्राध्यापक वाणिज्य, शासकीय वाणिज्य महाविद्यालय, रतलाम के निर्देशन में पूर्ण किया गया है, जिस पर वर्ष 2013 में विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन ने पीएच. डी की उपाधि प्रदान की है।

तालिका क्र.01 रतलाम जिले मेंगरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों का जाति संवर्ग के आधार पर विश्लेषण (बी.पी.एल. सर्वे वर्ष 1997-98 के अनुसार)

क्रं.	निकाय का नाम	कुल सर्वेशित परिवार		सामान्य वर्ग के परिवार		अनुसूचित जाति वर्ग के परिवार		अनुसूचित जनजाति वर्ग के परिवार		अन्य पिछड़ा वर्ग के परिवार		अल्पसंख्यक वर्ग के परिवार	
		संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत		
1	नगर निगम रतलाम	15,539	56.97	3,060	71.76	2,274	57.29	1,358	75.82	5,540	56.86	3,307	44.03
2	नगरपालिका जावरा	5,260	19.28	222	05.21	443	11.16	99	05.53	1,258	12.91	3,238	43.12
3	नगर परिषद नामली	760	02.79	174	04.08	65	01.64	147	08.21	341	03.50	33	00.44
4	नगर परिषद सैलाना	1,013	03.71	184	04.32	192	04.84	38	02.12	491	05.04	108	01.44
5	नगर परिषद पिपलौदा	984	03.61	215	05.04	270	06.80	75	04.19	394	04.04	30	00.40
6	नगर परिषद ताल	1,247	04.57	94	02.21	177	04.46	-	-	613	06.29	363	04.83
7	नगर परिषद आलोट	1,389	05.09	152	03.56	322	08.12	-	-	647	06.64	268	03.57
8	नगर परिषद बड़ावदा	1,085	03.98	163	03.82	226	05.69	74	04.13	459	04.72	163	02.17
	योग	27,277	100.00	4,264	100.00	3,969	100.00	1,791	100.00	9,743	100.00	7,510	100.00
विभिन्न जाति संवर्ग का योग से प्रतिशत		100.00		15.63		14.55		06.57		35.72		27.53	

स्त्रोत :. जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय, रतलाम (म.प्र.)

तालिका क्र.02 रतलाम जिले मेंगरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों का जाति संवर्ग के आधार पर विश्लेषण (बी.पी.एल. सर्वे वर्ष 2002-03 के अनुसार)

क्रं.	निकाय का नाम	कुल सर्वेशित परिवार		सामान्य वर्ग के परिवार		अनुसूचित जाति वर्ग के परिवार		अनुसूचित जनजाति वर्ग के परिवार		अन्य पिछड़ा वर्ग के परिवार		अल्पसंख्यक वर्ग के परिवार	
		संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत		
1	नगर निगम रतलाम	23,057	61.21	3,678	62.54	2,866	56.48	1,527	70.43	9,932	66.51	5,054	52.57
2	नगरपालिका जावरा	5,316	14.11	735	12.50	641	12.63	195	08.99	853	05.71	2,892	30.08
3	नगर परिषद नामली	537	01.42	78	01.33	119	02.35	17	00.78	310	02.08	13	00.15
4	नगर परिषद सैलाना	1,251	03.32	176	02.99	214	04.22	234	10.79	529	03.54	98	01.02
5	नगर परिषद पिपलौदा	1,129	03.00	174	02.96	363	07.15	55	02.54	361	02.42	176	01.83
6	नगर परिषद ताल	2,806	07.45	591	10.04	195	03.84	03	00.15	1,344	09.00	673	07.00
7	नगर परिषद आलोट	2,040	05.42	286	04.86	318	06.27	12	00.55	971	06.50	453	04.71
8	नगर परिषद बड़ावदा	1,533	04.07	163	02.78	358	07.06	125	05.77	633	04.24	254	02.64
	योग	37,669	100.00	5,881	100.00	5,074	100.00	2,168	100.00	14,933	100.00	9,613	100.00
विभिन्न जाति संवर्ग का योग से प्रतिशत		100.00		15.61		13.47		05.76		39.64		25.52	

स्त्रोत :. जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय, रतलाम (म.प्र.)

तालिका क्र. 03 रतलाम जिले में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों का जाति संवर्ग के आधार पर तुलनात्मक विश्लेषण (वर्ष 1997-98 एवं 2002-03 के अनुसार)

क्रं.	निकाय का नाम	सर्वेशित परिवारों की संख्या			सामान्य जाति वर्ग के परिवारों की संख्या			अनुसूचित जाति वर्ग के परिवारों की संख्या		
		97-98	02-03	प्रतिशत वृद्धि या कमी	97-98	02-03	प्रतिशत वृद्धि या कमी	97-98	02-03	प्रतिशत वृद्धि या कमी
1	नगर निगम रतलाम	15,539	23,057	+ 48.38	3,060	3,678	+20.20	2,274	2,866	+26.03
2	नगरपालिका जावरा	5,260	5,316	+1.06	222	735	+231.08	443	641	+44.70
3	नगर परिषद नामली	760	537	-29.34	174	78	-55.17	65	119	+83.08
4	नगर परिषद सैलाना	1,013	1,251	+ 23.49	184	176	-4.35	192	214	+11.46
5	नगर परिषद पिपलौदा	984	1,129	+14.74	215	174	-19.07	270	363	+34.44
6	नगर परिषद ताल	1,247	2,806	+125.02	94	591	+528.72	177	195	+10.17
7	नगर परिषद आलोट	1,389	2,040	+46.87	152	286	+88.16	322	318	-1.24
8	नगर परिषद बड़ावदा	1,085	1,533	+41.29	163	163	-	226	358	+58.41
	योग	27,277	37,669	+38.10	4,264	5,881	+37.92	3,969	5,074	+27.84

स्त्रोत :. जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय, रतलाम (म.प्र.)

क्रं.	निकाय का नाम	सर्वेशित परिवारों की संख्या			सामान्य जाति वर्ग के परिवारों की संख्या			अनुसूचित जाति वर्ग के परिवारों की संख्या		
		97-98	02-03	प्रतिशत वृद्धि या कमी	97-98	02-03	प्रतिशत वृद्धि या कमी	97-98	02-03	प्रतिशत वृद्धि या कमी
1	नगर निगम रतलाम	1,358	1,527	+12.44	5540	9932	+ 79.28	3307	5054	+ 52.83
2	नगर परिषद जावरा	99	195	+96.97	1258	853	-32.19	3238	2892	-10.69
3	नगर परिषद नामली	147	17	-88.44	341	310	-9.09	33	13	-60.61
4	नगर परिषद सैलाना	38	234	+ 515.79	491	529	+ 7.74	108	98	-9.26
5	नगर परिषद पिपलौदा	75	55	-26.67	394	361	-8.38	30	176	+486.67
6	नगर परिषद ताल	-	03	-	613	1344	+119.25	363	673	+85.40
7	नगर परिषद आलोट	-	12	-	647	971	+50.08	268	453	+69.03
8	नगर परिषद बड़ावदा	74	125	+68.92	459	633	+37.91	163	254	+55.83
	योग	1,791	2,168	+ 21.05	9,743	14,933	+53.27	7,510	9,613	+28.00

स्त्रोत :. जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय, रतलाम (म.प्र.)

****

महिला उद्यमिता के विकास में निजी माइक्रो फाइनेंस कम्पनियों (BASIX) की भूमिका (बी.एस.एफ.एल. इन्दौर म.प्र. के विशेष संदर्भ में)

डॉ. सतीश माहेश्वरी * मदनमोहन विश्वकर्मा **

प्रस्तावना :-

उद्यम: साहसं धैर्य विद्या बुध्दि पराक्रम:।
षडेते यत्र वर्तन्ते तत्र दैव: सहायकृत।।

अर्थात् जहाँ उद्यम, साहस, धैर्य, विद्या, बुध्दि और पराक्रम ये छ: गुण होते है; वहा देव भी सहायता करते है। महान् दार्शनिक खलील जिब्रान ने कहा है कि ''उद्यम करो ताकि तुम जगत और जगदात्मा की गति के साथ रह सको''। सच में उद्यमिता जीवन में सर्वोत्कृष्ट क्रिया है क्योंकि यह जीवन के प्रति एक सृजनशील दृष्टिकोण है।

संतुलित आर्थिक विकास, कृषि विकास, तीव्र औद्योगिकीकरण, स्वरोजगार, गरीबी उन्मूलन, ग्रामीण उत्थान, आर्थिक समानता, नवाचार, मानव संसाधन विकास, नवीन टेक्नालॉजी का प्रयोग एवं उद्यमिता विकास ही हमारे राष्ट्र को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में स्थान दिला सकते हैं। इसलिए आज हमारे देश में योजनाकारों व सरकारों के समक्ष मुख्य व्यावहारिक समस्या मानव संसाधनों का प्रभावपूर्ण उपयोग एवं उसका विकास हैं। आर्थिक क्रिया का मुख्य पात्र पुरूष वर्ग को ही समझा जाता है अर्थात् उद्यमी पुरूषों को ही माना जाता है। परंतु हमारे देश की लगभग आधी (48.50 प्रतिशत) आबादी महिलाओं की हैं।

अत: महिला उद्यमियों के विकास के द्वारा ही हम अपने उपरोक्त उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। वैसे तो उद्यमिता के क्षेत्र में पुरूष वर्ग का वर्चस्व रहा है, लेकिन विगत तीन दशकों में हुए सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक परिवर्तनों के फलस्वरूप उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं का आगमन हुआ है तथा उदारीकरण, निजीकरण तथा शिक्षा के प्रचार ने इस आगमन का स्वागत किया है और अब महिला उद्यमियों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

साहित्य का अवलोकन :-

बैंकिंग चिंतन-अनुचिंतन-2008, अंशुप्रिया अग्रवाल, हमारे देश में लघु वित्त 1992 से ही नाबार्ड द्वारा सुनियोजित कार्यक्रम के रूप में चलाया जा रहा हैं। वह बैंको के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की मदद करता रहा हैं। नाबार्ड ने प्रतिव्यक्ति ऋण आवश्यकता ग्रामीण क्षेत्रों मे 6 हजार एवं शहरी क्षेत्रों में 9 हजार आंकी है।

गरीबी के आधार पर लघु वित्त प्रदान करना जिसे बांग्लादेश के ग्रामीण बैंक ने अपनाया है जो नोबल पुरस्कार विजेता मुहम्मद युनूस की देन है। बांग्लादेश का ग्रामीण बैंक गरीब संपत्तिहीनों को ऋण प्रदान करता हैं। जो प्रत्यक्ष रूप से प्रतिभूतियाँ या जमानत देने की स्थिति में नहीं होते हैं, लेकिन सामाजिक प्रतिभूति या जमानत देने की स्थिति में जरूर होते है। लेखक लिसेंडर स्पूनर ने गरीबी उन्मूलन के एक उपाय के रूप में गरीबों को उद्यम संबंधी गतिविधियों के लिए छोटे ऋण दिये जाने के संबंध मे खूब लिखा है।

19 वीं सदी में महाकवि रवीन्द्रनाथ टैगोर ने बंगाल में सहकारी संस्थाओं की उन्नति के लिए काम किया और सहकारी ऋण व वित्त पर अनेक निबंध लिखें। 1971 में वित्तीय उद्यमियों ए.विटकर और डेविड बसाऊ ने वंचित लोगों को उनका जीवन बदलने के लिए ऋण प्रदान करने हेतु ऑपर्च्यूनिटी इंटरनेशनल नामक संस्था का गठन किया।

2009, डॉ. सुनिता बोहरा, गरीबी के चक्रव्यूह से निकलने के लिए सूदखोर व्यवस्था से बाहर निकलने को जरूरी मानते हुए यह दावा किया कि लघुऋण तक पहुँच से गरीब परिवारों की साहुकारों पर निर्भरता कम हुई हैं। किसी हद तक यह दावा सही भी है। लेकिन साथ ही यह भी सच है कि इसके जितने बड़े दावे किए जाते हैं। वास्तविकता में इसे उतनी सफलता नहीं मिली है। अभी तक 30 प्रतिशत समूह की महिलाएं समूहगत स्त्रोतों के अलावा अन्य स्त्रोतों से भी ऋण ले रही थी।

लेखक मयंक श्रीवास्तव, कुरूक्षेत्र, ग्रामीण विकास को समर्पित (अप्रैल 2008) प्रत्रिका में ग्रामीणों को दिल खोलकर ऋण देने की बात की गई थी।

शोध कार्य के उद्देश्य:-

महिला उद्यमिता विकास में सरकारी तंत्र एवं योजनाओं के साथ-साथ निजी फायनेंस कम्पनियाँ भी सकारात्मक भूमिका निभा रही है या नहीं इसके लिए निम्न उद्देश्य निर्धारित किए जाने होगें ।

1. उद्यमिता विकास में निजी फाइनेंस कम्पनियों की क्रियाविधि व कार्यप्रणाली का अध्ययन ।
2. उद्यमिता विकास में प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन की योजनाओं की स्थिति का अध्ययन ।
3. प्रशिक्षण उपरांत कितनी महिलायें उद्यमी बनने का स्वप्न साकार कर पाई है।
4. उपरोक्त विकास कार्यक्रम की सफलता/असफलता की विवेचना ।

परिकल्पना:-

प्रस्तुत शोध पत्र द्वारा शोधार्थी निम्न परिकल्पनाओं की सत्यता का परीक्षण करना चाहेगा।

1. 'महिला उद्यमिता विकास में निजी क्षेत्र भी आसानी से ऋण उपलब्ध करवा रहा है'।
2. 'महिला उद्यमिता विकास में रूचि अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं'।

अध्ययन का क्षेत्र एवं प्रविधि:-

प्रस्तुत शोध पत्र प्रत्यक्ष रूप से इन्दौर जिले में कार्यरत बेसिक्स की सहायक माइक्रो फांइनेस कंपनी (बी.एस.एफ.एल.) के विशेष संदर्भ में प्रस्तुत किया गया है। शोध में प्राथमिक समंकों का संकलन संस्थान के कार्यालय इन्दौर से किया गया है।

अत: संस्थान के क्रियाकलापों के मूल्यांकन हेतु कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साक्षात्कार शोधार्थी द्वारा लिये गये है। साथ ही महिला उद्यमियों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को जानने के लिए इन्दौर जिले की सभी तहसीलों की 50-50 महिला उद्यमियों का सर्वेक्षण व साक्षात्कार कर बी.एस.एफ.एल. की भूमिका एवं स्वरोजगार की स्थिति का पता लगाया

* प्राध्यापक वाणिज्य ** पीएच.डी. शोधार्थी, स्वामी विवेकानन्द शासकीय वाणिज्य महाविद्यालय रतलाम (म.प्र.) भारत

गया है। द्वितीयक् समंकों के संग्रहण हेतु विविध पुस्तकों, संस्थान के प्रकाशन, पत्र-पत्रिकाओं और संबंधित इन्टरनेट साइट्स को प्रयोग में लाया गया है। इस प्रकार उपरोक्त शोध मुख्य रूप से प्राथमिक एवं द्वितीयक समंकों पर आधारित है।

महिला उद्यमिता का विकास:-

1. महिला उद्यमी:-

'भारत सरकार के अनुसार महिला उद्यमी से आशय ऐसी उद्यमी से है, जो एक ऐसे उपक्रम की स्वामी एवं नियंत्रणकर्ता है, जिसमें न्यूनतम 51 प्रतिशत पूंजी पर वित्तीय हित है और जो उपक्रम द्वारा सृजित है और रोजगार का 51 प्रतिशत भाग महिलाओं को प्रदान करती है।

2. लघु वित्त:-

लघु वित्त शब्दावली वित्तीय सेवाओं की उस विशेष उप शाखा की ओर संकेत करती है, जो अति गरीब लोगों को छोटे-छोटे ऋण मुहैया कराती है। प्राय: बिना कोई वस्तु गिरवी रखे यह ऋण व्यक्तिगत उपयोग, उत्पादन, गतिविधियों या फिर छोटे-छोटे व्यापार के लिए भी हो सकता है। लघु वित्त की विशेषता यह है कि वित्तीय सेवा का आकार बहुत छोटा होता है। अर्थात् कर्ज की रकम छोटी होती है।

3.उद्यमिता का विकास:-

उद्यमिता के विकास को प्रमुखत: सहायता प्रणाली प्रभावित करती है। वर्तमान में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार एवं निजी संस्थान विशेष रूप से प्रयत्नशील हैं। उद्यमिता विकास कार्यक्रम को संगठित एवं विकसित करने के लिए केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों के द्वारा अनेक संस्थानों की स्थापना की गई है।

इन संस्थाओं द्वारा उद्यमियों की सहायता करने हेतु प्रशिक्षण, परामर्श, तकनीकी ज्ञान, अनुसंधान एवं नवाचार के साथ ऋण उपलब्ध करवाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जाता है। कुछ प्रमुख संस्थान इस प्रकार है- भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, लघु उद्योग विकास संगठन (SIDO) अब सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास संगठन (MSME-DI), लघु उद्योग सेवा संस्थान, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद, अखिल भारतीय लघु उद्योग बोर्ड, N.S.I.C, SIDBI इत्यादि।

इसी दिशा में म.प्र. में 25 अक्टोबर, 1988 में म.प्र. महिला वित्त एवं विकास निगम की स्थापना की गई। इसके अलावा म.प्र. में डबकारा योजना, ग्राम्या योजना, समर्थ योजना, जावाली योजना, फोटो कॉपियर योजना, स्वयंसिद्धा योजना, BOI की प्रियदर्शनी योजना व सैन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की सेंट कल्याणी योजना एवं सिडबी की महिला उद्यमिता योजनाएँ प्रमुख है। इसके अलावा महिला उद्यमिता विकास में सरकारी तंत्र एवं योजनाओं के साथ-साथ निजी फायनेंस कम्पनियाँ भी सकारात्मक भूमिका निभा रही है।

4. उद्यमिता विकास के उद्देश्य:-

उद्यमिता के विकास द्वारा ही समाजवादी समाज एवं कल्याणकारी राज्य की स्थापना की जा सकती है। इसके प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार है।

(अ) मानव संसाधन का पूर्ण एवं सर्वोत्तम उपयोग करना।
(ब) आर्थिक विकास एवं औद्योगीकरण हेतु पृष्ठभूमि तैयार करना।
(स) उद्यमियों के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन हेतु गोष्ठियाँ आयोजित करना।
(द) महिला उद्यमियों को समान अवसर उपलब्ध कराना।

5. महिला उद्यमियों की समस्यायें:-

आदिकाल से ही उद्यमिता पर पुरुषों का वर्चस्व रहा है व हमारे देश की सामाजिक संरचना में महिलाओं को दूसरा दर्जा प्राप्त हुआ है। अत: उनमें आत्मविश्वास और पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन के बोझ के कारण पुरुषों से प्रतिस्पर्धा करना कठिन होता है। साथ ही महिलाओं में गतिशीलता और स्वयं निर्णय लेने कि क्षमता का अभाव पाया जाता है। अत: महिला उद्यमी को कई सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

6. उद्यमिता का महत्व:-

प्रत्येक राष्ट्र के नियोजित एवं तीव्र आर्थिक विकास के लिए उद्यमिता विकास आवश्यक है। इसके द्वारा ही हम गरीबी, बेरोजगारी व निम्न जीवन स्तर आदि समस्याओं से छुटकारा पा सकते है। पीटर एफ ड्रकर लिखते है कि ''तीव्र परिवर्तनों एवं नवप्रवर्तन के इस युग में साहसिक योग्यता को प्राप्त किए बिना आज के व्यवसायों का जीवित रहना असंभव है।''

तीव्र आर्थिक विकास, नवाचार को प्रोत्साहन, संतुलित विकास, साधनों का सर्वोत्तम उपयोग, अवसरों में वृद्धि, पूंजी निर्माण में वृद्धि, ये सभी उद्यमिता विकास के द्वारा ही संभव है।

बी.एस.एफ.एल. और उसकी कार्यप्रणाली:-

बी.एस.एफ.एल.:-

"Bhartiya Samruddhi Investments and Consulting Service Limited" (BASIX) एक निजी स्वामित्व वाली कम्पनी इसकी स्थापना सन् 1984 में हुई थी। यह RBI एवं MFIN (Micro Finance Institution Network) के नियमों व प्रावधानों के अनुसार कार्य कर रही है। भारत वर्ष में इसकी लगभग 200 Units (शाखाएँ) एवं मध्यप्रदेश में 22 जिलों के माध्यम से BASIX अपना कार्य कर रही है।

इन्दौर स्थित शाखा BSFL "Bhartiya Samruddhi Finance Limited" की स्थापना सन् 2006 में की गई है। जो अब तक 50,000 हजार महिलाओं को लघु एवं कुटीर उद्योग हेतु ऋण प्रदान कर चुकी है।

ऋण प्रदान करना :-

बी.एस.एफ.एल. द्वारा ऋण प्रदान करने की प्रक्रिया कागजी कार्यवाही और विविध अमानतों के बोझ से पूर्णत: मुक्त है। उद्यमियों की व्यक्तिगत पहचान एवं निवास स्थान के साक्ष्य के अलावा अन्य कोई दस्तावेज संस्थान द्वारा नहीं मांगा जाता है। संस्थान के एल.एस.आर.livelihood Service Representatives स्वयं उद्यमियों से व्यक्तिगत सम्पर्क कर उन्हें विविध स्वरोजगार अवसरों से परिचित करवाते है। उद्यमियों की सहमति के पश्चात् उन्हें सामान्यत: 4-6 की संख्या में समूहीकृत कर एक सप्ताह के भीतर 5000-50,000 रूपये तक का ऋण प्रदान कर दिया जाता है। संस्था द्वारा लघु ऋण आसान ब्याज दरों पर प्रमुखत: निम्न व्यवसाय हेतु उपलब्ध कराया जाता है। जैसे-

1. सिलाई, बुनाई, कढ़ाई, कताई, रंगाई कार्य आदि।
2. खिलौने, चटाई, कारपेट, शो पीस आदि तैयार करना।
3. ब्यूटीपार्लर, हैल्थक्लब, पेंटिंग क्लास, कुकींग क्लास, बालवाड़ी व झूलाघर संचालित करना आदि।
4. मसाला बनाना, लाख एवं जूट कि सामग्री बनाना, मोमबत्ती, व अगरबत्ती बनाना आदि।
5. किराना, डेयरी, पशुपालन, मुर्गीपालन आदि व्यवसाय चलाना।
6. रेडिमेड वस्त्र, होजयरी, स्टेशनरी आदि।
7. अचार, पापड़, चटनी ज्यूस, जैम, एवं जैली जैसी खाद्य सामग्री तैयार करना आदि।

विगत पांच वर्षो में संस्था द्वारा निम्नानुसार ऋण प्रदान किया गया है।

वर्ष	महिला (संख्या)	वितरित राशि (करोड़ में)
2007	1500	1.50
2008	2500	2.50
2009	4000	4.00
2010	15000	15.00
2011	22000	22.00

इस प्रकार BSFL महिला उद्यमिता विकास विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

व्यवसाय विकास सेवा कार्यक्रम :-

बी.डी.एस.- इस सेवा के अन्तर्गत संस्थान द्वारा महिला उद्यमियों द्वारा चयनित लघु एवं कुटीर उद्योग से संबंधित पर्याप्त तकनीकी प्रशिक्षण और विशेषज्ञों की सेवा हेतु विविध प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जाते है। साथ ही कच्चे माल की आपूर्ति से लेकर निर्मित माल को बाजार में बेचने हेतु लिंकेज की व्यवस्था भी की जा रही है। ताकि उद्यमी अपने व्यवसाय का उतरोत्तर विकास कर अपने जीवन स्तर में और अधिक सुधार ला सके।

एजी.बी.डी.एस.-कृषि उत्पादों एवं डेयरी से जुड़े उद्यमों के लिए भी संस्थान समस्त उपरोक्त कार्यक्रम संचालित कर रहा है। जिसमें उन्नत कृषि की विधियों एवं डेरी व्यवसाय की आधुनिक प्रविधियों से महिला उद्यमियों को परिचित करना मुख्य कार्य है।

अन्य गतिविधियाँ :-

अन्य गतिविधियों के अंतर्गत संस्थान द्वारा शासन की विभिन्न उद्यमिता विकास योजनाओं एवं स्वरोजगार योजनाओं के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही उन्हे भविष्य हेतु विविध बचत योजनाओं के माध्यम से बचत करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।

निष्कर्ष:-

महिलाओं की सृजनात्मक ऊर्जा समाज की दशा बदलने में पर्याप्त समर्थ हैं, बशर्ते उन्हें अनुकूल पर्यावरण और पर्याप्त प्रोत्साहन मिले। कल्पनाशीलता और रचनात्मकता का तत्व महिलाओं में भी प्रचुर है, आवश्यकता है उसे सहेजने, संवारने और बढ़ाने की।

उपरोक्त शोध अध्ययन के द्वारा शोधार्थी ने यह पाया की इन्दौर जिले की महिला उद्यमी BSFL द्वारा ऋण वितरण कार्यक्रम को सरकारी क्षेत्र की अपेक्षा अधिक सरल व सुगम समझती हैं। अत: शोधार्थी की प्रथम परिकल्पना सार्थक सिद्ध होती है। जब महिलाओं के साक्षात्कार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया तब यह पाया गया की BSFLमहिला उद्यमियों की रूचिअनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रहा है। अत: द्धितीय परिकल्पना की सार्थकता सिद्ध नहीं होती हैं। निष्कर्षत: महिला उद्यमियों को पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने में सरकारी एवं निजी क्षेत्रों को ''संयुक्त क्षेत्र'' की अवधारणा पर बल देना चाहिए।

संदर्भ सूची:-

- डॉ. बी.एस.राव एवं कोडावार-म.प्र.का आर्थिक विकास
- ख़ाँको एस. एस.-लघु उद्योगों मे उद्यमिता
- टी. एन. कृष्णा-लघु उद्योग की वित्तिय मार्गदर्षिका मुंबई
- देसाई बसंत-मेनेजमेण्ट ऑफ स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज
- डॉ.यू.सी.गुप्ता-उद्यमिता विकास
- श्री एच.के. भारती-उद्यमिता विकास
- श्री एस. सुधा-व्यावसायिक उद्यमिता का विकास
- डॉ. आर.एच. कुलश्रेष्ठ-औद्योगिक अर्थशास्त्र
- **पत्र-पत्रिकाएँ:-** कुरूक्षेत्र (मासिक) भारत सरकार नई दिल्ली, टाइम्स ऑफ इण्डिया, दि इकोनोमिक टाइम मुंबई, कृषक जगत (साप्ताहिक) भोपाल, दैनिक भास्कर, नईदुनिया, प्रतियोगिता दर्पण, रोजगार निर्माण

वेबसाइट्स:-

- www.basixindia.com,www.ebookbrowse.com,
- www.india.gov.in, www.mpindustry.org,
- www.indiabudget.nic.in, www.mpnricentre.nic.in,
- www.demo.mpinfo.org, www.msmeindore.nic.in,
- www.drd.nic.in, www.rural.nic.in,
- www.mpprd.gov.in, www.edii.com
- www.dcmsme.gov.in

****

पोषणीय विकास मॉडल के क्रियान्वयन की आवश्यकता - एक अध्ययन

डॉ. रश्मि शर्मा * डॉ. पी.एस.पटेल **

शोध सारांश – पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी को संरक्षित रखते हुए जो विकास किया जाये वही पोषणीय विकास है। विकास के कारण उत्पन्न प्रदूषण की मात्रा हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की वहन-क्षमता से अधिक नहीं होना चाहिए। जबकि वर्तमान में प्राकृतिक संसाधनों का अविवेकीकृत व अंधाधुन्ध-दोहन होने के कारण विकास उपरान्त विनाश की भूमिका बना रहा है ऐसे में पर्यावरण व विकास के मध्य संतुलन स्थापना के लिए 'पोषणीय विकास मॉडल' को अपनाने की महती आवश्यकता है। न्यायपालिका के साथ देश की जागरूक जनता का भी यही अभिमत है। अब पर्यावरण को संरक्षित रखते हुए एक सुनियोजित, सतत् व टिकाऊ विकास व्यवस्था को लागू करना वांछित है।

शब्द कुंजी – पोषणीय विकास, पारिस्थितिकी तंत्र, पर्यावरण-संरक्षण, प्रदूषण।

प्रस्तावना :– आज के विकासशील युग में पर्यावरण प्रदूषण अपरिहार्य है। आवश्यकता इस बात की है कि तकनीकी विकास तथा पर्यावरण प्रदूषण के मध्य संतुलन स्थापित किया जाय। जहॉ औद्योगिक विकास देश की अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक है परंतु उसी समय पर्यावरण तथा पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित रखना भी आवश्यक है। विकास के परिणामस्वरूप उत्पन्न प्रदूषण हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की सहन करने की क्षमता के समतुल्य होना चाहिए आज की दुनिया विकास की दुहाई देते हुए विध्वंस की ओर उत्तरोत्तर बढ़ रही है-

''धुआँ उगलती चिमनियाँ, कुआँ निगलते खेत।
शहर-गांव दोनों हुए, भुखे नंगे प्रेत।।
पेड़ कटे, जंगल जले, गांव हुए बरबाद।
शहरों बीच सीमेन्ट के, जंगल है आबाद।।''[1]

मानव ने अपनी भोगवादी एवं लालची प्रवृत्ति के कारण प्राकृतिक संसाधनों का अविवेकपूर्ण दोहन किया, इसका परिणाम पर्यावरणीय असंतुलन के रूप में अब सामने आने लगा है। यह सत्य है कि हमारी विकास संबंधी प्रत्येक गतिविधि किसी न किसी रूपमें प्रकृति को कुछ न कुछ क्षति अवश्य पहुंचाती है। 1970 के दशक में एक नई विकास की अवधारणा को स्वीकार किया गया, जिसे 'पोषणीय विकास' का नाम दिया गया।

पोषणीय विकास की जिस अवधारणा को आज सम्पूर्ण विश्व में काफी महत्व दिया जा रहा है, वस्तुत: वह 'बंटलैण्ड आयोग' की देन है। पोषणीय विकास, सतत् विकास या टिकाऊ विकास अंग्रेजी शब्द 'Sustainable Development' के पर्यायवाची है। बंटलैण्ड के अनुसार ''पोषणीय विकास वह विकास प्रक्रिया है जिसमें वर्तमान पीढ़ी अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति आने वाली पीढ़ियों की आवश्यकताओं की पूर्ति को बिना नुकसान पहुंचाए करती है।'' अर्थात् पर्यावरण व पारिस्थितिकी को संरक्षित रखते हुए जो विकास किया जाए वही पोषणीय विकास है।

शोध का उद्देश्य :– यहाँ पर्यावरण एवं विकास के बीच संतुलन हेतु 'पोषणीय विकास' की अवधारणा को क्रियान्वित करने की आवश्यकता का पता लगाना ही शोध का उद्देश्य है।

शोध का अपेक्षित परिणाम :- पुष्टि की प्रत्याशा में प्राकल्पना की जाती है कि - वर्तमान में पर्यावरण एवं विकास के मध्य संतुलन हेतु पोषणीय विकास मॉडल का क्रियान्वयन आवश्यक है।

शोध हेतु प्रयुक्त प्रविधि :– प्रस्तुत शोध के लिए पर्यावरण संरक्षण हेतु निर्मित कानून से सम्बन्धित पुस्तकों का अध्ययन किया गया है साथ ही पर्यावरण को सरंक्षित रखते हुए आर्थिक विकास किये जाने के सम्बन्ध में प्राथमिक जानकारी प्राप्त करने हेतु विभिन्न श्रेणी के 300 उत्तरदाताओं से सम्पर्क किया गया तथा उनका अभिमत लिया गया है। यहां पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण व सरंक्षण के साथ विकास सम्बंधी पूर्व में अभिव्यक्त विचारों व दृष्टिकोणों का भी शोध हेतु अध्ययन किया गया है। साथ ही विभिन्न समाचार पत्र-पत्रिकाओं में पूर्व-प्रकाशित विषय सामग्री का भी अध्ययन किया गया।

विषय विस्तार एवं पल्लवन:– पोषणीय विकास प्रकृति के साथ मानव सहयोग एवं साहचर्य की भावना पर आधारित है। भारतीय मनीषि परम्परा में पोषणीय विकास की अवधारणा सदैव रही है, जो सुख-शांति, समृद्धि, सौहार्द, संतोष जैसे मानवीय भावों के साथ प्रकृति की समीपता और नैसर्गिक चिंतन पर आधारित थी। भौतिक, औद्योगिक व उपभोक्तावादी संस्कृति के कारण विकास अब विनाश का पर्याय बन गया है और इसके लिए प्राकृतिक संसाधनों का अविवेकपूर्ण दोहन पारिस्थितिकीय संतुलन बिगाड़ रहा है और पर्यावरणीय समस्याएँ जैसे ' जलवायु परिवर्तन' से आज पूरी दुनिया त्रस्त है। अत: आज पोषणीय विकास की अत्यधिक आवश्यकता है जो पर्यावरण और पारिस्थितिकी को बिना क्षति पहुंचाये जीवन स्तर को उच्चता प्रदान कर सके। पोषणीय विकास इसलिए भी आवश्यक है कि आज से दो-तीन दशक पूर्व दुनिया इस भ्रम में थी कि आर्थिक विकास ही मानव विकास का द्योतक सूचकांक है। इस सोच के चलते जहां विकसित देशों ने तीव्र आर्थिक विकास के लिए अतिवाद की सीमा तक प्राकृतिक संसाधनो का दोहन किया, वहीं ऐसा करते हुए विकासशील देशों के प्राकृतिक संसाधनों का भी भरपूर दोहन किया। इससे आर्थिक समृद्धि तो आई, किंतु इससे पर्यावरण प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ। यह स्थिति सामने आने पर विकसित और विकासशील देशों को तथा उनके विकास विशेषज्ञों को यह बात समझ में आने लगी कि यदि पर्यावरण की दशा में सुधार न लाया गया तो सिर्फ आर्थिक प्रगति से मानव विकास संभव नहीं है।

पोषणीय विकास के सिद्धांत का मुख्य लक्ष्य विकास को प्रोत्साहित करते हुए पर्यावरण को प्रदूषण से दूर रखना है। पोषणीय विकास की अवधारणा के संबंध में यहां कुछ मान्यताऐं प्रस्तुत है -

1. पोषणीय विकास आवश्यक रूप से पर्यावरण एवं परिस्थितिकी-मित्र एक वैकल्पिक विकास मॉडल है।
2. पोषणीय विकास अवधारणा की मान्यता है कि मानव प्रजाति एवं प्राकृतिक उत्पादन तंत्र में एक सहयोगी संबंध है।
3. पोषणीय विकास केवल वृद्धि नहीं है, यह तो सामाजिक परिवर्तन के व्यापक उद्देश्यों पर आधारित विकास है।
4. पोषणीय विकास की मान्यता है कि वर्तमान पीढ़ी को अपनी आज की

* 18, राजेन्द्र मार्ग महिदपुर, जिला - उज्जैन ** प्राध्यापक वाणिज्य विभाग, शासकीय महाविद्यालय महिदपुर, जिला - उज्जैन (मप्र) भारत

आवश्यकताओं को पूरा करते समय भावी पीढ़ियों की आवश्यकताओं और परिस्थितियों को ध्यान में रखना चाहिए ताकि उनकी स्वाभाविक प्राकृतिक प्राप्तियों का अनुचित पूर्वदोहन न हो।

5. इसकी मान्यता है कि आज जो कोई भी आर्थिक विकास का फल प्राप्त कर रहे है उन्हे ध्यान रखना चाहिए कि वे पृथ्वी के परिस्थितिकी तंत्र एवं पर्यावरण को अनाश्यक रूप से दूषित तो नहीं कर रहे है।

6- Sustainable शब्द में एक ऐसा अर्थ निहित है जिससे एक प्राकृतिक संतुलित पोषक तंत्र का आभास होता है।

भारत में इसे प्रदूषक भुगतान करे का सिद्धान्त (Polluter pays Principle) के रूप में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मान्यता दी गयी है। सर्वोच्च न्यायालय ने इण्डियन कौंसिल फार इन्वायरो लीगल ऐक्शन बनाम भारत संघ[1] के मामले में अभिनिर्धारित किया है कि प्रदूषक को प्रदूषण से प्रभावित व्यक्तियों की क्षतिपूर्ति के साथ ही साथ पर्यावरण क्षति को पुर्नस्थापित करने की लागत को वहन करना चाहिये।

वेल्लोर सिटीजन्स वेलफेयर फोरम बनाम भारत संघ[2] के मामले में न्यायमूर्ति कुलदीप सिंह ने कहां कि ''प्रदूषक भुगतान करे का सिद्धान्त'' का तात्पर्य है कि पर्यावरण को क्षति के लिए अत्यधिक दायित्व का विस्तार न केवल प्रदूषण के पीड़ित की क्षतिपूर्ति करने तक बल्कि पर्यावरण संबंधी अपक्षय को प्रत्यावर्तित करने की कीमत तक भी है। क्षतिग्रस्त पर्यावरण का उपचार निरंतर विकास की प्रक्रिया का भाग है और इस प्रकार प्रदूषक व्यक्तिगत क्षतिग्रस्त को क्षतिपूर्ति तथा क्षतिग्रस्त पारिस्थितिकी को परिवर्तित करने के व्यय का भुगतान करने का दायी है।

वर्तमान में विकास, बुनियादी ढाँचे और रोजगार की जरूरत तो है, लेकिन यह भी ध्यान में रखा जाना चाहिए कि यदि हमने पारिस्थितिकी से छेड़खानी की तो इन आर्थिक हितों की भी लंबे समय तक रक्षा नहीं की जा सकेगी। देश के किसी भी क्षेत्र में पर्यावरण की कीमत पर विकास नहीं होना चाहिए। इसका वर्तमान उदाहरण **'उत्तराखण्ड की त्रासदी'** है। उत्तराखण्ड में हमें एक प्रकार से प्रलय की झलक देखने को मिली है। प्रकृति का गुस्सा, जल की शक्ति, मानव की नासमझी एवं स्थानीय शासन की कमजोरी के कारण गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में तबाही मची। ऐसी स्थिति में यह सवाल पूछा जाना भी प्रासंगिक है कि क्या यह महज एक प्राकृतिक आपदा है या इस त्रासदी के लिए हम मनुष्यों के क्रियाकलाप भी समान रूप से जिम्मेदार है?

हिमालय जैसे क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण है जैविक ईधनों की खपत और उससे होने वाला उत्सर्जन, जोकि आर्थिक विकास की देन है। इसी तरह से पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में किए गए 'विकास कार्यो' से भी उत्तराखण्ड त्रासदी का सीधा संबंध है जैसे इस क्षेत्र में जल, जंगल और खनिज जैसे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन बढ़ा है। उदाहरण के लिये बांध परियोजनाओं से नदियों के प्राकृतिक बहाव पर प्रतिकूल असर पड़ा है। बांधों के निर्माण के लिए किए जाने वाले विस्फोटों और सुरंगों-बैराजों के निर्माण से भी पर्वतीय क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इससे भू-स्खलन का खतरा भी रहता है। ऐसा नहीं है कि राज्य को बिजली की जरूरत नहीं है या बांधों का निर्माण बिलकुल नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन ये निर्माण क्षेत्र की पारिस्थितिकी के अनुकूल संख्या में होना चाहिए। सड़कों-भवनों के निर्माण और खनिजों के खनन पर भी यही बात लागू होती है। हर तरफ नियम -कायदों और औचित्य को ताक पर रखकर निर्माण किए जा रहे है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हमारे इंजीनियर ऐसी योजनाएं बनाएं, जिनसे जलविद्युत उत्पादन हो, नदी पर बुनियादी ढांचा बने, लेकिन पर्यावरण को कोई नुकसान न हो। इस प्रकार प्रकृति एवं मनुष्य में आपसी विरोध की स्थिति नहीं बनी रहना चाहिए।

प्राथमिक शोध प्रक्रियाकरण एवं विश्लेषण -

यहां 300 उत्तरदाताओं से प्रश्न के माध्यम से अभिमत ज्ञात किया गया है जो प्रस्तुत है -प्रश्न - ''विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण भी आवश्यक है इसलिए आर्थिक विकास हेतु पोषणीय विकास मॉडल क्रियान्वित किया जाना चाहिए।'' क्या आप इस अभिमत से सहमत ?

(अ) हाँ। (ब) नहीं। (स) ज्ञात नहीं।

सारणी - 1

पोषणीय विकास मॉडल लागू करने के सम्बन्ध में सर्वेक्षित उत्तरदाताओं का अभिमत

क्रमांक	सर्वेक्षित वर्ग की श्रेणी अभिमत हेतु सर्वेक्षित वर्ग	सर्वेक्षित वर्ग का अभिमत						समग्र	
		हाँ		नहीं		ज्ञात नहीं			
		संख्या	प्रतिशत (%)	संख्या	प्रतिशत (%)	संख्या	प्रतिशत (%)	योग	प्रतिशत (%)
1	उद्यमी	01	0.33	09	3.00	00	00	10	3.33
2	अर्थ एवं वाणिज्यविद्	10	3.33	05	1.67	00	00	15	5.00
3	विधिवेत्ता	13	4.33	11	3.67	00	00	24	8.00
4	सामाजिक कार्यकर्ता	50	16.67	08	2.66	00	00	58	19.33
5	कृषक	50	16.67	05	1.67	10	3.33	65	21.67
6	विस्थापित	70	23.34	00	00	02	0.67	72	24.00
7	अन्य	06	2.00	03	1.00	47	15.66	56	18.67
	योग	200	66.67	41	13.67	59	19.66	300	100

स्रोत - सर्वेक्षण से प्राप्त जानकारी के आधार पर

उपर्युक्त प्रश्न के उत्तरदाताओं से प्राप्त अभिमत की सारणीकृत प्रस्तुति। निम्नलिखित है- सारणी में प्रदत्त पृष्ठभूमि के आधार पर ज्ञात होता है कि पोषणीय विकास मॉडल लागू करने के पक्ष में सर्वाधिक 6667 प्रतिशत उत्तरदाता है जबकि मात्र 1367 प्रतिशत उत्तरदाता ने विपक्ष में अभिमत दिया है साथ ही 1967 प्रतिशत व्यक्तियों ने पक्ष या विपक्ष में कोई मत नहीं दिया है।

इस प्रकार यहां यह स्पष्ट होता है कि 6667 प्रतिशत सर्वाधिक अभिमत पोषणीय विकास मॉडल व्यवस्था क्रियान्वित करने के पक्ष में है साथ ही शिक्षा एवं पर्यावरण जागरूकता के अभाव में 1967 प्रतिशत व्यक्तियों ने कोई रूचि न लेते हुए अभिमत नहीं दिया है जबकि सबसे कम 13.67 प्रतिशत उत्तरदाता पर्यावरण संरक्षण के स्थान पर तीव्र विकास गतिविधियों को निरंतर जारी रखने के पक्ष में है जिनमें सर्वाधिक उद्यमी सम्मिलित है उनके अभिमत निहित निजी हित के कारण पोषणीय विकास के विरूद्ध माने जा सकते है।

पर्यावरण संरक्षण एवं पोषणीय विकास में न्यायालयों की भूमिका-

पर्यावरण संरक्षण एवं पोषणीय विकास में न्यायपालिका का महत्वपूर्ण योगदान है। हमारी न्यायपालिका विशेषत: सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों ने अपने निर्णयों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के कई उपाय तथा निर्देश निर्गत करते समय विभिन्न महत्वपूर्ण सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह सिद्धांत प्रतिपादित किया कि उद्योगों की स्थापना को अनुमति तभी दी जाये जब यह सुनिश्चित हो जाय कि प्रस्तावित उद्योग पर्यावरण संरक्षण के प्रभावकारी उपायों की स्थापना करेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने पर्यावरण प्रदूषण के लिए उत्तरदायी उद्योगों, संयंत्रों तथा उपक्रमों के स्वामियों पर क्षतिपूर्ति की आवश्यकता तथा बाध्यता पर बल दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने औद्योगिक विकास के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने हेतु और तकनीकी विकास तथा पर्यावरण प्रदूषण के मध्य संतुलन स्थापित किये जाने हेतु निर्देष दिये साथ ही निर्देशित किया कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के उपाय की स्थापना की आवश्यकता को ध्यान में रखा जाऐ तथा इस संबंध में आर्थिक अक्षमता या

असमर्थता को एक आधार न माना जाय। सर्वोच्च न्यायालय ने संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न सम्मेलनों में पारित सिद्धांतों और अनुशंसाओं का भी पूरा ध्यान रखा है। इनमें पर्यावरण, पोषणीय विकास, पानी, बंजर भूमि, जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन, तापमान में वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल है। इन सिद्धांतों और निर्देशों के आलोक में ही सर्वोच्च न्यायालय ने पर्यावरण से संबंधित अनेक मामलों पर अपना दृष्टिकोण रखा।

सर्वोच्च न्यायालय ने मानव स्वास्थ्य को संकट में डालने वाली दिल्ली की परिवहन यातायात को CNG (Compressed Natural Gas) के अभाव में संचालन पर प्रतिबन्ध[1] लगाने के साथ-साथ ताजमहल पर पड़ने वाले कुप्रभाव[2] को ध्यान में रखते हुए आगरा की 292 औद्योगिक इकाइयों को शहर से बाहर सुरक्षित स्थानो पर स्थानान्तरित करने का आदेश दिया है। इसी प्रकार पर्यावरण की सुरक्षा के मद्देनजर दिल्ली-हरियाणा सीमा पर खनन और स्टोन क्रशर पर रोक लगाने का सर्वोच्च न्यायालय का आदेश भी इस क्षेत्र के निवासियों के लिए लाभदायक है। इससे पहले दक्षिण भारत के पएिमी घाटों में खनन गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए भी सर्वोच्च न्यायालको ही दखल देना पड़ा था। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर ही कार्बेट नेशनल पार्क के बीच सड़क बनाने की उत्तराखण्ड सरकार की योजना को खारिज किया गया। गोवा में समुद्र के संबंध में पिछले दो दशकों के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने दर्जनो निर्देश दिए है।

सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य को प्राकृतिक स्त्रोतो का न्यासी (Trustee) तथा सामान्य जन को इसका हितग्राही (Beneficiary) माना है तथा व्यक्तिगत आमोद-प्रमोद एवं स्वार्थ के लिए प्राकृतिक स्त्रोतों के शोषण पर प्रतिबंध लगाया है (लोक न्यास का सिध्दांत) तथा राज्यों पर प्राकृतिक स्त्रोतों के संरक्षण करने का दायित्व सौंपा है। सर्वोच्च न्यायालय की निश्चित दायित्व की परिकल्पना के आधार पर ही संसद ने लोकदायित्व बीमा अधिनियम, 1991 पारित कर निश्चित दायित्व के सिध्दांत को सांविधिक (Statutory) मान्यता दी। इस अधिनियम के अंतर्गत परिसंकटमय पदार्थो के कारण होने वाली दुर्घटना में प्रभावित व्यक्ति के प्रति परिसंकटमय उद्योगों या उपक्रम चलाने वाले उद्योगपतियो के द्वारा निश्चित क्षतिपूर्ति देने का प्रावधान है। देश के पर्यावरणीय कानून के अंतर्गत पर्यावरण नियंत्रण एवं निवारण का दायित्व केन्द्र एवं राज्य सरकारों या उनके द्वारा गठित अभिकरणों का है। राज्य अथवा केन्द्र सरकार या उनके अभिकरण जब अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने में विफल होते है तब मामले न्यायालय के समक्ष जाते है। रिट क्षेत्राधिकार के अंतर्गत और लोकहितवाद के माध्यम से कतिपय मामलों में न्यायालयों ने ज्यादा प्रगतिशील एवं प्रांसगिक निर्देश निर्धारित कर सकारात्मक रुख अपनाया है। वर्तमान में न्यायपालिका '' न्यायिक सक्रियता '' के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण निवारण और नियंत्रण की दिशा में प्रभावकारी कार्य कर रही है।

आजकल कारखानों द्वारा उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसों से ग्लोबल वार्मिंग की स्थिति बनी है जिससे पूरी दुनिया का जलवायु परिवर्तित हो रहा है। इस समस्या के निराकरण हेतु कार्बन ट्रेडिंग की संकल्पना प्रचलन में आयी है अब कार्बन ट्रेडिंग के अन्तर्गत एक केन्द्रीय प्राधिकरण प्रदूषक की कार्बन उत्सर्जन की अधिकतम मात्रा की सीमा को निर्धारित करता है इसे परमिट कहते है। परमिट के माध्यम से कम्पनियों को पर्यावरण में प्रदूषण की एक निश्चित मात्रा उत्सर्जित करने का लाईसेंस मिल जाता है। सीमित प्रदूषण के बदले कम्पनियों को आर्थिक लाभ दिये जाते है। इस प्रकार पर्यावरण प्रदूषण की समस्या के निवारण हेतु एक ट्रेडिंग मेकैनिज्म भी अस्तित्व में आ रहा है जिसे कार्बन ट्रेडिंग कहा जाता है।

शोध के अपेक्षित परिणाम की पुष्टि :-पुष्टि की प्रत्याशा में प्राकल्पना की गयी थी कि - वर्तमान में पर्यावरण एवं विकास के मध्य संतुलन हेतु पोषणीय विकास मॉडल का क्रियान्वयन आवश्यक है। जिसकी पुष्टि हो रहीं है (दृष्टव्य-सारणी-1)। क्योंकि वर्तमान में विकास के साथ विनाश भी हो रहा है तथा पर्यावरणीय समस्याओं से पूरा विश्व त्रस्त है।[9, 10]

अत: आज 'पोषणीय विकास' की अवधारणा के क्रियान्वयन की अत्यधिक आवश्यकता है इससे पर्यावरण और पारिस्थितिकी की कम से कम क्षति के साथ आर्थिक विकास संभव हो सकेगा तथा क्षतिग्रस्त पर्यावरण को पुन: संतुलित करने के लिए अपेक्षित उपचार के प्रयास भी किये जा सकेंगे।

निष्कर्ष :- पोषणीय विकास मॉडल को लागू करना कोई कठिन कार्य नहीं है, बशर्ते इसके लिए हम स्वयं को प्रकृति का हिस्सा मानें और 'पारिस्थितिकी-मित्र' का दृष्टिकोण अपनाएं। कुछ छोटे-छोटे उपायों पर अमल करके पोषणीय विकास को प्रोत्साहित किया जा सकता है जैसे प्राकृतिक व्यवस्था में अनुचित छेड़-छाड़ के बजाय उसके साथ सहजीवन जीना सुनिश्चित हो और उसके संरक्षण व संवर्ध्दन में सहयोगी दिया जाऐ। इसके लिए सबसे पहले हमें पर्यावरण के अनुकुल प्रौद्योगिकी को विकसित करना पड़ेगा, तभी भावी पीढ़ियों का भविष्य सुखद और सुरक्षित रह पाएगा। जैसा कि जॉन वी.लिण्डसे ने ठीक ही कहा है - " Technology produced the crisis and technology can end it ." राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का भी स्पष्ट विचार था कि "Mother nature has enough to fullfill everyones need but not enough to satisfy anyone's greed." गाँधीजी के मतानुसार अगर गांवों में उत्पादित कच्चे माल को गांवों में ही उपभोक्ता वस्तुओ में परिवर्तित करने की व्यवस्था की जाती तो बेरोजगारी शहरीकरण और व्यापक संदर्भ में पर्यावरण प्रदूषण की समस्या को हम समाप्त नहीं तो एक स्तर से अधिक बढ़ने से रोक पाने में सफल होते तथा पोषणीय विकास भी होता। पोषणीय विकास के लिए शिक्षा और जागरुकता भी आवश्यक है। पर्यावरण क्षति को रोकने के लिए राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आवश्यक कानून बनाए जाएं और इनका क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता और सख्ती के साथ कियजाए। जल-जंगल तथा जमीन के संरक्षण के लिए अधिकाधिक पारम्परिक वनों का विकास व विस्तार जरुरी है तथा प्राकृतिक जल स्त्रोतों का उचित संरक्षण-संवर्ध्दन व प्रबंधन भी आवश्यक है अर्थात् 'पोषणीय विकास' की विचारधारा के अन्तर्गत हमें अपने आर्थिक विकास के लिए आवश्यक प्राकृतिक संपदाओं-वन, जल एवं मृदा के दुरूपयोग को बचाना होगा। सरकार को चाहिए कि वह पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक नीतियाँ बनाकर क्रियान्वित करे जिससे पर्यावएवं वन मंत्रालय, आपदा-प्रबंधन-विभाग, मौसम विज्ञान विभाग, कृषि मंत्रालय व कृषि विभाग तथा अन्य सभी संस्थाएं परस्पर समन्वय ,सहयोग तथा सहभागिता के साथ सुनियोजित पोषणीय विकास कर सके।

सन्दर्भ सूची - 1.दुबे अरविन्द कुमार : पर्यावरण विधियां, सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन्स, इलाहबाद। 2.उपाध्याय डॉ, जेज़े.आर.: पर्यावरण विधि, सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी, इलाहबाद। 3. योजना पत्रिका, आंधियों के पेड़, पृष्ठ - 35 4. रचना, मप्र.हिन्दी ग्रन्थ अकादमी। 5.कुरूक्षेत्र 6. इंडिया टुडे 7. दैनिक भास्कर समाचार-पत्र 8. नई दुनिया समाचार-पत्र 9. A.I.R. (2001) S.C. 1948 10. A.I.R. (1997) S.C. 734



Fig. - Sustainable Development

आदिवासी झाबुआ जिले के रोजगार कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगारों का विश्लेषण

डॉ. लक्ष्मण परवाल * प्रो. गेन्दालाल चौहान **

प्रस्तावना : राष्ट्रीय रोजगार सेवा देश में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने में सहायता करती है। भारत में दिसम्बर 2010 तक राष्ट्रीय रोजगार सेवा के 969 रोजगार कार्यालयों का नेटवर्क था। ये रोजगार कार्यालय नियोक्ता द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर विशेष समूह अर्थात विकलांग, पूर्व सेवा कर्मी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं इत्यादि सहित सभी बेरोजगारों को रोजगार दिलाने में सहायता करते हैं। इसके अतिरिक्त व्यावसायिक परामर्श, रोजगार सलाह, रोजगार की सूचनाओं का प्रसार एवं समन्वय आदि कार्य भी रोजगार कार्यालयों के माध्यम से किये जाते हैं। रोजगार हेतु नीतियां बनाने के लिये आंकड़े उपलब्ध करवाने के लिये भी राष्ट्रीय रोजगार सेवा रोजगार एवं व्यावसायिक अनुसंधान के क्षेत्र में अध्ययन भी करवाती है। भारत में वर्तमान में रोजगार कार्यालयों में पंजीयन कराना ऐच्छिक है, एवं अन्य किसी स्त्रोत के अभाव में रोजगार कार्यालयों में उपलब्ध आकड़ों से ही बेरोजगारों की स्थिति का सांकेतिक ज्ञान उपलब्ध हो पाता है। झाबुआ जिले के एक मात्र रोजगार कार्यालय में कुल पंजीकृत बेरोजगारों में से आदिवासी वर्ग के महिला एवं पुरूषों के पंजीयन की स्पष्ट व्याख्या की गई है। आदिवासी वर्ग के बेरोजगारों के पंजीयन को शैक्षणिक स्तर के आधार पर भी वर्गीकरण किया गया है। वर्ष 2003 से लेकर जून, 2010 तक पंजीयन की स्थिति की जानकारी को जिला झाबुआ के रोजगार कार्यालय से प्राप्त कर शोधार्थी ने उसे विभिन्न तालिकाओं में विभक्त कर स्पष्ट एवं विश्लेषणात्मक ढंग से व्याख्या की है ।

अध्ययन का उद्देश्य :-

प्रस्तुत अध्ययन झाबुआ जिले के रोजगार कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगारों का विश्लेषण निम्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिये किया गया है :-

- रोजगार कार्यालय में पंजीयत कुल बेरोजगारों की स्थिति का पता लगाना।
- रोजगार कार्यालय में विभिन्न श्रेणियों के पंजीयत व रोजगार प्राप्त बेरोजगारों की स्थिति का अध्ययन करना।
- जीवित पंजी पर दर्ज कुल बेरोजगारों की स्थिति का पता लगाना।
- रोजगार कार्यालय में पंजीयत एवं रोजगार प्राप्त बेरोजगारों में पुरूषों व महिलाओं की तुलनात्मक स्थिति ज्ञात करना।

समंकों का संकलन :-

यह अध्ययन मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य झाबुआ जिले पर किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में द्वितीयक समंकों का उपयोग किया गया है, जो झाबुआ जिले के रोजगार कार्यालय से प्राप्त किये गये हैं। ये समंक वर्ष 2003 से लेकर जून 2010 तक के संग्रह किये गये हैं। उपर्युक्त समंकों के आधार पर शोधार्थी द्वारा विभिन्न तालिकाओं एवं रेखाचित्रों के माध्यम से रोजगार कार्यालय झाबुआ में पंजीकृत बेरोजगारों का विस्तृत रूप से विश्लेषण करके औसत, प्रतिशत तथा अनुपात जैसी सांख्यिकीय एवं गणितीय विधियों का प्रयोग कर अपेक्षित परिणाम ज्ञात किये गये हैं।

विश्लेषणात्मक विवेचन :-

(1) रोजगार कार्यालय में पंजीयत कुल बेरोजगारों की स्थिति :-

आदिवासी झाबुआ जिले के रोजगार कार्यालय में पंजीकृत कुल बेरोजगारों की स्थिति को शोधार्थी ने गत 8 वर्षों के आंकड़ों के आधार पर वर्गीकरण करके यह भी ज्ञात किया है कि कुल पंजीयत बेरोजगारों में आदिवासी वर्ग एवं अन्य श्रेणियों (सामान्य, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक) के बेरोजगारों का अनुपात कितना है? इसे अग्र तालिका के द्वारा विश्लेषित किया गया है।

वर्ष 31	कुल पंजीयत	आदिवासी वर्ग का पंजीयन		अन्य श्रेणियों का पंजीयन		अनुपात
दिसंबर	संख्या	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	
2003	5,675	3,919	69.06	1,756	30.94	2.23:1
2004	6,427	4,513	70.22	1,914	29.78	2.36:1
2005	7,805	5,444	69.75	2,361	30.25	2.31:1
2006	7,207	5,593	77.61	1,614	22.39	3.47:1
2007	7,333	5,597	76.33	1,736	23.67	3.22:1
2008	8,221	6,408	77.95	1,813	22.05	3.53:1
2009	7,257	5,516	76.01	1,741	23.99	3.17:1
2010	3,595	2,392	66.54	1,203	33.46	1.99:1
योग	53,520	39,382	73.58	14,138	26.42	2.79:1
औसत	7,136		5,251	1,885		

स्त्रोत: जिला रोजगार कार्यालय, झाबुआ * 30 जून, तक की स्थिति में

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि आदिवासी झाबुआ जिले में प्रतिवर्ष औसत रूप से 7,136 बेरोजगारों द्वारा रोजगार प्राप्त करने के लिए पंजीयन कराया जा रहा है। इसमें सभी श्रेणियों के महिला एवं पुरूष बेरोजगार शामिल हैं। इसमें आदिवासी वर्ग के पुरूष एवं महिला बेरोजगारों का औसत रूप से वार्षिक पंजीयन 5,251 है, जो लगभग कुल औसत पंजीयन का 73.58 प्रतिशत के बराबर है। गत 8 वर्षों के आंकड़ों के आधार पर आदिवासी झाबुआ जिले में सभी श्रेणियों के कुल 53,520 पुरूष एवं महिला बेरोजगारों ने अपना पंजीयन कराया है।

इसमें से आदिवासी वर्ग के 39,382 पुरूष एवं महिला बेरोजगारों ने पंजीयन कराया है, शेष 14,138 अन्य श्रेणियों के पुरूष एवं महिला बेरोजगार हैं। वर्ष 2006 से वर्ष 2009 तक पंजीयन कराने वाले बेरोजगारों में आदिवासी वर्ग के बेरोजगारों का हिस्सा लगभग तीन चौथाई से भी अधिक रहा है।

2) रोजगार कार्यालय में विभिन्न श्रेणियों के पंजीयत व रोजगार प्राप्त बेरोजगारों की स्थिति :-

जिले के रोजगार कार्यालय में गत 8 वर्षों के आंकड़ों के आधार पर आदिवासी वर्ग एवं अन्य श्रेणियों के पुरूष एवं महिला बेरोजगारों के पंजीयन व रोजगार प्राप्त की स्थिति को शोधार्थी द्वारा तुलनात्मक रूप से निम्न तालिका में प्रदर्शित किया है। जिससे यह ज्ञात हो सके की रोजगार कार्यालय

* प्राध्यापक वाणिज्य संकाय, स्वामी विवेकानन्द शासकीय वाणिज्य महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक वाणिज्य संकाय, शासकीय विक्रम महाविद्यालय, खाचरौद-जिला उज्जैन (म.प्र.) भारत

में पंजीयन कराने तथा रोजगार प्राप्त होने में आदिवासी वर्ग एवं अन्य श्रेणियों के बेरोजगारों का अनुपात क्या है? अन्य श्रेणियों में सामान्य श्रेणी, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के पुरूष एवं महिला बेरोजगारों को शामिल किया गया है, जबकि आदिवासी वर्ग में केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरूष एवं महिला बेरोजगारों को शामिल किया गया है। (देखिए तालिका क्रमांक 2)

तालिका क्रमांक 02 से स्पष्ट है कि आदिवासी झाबुआ जिले में बेरोजगारी से मुक्ति दिलाने के लिए कार्यरत रोजगार कार्यालय मात्र पंजीयन करने तक सीमित रह गया है। गत 8 वर्षों के आंकड़ों के आधार पर जिला रोजगार कार्यालय में कुल 53,520 बेरोजगारों ने रोजगार पाने के लिए पंजीयन कराया था, जिसमें से मात्र 2,253 बेरोजगारों को ही रोजगार कार्यालय, झाबुआ रोजगार उपलब्ध कराने में सफल रहा है। प्रतिशत के आधार पर मात्र 4.21 प्रतिशत बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त हुआ है। इसमें भी काफी हद तक निजी कम्पनियों ने रोजगार कार्यालय को सहयोग प्रदान किया है। रोजगार कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये कुल रोजगार में आदिवासी वर्ग के पुरूष एवं महिला बेरोजगारों का प्रतिशत 86.82 है, शेष 13.18 प्रतिशत रोजगार अन्य श्रेणियों के पुरूष एवं महिला बेरोजगारों को मिला हैं। स्पष्ट है कि रोजगार प्राप्त करने में आदिवासी वर्ग के बेरोजगारों का बाहुल्य है।

3) जीवित पंजी पर दर्ज कुल बेरोजगारों की स्थिति :-

जिले के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजी पर दर्ज कुल बेरोजगारों से आशय यह है कि वर्ष के अंत में (अर्थात् 31 दिसम्बर को) रोजगार कार्यालय के पंजीयन रजिस्टर में जितने बेरोजगारों की संख्या पंजीकृत रहती है, उन्हें जीवित पंजी पर दर्ज संख्या कहते हैं।

इसमें उन बेरोजगारों की संख्या घटा दी जाती है जो किसी अन्य जिले में स्थाई रूप से रहने के लिए चले गये हों या जिन्होंने नवीनीकरण नहीं कराया हो या जिन्हें नौकरी प्राप्त हो गई हो। इस प्रकार जीवित पंजी में उन बेरोजगारों की संख्या भी जोड़ दी जाती है जो किसी अन्य जिले से इस जिले में आये हों। आदिवासी झाबुआ जिले में जीवित पंजी पर दर्ज बेरोजगारों की स्थिति को शोधार्थी ने अग्र तालिका में विश्लेषण किया है।

वर्ष 31 दिसंबर	जीवित पंजी पर दर्ज कुल बेरोजगारों की संख्या	जीवित पंजी पर दर्ज कुल आदिवासी वर्ग के बेरोजगारों की संख्या	कुल संख्या से आदिवासी वर्ग का प्रतिशत	जीवित पंजी पर दर्ज अन्य श्रेणियों के कुल बेरोजगारों की संख्या	कुल संख्या से अन्य श्रेणियों का प्रतिशत
2003	26,624	16,690	67.77	7,934	32.23
2004	24,304	17,184	70.70	7,120	29.30
2005	24,627	17,174	69.70	7,463	30.30
2006	24,879	17,807	71.57	7,072	28.43
2007	24,846	17,784	71.58	7,062	28.42
2008	26,622	19,473	73.14	7,149	26.86
2009	28,528	20,945	73.41	7,583	26.59
2010	28,450	20,910	73.49	7,540	26.51
जीवित पंजी पर दर्ज आदिवासी वर्ग एवं अन्य श्रेणियों के बेरोजगारों का अनुपात (वर्ष 2010 के आधार पर)					2.77:1
जीवित पंजी पर दर्ज प्रत्येक 100 बेरोजगारों में आदिवासी वर्ग एवं अन्य श्रेणियों का अनुपात (संख्या में)					73:27

स्त्रोत: जिला रोजगार कार्यालय, झाबुआ * 30 जून, तक की स्थिति में

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि झाबुआ जिले के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजी पर दर्ज कुल बेरोजगारों की संख्या में गत 8 वर्षो में लगातार वृद्धि दिखाई दे रही है। वर्ष 2003 में जीवित पंजी पर दर्ज कुल बेरोजगारों की संख्या 24,624 थी, जो बढ़कर दिसम्बर, 2009 में 28,528 हो गयी। अर्थात् इन 7 वर्षो में कुल बेरोजगारों की संख्या में 15.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिले के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजी पर दर्ज आदिवासी वर्ग के बेरोजगारों की संख्या में भी गत 8 वर्षो में वृद्धि दिखाई दे रही है। वर्ष 2003 में आदिवासी वर्ग के कुल बेरोजगारों की संख्या 16,690 थी, जो बढ़कर दिसम्बर 2009 में 20,945 हो गई है। अर्थात्इन 7 वर्षो में इसमें 25.49 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अन्य श्रेणियों के बेरोजगारों की संख्या में गत 8 वर्षो में मामूली सी कमी दर्ज हुई है।

4) रोजगार कार्यालय में पंजीयत एवं रोजगार प्राप्त बेरोजगारों में पुरूषों व महिलाओं की तुलनात्मक स्थिति :-

जिले में वर्ष 2003 से वर्ष 2010 तक गत 8 वर्षों में रोजगार कार्यालय में पंजीयत कुल पुरूष व कुल महिला बेरोजगारों की स्थिति तथा रोजगार कार्यालय द्वारा उन्हें उपलब्ध कराये गये रोजगार की स्थिति को शोधार्थी ने अग्र तालिका द्वारा विश्लेषित किया है। इस विश्लेषण से यह ज्ञात हो सकेगा कि रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराने वाले बेरोजगारों में महिलाओं एवं पुरूषों का कितना अंशदान है, तथा रोजगार प्राप्त करने में भी महिलाओं व पुरूषों का क्या अनुपात है? चूँकि रोजगार कार्यालय द्वारा सभी श्रेणियों की महिलाओं के पंजीयन की जानकारी एक साथ संधारित कि जाती है, इसलिये शोधार्थी ने सभी श्रेणियों के पुरूषों एवं महिलाओं का तुलनात्मक विश्लेषण रोजगार कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर स्वविवेक से किया है।

तालिका क्रमांक 04 से स्पष्ट है कि जिले के रोजगार कार्यालय में गत 08 वर्षों में पंजीयत संख्या 53,520 में से सभी श्रेणियों के पुरूष बेरोजगारों की संख्या 39,795 तथा सभी श्रेणियों की महिला बेरोजगारों की संख्या 13,725 है। प्रतिशत के आधार पर पंजीयन में गत 08 वर्षो में पुरूषों का प्रतिशत 74.35 तथा महिलाओं का प्रतिशत 25.65 रहा है।

रोजगार कार्यालय द्वारा वर्ष 2003 से जून, 2010 तक बेरोजगारों को जो रोजगार उपलब्ध कराया गया है उसमें पुरूषों में 2,210 एवं महिलाओं में 43 बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त हुआ है। यह पुरूषों के पंजीयन के अनुपात में 5.55 प्रतिशत व महिलाओं के पंजीयन के अनुपात में 0.31 प्रतिशत है। अर्थात् रोजगार कार्यालय द्वारा 18 पंजीयत पुरूषों में से 01 पुरूष को तथा 319 पंजीयत महिलाओं में से 01 महिला को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

निष्कर्ष :-

प्रस्तुत शोध पत्र ''आदिवासी झाबुआ जिले के रोजगार कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगारों का विश्लेषण'' के प्रमुख निष्कर्ष इस प्रकार हैं :-

- झाबुआ जिले में प्रतिवर्ष पंजीयन कराने वाले 100 बेरोजगारों में से लगभग 74 बेरोजगार आदिवासी वर्ग के होते हैं, शेष 26 बेरोजगार अन्य श्रेणियों (सामान्य, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति वर्ग, अल्पसंख्यक) के होते हैं।
- आदिवासी झाबुआ जिले में रोजगार कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रत्येक 100 रोजगारों में से 87 रोजगार आदिवासी वर्ग के पुरूषों व महिलाओं को तथा शेष 13 रोजगार अन्य श्रेणियों के पुरूषों व महिलाओं को प्राप्त हो रहा है। आनुपातिक दृष्टि से रोजगार कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये रोजगार में आदिवासी वर्ग के पुरूष एवं महिला बेरोजगारों तथा अन्य श्रेणियों के पुरूष एवं महिला बेरोजगारों में

अनुपात 6.59:1 है। अर्थात् रोजगार कार्यालय द्वारा उपलब्ध 8 व्यक्तियों के रोजगार में से 7 व्यक्ति आदिवासी वर्ग के एवं 1 व्यक्ति अन्य वर्ग का होता है।

- झाबुआ जिले में जीवित पंजी पर दर्ज कुल बेरोजगारों की संख्या में आदिवासी वर्ग व अन्य श्रेणियों के बेरोजगारों का अनुपात 2.77:1 है। अर्थात् जीवित पंजी पर दर्ज 04 बेरोजगारों में से लगभग 03 बेरोजगार आदिवासी वर्ग के होते हैं, तथा 01 बेरोजगार अन्य श्रेणियों का होता है। प्रतिशत के आधार पर यह कहा जा सकता है कि आदिवासी झाबुआ जिले में प्रत्येक 100 बेरोजगारों के जीवित पंजी में आदिवासी वर्ग के बेरोजगारों की संख्या लगभग 73 तथा अन्य श्रेणियों के बेरोजगारों की संख्या लगभग 27 रहती है।
- पंजीयन कराने वाले कुल व्यक्तियों में पुरूषों व महिलाओं का अनुपात 2.89:1 रहा है। अर्थात् प्रत्येक 04 बेरोजगारों के पंजीयन में 03 पुरूष व 01 महिला होती है।
- रोजगार प्राप्त कुल व्यक्तियों में पुरूषों व महिलाओं का अनुपात 51.40:1 रहा है, अर्थात् कुल 100 बेरोजगारों में से 98 पुरूष व 02 महिलाऐं ही रोजगार प्राप्त कर रहीं हैं।

संदर्भ सूची :-

शोध पत्र की सम्पूर्ण सामग्री शोधार्थी प्रो.गेंदालाल चौहान, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग, शासकीय विक्रम महाविद्यालय, खाचरौद-जिला उज्जैन के शोध प्रबंध ''प्रधानमंत्री रोजगार योजना का झाबुआ जिले के आदिवासियों के आर्थिक विकास में योगदान'' विषय से ली गई है। यह शोध प्रबंध डॉ.लक्ष्मण परवाल, प्राध्यापक वाणिज्य, शासकीय वाणिज्य महाविद्यालय, रतलाम के निर्देशन में पूर्ण किया गया है, तथा विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि हेतु वर्ष 2012-13 में प्रस्तुत किया गया है।

(तालिका क्रमांक 02) रोजगार कार्यालय में पंजीयन व रोजगार प्राप्त विभिन्न श्रेणियों के बेरोजगारों का विश्लेषण

वर्ष	कु ल रोजगार			आदिवासी वर्ग के			अन्य श्रेणियों के		
	पंजीयन	रोजगार प्राप्त	प्रतिशत	पंजीयन	रोजगार प्राप्त	प्रतिशत	पंजीयन	रोजगार प्राप्त	प्रतिशत
2003	5,675	26	0.45	3,919	19	0.48	1,756	07	0.40
2004	6,427	144	2.24	4,513	139	3.07	1,914	05	0.26
2005	7,805	348	4.46	5,444	331	6.08	2,361	17	0.72
2006	7,207	514	7.13	5,593	494	8.83	1,614	20	1.24
2007	7,333	526	6.80	5,597	477	8.52	1,736	49	2.82
2008	8,221	164	1.99	6,408	137	2.13	1,813	27	1.49
2009	7,257	369	5.08	5,516	253	4.59	1,741	116	6.66
2010	3,595	162	4.50	2,392	106	4.43	1,203	56	4.66
योग	53,520	2,253	4.21	39,382	1,956	4.97	14,138	297	2.10
प्रतिशत		100.00			86.82			13.18	
अनुपात				6.59:1					

स्त्रोत: जिला रोजगार कार्यालय, झाबुआ

* 30 जून, तक की स्थिति में

(तालिका क्रमांक 04) रोजगार कार्यालय में पंजीयन व रोजगार प्राप्त विभिन्न श्रेणियों के बेरोजगारों का विश्लेषण

वर्ष	सभी श्रेणियों के पुरुष			सभी श्रेणियों की महिलाएँ			महायोग			अनुपात पुरुष व महिला	
31 दिसंबर	पंजीयन	रोजगार प्राप्त	प्रतिशत	पंजीयन	रोजगार प्राप्त	प्रतिशत	पंजीयन	रोजगार प्राप्त	प्रतिशत	पंजीयन	रोजगार प्राप्त
2003	4,369	17	0.38	1,306	09	0.68	5,675	26	0.46	3.34%1	1.89%1
2004	4,842	144	2.97	1,585	-	-	6,427	144	2.24	3.05%1	144.00%1
2005	5,850	348	5.94	1,955	-	-	7,805	348	4.46	2.99%1	348.00%1
2006	5,351	512	9.56	1,856	02	0.10	7,207	514	7.13	2.88%1	256.00%1
2007	5,348	509	9.51	1,985	17	0.85	7,333	526	7.17	2.69%1	29.94%1
2008	6,040	161	2.66	2,181	03	0.13	8,221	164	1.99	2.76%1	53.67%1
2009	5,282	362	6.85	1,975	07	0.35	7,257	369	5.08	2.67%1	51.71%1
2010*	2,713	157	5.79	882	05	0.57	3,595	162	4.51	3.07%1	31.40%1
योग	39,795	2,210	5.55	13,725	43	0.31	53,520	2,253	4.21	2.89%1	51.40%1
महायोग सेप्रतिशत	74.35	98.09	-	25.65	01.19	-	100.00	100.00	-	-	-

स्त्रोत: जिला रोजगार कार्यालय, झाबुआ

* 30 जून, तक की स्थिति में

नीमच जिले में शहरीकरण का प्रभाव
(एक तुलनात्मक अध्ययन 1971 से 2011 तक)

डॉ. एल.एन. शर्मा *

प्रस्तावना– किसी भी देश में, जनसंख्या का शहर की ओर आकर्षित होने वाले घटकों में (A) आकर्षण प्रभाव में– औद्योगिकीकरण, व्यापार, यातायात, संचार, बैंकिंग, बीमा, शिक्षा आदि रोजगार के अवसर है। प्रो. किंग्सले डेविस के अनुसार नगरों में नवागन्तुकों की संख्या में वृद्धि औद्योगिक विकास से अत्यन्त घनिष्ठ रूप से सम्बन्ध है।[1]

प्रो. जी.सी. घुरिये के अनुसार नगररूपी शरीर, शक्तिशाली पैर यातायात के साधन और अन्य साधनों पर आश्रित हैं।[2] (B) निष्कासन प्रभाव में, ग्रामीण क्षेत्र में अनिश्चितता, कृषि में अनार्थिक जोत का आकार जाति प्रथा, धार्मिक भेदभाव। (C) अन्य प्रभाव में, राजनैतिक, धार्मिक, सैन्य कारण, भौगोलिक पर्यावरण, मनोवैज्ञानिक कारण, पर्यटक स्थल, सांस्कृतिक कारण है।[3] जो लोगों की आय, जीवन स्तर, सभ्यता, संस्कृति आदि में परिवर्तन लाते हैं। विगत् 50 वर्षों में देश–प्रदेश सहित जिले में भी ग्रामीण जनसंख्या का शहरी क्षेत्र में आव्रजन हुआ है।

उक्त सभी सुविधाओं के कारण शहरों में अधिक जनसंख्या का दबाव अनेकों समस्याओं को भी जन्म देता है, जैसे – आवास समस्या, जल समस्या, प्रदूषण समस्या, महंगाई, संयुक्त परिवार का विघटन, आपराधिक प्रवृत्तियों में वृद्धि, भ्रष्टाचार आदि। नीमच जिले में शहरीकरण का प्रभाव के अध्ययन का उद्देश्य उक्त सभी कारणों को ज्ञात करना है।

शोध के अध्ययन का क्षेत्र एवं प्रविधि :– उक्त शोध में नीमच जिले में शहरीकरण के प्रभाव का प्रदेश व देश के शहरीकरण से तुलनात्मक अध्ययन किया गया है साथ ही जिले की तीनों तहसीलों का भी तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। उक्त अध्ययन में 1971 से 2011 तक की जनगणना के प्रकाशित द्वितीयक समंकों का प्रयोग किया गया है।

किसी स्थान या क्षेत्र में जो एक निर्धारित संख्या का भाग निवास करने पर शहर कहलाता है तथा उस शहर की जनसंख्या में प्रतिवर्ष वृद्धि को शहरीकरण कहा जाता है।[4] शहरीकरण एक क्रिया है जिसके द्वारा देश की जनसंख्या का एक भाग शहरों में निवास करने के लिए आता है। प्रो. डब्ल्यू. एस. थम्पसन के अनुसार शहरीकरण उस गतिशीलता से है जिसमें लोग कृषिवादी समुदायों से हटकर ऐसे स्थानों पर चले जाते हैं जहाँ लोग व्यापार करते हैं तथा सरकारी कार्यों में लगे हैं।

शहरीकरण की गति, समय व देश के अनुसार बदलती रहती है।[5] प्रो. एण्डरसन ने शहरीकरण को वृहत् रूप में माना है कि जनसंख्या का केवल गाँवों से शहरों की ओर बढ़ना अथवा कृषि छोड़कर व्यापार या नौकरी करना ही नहीं वरन् इस प्रक्रिया में विचारों, व्यवहारों, मनोवृत्तियों और मूल्यों में होने वाले परिवर्तन भी सम्मिलित है।[6]

अत: नगरीकरण की प्रक्रिया समग्र रूप से न कि संख्यात्मक रूप से, कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या की वृद्धि से सम्बन्धित है बल्कि यह एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसमें केवल औद्योगिकरण ही नहीं बल्कि सभी तत्वों को महत्वपूर्ण माना जाता है जो आर्थिक क्रिया तथा सामाजिक परिवर्तन के लिये उत्तरदायी होते हैं।[7]

1971 की जनगणना में शहरीकरण की परिभाषा में निम्न को सम्मिलित किया गया है–

(अ) सभी स्थान जहाँ नगरपालिका, नगर निगम, छावनी या अनुसूचित नगर क्षेत्र है।

(ब) (I) 5000 निम्नतम जनसंख्या। (II)पुरूष कर्मचारी का कम से कम 75 प्रतिशत गैर कृषि व्यवसायों में कार्यरत होना। (III) कम से कम 400 प्रति वर्ग किलोमीटर जनसंख्या घनत्व होना।[8]

उक्त जनगणना में प्रमाप नगरीय क्षेत्र की नवीन विचारधारा को विकसित किया गया में (A) मुख्य नगर की जनसंख्या कम से कम 50000 होना चाहिए (B) अन्य नगरों और ग्रामीण प्रशासनिक इकाईयों में लगातार क्षेत्र का मुख्य नगर से घनिष्ठ सामाजिक एवं आर्थिक सम्बन्ध होना चाहिए (C) सम्भावना ऐसी हो कि दो या तीन दशकों में यह सम्पूर्ण क्षेत्र पूर्ण रूप से नगरीय हो जायेगा।[9] 1981 की जनगणना में शहरीकरण में जो पुरूष मछली पकड़ने और लकड़ी काटने के कार्यों में लगे है, उन्हें गैर कृषि कार्यों में संलग्न माना है।[10] 1991 की जनगणना में शहरीकरण की परिभाषा 1981 की जनगणना के समान ही रखी गई।[11] विभिन्न जनगणनाओं में शहरों को आकार की दृष्टि से छ: भागों में विभक्त किया गया, जो इस प्रकार हैं :–

Class-I - 1,00,000 and above Class-II - 50,000 to 99,999 Class-III - 20,000 to 49,999 Class-IV - 10,000 to 19,999 Class-V- 5,000 to 9,999 Class-VI - Less than 5,000 *(देखिए तालिका क्रं. 1 व 2)*

तालिका क्र. 01 के अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि 1971 की जनगणना में जिले में शहरी जनसंख्या का प्रतिशत प्रदेश व देश की तुलना में अधिक है जिसका कारण शिक्षा, स्वास्थ्य, नियोजित शहरीकरण से नीमच नगर में जनसंख्या आकर्षित हुई। परन्तु 1981 में जिले में शहरी जनसंख्या का प्रतिशत प्रदेश की तुलना में अधिक व देश की तुलना में कम रहा है। लगभग यही स्थिति 1991, 2001 एवं 2011 की है।

अत: कारणों में कोई अतिरिक्त परिवर्तन नहीं हुआ है। जहाँ तक शहरी जनसंख्या के वृद्धि दर का प्रश्न है, उसमें नीमच जिला विगत् 50 वर्षों में प्रदेश व देश की तुलना में पीछे ही रहा है क्योंकि प्रदेश व देश में शहरीकरण का प्रभाव, जिले की तुलना में अधिक रहा है तथा जिले की जनंसख्या का भी झुकाव प्रदेश के विकसित शहरों की ओर होकर स्थायी प्रवास हुआ है।

यदि जिले की तीन प्रमुख तहसीलों नीमच, जावद व मनासा का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो यह निष्कर्ष निकलता है कि विगत् 50 वर्षों में नीमच तहसील में शहरी जनसंख्या का प्रतिशत जावद तहसील व मनासा तहसील की तुलना में सर्वाधिक है जो प्रदेश व देश की तुलना में भी सर्वाधिक है जबकि जावद तहसील व मनासा तहसील की शहरी जनसंख्या का प्रतिशत जिले की औसत शहरी जनसंख्या की तुलना में कम है और प्रदेश व देश की तुलना में भी पीछे ही है। जहाँ तक जिले की तहसीलों में शहरी जनसंख्या वृद्धि दर का प्रश्न है नीमच तहसील में प्रथम तीन दशक में शहरी

* प्राध्यापक– वाणिज्य, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

जनसंख्या की वृद्धि दर बढ़ते क्रम में है और 2001 व 2011 में इस वृद्धि दर में काफी गिरावट आयी है।

जावद तहसील में 1991 के जनगणना में सिंगोली व रतनगढ़, शहरी जनसंख्या की परिभाषा में आने के कारण 164 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जबकि विगत् 50 वर्षों में कम से कम वृद्धि दर 2001 से 2011 के मध्य रही है। मनासा तहसील में 40 वर्षों में जनसंख्या वृद्धि दर 15 प्रतिशत से 22 प्रतिशत के मध्य ही रही है। परन्तु 2011 में यह वृद्धि दर जिले में सर्वाधिक 40.84 प्रतिशत हो गई जिसका प्रमुख कारण रामपुरा शहर को शहरी परिभाषा के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है।

जिले में शहरी जनसंख्या का प्रभाव :-

(अ) नीमच जिले में शहरी जनसंख्या को प्रभावित करने वाले निम्न घटक हैं- शिक्षा विशेषकर उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाऐं, नियोजित नीमच शहर, यातायात, संचार, बैंकिंग, बीमा, मनोरंजन की सुविधाऐं तथा रोजगार के अवसर, विशेषकर राज्य एवं केन्द्र सरकार के उपक्रम व कार्यालय आदि में रोजगार के कारण जनसंख्या का आव्रजन हुआ है। जिसमें जिले में व्यापार, व्यवसाय व सेवा क्षेत्र में वृद्धि हुई है तथा लोगों की प्रतिव्यक्ति आय व जीवन स्तर में भी वृद्धि हुई है।

(ब) जिलें में शहरी जनसंख्या में वृद्धि के कारण जो समस्याऐं भी उत्पन्न हुई है। उसमें -

(1) **आवास समस्या :-** विगत् 50 वर्षों में नीमच शहर की आवासीय भूमि के मूल्यों में लगभग 200% की वृद्धि हुई है।[12] जिसका कारण नीमच में नगर सुधार न्यास के समाप्त होने के पश्चात् नगरपालिका परिषद् ने कोई भी नई कॉलोनी विकसित नहीं की है।[13] अत: निजी भूमि मालिकों द्वारा व कॉलोनाईजर द्वारा जो कॉलोनी विकसित की है उनके मूल्य महानगरों से कम नहीं है तथा कई निजी भूमि स्वामियों ने अवैध कॉलोनी बना डाली है। जिसने आवासीय समस्या को और बढ़ा दिया तथा इस कार्य में, नीमच शहर में बंगला-बगीचा समस्या (स्वामित्व को लेकर) ने आवास समस्या ने गम्भीर रूप ले लिया है।[14]

(2) **जल समस्या :-** नीमच शहर में 30 वर्ष पूर्व जल प्रदाय एक दिन में दो बार (सुबह व शाम) किया जाता था जो वर्तमान में प्रत्येक चौथे दिन जल प्रदाय किया जाता है और यह अवस्था वर्षा व शीत ऋतु में भी रहती है तथा ग्रीष्म ऋतु में कभी-कभी पाँचवे दिन जल प्रदाय होता है। शहर को जल प्रदाय करने का एक मात्र साधन श्री सीताराम जाजू सागर बाँध है और जनसंख्या में विगत् 50 वर्षों में पाँच गुना वृद्धि हो चुकी है। अत: नीमच शहर सहित मनासा व जावद शहर में भी जल समस्या गम्भीर है।

(3) **प्रदूषण :-** सड़कों की खस्ता हालात ने शहर में भयंकर प्रदूषण समस्या उत्पन्न की है। किन्तु 50 वर्षों में चार पहिया वाहनों में 50 गुना वृद्धि होने के कारण[15] प्रदूषण के स्तर में जिले के शहर महानगरों से कम नहीं है। अनियमित प्लास्टिक थैलियों के प्रयोग ने शहर के नालियों व नालों में भारी रूकावटें पैदा की है तथा पशुओं को भी हानि पहुंचाई है। विगत् 50 वर्षों में गांधी वाटिका को छोड़कर कोई भी ग्रीन पार्क विकसित नहीं किया गया है। शहर में सुलभ कॉम्पलेक्स का भारी अभाव है। विशेषकर दुकानदारों व महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में ओपियम फैक्ट्री का पानी नाले में डालने के कारण व शहर की सभी नालियां शहर के दोनों ओर बहते नालों से जोड़ने के कारण नाले भयंकर रूप से प्रदूषित हो गये हैं।

(4) **भ्रष्टाचार :-** भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। लोकायुक्त की टीम ने नीमच जिले के कई भ्रष्ट कर्मचारियों को रंगे हाथों पकड़ा है। कई विभागों में भ्रष्टाचार के बिना कार्य नहीं हो रहा है। जो सड़क बनाई जाती है वह वर्षा ऋतु मे बह जाती है एवं सड़कें गडढों में तबदील हो जाती है।

(5) **महंगाई :-** महंगाई की दृष्टि से प्रदेश के अन्य शहरों की तुलना में नीमच शहर भी महंगा है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स के कारण सब्जी तक के भाव महानगरों के समान है। मकानों का किराया आदि भी अन्य शहरों की तुलना में अधिक है।

(6) **आपराधिक प्रवृत्तियॉ:-** आपराधिक प्रवृत्तियों में भी नीमच जिला भी अग्रणी है। ओपियम उत्पादन अधिक होने से तस्करी के कई मामले पकड़े जाते हैं। हत्या, चोरी, बलात्कार, पारिवारिक हिंसा में कई गुना वृद्धि हुई है।[16] जगदीश अग्रवाल हत्याकाण्ड के अज्ञात हत्यारे की पहचान नहीं होने तथा पकड़े न जाने के कारण व भय से परिजनों ने नीमच से पलायन कर दिया है। 'गुर्जर फर्जी मुठभेड़' जिले का चर्चित काण्ड रहा है। यह बात इससे भी सिद्ध हो रही है कि विधानसभा निर्वाचन 2013 में आपराधिक गतिविधियों से लिप्त कई अपराधियों को जिला कलेक्टर ने जिला बदर किया है।[17] तथा बनरेबल मेपिंग के दौरान भी यह बात सामने आई है कि जिले में आपराधिक घटनाओं के कारण मतदाता प्रभावित हो सकते हैं।[18] इन आपराधिक घटनाओं को रोकने हेतु पुलिस बल आनुपातिक रूप से कम है और पुलिस बल पर कार्यभार भी अधिक है।

सुझाव :-

1. जिले की आवास समस्या के निदान हेतु नगरपालिका परिषदों द्वारा नई कॉलोनी विकसित की जाना चाहिए एवं गरीब वर्ग को सस्ते भूखण्ड उपलब्ध कराना चाहिए।
2. नीमच शहर में बंगला-बगीचा समस्या (स्वामित्व) को जनहित में शीघ्रातिशीघ्र (प्राथमिकता से) हल किया जाना चाहिए।
3. नगरों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखते हुए प्लास्टिक की थैलियों के प्रयोग पर पूर्णत: प्रतिबन्ध लगाया जाना चाहिए।
4. जल समस्या के निदान हेतु नई पाईप लाईन डालने एवं शहर में अवैध नल कनेक्शनों को वैध किया जाना चाहिए।
5. शहर की कॉलोनियों में गार्डन हेतु जो भूमि निर्धारित है। उसे जनभागीदारी से, बगीचों में विकसित किया जाना चाहिए।
6. शहरों में अवैध गुमटियों को हटाने एवं विकल्प के रूप में बेरोजगारों हेतु शासकीय दुकानों का निर्माण कराया जाना चाहिए।
7. शहरों में उचित स्थानों पर पर्याप्त सुलभ कॉम्पलेक्सों का भी निर्माण होना चाहिए।
8. आपराधिक गतिविधियों पर नियन्त्रण हेतु आधुनिक साज-सज्जा के साथ पुलिस बल की पर्याप्त मात्रा में संख्यात्मक वृद्धि करना चाहिए।
9. नगर की सड़को को पक्की सीमेन्टेड बनाई जाना चाहिए ताकि धूल उड़नें से होने वाले प्रदूषण को रोका जा सके।
10. भ्रष्ट आचरण की शिकायत होने पर तुरन्त विभागीय जाँच करके दोषी कर्मचारी को शीघ्र दण्डित किया जाना चाहिए।

सन्दर्भ सूची

1- Davis Kingsley : The Population of India & Pakistan, 1961, P.-10
2- Sinha & Dwivedi : Principle of Demography 1989, P.-169
3. डॉ. एल.एन. शर्मा : मन्दसौर जिले का जनांकिकीय अध्ययन 1971 से 1991 अप्रकाशित पीएच.डी. थीसिस, 1995, पृष्ठ 220-222
4. वही पृष्ठ-216
5- W.S.Thompson : Population Problem 1965, P.-123
6. डॉ. आर.के. श्रीवास्तव : उज्जैन जिले में नगरीय अधिवासों का विकास अप्रकाशित पीएच.डी. थीसिस, 1987, पृष्ठ-53
7. डॉ.जी.बी. सक्सैना : Indian Population in Transition 1971, P.-64
8. जनगणना रिपोर्ट : 1971 वाल्यूम-10, पृष्ठ-40
9. जनगणना 1971 पुस्तकमाला क्र0 10 (अ) और (आ), पृष्ठ-41
10. जनगणना 1981 भाग तेरह बी, सीरिज II, पृष्ठ-12
11. जनगणना 1991 भाग तेरह, सीरिज II, पृष्ठ-11
12. जिला उप पंजीयक कार्यालय, नीमच
13. कार्यालय, नगर पालिका परिषद्, नीमच
14. वही
15. कार्यालय, सड़क यातायात, नीमच
16. www.mppolice.gov.in/static/district/-infox.aspx
17. कार्यालय, जिला कलेक्टर, नीमच
18. कार्यालय, नगर निरीक्षक, नीमच
19. जनगणना 1971, 1981, 1991, 2001, 2011

तालिका - 01

नीमच जिला म.प्र. व भारत में शहरी जनसंख्या की वृद्धि दर एवं शहरी जनसंख्या का प्रतिशत

वर्ष	शहरी जनसंख्या में वृद्धि			शहरी जनसंख्या का प्रतिशत		
	नीमच जिला	म.प्र.	भारत	नीमच जिला	म.प्र.	भारत
1971	27.85	46.63	38.23	22.98	16.29	19.91
1981	30.09	56.03	46.14	22.55	20.29	23.34
1991	23.90	44.98	36.19	22.81	23.21	25.72
2001	21.40	30.10	31.50	27.95	26.67	28.60
2011	11.00	25.60	31.80	29.00	27.63	31.16

स्त्रोत :- भारत की जनगणना 1971, 81, 91, 2001, 2011

तालिका - 02

नीमच जिले की तहसीलों में शहरी जनसंख्या की वृद्धि दर एवं शहरी जनसंख्या का प्रतिशत

वर्ष	शहरी जनसंख्या में वृद्धि			शहरी जनसंख्या का प्रतिशत		
	नीमच तहसील	जावद तहसील	मनासा तहसील	नीमच तहसील	जावद तहसील	मनासा तहसील
1971	34.81	17.34	16.12	37.41	9.34	19.67
1981	38.40	19.88	21.61	38.13	8.44	18.51
1991	45.14	164.14	16.77	44.90	18.03	17.93
2001	23.64	20.94	15.80	45.38	17.92	17.15
2011	13.54	8.62	40.84	44.84	17.30	21.25

स्त्रोत :- भारत की जनगणना 1971, 81, 91, 2001, 2011

****

झाबुआ जिले में प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत आदिवासी हितग्राहियों को इकाईवार प्रदत्त वित्तीय सहायता का विश्लेषण

डॉ.लक्ष्मण परवाल * प्रो.गेन्दालाल चौहान **

प्रस्तावना :-

आधुनिक युग में किसी भी व्यवसाय एवं उद्योग की स्थापना, संचालन एवं विकास हेतु वित्त की आवश्यकता होती है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में वित्त समस्त व्यावसायिक एवं औद्योगिक क्रियाओं का मूल आधार है।

केमरोन एवं पैट्रिक के शब्दों में ''वित्त आर्थिक विकास की प्रक्रिया की चिकनाई है।''' वित्त से ही औद्योगिक विकास प्रारंभ होता है तथा विनियोग के नये अवसर उत्पन्न होते हैं। हूघ टी.पैट्रिक अविकसित देशों में उपलब्ध वित्तीय विकास एवं आर्थिक प्रगति की चर्चा करते हुए लिखते हैं कि ''देश में उपलब्ध वित्तीय वातावरण ही सृजनात्मक साहसिक प्रत्युत्तरों को उत्प्रेरित करता है।''

वित्त उद्यमियों को साहसिक एवं जोखिमपूर्ण क्रियाएं करने में सहायक होता है। यह उद्यमियों की आय में वृद्धि करके उन्हें अधिक जोखिमपूर्ण क्रियाओं को संचालित करने के लिए प्रेरित करता है। वित्तीय सहायता देश के भौतिक एवं मानवीय संसाधनों को गतिशील बनाती है तथा औद्योगिक क्रियाओं को प्रोत्साहित करती है। किसी भी देश के वित्तीय संस्थान उस देश में रोजगार व विनियोजन के अवसरों का सृजन करके औद्योगिक परिदृश्य को रूपांतरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह संभावित उद्यमियों को उद्यम हेतु एक नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।

प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु उद्योग/सेवा /व्यवसाय की किसी भी इकाई की स्थापना के चयन का निर्णय हितग्राही स्वयं करता है, या अपने परिवार व मित्रों से परामर्श लेकर करता है । साथ ही उस क्षेत्र की स्थानीय मांग व उपभोक्ताओं की रूचि के अनुसार ही किसी भी इकाई को स्थापित करने का चयन आदिवासी वर्ग के हितग्राही अपने स्वविवेक के आधार पर करते है।

अध्ययन का उद्देश्य :-

प्रस्तुत शोध पत्र में झाबुआ जिले में प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अतर्गत आदिवासी हितग्राहियों को इकाईवार (व्यवसाय/सेवा/उद्योग क्षेत्र की चयनित इकाईयों की स्थापना हेतु) प्रदत्त वित्तीय सहायता का विश्लेषण किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन निम्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिये किया गया है:-

- प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत अध्ययन अवधि में आदिवासी हितग्राहियों को इकाईवार व्यवसाय/सेवा/उद्योग क्षेत्र की इकाईयों की स्थापना हेतु कितने ऋण प्रकरण स्वीकृत एवं वितरित किये गये ?
- प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत अध्ययन अवधि में आदिवासी हितग्राहियों को वितरित कुल ऋण प्रकरणों में इकाईवार (व्यवसाय/ सेवा/ उद्योग) वितरित ऋण प्रकरणों का अनुपात क्या रहा ?
- प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत बैंकों द्वारा आदिवासी हितग्राहियों को वितरित की गई ऋण राशियों का इकाईवार नियोजन कितना रहा ?
- प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत बैंकों द्वारा आदिवासी हितग्राहियों को इकाईवार किन-किन क्रियाकलापों की स्थापना हेतु प्रमुख रूप से ऋण स्वीकृत एवं वितरित किये गये ?

समंक संकलन :-

यह अध्ययन मध्यप्रदेश राज्य के आदिवासी झाबुआ जिले में किया गया है। अध्ययन में संग्रहित किये गये द्वितीयक समंक झाबुआ जिले के व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से प्राप्त किये गये हैं। वर्ष 2003-04 से वर्ष 2007-08 तक कुल 05 वर्षो के ही आंकडे संग्रहित कर विश्लेषण किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में उपलब्ध समंकों के आधार पर औसत, अनुपात एव प्रतिशत जैसी सांख्यिकीय एवं गणितीय विधियों का उपयोग कर विभिन्न सारणियों एवं चित्रों के माध्यम से शोधार्थी द्वारा सार्थक परिणाम प्राप्त किये गये हैं।

शोधार्थी ने शोध के दौरान झाबुआ जिले में वर्ष 2002-03 से लेकर वर्ष 2007-08 तक प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करके अपना स्वयं का रोजगार (उद्योग /सेवा /व्यवसाय इकाई के रूप में) स्थापित करने वाले 153 आदिवासी हितग्राहियों से प्रत्यक्ष साक्षात्कार व प्रश्नावलियों/अनुसूचियों के द्वारा प्राथमिक समंक एकत्रित किये । इन 153 आदिवासी हितग्राहियों में से उद्योग/सेवा/व्यवसाय इकाई के हितग्राहियों की स्थिति इस प्रकार है -

- व्यवसाय इकाई के 77 आदिवासी हितग्राही ।
- सेवा इकाई के 45 आदिवासी हितग्राही ।
- उद्योग इकाई के 31 आदिवासी हितग्राही ।

प्राथमिक समंकों के अंतर्गत प्रश्नावलियों/अनुसूचियों से प्राप्त अभिमत के अनुसार ही आदिवासी हितग्राहियों द्वारा चयनित क्रियाकलापों की व्याख्या की गई है ।

विश्लेषणात्मक विवेचन :-

झाबुआ जिले में प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत वर्ष 2003-04 से वर्ष 2007-08 तक आदिवासी वर्ग के बेरोजगार हितग्राहियों (महिला व पुरूष) को बैंकों द्वारा व्यवसाय/सेवा/उद्योग क्षेत्र के विभिन्न क्रियाकलापों के अंतर्गत इकाईयों की स्थापना करने हेतु वितरित की गई आर्थिक सहायता/ ऋण राशि को शोधार्थी द्वारा अग्र विभिन्न तालिकों में दर्शाया गया है।

(अ) बैंकों द्वारा व्यवसाय क्षेत्र की इकाईयों की स्थापना हेतु वितरित वित्तीय सहायता का विवरण

जिले में प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत वाणिज्यिक बैंकों की विभिन्न शाखाओं द्वारा आदिवासी हितग्राहियों को व्यवसाय क्षेत्र की इकाईयों की स्थापना हेतु जिन प्रमुख क्रियाकलापों का चुनाव कर ऋण राशि/वित्तीय सहायता वितरित की गई है, वे इस प्रकार हैं :-

- किराना/जनरल स्टोर्स/प्रोविजनल स्टोर्स/अनाज व्यापारी
- ऑटो पार्ट्स/इलेक्ट्रीक सामान/सायकल का विक्रय/कृषि उपकरण
- किराना/जनरल स्टोर्स/प्रोविजनल स्टोर्स/अनाज व्यापारी
- कृषि दवाईयां/खाद बीज विक्रय/फर्नीचर व्यवसाय

* प्राध्यापक वाणिज्य संकाय, स्वामी विवेकानन्द शासकीय वाणिज्य महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य संकाय शासकीय विक्रम विश्वविद्यालय, खाचरौद, जिला-उज्जैन (म.प्र.) भारत

- वस्त्र व्यवसाय/रेडिमेड वस्त्र/कटलरी स्टोर्स/चूड़ी व्यवसाय
- सीमेंट व्यवसाय/महुँआ व्यापार व अन्य व्यवसाय

प्राथमिक समंकों के अनुसार लगभग 60 से 80 प्रतिशत आदिवासी हितग्राहियों ने उपर्युक्त व्यवसायों का चयन करके बैंकों से वित्तीय सहायता प्राप्त कर अपना स्वरोजगार स्थापित किया है। शोधार्थी ने गत 05 वर्षो में व्यवसाय क्षेत्र की इकाईयों के अंतर्गत नियोजित राशि का उल्लेख तालिका क्रमांक 1 में किया है। साथ ही व्यवसाय इकाई के रूप में स्वीकृत व वितरित ऋण प्रकरणों का प्रतिशत एवं आदिवासी हितग्राहियों को वितरित कुल ऋण प्रकरणों की संख्या से व्यवसाय इकाई के रूप में वितरित ऋण प्रकरणों का औसत एवं प्रतिशत भी ज्ञात किया गया है। (देखिए तालिका क्रमांक 1)

तालिका क्रमांक 1 एवं चित्र से स्पष्ट होता है कि जिले में प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत वाणिज्यिक बैंकों की विभिन्न शाखाओं द्वारा वर्ष 2003-04 से वर्ष 2007-08 तक गत 05 वर्षो में कुल 765 आदिवासी हितग्राहियों को अपना स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इसमें से व्यवसाय क्षेत्र की इकाईयों की स्थापना के लिये 385 आदिवासी हितग्राहियों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है जो कि आदिवासी हितग्राहियों को वितरित कुल प्रकरणों की संख्या का लगभग 50 प्रतिशत के बराबर है। झाबुआ जिले में प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत स्थापित की गई व्यवसाय क्षेत्र की इकाईयों की संख्या, उद्योग क्षेत्र में स्थापित की गई इकाईयों की संख्या के अनुपात में लगभग ढाई गुना अधिक है तथा सेवा क्षेत्र में स्थापित की गई इकाईयों की संख्या के अनुपात में लगभग डेढ़ गुना अधिक है।

ग्यारहवीं योजना (2007–2012)	9.0	उपलब्ध नहीं

स्त्रोत : Economy Survey 2009-10, 2010-11, 2011-12

इत्यादि के साथ संगठित ग्रामीण बाजारों को विकसित करने का उद्देश्य रखा गया। इस योजना में 2001-02 की कीमतों पर कुल सार्वजनिक क्षेत्र के परिव्यय (15,25,639 करोड़ रू0) में से 26.5% ऊर्जा पर, 14.8% परिवहन पर व्यय करने का मुख्य प्रावधान था। इन सभी युक्तियों से दसवीं योजना में 8% की औसत वार्षिक दर को प्राप्त करना सम्भव माना गया।

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) पूर्ण हो चूकी है। इस योजना में शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी उन्मूलन, बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी गयी है। इस योजना के मुख्य लक्ष्यों में 6-7 करोड़ नये लोगों हेतु रोजगार सृजन करना तथा शिक्षित बेरोजगारी दर को घटाकर 5% से कम करना रखा गया। कृषि क्षेत्र की विकास दर को बढ़ाकर 4%, औद्योगिक क्षेत्र की विकास दर बढ़ाकर 10.5% तथा सेवा क्षेत्र की विकास दर बढ़ाकर 9.9% करने का लक्ष्य रखा गया। इस योजना में सार्वजनिक क्षेत्र के कुल परिव्यय (36,44,718 करोड़ रू0) में से ऊर्जा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस मद पर 23.4% तथा परिवहन पर कुल परिव्यय का 15.7% व्यय करने का प्रावधान रखा गया। इसी योजना में कुल व्यय का 30.2% शिक्षा, चिकित्सा, परिवार कल्याण, भवन निर्माण व शहरी विकास जैसी सामाजिक सेवाओं पर व्यय करने का प्रावधान रखकर इन मदों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012-2017) में सार्वजनिक क्षेत्र का परिव्यय 76,69,807 करोड़ रू. का निर्धारित करके ऊर्जा क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता (18.8%) दी गई। परिवहन, ग्रामीण विकास, सिंचाई, कृषि एवं उद्योग का भाग क्रमश: 15.7%, 6.00%, 5.5%, 4.7% तथा 4.9% निर्धारित करके योजना का मुख्य उद्देश्य तीव्र सतत् एवं अन्तर्युक्त आर्थिक विकास करना रखा गया तथा योजना में वार्षिक विकास दर का लक्ष्य 9% निर्धारित किया गया है। तालिका क्र. 01 के समंकों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि अभी तक की पंचवर्षीय योजनाओं में से प्रथम, सातवीं, आठवीं एवं दसवीं योजना में कृषि एवं ग्रामीण विकास पर सर्वाधिक प्रतिशत राशि व्यय की गई है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचनात्मक स्वरूप के अनुकूल ही है। ऊर्जा क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु इस क्षेत्र को केवल छठी एवं सातवीं योजना में ही सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। कृषि एवं ग्रामीण विकास पर किए गए वास्तविक व्यय में बहुत ज्यादा उच्चावचन नहीं हुआ है।

यह सुखद पहलू ज्ञात हुआ है कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं पर ही किये जा रहे वास्तविक प्रतिशत व्यय में आठवीं पंचवर्षीय योजना से ही काफी तीव्र गति से वृद्धि की गई है। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण पर वास्तविक व्यय का प्रतिशत प्रथम योजना में 22.2% था, जो ग्यारहवीं योजना में घटकर 5.8% ही रह गया, जबकि कृषि विकास हेतु सिंचाई सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पंचवर्षीय योजनाओं में वास्तविक विकास दर को देखा जाए तो स्पष्ट होता है कि मात्र 05 योजनाओं में ही वास्तविक विकास दर लक्ष्य से अधिक प्राप्त हुई है। मात्र तृतीय एवं चतुर्थ योजनाओं में ही वास्तविक विकास दर प्रस्तावित लक्ष्य से काफी कम प्राप्त की जा सकी। निष्कर्ष में कहा जा सकता है कि पिछले 62 वर्षो के योजनाकाल में सफलता की दर उत्कृष्ट नहीं तो भी नि:संदेह अच्छी प्राप्त हुई कही जा सकती है तथा देश को विकास के संदर्भ में बहुत कुछ मिला है।

निष्कर्ष: आधारभूत उद्योगों की स्थापना से देश का औद्योगिक विकास हुआ है। कृषि में उत्पादन के साथ परिवहन एवं संचार सुविधाओं में वृद्धि हुई है। शिक्षा के प्रसार के साथ सामाजिक सेवाओं में भी सराहनीय प्रगति दर्ज की गई। राष्ट्रीय आय एवं प्रतिव्यक्ति आय में बढ़ोतरी के साथ विदेशी व्यापार के आकार में भी वृद्धि हुई है। इन सभी उपलब्धियों के बावजूद निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं किया जा सका। **डॉ. के.एन. राज के शब्दों में ''नियोजन काल में देश में आय की सम्पत्ति की असमानता बढ़ी है तथा भारत की अर्थव्यवस्था में समाजवादी तत्वों की अपेक्षा पूंजीवादी तत्वों का बाहुल्य बना हुआ है।''** फिर भी भारतीयों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने, बेरोजगारी को कम करने, प्राकृतिक साधनों का विदोहन करने, आर्थिक विषमता को कम करने एवं वैश्वीकरण के दौर में विकसित देशों की पंक्ति में देश को खड़ा करने का एक ही रास्ता है और वह है नियोजन को आगे बढ़ाना। यदि नियोजन की विफलताओं को ध्यान में रखकर कुछ और सार्थक प्रयास ईमानदारी से किए जाए तो नियोजन के माध्यम से आर्थिक विकास की सराहनीय दर को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

सन्दर्भ :-

1. Economic Survey 2009-10, 2010-11, 2012-13
2. India 2010, 2011
3. योजना आयोग, दसवीं पंचवर्षीय योजना
4. योजना आयोग, ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना
5. आर्थिक विकास के सिद्धान्त एवं भारत में आर्थिक नियोजन
6. Indian Economy- K.P.M. Sundaram, 2012

पंचवर्षीय योजना में विकास दर (प्रतिशत प्रतिवर्ष)



अपशिष्ट राखड़ (फ्लाई एश) का पर्यावरण पर प्रभाव

डॉ. ईमराना सिद्दीकी * डॉ. फरहाना अली **

शोध सारांश– आज वायु तथा जल प्रदूषणों के अतिरिक्त उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ एवं उनका निस्तारण सम्पूर्ण विश्व के सामने एक गंभीर समस्या बन गई है। राख का निस्तारण भारत में ठोस अपशिष्ट निस्तारण की सबसे प्रमुख समस्या में से एक है। हमारे देश में लगभग 60 % विद्युत उत्पादन कोल से होता है। जिससे 80 से 100 करोड़ टन राख प्रति वर्ष उत्पन्न होती है। वर्तमान में उत्पादन राख का 90% तालाब में या डेम में फेंक दिया जाता है। जिसके लिए अधिक मात्रा में भूमि एवं जल की जरूरत होती है इस कारण भूमि अनुपयोगी बन जाती है। धातुओं व पानी में घुलनशील लवणों का रिसाव समीप स्थित खेतों, खलिहानों एवं जल संसाधनों में पहुँच जाता है। राख के अधिक संग्रहण के कारण डेम फूटने की स्थिति निर्मित होती है साथ ही हवा के द्वारा आस-पास के क्षेत्रों में तेजी से फैलने के कारण वहाँ के पर्यावरण पर गहरा प्रभाव पड़ता है। राखड का पर्यावरण पर प्रभाव संबंधित अध्ययन में सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ है, संग्रहण क्षेत्र में राख के अधिक भंडारण की वजह से डेम फूटने के कारण वहां के पारिस्थितिकी तंत्र काफी क्षतिग्रस्त है। साथ ही उड़ने वाली राख (हवा के द्वारा) का लोगों के स्वास्थ्य, फसल, सब्जियों एवं वनोपज पर प्रमुख प्रभाव पड़ा है। हमारे सर्वेक्षण के आधार पर 15% लोगों ने वनोपज के चार लाख, महुआ के उत्पादन पर प्रभाव, 85% लोगों ने मनुष्यों एवं जानवरों के स्वास्थ्य पर असर, 85% लोगों के अनुसार संग्रहण क्षेत्र में पहले की तुलना में वर्तमान में पेड़-पौधों एवं जानवरों की आवृत्ति में कभी को उल्लेखित किया है क्षेत्र में 80% लोग रासायनिक खाद एवं कीट नाशक प्रयुक्त करते है। 5% लोगों को ही जैविक कल्चर की जानकारी है।

(1) प्रस्तुत परियोजना का मुख्य उद्देश्य तापीय विद्युत गृहों से निकलने वाली राखड़ के निपटान की क्रियाविधि समझाना है। राखड़ के कारण होने वाली पर्यावरण प्रदूषण से उत्पन्न समस्याओं का अध्ययन करना एवं जन-जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को प्रत्यक्ष रूप से देखना है।

(2) समस्याओं को कम करने के उपाय जैसे सरकारी स्तर पर योजनाएं बनाना, राखड़ ईंट कारखाना को बढ़ावा, उर्वरक गुण होने के कारण कृषि एवं उद्यानिकी विभाग में खपत, एस.ई.सी.एल. क्षेत्र होने के कारण ''ओपन कास्ट माइंस एरिया'' में राखड़ की खपत, संग्रहित राखड़ की सतह पर पानी का छिड़काव, वृक्षा रोपड़ आदि ताकि वहां की जैव-विविधता एवं पर्यावरण संतुलन बना रहें।

परिचय

किसी देश की समृद्धि उसके उद्योगों द्वारा परिलक्षित होती है जहां एक ओर विकासशील देश औद्योगिकरण में निरंतर विकास कर रहे है। वहीं दूसरी ओर उद्योगों द्वारा निष्कासित विषैले पदार्थो से प्रदूषित होता पर्यावरण विकराल रूप लेता जा रहा है। पिछले दशकों में छ.ग. राज्य में कोरबा जिला ओद्यौगिक नगरी के रूप में विकसित हुआ है। प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण इस जिले में नये-नये उद्योग प्रतिवर्ष स्थापित हो रहे है। इन प्राकृतिक संपदाओं से जीवाश्म ईधन प्रमुख है। कोयले का अपार भंडार होने के कारण यहाँ राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम एवं छत्तीसगढ राज्य विद्युत मंडल के तापीय विद्युत गृहों में इसकी आपूर्ति पूरी की जाती है।

प्रतिदिन हजारों टन कोयलें के दहन से निकलने वाली राख कोरबावासियों के लिए गंभीर समस्या बन गयी है। इन प्लांट से प्रतिदिन लगभग 25 हजार टन राख निकलती है। जिसका निस्तारण दिनों-दिन कठिन होता जा रहा है। राष्ट्रीय ताप विद्युत संयंत्र से निकलने वाली राख के निपटारे हेतु ग्राम धनरास में राखड़ डेम बनाया गया है। ग्राम धनराज कोरबा मुख्यालय से लगभग 20 घ.च. दूर ग्राम छुरी के पास स्थित है। चूंकि ग्राम धनरास के लोग मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर है। अत: इस राखड़ डेम के कारण उनके इस पुश्तैनी धंधे पर प्रभाव पड़ा है।

3 मई 2006 को इस राखड़ डेम के फूटने से धनरास डेम के समीप स्थित ग्राम घमोटा का अस्तित्व पूर्ण रूप से मिट गया। संग्राहित राखड़ में से 5 लाख मिट्रिक टन बहकर 3 कि.मी. तक फैल गई। जिसकी परत 10 फीट कहीं-कहीं 25 फीट के करीब थी। और संग्रहित राखड़ युक्त पानी निकट हसदेव नदी तक जा पहुँचा। जिसका पर्यावरण पर प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता, पर्यावरण को काफी क्षति पहुँची है। साथ ही उड़ने वाली राख के कारण भी वहां की मिट्टी, फसल, जल एवं जीवों पर गहरा असर देखा गया है। इस समस्या के समाधान हेतु अपशिष्ट के उचित प्रबंधन के साथ-साथ पर्यावरण का संरक्षण एवं सवर्धन सजकता पूर्ण हो यह उचित आवश्यक है। इस बात को ध्यान में रखते हुये यह परियोजना प्रस्तुत है।

फ्लाई एश का रासायनिक संयोजन – फ्लाई एश बिटुमनी या लिग्नाइट कोयले के जलने से बनती है। इसमें भारी मात्रा में सिलिका (SiO_2), एलुमिना (Al_2O_3) और फैरिक ऑक्साइड (Fe_2O_3) होता है और कुछ मात्रा में अन्य ऑक्साइड, क्षार और बिना जला कार्बन होता है। इसके अलावा लिग्नाइट कोयले के जलने से बनी एश में भारी मात्रा में चूना भी रहता है। इस परियोजना के कार्यक्षेत्र **N.T.P.C.** कोरबा में बिटुमनी कोयले का उपयोग विद्युत उत्पादन हेतु किया जाता है।

कार्य प्रणाली

राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम कोरबा के राखड़ बांध का ग्राम धनरास के जन-जीवन तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करने के लिए शा. कन्या उच्च. माध्य. शाला कटघोरा की कक्षा 11वीं के 5 छात्राओं की टीम बनाई गई।

प्रस्तुत प्रकल्प में राखड़ से प्रभावित क्षेत्र जो कटघोरा विकास खण्ड में स्थित है- ग्राम घमोटा, धनरास, सलिहाभाठा, छुरी खुर्द, लोतलोता एवं धनगांव ग्रामों को चयनित किया गया। पर्यावरण पर प्रभाव के बिन्दु को चिन्हांकित कर प्रश्नावली का एक सेट तैयार किया गया और 100 प्रपत्रों के माध्यम से क्षेत्र में जन संपर्क द्वारा आंकड़े एकत्र किये गये।

समस्या की प्रकृति

ग्राम धनरास में स्थित एन.टी.पी.सी. के राखड़ डेम का ग्रामवासियों पर प्रभाव का अध्ययन करने के बाद सर्वे रिपोर्ट ने निम्नलिखित निष्कर्ष निकाला।

* सहा. प्राध्यापक,शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर **प्राचार्य, शासकीय उच्चतर मा. विद्यालय, स्याहीमुड़ी, कोरबा (छ.ग.) भारत

1. कृषि पर प्रभाव –

(i) पहले खेत में प्रति हेक्टेयर 18–20 क्विंटल अनाज की पैदावार हो रही थी किन्तु आज खेत में 7–8 क्विंटल अनाज पाना मुश्किल हो गया है।

(ii) खेतों की उर्वरा क्षमता का ह्रास हो रहा है।

(iii) फसल में कई प्रकार की बीमारियाँ लग रही है।

2. भूमि पर प्रभाव –

(i) राखड़ युक्त पानी के बहाव से जान–माल की क्षति पेड़–पौधें, जीव–जन्तु, कृषि भूमि पर राख की मोटी परत जम जाना एवं इससे दब जाने के कारण प्रकृति का विनाश

(ii) जमीन बंजर होना

3. नदी के जल पर प्रभाव –

(i) नदी के पानी का प्रदूषित होना।

(ii) भारी तत्वों के सान्द्रता में वृद्धि।

(iii) प्रकाश संश्लेषण क्रिया प्रभावित होना।

(iv) जैविक आक्सीजन पूर्ति (B.O.D) में कमी होने से जलीय जीव जन्तु के विकास पर प्रभाव

वायु प्रदूषण –

राखड़ डेम से उड़ने वाले राखड़ वातावरण के वायु से मिलकर वायु को प्रदूषित करते है। प्रदूषित वायु श्वसन द्वारा हमारे शरीर में प्रवेश करती है। जो हमारे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालते है।

वनोंपज पर प्रमुख प्रभाव

लाख, चार, महुआ, तेंदू आदि महत्वपूर्ण वनोपज के उत्पादन पर प्रभाव।

समस्या का समाधान :–

1. **जैविक उपचार –** फसल उत्पादन में वृद्धि के लिए प्रयुक्त रासायनिक विषैले कीटनाशक एवं रासायनिक खाद के ज्यादा इस्तेमाल को रोकने के लिए लोगों को जैविक खाद, कल्चर एवं जैविक कीटनाशकों के बारे में शिक्षित करना जरूरी है।
2. **जैविक कीटनाशक –** नीम का तेल, गौ मूत्र, करंज, सीताफल की पत्ती आदि। बनस्पति जन्य उत्पाद का छिड़काव कर हम रासायनिक कीट नाशकों द्वारा वायु, मृदा, जल, खाद्यानों का प्रदूषण रोक सकते है। जो जैव विविधता में कमी लाते है। अत: इसके विकल्प के रूप में जैविक कीटनाशक कारगर है जो चूसने काटने वाले इल्ली पर प्रभावी होते है।
3. **जैविक खाद एवं कल्चर –** मिट्टी में नाइट्रोजन एवं फास्फोरस को सक्रिय कर पौधों को अवशोषण के लिए उपलब्ध कराने में कल्चर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिससे उत्पादन एवं गुणवत्ता में वृद्धि की जा सकती है।

समस्या कम करने के उपाय :–

1. राखड़ डेम गांव अथवा शहर की आबादी से 10 से 15 किलो मीटर दूर होना चाहिए।
2. पर्यावरण की सुरक्षा संबंधी नियमों का पूर्णत: पालन करते हुए राखड़ डेम के भरे जाने के पश्चात् इसके ऊपर कम से कम 5 से 10 फीट मिट्टी की मोटी परत बिछाई जानी चाहिए।
3. मोटी परत के ऊपर गोबर खाद आदि की व्यवस्था कर नीम, पीपल, बरगद के पेड़ तुलसी व अन्य वनोषधि, वाले पौधें लगाए जाने अत्यन्त आवश्यक है।

सरकारी स्तर पर योजनाएँ बनाना

फ्लाई एश मूल्यवर्धक उपोत्पाद है। जैसे– सीमेंट, क्रांकीट, ईंट निर्माण के लिए एक अच्छा कच्चा माल है। इस हेतु योजनाएं बनाकर आम लोगों के बीच प्रचार–प्रसार कर खपत को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

राखड़ ईंट कारखाना को बढ़ावा

जिले के ग्रामीण एवं शहरी शिक्षित बेरोजगारों को परियोजना मद से रोजगार उपलब्ध कराने की योजना से जोड़कर सरकारी गैर, सरकारी भवनों एवं चार दीवारी निर्माण में एश ब्रिक्स का प्रयोग कर एश की खपत की जा सकती है।

कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की भूमिका

फ्लाई एश उचित मात्रा में उर्वरक की तरह कार्य करती है। इसमें **Ca, N, P** पोटाश आदि पोषक तत्व पाए जाते है। अत: उर्वरक की तरह प्रयुक्त की जा सकती है।

ओपन कास्ट माइन्स एरिया

S.E.C.L. में निस्तारण ओपन कास्ट माइन्स एरिया जो गहरी खाई रूप में मौजूद है और ये जमीन बेकार है उसमें अपशिष्ट राखड़ का भराव कर राखड़ खपत में वृद्धि की जा सकती है।

निष्कर्ष

सर्वे रिपोर्ट से यह निष्कर्ष निकाला कि **N.T.P.C.** द्वारा राखड़ के उड़ने से बचाने के लिए कुछ उपाय किए जा रहे है। राखड़ डेम पर से क्रम व दूब घास का रोपड़ किया जा रहा है। वृक्षारोपण किया जा रहा है। चूंकि राखड़ डेम का क्षेत्रफल बहुत अधिक है इसलिए किए जाने वाले उपाय पर्याप्त नहीं है। राखड़ डेम से पानी निकासी के लिए नालियों की व्यवस्था होती है।

हमारी सर्वे रिर्पोट से यह भी निष्कर्ष निकलता कि इन नालियों की देख–रेख पर उचित ध्यान नहीं दिया जाता। इसकी परिणति है कि 3 मई 2006 को ग्राम घमोटा का अस्तित्व राखड़ डेम फूटने से पूरी तरह समाप्त हो गया। क्षेत्र में प्रमुख समस्या का स्त्रोत अपशिष्ट राखड़ का अधिक भण्डारण है। राखड़ की खपत के उपायों से समस्या में निश्चित रूप से कमी आएगी।

संदर्भ :–

1. समाचार पत्रों की कतरनें 4 मई 2006, दैनिक भास्कर, 25 जून 2006 हरिभूमि।
2. गाँव के लोगों से प्राप्त सर्वे रिपोर्ट के आधार पर।

****

भारत में स्वास्थ्य सुविधाओं का अर्थशास्त्र (स्वास्थ्य सुविधा बाजार के विशेष सन्दर्भ में)

शिवदास सिंह *

भारत मानवीय सम्पदा से सम्पन्न और नवीन प्रौद्योगिकी शक्ति के साथ विकासशील अर्थव्यवस्था वाला राष्ट्र है। वर्ल्ड डवलपमेंट रिपोर्ट 2013 के अनुसार भारत 2020 तक विश्व का सबसे युवा देश होगा। आर्थिक, सामाजिक और युवा उन्नति की प्रक्रिया में स्वास्थ्य के महत्व को स्वीकार करते हुए भारत सरकार ने, देश के नागरिकों के जीवन स्तर को गुणवत्तापूर्ण करने के लिए बुनियादी स्वास्थ्य सुविधा प्रदानगी प्रणाली में अपेक्षित संरचनात्मक परिवर्तन किया है। देश के प्रत्येक ब्लॉक में सामुदायिक, प्राथमिक और ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य केन्द्रों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदानगी लायक बनाकर, विकास को नयी दिशा प्रदान की जा रही है।

भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली पर वैश्वीकरण के प्रभावों को स्पष्ट देखा जा रहा है। दो दशक पहले व्यक्ति आवास, भोजन और यातायात पर विशेषत: ध्यान देता था परन्तु वर्तमान में वह स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आय पर मुख्यत: ध्यान दे रहा है। ''रिपोर्ट 2009 के अनुसार भारत में शहरी क्षेत्र के व्यक्तियों द्वारा अपनी आय का 23 फीसदी स्वास्थ्य पर, 18 फीसदी शिक्षा, 24 फीसदी आवास तथा 27 फीसदी सामाजिक कार्यों पर खर्च किया जाता हैं।'' सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं पर जी.डी.पी. का मात्र 1.5 फीसदी ही खर्च कर रही है जो अन्य देशों के मुकाबले बहुत कम है परन्तु सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन जैसी योजनाओं के तहत पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं का जाल बिछा दिया है। स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूता ने स्वास्थ्य बाजार को नयी दिशा प्रदान की है। ''वैश्विक दवा उत्पादन का 10 प्रतिशत से भी अधिक उत्पादन करने वाला भारतीय दवा बाजार आने वाले समय (2030) में 55 अरब डॉलर से भी अधिक होने की सम्भावना है।''[1]

स्वास्थ्य मानव जीवन की अनमोल सम्पत्ति है, स्वस्थ्य शरीर कुशलता, सम्पन्नता एवं प्रसन्नता का प्रतीक है। ''मनुष्य के जीवन में स्वास्थ्य से अधिक महत्वपूर्ण किसी अन्य वस्तु की कल्पना करना कठिन है। स्वास्थ्य किसी भी समाज की प्रगति के लिए अनिवार्य है जो भी समाज अथवा व्यक्ति स्वास्थ्य की दृष्टि से पिछड़ा हुआ है वह न केवल सम्पन्नता, बल्कि वह जीवन के मूल्यों की स्थापना करने में भी पिछड़ा होगा।''[2] किसी देश, राज्य एवं जिले के विकास में स्वास्थ्य सुविधाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है जिस प्रकार उत्पादन के लिए श्रेष्ठ उत्पादन के साधनों से रोजगार, आय एवं माँग में वृद्धि के साथ कीमतों में वृद्धि तथा बचतों एवं विनियोग में वृद्धि से आर्थिक विकास होता है। ठीक उसी प्रकार समुचित स्वास्थ्य सुविधाऐं स्वस्थ शरीर एवं श्रेष्ठ श्रम उत्पादन में वृद्धि करके रोजगार, आय एवं माँग में वृद्धि के साथ बचत एवं विनियोग में वृद्धि करके आर्थिक विकास के चक्र को गति प्रदान करतीं है। इस प्रकार आय में वृद्धि और स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि एक दूसरे के पूरक हैं।

सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ चरक के अनुसार-''जीवन के चारों उद्देश्यों धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति के लिए स्वास्थ्य बहुत आवश्यक है।''[3]

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वास्थ्य की परिभाषा देते हुए स्पष्ट किया- ''केवल रोग या दुर्बलता से छुटकारा नहीं वरन् पूर्ण शारीरिक एवं मानसिक क्षमता का विकास और सामाजिक सुस्थापना ही स्वास्थ्य है।''[4]

स्वास्थ्य एवं शिक्षा की महत्ता पर बल प्रदान करते हुए- प्रो. अर्मत्य सेन का मत है कि ''भारत जैसे विकासशील राष्ट्रों को विकास के लिए गरीब जनता को सुखी करने हेतु शिक्षा व स्वास्थ्य पर समान मात्रा में ध्यान देना आवश्यक है।''[5] और डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम एवं राजन बाई सुन्दर का मत है कि '' देश के विकास में स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष महत्व दिया जाना चाहिए, क्योंकि देश का विकास तभी संभव है जब देश का हर नागरिक स्वस्थ हो और भारत में स्वास्थ्य सुविधाओं की अपार सम्भावनाऐं हैं, यहाँ विश्व के अन्य देशों के मुकाबले बहुत सस्ती स्वास्थ्य सेवाऐं प्राप्त हो जाती है। यदि भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली में प्रौद्योगिकी का प्रयोग किया जाये तो यह देश दुनिया का सबसे उन्नतशील स्वास्थ्य सुविधाऐं प्रदान करने वाला राष्ट्र होगा''[6]।

अध्ययन के उद्देश्य-

- हमारे शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य, भारत में स्वास्थ्य सुविधाओं के बाजार की वर्तमान स्थिति का अध्ययन करना है।
- शोध पत्र का द्वितीय उद्देश्य यह जानना है कि आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि, आर्थिक विकास और रोजगार में क्या सम्बन्ध है।

शोध प्रविधि- शोध पत्र में मुख्य रूप से भारत के स्वास्थ्य सुविधा बाजार में हो रहे परिवर्तन से रोजगार के अवसरों, आधुनिक स्वास्थ्य प्रदानगी प्रणाली में हो रहे परिवर्तन का विश्लेषणात्मक अध्ययन करना है। शोध पत्र को चार भागों में मुख्यत: विभक्त किया गया है प्रथम भाग में स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास, वैश्वीकरण और स्वास्थ्य बाजार, द्वितीय भाग में उद्देश्य एवं प्रविधि तथा तृतीय भाग में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा विकास, बाजार की वर्तमान स्थिति और आर्थिक विकास में स्वास्थ्य सुविधाओं का महत्व और अन्तिम भाग में स्वास्थ्य सेवाओं पर किये गये योजनागत व्यय का विश्लेषण किया गया है।
प्रस्तुत अध्ययन द्वितीयक समंकों पर आधारित है। इसके अन्तर्गत हमने स्वास्थ्य सुविधाओं पर योजनागत व्यय के द्वितीयक समंक एकत्रित किये गये है, और एवं अन्य सर्वेक्षण द्वारा प्रकाशित लेखों, विचारों और इंटरनेट के माध्यम से सूचनाओं को एकत्रित कर उनका विवेकपूर्ण विश्लेषण किया है।

साहित्य समीक्षा-हमारे शोध पत्र के अध्ययन करने से पूर्व बहुत से शोध कार्य संपन्न हो चुके है, जिसमें से कुछ महत्तवपूर्ण विद्धानों के कार्यो की समीक्षा की जा रही है, जो निम्नवत है। कलाम ए.पी.जे. अब्दुल एवं राजन बाई सुन्दर (2009)[7] ने अपने अध्ययन में पाया कि भारत में स्वास्थ्य सुविधाओं की अपार सम्भावनाऐं है। यहाँ विश्व के अन्य देशों के मुकाबले बहुत सस्ती स्वास्थ्य सेवाऐं प्राप्त हो जाती है। यदि भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली में प्रौद्योगिकी का प्रयोग किया जाये तो यह देश दुनिया का सबसे उन्नतशील स्वास्थ्य सुविधाऐं प्रदान करने वाला राष्ट्र होगा। दत्ता दमयंती (2010)[8] ने 'स्वास्थ्य सेवा का तंदुरूस्त कारोबार' में स्पष्ट किया कि भारत में स्वास्थ्य सुविधाएँ जितनी तेजी से बढ़ रही हैं। उससे कई गुना अधिक स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का कारोबार बढ़ रहा है। अध्ययन के अनुसार भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं का बजट प्रतिवर्ष 16 फीसदी की वृद्धि से बढ़ता हुआ सन् 2005 में जो 102,600 करोड़ रू. था वह 2010 में 2 लाख करोड़ रू. और 2012 तक 3 लाख करोड़ होने की संभावना है। दुबे अरविन्द (2010)[9] ने अध्ययन

* शोधार्थी (मार्गदर्शक-प्रो. तपन चौरे, आचार्य एव अध्यक्ष) अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

कर स्पष्ट किया कि शहरों की चका-चौंध और समुचित स्वास्थ्य सुविधाओं ने ग्रामीण व्यक्तियों को अपनी ओर आकर्षित किया है। छोटे शहर, बड़े शहरों में तब्दील हो रहे हैं। शहरों का बुनियादी ढाँचा बदल रहा है जिससे स्वास्थ्य सुविधाऐं और उन्नतशील हो रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन रिपोर्ट के अनुसार सन् 1975 तक विश्व की मात्र 27 फीसदी आबादी शहरों में निवास करती थी जो 2030 तक विकासशील देशों की 56 फीसदी आबादी शहरों में होगी, जिससे हमारी स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने की आवश्यकता होगी।

यादव विनोद (2010)[10] ने स्वास्थ्य सुविधाओं में हो रहे उल्लेखनीय परिवर्तनों के बारे में स्पष्ट किया कि यह दशक भारतीय स्वास्थ्य सुविधाओं का दशक होगा और कहा शायद यह बात काल्पनिक लगे कि सन् 2020 में देश के बेहद पिछड़े क्षेत्रों में बीमारी से ग्रसित व्यक्ति अपने ही गाँव के पंचायत भवन में रखे कम्प्यूटर के स्कैनर में अपना जेनेटिक प्रोफाइल वाले कार्ड को डालने के चंद क्षणों में डॉक्टर की पर्ची का प्रिन्ट मिल जायेगा, जिसमें कुछ दवाऐं लेने की सलाह होगी और गाँव के कैमिस्ट से बेहद सस्ती दवाऐं प्राप्त हो जायेगी। अरूण ए.के. (2011)[11] ने अपने अध्ययन में स्पष्ट किया कि भारत सरकार जन स्वास्थ्य सुविधाओं को सुविधा जनक बनाने के दृष्टिगत पिछले वित्तीय वर्ष 2010-11 के बजट 22300 करोड़ रू. के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2011-12 के बजट में 20 फीसदी वृद्धि के साथ 26760 करोड़ रू. का प्रावधान किया एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के आवंटन को 2100 करोड़ रू. से बढ़ाकर 2356 करोड़ रू. किया गया, जो भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली को और सुविधा जनक प्रदान करेगा। उपर्युक्त साहित्य विश्लेषण से स्पष्ट है कि-भारत की स्वास्थ्य सुविधाओं में उत्तरोतर वृद्धि से स्वास्थ्य बाजार में वृद्धि हो रही है।

स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास-

आज से ढ़ाई हजार वर्ष पूर्व आयुर्वेद के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ चरक ने कहा था-''जीवन के चारों उद्देश्यों धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति के लिए स्वास्थ्य बहुत आवश्यक है।'' हजारों वर्ष पूर्व भगवान महात्मा बुद्ध ने ''आरोग्य परम लाभ'' का सिद्धान्त प्रतिपादित किया था। स्वास्थ्य की अवधारणा एक स्थिर अवधारणा न होकर एक गतिशील अवधारणा है। इसी गतिशीलता को ध्यान में रखकर विश्व स्वास्थ्य संगठन, भारत सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में आवश्यक सुधार कर रही है। भारत में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं का विकास 1946 के स्वास्थ्य सर्वेक्षण, विकास समिति द्वारा दिये गये निर्देशन के आधार पर किया गया है। और 2 अक्टूबर 1952 से आरम्भ सामुदायिक विकास कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वोतन्मुखी विकास में सर्वप्रथम संगठित ग्रामीण विकास रणनीति है।

भारत में स्वास्थ्य सुविधाओं का बाजार-

भारत में स्वास्थ्य सुविधाओं का बाजार नियोजन के उपरान्त बहुत तेजी से बढ़ रहा है। ''भारत विश्व में स्वास्थ्य सेवाऐं उपलब्ध कराने वाले देशों में सबसे बड़े बाजारों में शुमार हो गया है। यहाँ स्वास्थ्य सुविधाओं का कारोबार 16 फीसदी प्रतिवर्ष की रफ्तार से बढ़ रहा है। सन् 2005 में यहॉ स्वास्थ्य सुविधाओं का बाजार 102600 करोड़ रू. था, जो 2009 में 2 लाख करोड़ और 2012 तक इसके 3 लाख करोड़ रू. होने की सम्भावना है। यह उद्योग देश के 40 लाख व्यक्तियों को रोजगार प्रदान कर रहा है।''[12] देश में दवा का बाजार 67000 करोड़ रू. का है।

भारतीय ''क्लीनिकल रिसर्च उद्योग जो सन् 2001 में 20 करोड़ रू. था वह 2010 में 5000 करोड़ रू. के आंकड़ों को पार कर जायेगा वहीं भारत का स्वास्थ्य सुविधाओं के देखभाल का उद्योग जो सन् 2009 में 35 अरब डॉलर का है सन् 2012 तक 75 अरब डॉलर और 2017 तक 150 अरब डालर होने की सम्भावना है।''13 परन्तु अभी हम (जी.डी.पी.) का मात्र 1-2 फीसदी खर्च कर रहें हैं। केन्द्रीय सचिव फार्मास्युस्टिकल्स व कैमिकल्स अशोक कुमार ने अपने रिसर्च में स्पष्ट किया-''सन् 2009 में विश्व दवाओं का बाजार 770 अरब डॉलर था जो 2020 तक 1300 अरब डॉलर होगा, वहीं भारतीय दवा बाजार जो 20 अरब डॉलर का है वह 2020 में 100 अरब डॉलर होने की सम्भावना है। जो 20 फीसदी सालाना वृद्धि की दर से बढ़ रहा है।''[14]

आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा बाजार की वर्तमान स्थिति-

भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली पर वैश्वीकरण के प्रभावों को स्पष्ट देखा जा रहा है। दो दशक पहले व्यक्ति आवास, भोजन और यातायात पर विशेषत: ध्यान देता था, परन्तु वर्तमान में वह स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आय पर मुख्यत: ध्यान दे रहा है। आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में नवीन प्रौद्योगिकी ने भारतीय चिकित्सा की मॉग में और वृद्धि कर दी है, परन्तु बाजारी करण ने एक तबके के लोगों को ही ध्यान में रखा है। जिससे एक स्वास्थ्य सुविधाओं का बाजार तो बढ़ रहा है वहीं दूसरी स्वास्थ्य का समाजशास्त्र बिगड़ता जा रहा है। भारतीय चिकित्या बाजार '4पी' यानी प्रोडक्ट, प्लस, प्रमोशन, और प्राइस पर गतिशील है। ''वैश्विक दवा उत्पादन का 10 प्रतिशत से भी अधिक उत्पादन करने वाला भारत का दवा बाजार भविष्य में (2030) में 55 अरब डॉलर से भी अधिक होगा। कैम्ब्रिज कंसल्टेंट फार्मा के अनुसार भारत का वर्तमान दवा बाजार 22 अरब डॉलर से भी अधिक मुनाफा कमा रहा है। 20 हजार कंपनियों और 3 लाख 40 हजार से भी अधिक लोगों को रोजगार देने वाले इस बाजार के कदम 25 अरब डॉलर का ऑकड़ा 2014 में ही पार कर लेगा।

स्वस्थ्य शरीर और सौंदर्य का होना भाग्य माना जाता था, लेकिन आज बाजार ने यह काम भी अपने हाथ में ले लिया है। एंटी एजिंग प्रोडक्ट एण्ड सर्विसेज : दा ग्लोबल मार्केट के अनुसार-2008 में उम्र को पीछे छोड़ने वाले उत्पाद एवं सेवा का वैश्विक बाजार 162.2 बिलियन डॉलर था, जो 2013 में बढ़कर 274.5 बिलियन डॉलर हो गया है।''[15]

भारतीय चिकित्सा बाजार में लगातार वृद्धि हो रही है। जिसमें स्वास्थ्य बीमा, मेडिकल एजुकेशन, योगा, हेल्दी फूड और डाइट, स्किन ट्रीटमेंट, प्लास्टिक सर्जरी, जर्म फ्री प्रोडक्ट, कॉस्मेटोलॉजी, नेचुरोपैथी, एंटी एजिंग सॉल्यूशन, परमानेंट मेकअप, हर्बल ट्रीटमेंट, इको फ्रेंडली प्रोडक्ट्स, फिटनिस ट्रीटमेंट, और हेल्थ प्लान इत्यादि की मॉग में वृद्धि हो रही है।

तालिका क्रमांक-01
स्वास्थ्य सुविधाओं के विभिन्न क्षेत्रों में वृद्धि

क्षेत्र	2006	2010	वृद्धि
अस्पताल	19.20	33.00	13.80
निदान	0.83	1.70	0.87
मेडिकल पर्यटन	0.35	0.70	0.35
चिकित्सा उपकरण	0.18	4.80	4.41
बीमा	0.49	1.90	1.41

स्रोत-इण्डिया टुडे 14 अप्रेल 2010 पेज क्रमांक 28

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि 2006 से 2010 तक भारतीय अस्पतालों 13.80 प्रतिशत की वृद्धि हुई तथा मेडिकल पर्यटन में इस दौरान 0.35 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी है। ''भारत विश्व में स्वास्थ्य सेवाऐं उपलब्ध कराने वाले देशों में सबसे बड़े बाजारों में शुमार हो गया है। यहाँ स्वास्थ्य सुविधाओं का कारोबार 16 फीसदी प्रतिवर्ष की रफ्तार से बढ़ रहा है। सन्

2005 में यह 102600 करोड़ रू. था जो 2009 में 2 लाख करोड़ और 2012 तक इसके 3 लाख करोड़ रू. होने की सम्भावना है। यह उद्योग देश के 40 लाख व्यक्तियों को रोजगार प्रदान कर रहा है।''[16] हालॉकि स्वास्थ्य सुविधाओं में बहुत परिवर्तन हुआ है, परन्तु अभी इस दिशा में बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

आज चिंता का विषय केवल स्वास्थ्य सुविधाओं की अनुपलब्धता नहीं है, बल्कि हर दिन पनप रहे नए-नए रोग हैं। आज जरूरत इस बात की है कि हम सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति स्वयं जागरूक हों, बाहरी बीमारियों से बचाव की ढांचागत सुविधाओं का उचित प्रयोग तथा रख-रखाव हर नागरिक का परम् कर्तव्य है, निरन्तर स्वस्थ्य रहने के लिए एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली का होना जरूरी है जिसके लिए हमें अपनी जीवन शैली में सुधार कर नियमित सृजनात्मक सक्रियता को ध्यान में रखकर जीवन को स्वस्थ, सुखद बना सकते हैं।

तालिका क्रमांक-02

पंचवर्षीय योजनाओं में स्वास्थ्य पर किया गया व्यय (करोड़ रू. में)

योजना	कुल योजना परिव्यय	स्वास्थ्य पर व्यय	कुल प्रतिशत	स्वास्थ्य व्यय का प्रतिशत परिवर्तन
प्रथम योजना	1960	98	5	-
द्वितीय योजना	4672	216	4.62	120.40
तृतीय योजना	8577	251	2.93	16.20
चतुर्थ योजना	15779	613	3.88	144.22
पाँचवी योजना	39426	1253	3.17	104.40
छठवीं योजना	109292	3412	3.12	172.30
साँतवी योजना	218730	6809	3.12	99.56
आँठवी योजना	434100	15809	3.64	132.18
नौवीं योजना	859200	28847	3.35	82.47
दसवीं योजना	1592300	N.A.	-	-

स्त्रोत : भारतीय अर्थव्यवस्था एस.के. मिश्र एवं व्ही.के. पुरी 2008, 252-260, हिमालया पब्लिशिंग हाउस। भारत 2009, 514-575

उपर्युक्त तालिका विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि वैश्वीकरण के उपरान्त स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो योजनागत व्यय किया जा रहा है। वह लगातार कम होता जा रहा है। यह मानव संसाधन विकास की दृष्टि से उपयुक्त नहीं है। विकासवादी अर्थशास्त्रियों की मान्यता है कि राष्ट्रीय आय का 30 से 40 प्रतिशत मानव संसाधन विकास पर आवश्यक रूप से व्यय किया जाना चाहिये।

तालिका क्रमांक-03 (वित्तीय वर्षो में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के लिए आवांटित बजट (करोड़ रू.))



स्त्रोत -राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन पत्रिका जुलाई-अगस्त, 2012 पृष्ट क्र. 02,

* *estimated value*

उपरोक्त ग्रॉफ से स्पष्ट है कि वित्तीय वर्ष 2005-06 में स्वास्थ्य के कुल 4633.39 करोड़ रू. बजट में से 4433.75 करोड़ का आवांटन राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के लिए किया गया था। वह 2008-09 में 9625.09 करोड़ रू. और 2010-11 में 12871.11 करोड़ रू. का किया गया है।

इस प्रकार 2014-15 में 26163.75* करोड़, 2017-18 44565.62* करोड़ और 2019-20 में 63562.35* करोड़ रू. का आवांटन किये जाने की सम्भावना है।

निष्कर्ष-भारत में आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था जहॉ असाध्य बीमारियों से निजात दिला रही है, वहीं चिकित्सा बाजार क बढ़ते कदमों ने रोजगार बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चिकित्सा बाजार ने एक ओर जहॉ आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ाया है, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य के समाजशास्त्र को बिगाड़ दिया है। आज भारतीय चिकित्सा बाजार में आधुनिकीकरण को स्पष्ट देखा जा सकता है। वैश्विक दवा उत्पादन का 10 प्रतिशत से भी अधिक उत्पादन करने वाला भारत का दवा बाजार भविष्य में (2030) में 55 अरब डॉलर से भी अधिक होने की सम्भावना है। वर्तमान में हमारे देश का दवा बाजार जो 22 अरब डॉलर से भी अधिक मुनाफा के साथ 20 हजार कंपनियों में 3 लाख 40 हजार से भी अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करा रह है। वह 2014 तक 25 अरब डॉलर का ऑकड़ा पार कर लेगा। किसी के जीवन को स्वस्थ्य और सौंदर्य का होना भाग्य माना जाता था, परन्तु आज स्वास्थ्य सुविधा बाजार ने यह काम भी अपने हाथ में ले लिया है। अब बाजार ने शरीर के प्रत्येक अंग को आकर्षक बनाने की सुविधा प्रदान कर दी है। 2008 में उम्र को पीछे छोड़ने वाले उत्पाद एवं सेवा का वैश्विक बाजार 162.2 बिलियन डॉलर था, जो 2013 में बढ़कर 274.5 बिलियन डॉलर हो गया है। और हमें विश्वास है कि आने वाला समय हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था को और उन्नतशील बना कर जीवन में प्रसन्नता भरने वाला और सभी की पहुंच वाला होगा।

संदर्भ-

1. उपमा ऋचा (2013), ''स्वास्थ्य बाजार का वैश्विक विस्तार'' अहा जिंदगी संपूर्ण स्वास्थ्य महाविशेषांक अगस्त 2013, भास्कर परिसर जयपुर, पेज 13.
2. प्रसाद नीता (2010), ''स्वस्थ गाँव खुशहाल देश'' (संपादकी) कुरूक्षेत्र फरवरी 2010, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय नई दिल्ली, पेज 2.
3. सिंह वीणापाणी (1998), ''ग्रामीण स्वास्थ्य संरक्षण'', क्लासिकल पब्लिशिंग कम्पनी नई दिल्ली, पेज 2.
4. मिश्र शिवगोपाल (2010), ''भारत की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परम्परा'' आविष्कार मासिक विज्ञान पत्रिका अप्रैल 2010 नेशनल रिसर्च डेवलपमेंट कारपोरेशन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिक मंत्रालय, नई दिल्ली, पेज 20.
5. सेन अमर्त्य (1973) आन इकानामिक इनइक्वेटी, ऑक्सफोर्ड केलेरेण्डन प्रेस इग्लैंण्ड, पेज 14-16.
6. कलाम ए.पी.जे. एवं राजन बाई सुन्दर (2009), ''महाशक्ति भारत'' प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, पेज 97-105
7. कलाम ए.पी.जे. एवं राजन बाई सुन्दर (2009), ''महाशक्ति भारत'' प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, पेज 97-105.
8. दत्ता दमयंती (2010), ''स्वास्थ्य सेवा का तंदुरूस्त कारोबार'' इण्डिया टुडे, अप्रेल 2010, लिविंग मीडिया, इण्डिया, लि, नयी दिल्ली पेज .28.
9. दुबे अरविन्द (2010), ''शहरीकरण और स्वास्थ्य'' आविष्कार विज्ञान पत्रिका, अप्रैल 2010, नेशनल रिसर्च डेवलपमेंट कारपोरेशन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय नई दिल्ली, पेज 3-10.
10. यादव विनोद (2010), ''डायबिटीज के दर्द से मिलेगा छुटकारा'' दैनिक भास्कर, 3 जनवरी 2010 प्रकाशन इन्दौर, पेज 16.
11. अरूण ए.के (2011), ''बजट में स्वास्थ्य'' योजना मार्च 2011, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय नयी दिल्ली पेज 23.
12. दत्ता दमयंती (2009), ''स्वास्थ्य सेवा का तंदुरूस्त करोबार'' इण्डिया टुडे अप्रैल 2009, लिविंग मीडिम इंडिया लि. नई दिल्ली, पेज 29.
13. दत्ता दमयंती (2009), ''स्वास्थ्य कारोबार'' इण्डिया टुडे अगस्त 2009, लिविंग मीडिम इंडिया लि. नई दिल्ली, पेज 16.
14. कुमार अशोक (2010), ''विश्व दवा बाजार'' दैनिक भास्कर 3 जनवरी 2010, प्रकाशन इन्दौर, पेज 16.
15. उपमा ऋचा (2013), ''स्वास्थ्य बाजार का वैश्विक विस्तार'' अहा जिंदगी संपूर्ण स्वास्थ्य महाविशेषांक अगस्त 2013, भास्कर परिसर जयपुर, पेज 13.
16. दत्ता दमयंती (2009), ''स्वास्थ्य सेवा का तंदुरूस्त करोबार'' इण्डिया टुडे अप्रैल 2009, लिविंग मीडिम इंडिया लि. नई दिल्ली, पेज 29.

वर्तमान भारतीय आर्थिक चुनौतियाँ और एफ.डी.आई. (एक समीक्षात्मक अध्ययन)

डॉ. आभा दीक्षित *

विश्व बैंक तथा आई.एम.एफ. द्वारा भारत के विकास अनुमान को घटाकर क्रमश: 3.8 प्रतिशत था 4.7 प्रतिशत कर दिया गया है। यह आश्चर्यजनक परंतु वास्तविकता है कि भारत में 1991 में आर्थिक सुधार की प्रक्रिया शुरु होने से 10 वर्ष से भी कम समय पहले यानी 1982 तक भारत की प्रति व्यक्ति आय चीन की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक थी। विश्व बैंक के आंकड़ों के अुनसार, औसत भारतीयों की वार्षिक आय 1982 में 279 डॉलर थी, जबकि एक औसत चीनी नागरिक साल में सिर्फ 201 डॉलर कमाता था जो भारतीय तुलना में 28 प्रतिशत कम थी, आज चीन की प्रति व्यक्ति आय भारत की तुलना में 309 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह आजादी के समय भारत और दक्षिण कोरिया का आमदनी स्तर एक समान था आज दक्षिण कोरिया की आमदनी से 1,400 प्रतिशत अधिक है। 1970 तक इण्डोनेशिया का जीडीपी भारत से कम था, लेकिन आज 39 प्रतिशत अधिक है। दुनिया में ऐसी अर्थव्यवस्थाओं की भरमार है जो कभी भारत से पीछे थी और आज आगे है। जाहिर है कि इन देशों में एफडीआई का प्रबंधन सही ढंग से किया और भारत सरकार उसका प्रबंधन तथा नियमन सही ढंग से नहीं कर पायी। क्योंकि, एफडीआई विकास में सहयोग दे सकता है क्योंकि नई कम्पनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण उत्पादन और क्षमता को बढ़ावा मिलता है, प्रशासन में सुधार होता है तथा नई तकनीक के कारण अनुसंधान और विकास के स्त्रोतों में वृद्धि होती है।

भारत में एफडीआई की वर्तमान स्थिति :-

वैश्विक आर्थिक सुस्ती का असर देश में एफडीआई की आवक पर भारी पड़ रहा है। फरवरी 2013 में देश में 1.79 अरब डॉलर का एफडीआई आया जो गत वर्ष के मुकाबले 19 प्रतिशत कम है। गत वर्ष फरवरी में यह 2.2 प्रतिशत अरब डॉलर था, जनवरी 2013 में एफडीआई 2.15 लाख डॉलर रहा था। वित्त वर्ष 2012-13 के अप्रैल-फरवरी के दौरान 20.89 अरब डॉलर एफडीआई देश में आया जो गत वर्ष के मुकाबले 38 प्रतिशत कम है। गत वित्त वर्ष में इस दौरान 33.49 अरब डॉलर एफडीआई हासिल हुआ था।

यद्यपि, जुलाई 2011 में जारी UNCTAD की विश्व विकास रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2009 में भारत में एफडीआई का अन्तर प्रवाह 36 अरब डॉलर था जो घटकर 2010 में 25 अरब डॉलर ही रहा है इससे एफडीआई प्राप्तकर्ता देशों में भारत का स्थान जो 2009 में आठवाँ था 2010 में 14वाँ रहा है। तथापि, UNCTAD के वर्तमान सर्वेक्षण में अभी भी भारत दुनियाँ की निवेश के लिए तीसरी पसंदीदा जगह है। 'इण्डिया इंक' के अनुसार साल-दर-साल के आधार पर 25 प्रतिशत की एफडीआई में वृद्धि हुई। अप्रैल 2013 में एफडीआई 2.32 बिलियन डॉलर रहा। निम्न तालिकाओं से एफडीआई की वर्तमान स्थिति का पता चलता है :-

1. भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश :-

वर्ष	विदेश प्रत्यक्ष निवेश की वृद्धिदर
2011-12	34 प्रतिशत
2012-13	25 प्रतिशत

2. भारत में स्त्रोतवार विदेशी निवेश अन्तर प्रवाह :-

देश	कुल अन्तर प्रवाह (अरब डॉलर में)
सिंगापुर	1.29
मॉरीशस	355
नीदरलैण्ड	173
अमेरिका	149

स्त्रोत - विकीपीडिया

किन्तु एफडीआई का प्रवाह कुछ ही राज्यों में ज्यादा रहा जिसे निम्न तालिका द्वारा समझा जा सकता है -

3. राज्यवार एफडीआई:-

राज्य	कुल एफडीआई का प्रतिशत
महाराष्ट्र	38 प्रतिशत
दिल्ली	19 प्रतिशत
कर्नाटक	6 प्रतिशत
गुजरात	5 प्रतिशत
तमिलनाडु	5 प्रतिशत

स्त्रोत - विकीपीडिया

एफडीआई की चुनौतियाँ :-

अभी भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी दो समस्याएँ हैं- 1. बढ़ता घाटा और 2. रू. में गिरावट। रूपये की कीमत गिरने का सीधा अर्थ यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में विदेशी निवेशकों का भरोसा टूट रहा है फारेक्स डीलरों के अनुसार शेयर बाजार में विदेशी पूँजी को बड़ी मात्रा में निकाले जाने के चलते रूपये में गिरावट को बल मिला। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मई माह के आखिर से जून 2013 तक तकरीबन 5 अरब डॉलर मूल्य के ब्राण्ड बेचे हैं। मॉर्गन स्टेनती के सर्वे के मुताबिक अधिकांश संस्थागत निवेशक मौजूदा समय में भारतीय बाजारों को इक्वल वेट कैटेगरी में रखकर चल रहे हैं इसका अर्थ यह है कि, उन्हें भारतीय बाजारों में निकट भविष्य में किसी बड़ी तेजी की उम्मीद नहीं है। कुल 95 संस्थागत निवेशकों में से सिर्फ 21 प्रतिशत ने भारतीय शेयर बाजारों को ओवरवेट की कैटेगरी में रखा है। फरवरी 2013 में किए गए इसी तरह के सर्वे में शामिल संस्थागत निवेशकों में से 39 प्रतिशत ने भारतीय शेयरों को ओवर वेट कैटेगरी में रखा था। सिर्फ एक तिहाई संस्थागत निवेशक मानते हैं कि भारतीय बाजार अन्य उभरते हुए बाजारों की तुलना में ज्यादा रिटर्न दे सकते हैं। जाहिर है कि, कई रेटिंग एजेंसियों ने भारत में निवेश का भरोसा घटाया है तथा बाहर के निवेशक, घरेलू निवेशक दोनों ही चुनाव के बाद का इंतजार कर रहे है। बचत की कमी है ब्याज दर में कमी की कोई उम्मीद नहीं नजर आ रही।

इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास भी एफडीआई के अन्तर प्रवाह में रूकावट है, दुनिया की प्रमुख रेटिंग एजेन्सी 'स्टेण्डर्ड एण्ड पुअर्स का कहना है कि अगर भारत को अपनी वृद्धि दर को बढ़ाना है तो इन्फ्रास्ट्रक्चर कार्यक्रमों में तेजी

* सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर माहविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

आनी होगी। जिस हिसाब से देश में शहरीकरण बढ़ रहा है उससे सड़क और रेल की कनेक्टिविटी बढ़ाने की जरूरत है। बिजली की भी जरूरत है। लेकिन धीमी रफ्तार और लंबी अवधि की फण्डिंग की कमी के कारण अपेक्षित विकास इस क्षेत्र में नहीं हो पा रहा है। आईएमएफ के आँकड़ों के मुताबिक अगले 5 वर्षो के दौरान भारत की इस क्षेत्र में 1 खरब डॉलर से ज्यादा राशि की जरूरत पड़ेगी। विदेशी निवेश को तथा निजी निवेश को बढ़ावा देने की जरूरत है। परन्तु इस क्षेत्र में भ्रष्टाचार तथा कानूनों के कारण कई राज्यों में लगने वाली बिजली परियोजनाएँ अटकी पड़ी हैं।

राज्यों में अटकी हुई परियोजनाओं की संख्या :-

राज्य	अटके प्रोजेक्ट
छत्तीसगढ़	02
पंजाब	37
मध्यप्रदेश	07
हिमाचल प्रदेश	07
महाराष्ट्र	12
हरियाणा	46

स्त्रोत - पर्यावरण मंत्रालय

''मँहगाई के दौर में सरकारी खर्च में कमी लाने की जरूरत है। खाद्य सुरक्षा बिल के लागू होने से खाद्य सब्सिडी 10 प्रतिशत स्तर का पार कर लेगा। इसके काफी मात्रा में पूँजी की जरूरत होगी परन्तु IME तथा World Bank जैसी अन्तर्राष्ट्रीय एजेन्सियों के विकास अनुमान घटाने से भी निवेशकों में निराशा फैलती है अत: एफडीआई को बढ़ाने की चुनौतियों से निपटना कठिन जान पड़ रहा है।

एफडीआई को बढ़ाने के लिए सरकारी प्रयास :-

वर्तमान नीति के तहत अधिकतर लोगों में स्वचलित रीति-नीति के जरिये 100 प्रतिशत तक एफडीआई की इजाजत है। इसमें न तो सरकार की ओर से न RBI की पूर्व मंजूरी लेना जरूरी है निवेशकों के लिए बस इतना जरूरी है कि वे भेजी गयी रकम के मिलने के बाद 30 दिन के अंदर RBI के क्षेत्रीय कार्यालय को सूचित करें और विदेशी निवेशकों को शेयर जारी करने के बाद 30 दिन के अंदर इस कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज जमा कर दें।

विदेशी निवेश सीमा को बढ़ाने के लिए कदम उठाने के अतिरिक्त ब्रिक्स सम्मेलन (26 एवं 27 मार्च 2010) में जिसका उद्देश्य ढ़ाँचागत क्षेत्र में निवेश बढ़ाना और सतत् विकास के जरिये अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की सेहत सुधारने वृहद् आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के उपायों पर विचार-विमर्श करना था। एक डेवलपमेंट बैंक का ऐलान किया गया है। जिससे ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार बड़े तथा बुनियादी संरचना का विकास है।

इसी तरह आसियान सम्मेलन में भाग लेकर, चीन, रूस की राजकीय यात्राओं के जरिये एफडीआई को आकर्षित करने की कोशिश की गयी थी।

एफडीआई पर निर्भरता :-

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एफडीआई से प्राप्त राशि का या तो मनरेगा, खाद्य सुरक्षा जैसी योजनाओं पर या फिर वेतन वृद्धि के लिए ज्यादातर उपयोग किया गया है जबकि, इसका सदुपयोग हाइवे तथा इंटरनेट के लिए किया जाना चाहिये। तभी, इसका लाभ होगा क्योंकि, लाभांश प्रेषण का भार बढ़ता रहा है। 2011 में 8 अरब डॉलर और 2012 में 2 अरब डॉलर लाभांश प्रेषण हुआ। इसके अलावा फेडरल रिजर्व या डॉलर पर इतनी अधिक निर्भरता ठीक नहीं है यह जरूरी है कि समय रहते हम अपनी नीतियों को दुरुस्त कर ले तथा अमेरिका पर निर्भरता कम करने के उपायों के बारे में सोचें। एक तरफ बहुत कोशिशों से USA आगे बढ़ा है। सोवियत यूनियन को नष्ट कर दिया गया, दुनियाभर में पूँजीवाद का प्रचार किया और अपने नागरिकों का जीवनस्तर व आय को बहुत अधिक ऊपर उठा दिया। पिछले 60 वर्षो में अमेरिका ने यूनिवर्सिटी व हाइवे बनाये, साइंस व स्पेस, रिसर्च को फंड दिया और इन सबके साथ दुनिया में मशहूर सबसे अधिक उत्पादन और शक्तिशाली प्राइवेट सेक्टर के विकास को बढ़ावा दिया। दूसरी ओर कई पंचवर्षीय योजनाओं के बाद भी यह अत्यंत शर्म का विषय है कि ग्लोबल स्लेवरी इंडेक्स, की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में दुनिया के सबसे ज्यादा 14 मिलियन लोग दास के रूप में हैं, 46 प्रतिशत कुपोषित बच्चे हैं, 26 करोड़ 90 लाख गरीब हैं।

एफडीआई के साथ-साथ हमें अपनी घरेलू अर्थव्यवस्था पर भी ध्यान देना होगा, हमें अपनी प्रतिस्पर्धा की क्षमता बढ़ानी होगी। आईएम.डी. वर्ल्ड कंपीटिवनेस रैंकिंग 2013 में भारत की रैंकिंग गिरी है, सन् 2009 से ही यह गिरावट है। 2009 में जहाँ हम 30वें स्थान पर थे 2013 में 40वें पायदान पर आ गए हैं। विदेशी निवेश का प्रवाह कमजोर रहने बढ़ते व्यापार घाटे कारोबार से जुड़े नियमों के कोई खास अनुकूल नहीं रहने तथा अस्थिर मुद्रा के चलते ही भारत की प्रतिस्पर्धा क्षमता उम्मीदों के अनुरूप नहीं सुधर पा रही है।

इसके अलावा रिसर्च के क्षेत्र में भी हम काफी पीछे हैं आर्थिक सर्वेक्षण 2013 के मुताबिक वर्तमान में भारतीय कंपनियाँ देश के कुल GDP का सिर्फ 0.7 प्रतिशत हिस्सा R & D पर खर्च कर रही है। यह आँकड़ा चीन के मुकाबले आधा है। हालांकि भारत में वैज्ञानिक शोध के बेहतरीन केन्द्र में संस्थाएँ मौजूद हैं इसके बावजूद क्रिक्स देशों के मुकाबले भारत की शोध क्षमता कम है।

इसके अलावा, निर्माण खनन की कमियों को सुधारने की जरूरत है। सरकार को निजी निवेश बढ़ाने के सकारात्मक माहौल बनाने की जरूरत है। प्रोजेक्ट क्लीयरेंस के अलावा ओर भी कई उपाय करने होंगे। जिससे सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा मिले।निष्कर्ष के रूप में हम यह कह सकते हैं कि सरकार को अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निवेश की अत्यंत आवश्यकता है चाहे वह आंतरिक निवेश हो या फिर विदेशी निवेश। मंहगाई कम करने, घाटे को कम करने, इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा औद्योगिक व मैन्युफैक्चरिंग उत्पादन बढ़ाने रिसर्च, शिक्षा-प्रशिक्षण के हालात सुधारने होंगे जिससे आमदनी हो तथा विदेशी निवेशक का भरोसा भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर हो तथा जब एफडीआई आये तो उसे अनुत्पादक कार्यों में न लगाकर देश के विकास में लगाना होगा। एफडीआई का प्रबंधन और नियमन सही ढंग से करके ही देश की अर्थव्यवस्था को विकास पथ पर अग्रसर किया जा सकता है तथा तभी शायद हम विकसित अर्थव्यवस्थाओं में शुमार हो पायेंगे।

संदर्भ:-

1. वैश्विक आर्थिक मंदी चिंता एवं विकल्प'' - रविकांत दुबे प्रकाशक, राजभाषा पुस्तक प्रतिष्ठान दिल्ली।
2. उदारीकरण की तानाशाही (राजनीति पर भूमण्डलीकरण के प्रभाव का विश्लेषण) प्रेमसिंह, राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली।
3. विकीपीडिया।
4. योजना - अप्रैल 2012
5. Southern Economist volume 50 July 15, 2011
6. इण्डिया टूडे 14 अगस्त 2013
7. बिजनेस भास्कर दि. 23 अप्रैल, 19 जून, 13 जून, 18 अक्टूबर 2013
8. नई दुनिया 13 जून 2013
9. 'लोकमंच' कार्यक्रम लोकसभा चैनल 9 अक्टूबर 2013।
10. 'Policy watch programme rajya Sabha Channel 20 Oct. 2013.

कृषि विकास एवं पर्यावरणीय ह्रांस एक अध्ययन

कु. अर्चना आर्य *

प्रस्तावना – प्राकृतिक पर्यावरण की संरचना अजैविक तथा जैविक दो संगठकों द्वारा होती है। अजैविक संगठकों में पैड़-पौधे मानव सहित जीव जन्तु तथा सूक्ष्म जीवों को शामिल किया जाता है। इन पर्यावरण तंत्र की क्रियाशीलता एवं नियंत्रण इन्हीं दो भौतिक एवं जैविक प्रक्रमों द्वारा होता है। ये प्रक्रम इस तरह कार्य करते हैं कि यदि पर्यावरण के किसी क्षेत्र में किसी संघटक या संघटकों में कोई परिवर्तन होता है तो उनकी अन्य परिवर्तनों द्वारा समुचित भरपाई हो जाती है, वास्तव में किसी भी पर्यावरण तंत्र की क्रियाशीलता तथा सन्तुलन उसके ऊर्जा प्रवाह एवं जैव-भू-रासायनिक चक्र द्वारा संभव होता हे। वर्तमान शताब्दी में जनसंख्या में आशातीत वृद्धि के कारण प्राकृतिक संसाधनों पर अधिक दबाव पड़ा है।

1860 के बाद आधुनिक प्रौद्योगिक में तीव्र गति से प्रगति तथा मनुष्य की आर्थिक क्रियाकलापों में वृद्धि के कारण प्राकृतिक संसाधनों के विदोहन में और तीव्रता आयी है। इन सबका परिणाम यह हुआ है कि पर्यावरण के कुछ संघटकों में इतना अधिक परिवर्तन हो गया है कि उनकी क्षतिपूर्ति पर्यावरण के अन्तर्निमित स्वत: नियामक क्रियाविधि द्वारा संभव नहीं रह गया है। भौतिक पर्यावरण ह्रास या अवनयन कहते हैं। पर्यावरण में ह्रास के लिए उत्तरदायी मानव के अनेक कार्यो में एक ''कृषि विकास'' है।

'हरित क्रान्ति' के नारे को चरितार्थ करने के लिए कृषि उत्पादन में अधिकाधिक विकास का प्रयास किया जा रहा है तथा गति से बढ़ती जनसंख्या की उदरपूर्ति के लिए यह आवश्यक भी है। परन्तु इस कृषि विकास का पर्यावरण से समस्थैतिक क्रियाविधि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हरित क्रान्ति या उन्नत पैदावार के लिए अपनाई गई 'रासायनिक कृषि' मिट्टी की उर्वरा को बढ़ाने की बजाए उसे स्थाई रूप से बर्बाद कर रही है। हमारे पारिस्थिकी तंत्र में मिट्टी एक महत्वपूर्ण और जीवंत इकाई है। एक ग्राम उपजाऊ मिट्टी में लगभग 10 करोड़ जीवाणु और 500 मीटर के बराबर कवक के धागे होते हैं। इसके अतिरिक्त मृदा तंत्र हजारों प्रकार की शैवाल कोशिकाएँ, विषाणु, आर्थोपोड एवं केंचुआ जैसे अन्य जीवों की शरणस्थली भी है। मिट्टी के पोषक शक्ति को बढ़ाने के लिए रसायनों, कीटनाशकों एवं जहरीले तत्वों का होने वाला प्रयोग आधार चक्र के माध्यम से जानवरों एवं मनुष्य के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। उपजाऊ भूमि पर हो रहे नित्य नये निर्माण तथा वनों की कटाई से बाढ़ तथा मृदा संरक्षण की प्रक्रिया में तेजी आई है। जनसंख्या वृद्धि के साथ बढ़ी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 1960 के दशक में कृषि भूमि पर जापान में 7.3 प्रतिशत से लेकर नार्वे 1.5 प्रतिशत की दर नई आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया गया। भारत में जहां एशिया की कुल आबादी का लगभग 27 प्रतिशत लोग निवास करते हैं वहीं कृषि योग्य भूमि की स्थाई संरचनाओं से ढका जाना तथा मृदा क्षरण दोनों की तेज दर है। भूक्षरण स्वयं की भूमि प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है। 10 सेंटीमीटर ऊपरी मृदा के बनने में 100 से 400 वर्ष का समय लगता है इसलिए मिट्टी का नष्ट होना एक प्रकार से सीमित और अनवीनीकरण सम्पदा का नुकसान है।

अध्ययन के उद्देश्य –

1. कृषि क्षेत्र में विस्तार से वनों एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन।
2. कीटनाशक रासायनिक के प्रयोग से खाद्यानों के पोषक तत्वों की कमी व पर्यावरण ह्रास पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन।

शोध विधि –प्रस्तुत शोध में द्वितीयक समंकों के द्वारा विषय से संबंधी जानकारी एकत्र की गई है प्रस्तुत शोध में द्वितीयक समंकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

(1) कृषि क्षेत्र में विस्तार से पर्यावरण में ह्रास कृषि क्षेत्र में भावी विस्तार वनों का सफाया द्वारा ही सम्भव हो सकता है, वनों के विनाश होने से दो तरह के परिणाम सामने आ रहे हैं। एक तो प्रत्यक्ष परिणाम वह है जिसका प्रभाव तत्काल मनुष्य के सामने उपस्थित हो गया है। जैसे वनों के व्यापक स्तर पर व्यापारिक कटाई किये जाने से इमारती लकड़ी के साथ-साथ जलाऊ लकड़ी के अभाव का सर्वाधीक प्रभाव निर्धन लोगों पर पड़ता है। खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) के अनुमान के अनुसार विश्व के 1.3 करोड़ लोग लकड़ी की कमी वाले क्षेत्रों में निवास करते हैं यदि जनसंख्या वृद्धि से प्रेरित लकड़ी काटने की स्थिति इस प्रकार बनी रही तो 2020 ई. तक 4.8 अरब लोग ऐसे क्षेत्रों में रहेंगे जहां लकड़ी दुर्लभ होगी तथा अन्यत्र से आयात (मंगानी) करनी पड़ेगी। वनों के तीव्र गति से कटते जाने से इमारती लकड़ी तथा फर्निचर की लकड़ी की कीमत अत्यधिक ऊँची हो गयी है वनों के नष्ट होने से जो प्रत्यक्ष क्षति होती है उससे बहुत अधिक क्षति अप्रत्यक्ष रूप में होती है। यह कुप्रभाव स्थानीय न हो कर विस्तृत क्षेत्रों तक फैल जाता है एक तो वन विनाश के कारण 'जल चक्र' प्रभावित होता है क्योंकि वन वर्षा के जल को नियन्त्रित करता है। वनों के कट जाने के कारण जल शीघ्र ही प्रवाहित होकर सागर में पहुँच जाता है और मानव इसका समुचित लाभ नहीं उठा पाता।

आज मानव विभिन्न माध्यमों से अधिकाधिक मात्रा में कार्बन डाई आक्साइड वायुमण्डल में फैलाते जा रहा है जबकि इसको अवशोषित करने वाला उपकरण वन समाप्त होते जा रहे हैं परिणाम स्वरूप वायुमण्डल के निचले स्तर में कार्बन डाई आक्साइड का स्तर (सान्द्रढ़) बढ़ता जा रहा है जिससे हरित ग्रह प्रभाव बढ़ता जा रहा है।

फलत: विगत सौ वर्षो में वायुमण्डल के निचले स्तर का औसत तापमान 1 से.ग्रे. तक बढ़ गया है। वर्तमान दर से वायुमण्डल में कार्बन के प्रभाव से 2030 तक यह 2 से 4.5 से.ग्रे. तक बढ़ जाने की सम्भावना है। ताप की इस वृद्धि के कारण जल-चक्र प्रभावित होगा, हिमानियाँ पिघल जायेगी जिससे सागर के जल स्तर में वृद्धि होगी तथा तटवर्ती स्थल का निम्न भाग जलमग्न हो सकता है। ताप वृद्धि का प्रभाव कृषि पर भी व्यापक रूप से पड़ेगा तथा फसलों की उपज 3 से 17: तक घट जायेगी।

दूसरी तरफ रूस के 'स्टेफी' संयुक्त राज्य अमेरीका व कनाडा के 'प्रेयरी' दक्षिणी अमेरिका के 'पम्पाज' दक्षिण अमेरिका के 'वेल्ड' तथा न्यूजीलैण्ड के 'डाउन्स' जैसे शीतोष्ण घास क्षेत्रों को व्यापक स्तर पर साफ करके कृषि क्षेत्रों में बदल गया है इस प्रक्रिया द्वारा मानव समाज का यद्यपि पर्याप्त कल्याण हुआ है, परन्तु साथ ही साथ उन क्षेत्रों की पर्यावरणीय सन्तुलन में अव्यवस्था भी उत्पन्न हुई है। इन क्षेत्रों में एक ध्यान कृषि के कारण जन्तुओं का भारी संख्या में अन्यत्र विसरण हुआ है इस तरह उष्ण एवं उपोष्ण प्रदेशों

* पीएच.डी. शोधार्थी अर्थशास्त्र, माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

के कई देशों मे स्थानानतरणीशील के कारण लाखों वर्ग कि,मी वन क्षेत्र नष्ट हो चुके है। एक मात्र भारत मे झूर्मिंग कृषि के कारण प्रतिवर्ष 10 हजार वर्ग कि.मी वन क्षेत्र का विनाश होता है। आसाम तथा मेघालय के पहाड़ी क्षेत्र पर वनों के साफ करके बड़े पैमाने पर आलू की कृषि का विकास किया गया है जिससे मृदा अपधटन में कई गुना वध्दि हुई है और मौसम तथा जलवायु सम्बधी दशाओं में भारी परिवर्तन हुए है। इस प्रकार हिमाचल प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के पहाड़ी जिलों मे वनों को साफ करके सेब की कृषि अपनाये जाने के कारण हिमालय के पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। सेब की कृषि में व्यापक स्तर पर विस्तार होने तथा सेब की पैकिंग के लिये पर्याप्त लकड़ी जुटाने में प्राकृतिक वनो का अन्धाधुन्ध विदोहन किया गया है।

तालिका - 1
वन क्षेत्र की दृष्टि से विश्व के शीर्ष दस देश

क्र.सं.	देश	वन-क्षेत्र (लाख हेक्टेयर में)
1	रूस	809
2	ब्राजील	519
3	कनाडा	310
4	अमेरिका	304
5	चीन	206
6	कांगो (प्रजातांत्रिक गणराज्य)	154
7	ऑस्ट्रेलिया	149
8	इन्डोनेशिया	94
9	सूडान (अविभाजित)	96
10	भारत	68

स्त्रोत : खाद्य एवं कृषि संगठन की वैश्विक वन संसाधन आँकलन (GFRA) 2012

(2) कृषि भूमि की उत्पादकता में वृध्दि से पर्यावरण में ह्रास बढ़ती जनसंख्या के भरण पोषण हेतु दूसरा विकल्प है। कृषि योग्य भूमि का अधिक गहन उपयोग जिससे प्रति हेक्टेयर अधिक उत्पादन हो सके इसके लिए गहरी सिंचाई उन्नतशील बीजों रासायनिक खादों एवं कीट-नाशक दवाओं की आवश्यकता पड़ती है।

भारत में हरित क्रान्ति के अन्तर्गत कृषि के प्रत्येक पक्ष में प्रगति हुई है, गहरी सिंचाई के लिए नहरों का विकास किया गया है, सिंचाई एवं विद्युत उत्पादन हेतु नदियों पर बनने वाले विशाल बाँधों एवं जलाशयों से चाहे जितना भी तत्कालीक उपयोग प्राप्त हो पर वह भविष्य में आंशकित पर्यावरण ह्रास से होने वाली क्षति को कभी नहीं भर पायेगा। प्रति हेक्टेयर अत्यधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए दूसरा महत्वपूर्ण कदम रासायनिक उर्वरकों तथा कीट-नाशक दवाओं का प्रयोग है।

इनका भारी मात्रा में उपयोग किया जा रहा है। फसलें समस्त रासायनिक पोषक तत्वों का उपयोग नहीं कर पाती है इस तरह उपर्युक्त रसायनों का मिट्टीयों में लगा तार संचय होता है जिससे उनका प्रदूषण प्रारंभ हो जाता है। इन रसायनों का कुछ भाग वर्षा के जल के साथ बहकर तालाबों, झीलों तथा नदियों में पहुँच जाता है जिससे जल प्रदूषित होता है।

भूमि का कुछ रसायन रिसकर भूमि में चले जाता है जो भूमिगत जल को भी प्रदूषित करता है। इस प्रकार खरपतवार एवं फसलों के रोगों को दूर करने के लिए प्रयोग किए जाने वाले कीटनाशी कृत्रिम रसायनों के कारण मिट्टियों एवं विभिन्न स्त्रोतों के जल का भारी प्रदूषण होता है। उदाहरण के लिए अमोनिया सल्फेट के अधिक प्रयोग के कारण मिट्टियों में अम्लता बढ़ जाती है पोटेशियम एवं सोडियम नाइट्रेट के अधिक प्रयोग के कारण मिट्टियों में इनकी मात्रा अधिक हो जाती है।

सब्जियों, फलों तथा खाद्यानों के माध्यम से मानव शरीरों में पहुँचते हैं तथा रासायनिक अभिक्रिया द्वारा कई प्रकार की भयंकर रोग उत्पन्न करते हैं। सब्जियों तथा फलों पर कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के कारण ये जहरिले पदार्थ वायु एवं जल प्रदूषण के साथ-साथ कुछ भाग मानव शरीर में पहुँच कर पेट संबंधी अनेक रोगों को जन्म देते हैं।

अधिकांश विकासशील देश जो गहन कृषि के लिए भारी मात्रा में उर्वरकों का उत्पादन नहीं कर सकते वे औद्योगिक विकसित देशों से आयात करते हैं। इस उर्वरक आयात के भुगतान हेतु विदेशी मुद्रा की आवश्यकता पड़ती है। विदेशी मुद्रा अर्जन करने के लिए या तो विदेशों से कर्ज लेना पड़ता है या कच्चे माल अथवा कृषिगत नगद फसलों का निर्यात करना पड़ता है।

दोनों ही स्थिति में देश और निर्धन होता चला जाता है और ऋण जाल में उलझ जाता है। 2012 स्टॉक होम में हुए मानवीय पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन की 40वीं वर्षगाँठ (1972) और **रियो द जनेरो** में सम्पन्न पर्यावरण एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन की 20वीं वर्षगाँठ (1992) का वर्ष है। स्टॉक होम में स्व.इंदिरा गाँधी ने निम्नलिखित शब्दों में बिना पर्यावरण को कोई क्षति पहुँचाए आर्थिक विकास के मापन में सामाजिक संतोषणीयता का आयाम जोड़ दिया था।

निष्कर्ष -

वर्तमान समय में बढ़ती मानव जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए कृषि के विस्तार एवं विकास की रफ्तार को निश्चित ही कायम रखना है। परन्तु साथ ही साथ यह भी देखना होगा कि कृषि के विकास की बढ़ती गति के फलस्वरूप पर्यावरण ह्रास की समस्या कहीं भयावह रूप न धारण कर ले।

वर्ष 2010-11 में हुए सर्वे मुताबिक पिछले चार वर्षों में दिल्ली में 61 हजार 3 सौ 50 पेड़ काटे गये यही हाल लगभग देश के दूसरे स्थानों का भी है। पेड़ काटने से जंगल खत्म होते जा रहे है लेकिन पेड़ लगने की स्थिति ना के बराबर है जिसका प्रभाव पर्यावरण पर प्रत्यक्ष रूप से पड़ रहा है जो कि एक चिन्ता जनक विर्षय है।

अत: कृषि विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

संदर्भ सूची -

1. एस.के.स्वामीनाथन मठ (2012) पर्यावरण और विकास'' योजना नई दिल्ली।
2. शर्मा एस.सी. एवं त्रिपाठी डी.एन. (1989) आदर्श कृषि विकास'' (गोरखपुर)
3. करण महेश्वर प्रसाद (1994) भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था।
4. प्रभात कुमार (2012) पर्यावरण प्रदूषण एवं आकस्मिक संकट पर्यावरण एवं विकास (इंदौर म.प्र.)

****

भारत की अर्थव्यवस्था का विश्लेषण एवं सम्भावनाएँ

सबलसिंह ओहरिया *

आर्थिक मंदी के परिणाम स्वरूप बैंकों की संपत्तियों की गुणवत्ता में गिरावट आई, इसका प्रभाव सरकारी क्षेत्र के बैंकों पर अधिक पड़ा। सन् 2010-2011 के अन्त तक सरकारी क्षेत्र के बैंकों की सम्पत्तियाँ 3.4 प्रतिशत से बढ़कर 2011-2012 के अन्त में 4.5 प्रतिशत हो गयी थी। चालू खाता घाटे तथा राजकोषिय घाटों में गिरावट के कारण वैश्विक निवेशकों में कमी आई है, लगातार आर्थिक अस्थिरता के परिणामस्वरूप विदेशी रेंटिग ऐजेन्सियों ने भारत को अर्थव्यवस्था में विदेशी निवेश प्रभावित हो रहा है। इन कमियों को दूर करने के लिए सब्सिडी तथा कर सुधार की आवश्यकता हैं। और इस प्रकार की सतर्कता के कारण ही देश में आर्थिक मंदी को रोका जा सकता है। भारत की अर्थव्यवस्था एक निम्न आय वाली विकासशील अर्थव्यवस्था है। आय के असमान वितरण के कारण भारत की जनसंख्या का एक बड़ा भाग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करता है।

वर्तमान वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। वैश्विक मन्दी का प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है। इसके बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था में व्यापक सम्भावनाएँ विद्यमान है। वैश्विकरण नीति अपनाने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा प्राप्त हुई। वैश्विकरण का मूख्य उद्देश्य वस्तुओं एवं सेवाओं के व्यापार का विस्तार करना था किन्तु इसका विस्तार सभी देशों में समान रूप से नहीं हुआ इसका लाभ का अधिकतर भाग औद्योगिकृत देशों और 12 विकासशील देशों के समूह को प्राप्त हुआ।

सबसे कम विकसित देशों के समूह को प्राप्त हुआ। सबसे कम विकसित देशों के समूह के विश्व व्यापार के भाग में गिरावट आई इसके बाद भी इन देशों ने व्यापार में उदारीकरण की नीति को कार्यान्वित किया हैं। वर्ष 1990 से 2005 की 15 वर्ष की अवधि में भारत में विश्व वस्तु निर्यात में 12.7 प्रतिशत औसत प्रतिवर्ष वृद्धि हुई किन्तु विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी में विशेष वृद्धि नहीं हुई और यह 1950 में 0.52 प्रतिशत से बढ़कर 2005 में 0.990 प्रतिशत हो गया। सेवा क्षेत्र निर्यात में भारत निष्पादन सापेक्षता बेहतर था, सेवा क्षेत्र निर्यात जो 1990 में 4.6 अरब डालर था, जो बढ़कर 2005 में 56.1 अरब डालर हो गया अर्थात् इस अवधि में औसत वार्षिक वृद्धि दर 18.1 प्रतिशत थी। गत दो वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था का मूल्यांकन प्रतिकूल परिणाम को प्रदर्शित करती है, वर्ष 2011-2012 में भारतीय अर्थव्यवस्था के कार्य निष्पादन क्षमता में कमी आई तथा यह देश की अर्थव्यवस्था के औसत कार्य निष्पादन क्षमता से नीचे गिर गयी।

भारतीय अर्थव्यवस्था की नकारात्मक प्रदर्शन में घरेलू तथा वैश्विक गतिविधियों का परिणाम था। वैश्विक समष्टि आर्थिक एवं वित्तीय अनिश्चितता कमजोर बाह्य मांग बढ़ी हुई कीमतें निवेश में कमी आदि कारणो से भारतीय अर्थव्यवस्था के निष्पादन क्षमता में कमी आई संरचनात्म बाधाओं नीतिगत अनिश्चिता मुद्रा स्फीति में वृद्धि तथा ब्याज दरों में वृद्धि के कारण देश में निवेश प्रभावित हुआ है। व्यापक राजकोषीय एवं चालु खाता घाटे तथा उच्च मुद्रा स्फीति के कारण लोक कल्याण पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इसका बचत, निवेश तथा वित्तीय सम्पत्तियों पर तथा घरेलू बचतो पर विपरीत प्रभाव पड़ा तथा बचत कर्ताओं की वास्तविक बचतों एवं वित्तीय उत्पादों के वास्तविक मूल्यों में कमी आई है।

उच्च मुद्रा का विपरीत प्रभाव रोजगार एवं आय पर पड़ा, तथा वास्तविक आय एवं रोजगार की मात्रा में कमी आई। मुद्रा स्फीति की वृद्धि दर को नियन्त्रित करने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक नीति पर नियंत्रण की नीति अपनाई गयी जिसके परीणामस्वरूप मुद्रा स्फीति की दर में गिरावट तो आई किन्तु इसका विपरीत प्रभाव उत्पादन क्षेत्रों पर पड़ा, जिसके आर्थिक प्रबन्धन के क्षेत्र में अनेक कठिनाईयाँ उत्पन्न हुई हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था का कार्य निष्पादन भारत जैसे अर्थव्यवस्था वाले अधिकांश देशों से बेहतर रहा लेकिन इसकी क्षमता और वास्तविक वृद्धि में कमी आई साथ ही वैश्विक मंदी का देश की अर्थव्यवस्था पर भी प्रभाव पड़ा।

राजकोषीय घाटा के कारण ब्याज दरों में गिरावट आई जिसका विपरीत प्रभाव निवेश के क्षेत्र में पड़ा तथा निजी निवेशकों ने निवेश वापस ले लिए सरकारी व्ययों की अधिकता के प्रभाव से चालू खाता घाटा में वृद्धि हुई, इस प्रकार मुद्रा स्फीति में कमी ने विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में विपरीत प्रभाव डाले। कठोर मौद्रिक नीति के कारण रिजर्व बैंक ने बैंक दरों में वृद्धि रोक दि, जिसका विपरीत प्रभाव चल निधि की उपलब्धता पर पड़ा। रिजर्व बैंक ने बैंकिंग प्रणाली में मुद्रा और चलनिधि में वृद्धि करने का काम शुरू किया। वर्ष 2009-2010 और 2010-2011 में जहाँ आर्थिक वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत दर्ज की गयी थी । वही 2011-12 में वृद्धि दर गिरकर 6.5 प्रतिशत तथा वर्ष 2011-2012 की चौथी तिमाही में घटकर 5.3 प्रतिशत वृद्धि दर रही जो अन्तिम 29 तिमाहियो में सबसे कम थी। प्रारंभिक संकेतो के अनुसार वर्ष 2012-2013 की पहली तिमाही में आर्थिक गतिविधियों का स्तर धीमा रहा, परिणामस्वरूप औद्योगिक वृद्धि में कमी आई तथा निवेश संबंधित गतिविधियों में विपरीत प्रभाव पड़ा। मौद्रिक नीति को कठोर बनाने के परिणाम स्वरूप प्रभावी उधार दर में वृद्धि हुई।

आर्थिक मंदी के परिणामस्वरूप बैंक की सम्पत्तियों की गुणवत्ता में भी गिरावट आई इसका प्रभाव सरकारी बैंकों पर अधिक पड़ा। 2010-2011 के अंत तक सरकारी क्षेत्र के बैंकों की अनार्जक सम्पत्तियाँ 2.3 प्रतिशत से बढ़कर 2011-2012 के अंत तक बढ़कर कुल अग्रिमों का 3.2 प्रतिशत हो गया। चालु खाता घाटे तथा राजकोषिय घाटो में गिरावट के कारण वैश्विक निवेशकों में कमी आई रेंटिग एजेन्सियों ने भारत को सतर्कता सूची में रखा है जिसके कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में विदेशी निवेश प्रभावित हो रहा है। इन कमियों को दूर करने के लिए सब्सिडी तथा कर नीतियों में सुधार की आवश्यकता है वर्ष 2012-2013 के लिए वृद्धि तथा विकास की सम्भावना कमजोर बनी हुई है। क्योंकि 2011-2012 के आर्थिक कारणों तथा वैश्विक स्थितियों के विशेष परिवर्तन नही हुआ है तथा आर्थिक समस्याओं के समाधान के विशेष प्रयास दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। वैश्विक स्तर पर अग्रिमों में अस्थिरता के कारण वित्तीय बाजारो में दबाव की स्थिति बनी हुई है वैश्विक व्यापार में भी गिरावट की सम्भावना विद्यमान है क्योंकि नये बाजारों की वृद्धि में कमी यूरोपीय बाजार बढ़ती हुई मंदी तथा अमेरीका में मंदी से वैश्विक,

* शोधार्थी, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मन्दसौर, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन (म. प्र.) भारत

बाजार का विस्तार तीव्रता से प्रभावित हो रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार की संभावना कम ही है क्योंकि नीतिगत अवरोध संरचनात्मक तथा चक्रिय समस्याओं ने संयुक्त रूप से अर्थव्यवस्था में मंदी की स्थिति निर्मित किया है। वर्तमान स्थिति में मुद्रा स्फीति अभिष्ट स्तर से अधिक है। सरकार द्वारा उक्त आर्थिक मंदी की स्थिति को दूर करने के लिए अनेक उपाय किये जाने का आश्वासन दिया गया है जिनमें राजकोषिय सुदृढ़ीकरण उपाय स्पष्ट और स्थिर कर व्यवस्था लागू करना विदेशी निवेश सहित आन्तरिक निवेश तथा बचतो को प्रोत्साहित करना मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए आपूर्ति पक्षीय उपाय करने की दिशा में कार्य करना।

राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के अनेक प्रमुख निर्णय जैसे ईधन के मूल्यों में नियंत्रित वृद्धि अन्य सब्सिडियों को समाप्त करना माल तथा सेवाकर शुरू करना आदि प्रावधान किये जा रहे है। समस्याओं के बढ़ने के पूर्व उक्त प्रावधानों को लागू करने में थी अनेक नीतिगत समस्याएँ विद्यमान है यदि उक्त प्रावधानों को प्रभावशाली ढंग से लागू किया गया तो इस वर्ष के उत्तरार्ध में वृद्धि क्रमिक रूप से बढ़ सकती है। वर्ष 2012-2013 में राजकोषिय घाटा में गिरावट रहने तथा चालू घाटा अभिष्ट स्तर से अधिक रहने की सम्भावना हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता की स्थिति के कारण दोहरे घाटे से सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था में जोखिमों की मात्रा अधिक है। वर्ष 2012-2013 में विकास को बाधा डालने वाले कारकों में आधर भूत ढ़ाँचों से संबंधित समस्याएँ भी प्रमुख है। विनियामक एवं पर्यावरण ढ़ाँचे में संशोधन के अभाव में अनेक उद्योगों एवं खनन उद्योगों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

इसी तरह की कुछ समस्याएँ दूरसंचार के क्षेत्र में भी बना हुआ है ऊर्जा के क्षेत्र में नये निवेशकों में कमी आ रही है। क्योंकि कोल लिक्रज तथा कीमत निर्धारण सम्बन्धित समस्याओं का उचित समाधान अभी तक नहीं निकाला जा सका है। सड़क परियोजनाओं को भी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अब तक मानसून की असंतोष जनक प्रगति के कारण वर्ष 2012-13 में वृद्धि के लिए नई अनिश्चिताएँ उत्पन्न हो गई है। वर्षा के स्थान मूलक अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ है कि मोटे अनाजों तथा दलहनों के कारण उत्पादनों में कमी आ सकती है। वर्ष 2012-13 के लिए मुद्रा स्फीति संबंधित सम्भावना पिछलों वर्षो की तुलना में बेहतर है गत वर्ष में लगातार वृद्धि गत मुद्रा स्फीति में कमी आने की संभावना हैं। पिछले दस वर्षो में भारत के आधारभूत क्षेत्रों में मुख्यत: निवेश हुए है जिसमें प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी शामिल थे यही कारण है कि भारत को चीन के बाद दूसरे स्थान पर विकासशील अर्थव्यवस्था का स्थान दिया गया।

वर्तमान परिदृश्य में नये निवेशकों में गिरावट आई है निवेशकों में कमी के कारण परियोजनाओं की सम्भावनाएँ प्रभावित हुएँ है। बैंक तथा वित्तीय संस्थानों के माध्यम से यह ज्ञात हुआ है कि वर्ष 2012-13 में बड़ी फर्मो द्वारा नये परियोजनाओं में किए गए कुल निवेशों में 48 प्रतिशत की कमी आई है। दूरसंचार सड़क परियोजनाओं तथा विमान क्षेत्रों में किए गए निवेशों में विशेष रूप से कमी आई है।

परिणामस्वरूप पूँजीगत उत्पादन क्षेत्रों में आदेशों के अभाव में विभिन्न उत्पादन क्षेत्रों में विपरीत प्रभाव पड़ा है, समष्टि आर्थिक दृष्टि से भारत इस समय ऊर्जा की कमी के कारण उत्पादन क्षैत्रों में अनेक समस्याएँ उत्पन्न हो रही है तथा ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि के मार्ग भी अवरूद्ध है। 12वीं पंचवर्षीय योजना के क्रियान्वयन में लगभग 40 प्रतिशत ऊर्जा संबंधित आवश्यकताओं की पूर्ति आयात द्वारा पूरा करना होगा अत: आवश्यक है कि ऊर्जा संबंधित उप क्षेत्रों जैसे पेट्रोलियम प्राकृतिक गैस कोयला आदि के घरेलू उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। उपायो के अतिरिक्त देश में बैंकिंग तथा वित्ता संबंधित सेवाओं के भी विस्तार की आवश्यकता है, जिससे विकास एवं उत्पादन संबंधित कार्यो के लिए वित्तीय सुविधाएँ त्वरित उपलब्ध कराया जा सके।

संदर्भ सूची

1. एस.पी. सिंग, आर्थिक विकास का नियोजन।
2. रूद्र दत्त एवं सुन्दरम्, भारतीय अर्थव्यवस्था।
3. वार्षिक रिपोर्ट - भारतीय रिजर्व बैंक परिशिष्ट सितम्बर 2012
4. मनोरमा ईयर बुक 2012।
5. Jha N. K. Indion Economy "Dhankar Publications Pvt. Ltd." 259Prabhat NagarMeerut -250001(U.P.)
6. भारत में बैंकिंग की प्रवृति एवं प्रगति संबंधी रिपोर्ट भारतीय रिजर्व बैंक परिशिष्ट नवम्बर 2012।
7. दैनिक समाचार पत्र द इकानॉमिक टाईम्स।
8. रोजगार निर्माण नवम्बर-2012।

****

ग्रामीण भारत के विकास का कल और आज

डॉ. अनिल कुमार जैन *

नगरों का निर्माण मनुष्य ने किया है, तथा ग्राम ईश्वर द्वारा बनाए गये है। इस प्राचीन उक्ति से ग्राम जीवन की प्राचीनता और महत्व प्रतिपादित होता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि हमारी सभ्यता और संस्कृति का स्वाभाविक पूर्ण विकास ग्रामों के अंचल में ही हुआ है। आर्य संस्कृति के प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद में जिस सभ्यता के संकेत मिलते है, उसका पल्लवन ग्रामों में ही हुआ था। हमारा भारत ग्रामों का देश है 'सुजला, सुफला, मलयज शीतलां, शस्य श्यामलां मातरम' कहकर हमारे राष्ट्रगान में जिस मातृभूमि का चित्रण किया गया है, वह हमारे देश के ग्राम प्रधान स्वरूप को ही प्रदर्शित करता है।

भारत की तीन चौथाई आबादी गांवों में निवास करती है। इसका कारण ही भारत को गांवों का देश कहा जाता है। भूमि, जन और जनकी संस्कृति से राष्ट्र बनता है, अत: भारत के समग्र विकास का मूल्याकंन का आधार ग्रामीण विकास ही हो सकता है। इस सच्चाई को भारत में लोकतंत्र की स्थापना के बाद ही, गंभीरता से महसूस किया गया और ग्रामीण विकास को, संपूर्ण नियोजन प्रक्रिया में अहम् महत्व दिया हैं।[1]

ऐतिहासिक दृष्टि से ग्रामीण विकास कार्य का प्रारंभ ब्रिटिश शासन से माना जा सकता है। सन् 1866 तथा 1880 में आये भीषण अकाल के प्रभाव को कम करने के लिये भूमि, सुधार, सिंचाई कार्य, यातायात विस्तार आदि के कार्य शासन ने प्रारंभ किये थे। ग्रामीण विकास के लिये कुछ व्यक्तिगत किये गये प्रयास भी उल्लेखनीय महत्व के है, यथा-रविन्द्रनाथ टैगोर द्वारा 1921 में श्री निकेतन ग्रामीण पुन: निर्माण परियोजना, इसी वर्ष में डॉ. स्पैंसर हैच द्वारा मातीडम परियोजना सन् 1927 में एफ.एल.ब्रायन द्वारा गुडगांव परियोजना तथा सन् 1936 में महात्मा गांधी द्वारा प्रारंभ सेवा ग्राम परियोजना आदि मुख्य है।[2]

ग्रामीण विकास वस्तुत: एक बहु विविध संकल्पना है। इसका क्रियान्वयन शासन, स्वशासन, ऐच्छिक सामाजिक संगठन तथा ग्रामवासियों के सामूहिक तथा व्यक्तिगत सम्मिलित सहयोग से ही संभव है। ग्रामीण विकास से तात्पर्य है, हमारे कृषि प्रधान देश में ग्रामों में निवास करने वाले ग्रामीण लोगों के जीवन स्तर एवं परिवेश में सुधार के साथ विकास के सभी आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक क्षेत्र में उन्हें समता तथा न्याय के अधिकार सम्पन्न बनाना।

इस उद्देश्य से ग्रामीण विकास की कार्य योजना में, कृषि तथा इससे सहायक गतिविधियाँ, ग्रामीण और कुटीर उद्योग, शिल्पकारी, सामाजिक आर्थिक अधोसंरचना, सामुदायिक सेवाऐं - शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात आदि ग्रामीण क्षेत्र के मानव संसाधन विकास के सभी कार्य सम्मिलित है। इन सभी घटकों का उन्नयन ही ग्रामीण विकास है। इसकी उपलब्धि यह होगी कि ग्रामवासी एवं ग्रामीण जन जो अभी तक सत्ता व समाज द्वारा उपेक्षित विविध अभाव एवं कठिनाईयों से भरा जीवन जी रहे है। वे मुक्त होकर आत्म निर्भर बने एवं देश के समग्र विकास में बराबरी का अपना भाग प्राप्त कर सके। इसके लिये भारत सरकार, राज्य सरकार, स्वशासन तथा समाज द्वारा किये गये प्रयास दृश्यव्य हैं -

इनमें भारत सरकार द्वारा पंचवर्षीय योजनाओं द्वारा ग्रामीण विकास का दीर्घकालीन कार्यक्रम तैयार किया गया। प्रथम पंचवर्षीय योजना सन् 1951-1956 में कृषि विकास को लक्ष्य में रखकर सिंचाई और बिजली के विकास पर केन्द्रित थी, किन्तु इसके अतिरिक्त 'सामुदायिक विकास कार्यक्रम (1952) तथा 'राष्ट्रीय विस्तार सेवा कार्यक्रम (1953)' भी ग्रामीणों को दिशा दर्शन करने एवं दीर्घकालीन विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किये गये थे।

दूसरी पंचवर्षीय योजना में ग्रामीण उद्योगों को प्राथमिकता दी गई। इस योजना के अंतर्गत ''खादी एवं ग्रामीण उद्योग कार्यक्रम (1957), विशेष पैकेज कार्यक्रम (1960), ग्रामीण आवासीय परियोजना (1957), बहुउद्देशीय अनुसूचित जाति विकासखण्ड कार्यक्रम (1957) गहन जिला कृषि कार्यक्रम (1960) आदि क्रियान्वित किये गये। इसी प्रकार तीसरी पंचवर्षीय योजना भी ग्रामीण विकास पर केन्द्रित रही। इसमें ग्रामीण उद्योग परियोजना (1962), गहन क्षेत्र कार्यक्रम (1964) तथा कृषक प्रशिक्षण और शिक्षा कार्यक्रम (1966) कुआ निर्माण कार्यक्रम (1966) आलित किये गये।

उपर्युक्त तीनों योजनाओं में पर्याप्त धनराशि व्यय करने के पश्चात् भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। शिव की जटा में ही ग्रामीण कल्याण की गंगा उलझकर रह गई। इन योजनाओं के लिये शासन ने लक्ष्य, समय-सीमा तथा व्यय धनराशि निश्चित की थी, अत: ये अधिकारियों के फर्जी आंकड़ों और कार्यो का विवरण मात्र बनकर रह गई।

आम कृषक तक इनके कार्य, कार्य प्रणाली व लाभ की गूंज नहीं पहुँची, क्योंकि इसके लिये पर्याप्त साधन, सुविधा, प्रशिक्षण और मैदानी कार्यकर्ताओं का अभाव था। योजनाओं को मूर्तरूप देने के लिये सद्इच्छा और नियंत्रण का अभाव होने से इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिला। कतिपय साधन सम्पन्न शिक्षित ग्रामीण अवश्य इससे लाभान्वित हुए। ये योजनाऐं देश में भ्रष्टाचार के रूप में काफी चर्चित रही हैं।

आर्थिक कारणों से चौथी योजना (1969-74) देर से प्रारंभ हुई। इसमें विकास की अवधारणा व कार्यक्रम में बदलाव किया गया। छोटे व सीमान्त किसानों, खेतिहर मजदूरों को ध्यान में रखकर नये कार्यक्रम प्रारंभ किये गये। इनमें ''ग्रामीण जनशक्ति कार्यक्रम (1969),' 'सूखा क्षेत्र प्रवण कार्यक्रम (1970)', 'ग्रामीण रोजगार नगदी योजना (1971)' 'जनजाति क्षेत्र विकास कार्यक्रम 1972', ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम (1972)' विशेष उल्लेखनीय है। पांचवी पंचवर्षीय योजना ''लघु कृषक विकास एजेन्सी (1974)पूरे देश में कृषि यंत्रों एवं कृषि निवेशों हेतु किये गये प्रयत्नों के रूप में विशेष महत्वपूर्ण रही है। इसी योजनाकाल में बीस सूत्रीय कार्यक्रम (1977) के आठ महत्वपूर्ण विषयों को ग्रामीण विकास में सम्मिलित किया गया। इनमें मानव संसाधन विकास के रूप में शिक्षा स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, सम्पर्क मार्ग तथा महिलाओं और बच्चों हेतु पौष्टिक आहार व आवास स्थल आदि सम्मिलित है।

छठवीं योजना का नारा गरीबी उन्मूलन तथा मजदूरी परक रोजगार, ग्रामों में उपलब्ध कराने पर केन्द्रित रही है। इसके अन्तर्गत ''राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम लागू किया गया। सातववीं पंचवर्षीय योजना (1985-90) में ग्राम पंचायतों की सहभागिता निश्चित करने के लिये ग्रामीण भूमिहीन

* सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

रोजगार योजना समाप्त कर उसके स्थान पर ''जवाहर रोजगार योजना (1989) द्वारा केन्द्र सरकार से प्राप्त संसाधनों से 80 प्रतिशत सीधे पंचायतों को हस्तान्तरित करने की व्यवस्था की गई। योजना के क्रियान्वयन में जनभागीदारी को लंबे अंतराल बाद महत्व दिया गया।

आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992-97) द्वारा शिल्पकारों को आय में वृद्धि के लिये ''उन्नत टूल किट्स योजना (1992), चालू की गई। इसके साथ-साथ ''पेयजल योजना'' तथा ''ग्रामीण अनाज बैंक योजना (1996)'' प्रारंभ की गई। नवीं योजना में गरीबी निवारण तथा रोजगार मूलक योजनाओं को समाप्त कर'' स्वर्ण जयंती स्वरोजगार योजना'' के द्वारा प्रतिपादित किया गया कि मात्र ऋण व अनुदान वितरण करना ही पर्याप्त नहीं है। इसका उद्देश्य ऐसा वातावरण बनाना रहा, जिससे स्वरोजगारी स्वयं उद्यमी बन सके। इसके साथ ही ''जवाहर ग्राम समृद्धि योजना'' तथा सुनिश्चित रोजगार योजना'' को मिलाकर नई ''संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना 2001'' प्रारंभ की गई। नवीं योजना की ''प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना'', स्वजलधारा कार्यक्रम (2002) तथा समग्र आवास योजना (1999) आदि भी महत्वपूर्ण है।

दसवीं पंचवर्षीय योजना (2002-2007) काल में प्रारंभ की गई। ''राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (2005), ''भारत निर्माण योजना (2005), ''राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम (2005), ''वर्षा बीमा योजना (2005), आधारभूत संरचना के विकास तथा स्वास्थ्य एवं वर्षा बाढ़ से हानि से रक्षा हेतु इनका महत्व है। इस योजनाकाल की सर्वाधिक चर्चित योजना ''राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना'' है, जिसके द्वारा ग्रामवासियों को वर्ष में 100 दिन के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की गई है।[3] वर्तमान में 11 वीं योजना चल रही है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। अत: योजनाओं में सर्वाधिक महत्व कृषि क्षेत्र को दिया गया। प्रथम योजना में कुल व्यय 1960 करोड़, इसमें 377 कृषि पर, दूसरी योजना व्यय 4672 करोड़, कृषि पर 20.9 प्रतिशत तीसरी योजना का व्यय 8577 करोड़ कृषि पर 20.5 प्रतिशत, चतुर्थ योजना का कुल व्यय 15579 करोड़ इसमें कृषि पर 23.3 प्रतिशत, पंचम योजना का व्यय 39426 करोड़ कृषि पर 22.1 प्रतिशत, छठी योजना में कुल व्यय 109392 करोड़ कृषि पर 23.7 प्रतिशत, सातवीं योजना में व्यय 218730 करोड़ में कृषि पर 20 प्रतिशत आठवीं योजना में 485457 करोड़ व्यय हुआ जिसमें कृषि का भाग 20.9 प्रतिशत रहा, नवीं और दसवीं योजनाओं में कुल व्यय का कृषि पर 19.9 प्रतिशत खर्च हुआ। इससे स्पष्ट है कि ग्रामीण विकास में सिर्फ कृषि पर पूरी योजना का लगभग 21-22 प्रतिशत धन खर्च हुआ। शेष राशि स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, रोजगार तथा समाज कल्याण कार्य पर व्यय हुई।[4]

ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने के लिये आजादी के बाद सरकार द्वारा किये गये योजनाबद्ध प्रयास निसंदेह प्रशंसनीय रहे हैं। इसका सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण प्रमाण है, हमारी हरित क्रांति जिससे हम खाद्यान्न उत्पादन में न सिर्फ आत्मनिर्भर हुए वरन भारत को खाद्यान्न निर्यात का भी अवसर मिला है। कृषि उत्पादन में वृद्धि के समान्तर औद्योगिक विकास, परिवहन तथा सामुदायिक विकास में भी भारत ने विकास के अपूर्व उदाहरण प्रस्तुत किये हैं।

यथार्थ में विकास परिवर्तन की प्रक्रिया हैं। यह प्रक्रिया आर्थिक प्रगति के साथ सामाजिक न्याय से भी जुड़ी होती है। सत्ता के सारे प्रयास प्राय: मुख्य रूप में (विकास के प्रयास) भौतिक उपलब्धियों को लेकर ही होने के कारण सामाजिक न्याय का लक्ष्य पिछड़ जाता है। आर्थिक उपलब्धियों का लाभ भी प्राय: दबंग उठा लेते है। इसलिये आंकडों द्वारा विकास की उपलब्धियों पर गर्व सिर्फ संतोष का विषय अवश्य हो सकता है। विकास की प्रकृति बहुआयामी है, जो बहुत कुछ देश की आर्थिक सामाजिक एवं राजनैतिक स्थितियों के अनुरूप सत्ता की नीति व रीति के अनुरूप परिवर्तित होती है। इसीलिये विगत 60-65 वर्षो में जो प्रयास किये गये वे औपचारिक होने से ग्रामीण समाज की दशा व दिशा को बदलने में सफल नहीं रहे हैं। यह स्थिति इसलिये बनी कि योजनाओं व कार्यक्रमों का निर्माण व क्रियान्वयन ग्रामीण समाज की अपनी सांस्कृतिक विरासत व ऐतिहासिक अनुभवों को ध्यान में रखते हुए राजनैतिक दृष्टि से दिल्ली में वातानुकूलित कक्षों में बैठे आई.ए.एस. अफसरों द्वारा किया गया। साथ ही नियोजन की संपूर्ण प्रक्रिया, भूगोलविदों तथा मनोवैज्ञानिकों की प्रतिक्रिया को नकारते हुए अर्थशास्त्रियों की पैतृक सम्पत्ति के रूप में स्वीकृत की गई है। निचले स्तर से नियोजन, विकेन्द्रिकरण एवं बहुस्तरीय नियोजन की प्रक्रिया को सैद्धान्तिक स्तर पर अपनाकर भी उसे कागज पर बनाये रखा गया।

ग्रामीण विकास की महत्ता को, संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी स्वीकार करते हुए, विकासोन्मुख राष्ट्रों के लिये अपने सन् 1970 के प्रस्ताव द्वारा ग्रामीण विकास संकल्पना का प्रतिपादन किया है। (प्रस्ताव संख्या 2681) इस प्रस्ताव के संदर्भ में मार्च 1976 में भारत के तत्कालीन वित्त मंत्री एस.सुब्रह्मण्यम ने समन्वित ग्रामीण विकास की प्रकृति और क्षेत्र का विश्लेषण इन शब्दों में किया है ''समन्वित ग्रामीण विकास का तात्पर्य आवश्यक संस्थागत एवं व्यवहारिक परिवर्तन लाकर प्रसार विधियों द्वारा न केवल आर्थिक विकास हेतु, अपितु सामाजिक विकास हेतु भी आवश्यक अवस्थापनात्मक सेवायें प्रदान करके, लोगों एवं क्षेत्र का संपूर्ण विकास किया जाना है। जिसका अंतिम लक्ष्य ग्रामीण विकास के गुणात्मक सुधार है।''

विकास और विनाश की दशा व दिशा समय और परिस्थिति तथा अन्य कारणों से भी प्रभावित होती है। परिवर्तन प्रकृति का नियम है, परन्तु मानव संस्कारवश परम्परावादी होता है। वह सहज ही पुरातन का त्याग कर नवीन को स्वीकार करने की जोखिम लेना स्वीकार नहीं करता है। इसके बाद भी जब बदलाव की आंधी आती है तो सब कुछ बदल ही देती है। इलेक्ट्रानिक संचार क्रांति ने कैसे दिन-रात में दुनिया को हाथ में सीमित ग्राम बना दिया है। ऐसे में अब ग्रामीण और नगरीय विकास की बात ही बेमानी हो गई है।

भारत में प्रधानमंत्री सड़क योजना ने प्राय: ग्रामों को उपनगर बना दिया है। आर्थिक समृद्धि की होड़ में उद्योगपति से आज का ग्रामीण कृषक पीछे नहीं है। प्याज की एक फसल में, महाराष्ट्र के गांव के एक किसान ने सवा करोड़ का उत्पादन विक्रय किया। मालवा के एक ग्रामीण ने अपने गांव में ही अंगूर की बेटी शराब का उत्पादन प्रारंभ कर निर्यात के क्षेत्र में प्रवेश किया है। नीमच जिले के 2000 की आबादी वाले गांव में 22 ट्रेक्टर है, और घर-घर में मोटर साइकिल (परिवार के प्रति सदस्य के मान से उपलब्ध है। लगभग सभी घरों को बिजली की सुविधा प्राप्त है। जहां कल ग्रामीण आदिवासी के हाथ ट्रांजिस्टर के तराने गुंजते थे, वहां आज महंगे मोबाईल से मिलने का समय तय हो रहा है। कभी खाद बीज के प्रयोग से परहेज करने वाला किसान, आज ब्लेक में, मनमाने रेट पर इनका क्रेता है। यही किसान एक दिन पन बिजली योजना के बड़े बांधों के पानी को सिंचाई के अनुपयुक्त मानता था कि इस पानी से बिजली निकालने के कारण पानी शक्ति रहित हो गया है, वहीं आज इस पानी का उपयोग अपने लिए वरदान मान रहा है।

सामाजिक क्षेत्र में भी अस्पृश्यता का आज नामो निशान नहीं है। छूआ-छूत भी मिट गई है। हरिजन आदिवासी ग्राम प्रधान है। ग्राम पंचायतों को 73

वें संविधान संशोधन द्वारा संवैधानिक अधिकार मिलने से सत्ता का विकेन्द्रीकरण हुआ है तथा विकास की गंगा प्रवाहित हुई है। उससे आज के गांव गांधीजी के स्वप्नों के अनुरूप लगभग स्वावलम्बी होते जा रहे। परिवहन व संचार के साधनों से व्यक्ति व परिवार की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति हो रही है। राजनीतिक अधिकारों में वृद्धि हुई है। भारत की प्रथम लोकसभा में जहाँ कुल 97 सांसद कृषक थे, वहां क्रमश: वृद्धि होते हुए तेरहवीं लोकसभा में 230 कृषक पहुँचे है। प्रतिनिधित्व का प्रतिशत 22.4 प्रतिशत से निरन्तर बढ़ते हुए 42.6 प्रतिशत पर पहुँच गया है। देश की राजनीति में कृषकों का प्रभावी नेतृत्व हित समूह और दबाव समूह के रूप में अपनी महत्ता बना चुका हैं। ग्रामीणों के लिये सत्ता में अवसर बढ़े है। अवसर की समानता सभी वर्गो को समान रूप में प्राप्त है। शिक्षा, चिकित्सा, आवास व रोजगार आदि सुविधाओं का विस्तार लगातार जारी है। शिक्षक और चिकित्सक तथा अधिकारियों की उपलब्धता पर जरूर प्रश्न चिन्ह लगता है।[5]

चिंता का विषय सिर्फ यह है कि ग्रामीण परिवेश में, नगरीकरण की बुराईयों का भी प्रवेश तेजी से हो रहा है। मद्यपान, राजनीतिक दल बंदी, स्वार्थपरता, शोषण तथा अंधविश्वास आदि प्रवृत्तियों से ग्रामीण जीवन की आदर्श नैतिक भातृत्व भाव व सहिष्णुता पर आधारित सामाजिक व्यवस्था विकृत हो रही है। बाजारवाद की भौतिकता की चकाचौंध का आकर्षण अपराधों में वृद्धि का कारण बन रहा है। देश में फैल रहा भ्रष्टाचार गांवों में भी न्यायपूर्ण मानवीय अधिकारों के संरक्षण में सबसे बड़ी बाधा है।

बैल और बैलगाड़ी का युग समाप्त हो गया है। सन् 1947 का गांव व भारत आज कहीं नहीं है, ग्रामीण विकास का विषय अब इतिहास बन गया है। अत: यह शोधार्थी के अध्ययन और किताबी निष्कर्ष के विषय के रूप में महत्वपूर्ण है। मैदानी स्थितियाँ आज राष्ट्रीय नहीं, अन्तर्राष्ट्रीय दृश्य और निर्णयों से प्रभावित होती है, क्योंकि वैश्वीकरण ने दुनियां की तस्वीर हथेली पर रख दी है।

संदर्भ ग्रंथ :-

1. भारद्वाज डॉ. संजय कांत, गुप्ता सारिका : ग्रामीण विकास - एक मूल्याकंन : ए जरनल ऑफ एशिया फार डेमोक्रेसी एण्ड डेवलपमेन्ट मुरैना (2008), पृष्ठ-17
2. पुनिया बी.एस. : भारत में ग्रामीण विकास - एक सिंहावलोकन : कुरूक्षेत्र (अगस्त 2004) पृष्ठ 15-19
3. अग्रवाल उमेशचन्द्र : ग्रामीण विकास में पंचवर्षीय योजनाओं की भूमिका : कुरूक्षेत्र (अक्टूबर 2007) पृष्ठ33-42
4. आर्थिक सर्वेक्षण : योजना मंत्रालय : भारत सरकार सन् 2008
5. जैन डॉ. अनिलकुमार : भारत में ग्रामीण विकास का सच : सम्पादकडॉ.एस.अखिलेश : सेन्टर फॉर रिसर्च स्टडीज रीवा (2010) पृष्ठ 59-65

****

सशक्तिकरण पर महिलाओं की राजनीतिक सक्रियता के प्रभाव का विश्लेषणात्मक अध्ययन (ग्राम तिल्लौर खुर्द के विशेष संदर्भ में)

डॉ. हेमलता चौहान *

सारांश– वर्तमान बदलते परिवेश में महिला सशक्तिकरण की बात की जा रही है। किसी भी समाज का पूर्ण विकास स्त्री पुरूष के सामंजस्य पूर्ण सहयोग पर निर्भर करता है। सशक्तिकरण होने से महिलाएँ सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक आदि सभी क्षेत्रों में महत्व भूमिका का निर्वहन कर सकती है। अत: महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए राजनीतिक और प्रशासकीय स्तर पर तो प्रयास किये जा रहे हैं उसमें सबसे अधिक आवश्यकता है कि स्वयं महिलाओं की भागीदारी बढ़े। वर्तमान में आरक्षण के चलते महिलाएँ राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, व्यवसायिक और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पदों पर सहभागिता कर रही है। पर क्या वे वास्तव में सक्रिय हैं ? क्या राजनीतिक सक्रियता से ही महिलाओं का सशक्तिकरण हो जाएगा ? अत: इस समस्या के अध्ययन के लिए ग्राम तिल्लौर खुर्द के विशेष संदर्भ में शोध कार्य किया गया। जिसमें महत्वपूर्ण कारण उभरकर सामने आए । शोधकार्य में महिलाओं के सशक्तिकरण तथा उनकी राजनीतिक सक्रियता को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण उपाय भी सुझाए गए हैं।

की वर्ड–सशक्तिकरण , राजनीतिक सक्रियता ।

प्रस्तावना –एक आदर्श समाज स्त्री और पुरूषों के सामंजस्यपूर्ण योगदान का नाम है। यह सामंजस्यपूर्ण योगदान तभी संभव है, जब सभी वर्गों के साथ समानता का व्यवहार हो और दोनों के स्तरों में बहुत अधिक अंतर न हो। महिलाएँ प्रारंभ से ही शोषित वर्गों की श्रेणी में रही है। जिससे महिलाओं को समानता का दर्जा नहीं मिल पाया।

हजारों वर्ष तक शोषित होने के कारण महिलाएँ समाज का मुख्य अंग न होकर उपभोग की वस्तु बन गयी। वर्तमान के इस प्रगतिशील युग में महिलाओं के योगदान की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। यही कारण है कि महिलाओं की महत्ता को स्वीकार किया जाने लगा है और उनके सशक्तिकरण की बात भी की जाने लगी है। 'सशक्तिकरण' वास्तव में महिलाओं की राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक तथा अन्य क्षेत्रों में निर्णयात्मक मजबूती का नाम है।

सशक्तिकरण से वह समाज के विकास में अपना योगदान दे सकती है जिससे समाज में उसकी अपनी पृथक पहचान भी होगी। महिलाओं के इस प्रकार के सशक्तिकरण के लिए राजनीतिक तथा प्रशासकीय स्तर पर विभिन्न प्रयास किये जाते रहे हैं। किन्तु सर्वाधिक आवश्यकता है, स्वयं महिलाओं की सक्रियता की। यहाँ 'सक्रियता' से तात्पर्य है महिलाएँ स्वयं विकास के विभिन्न पहलुओं से जुड़कर अपने सशक्तिकरण के लिए प्रयास करे। प्रश्न यह उठता है कि क्या केवल राजनीतिक सक्रियता से ही महिलाओं का सशक्तिकरण हो जाएगा ? अत: शोधकर्ता द्वारा 'सशक्तिकरण' पर महिलाओं की राजनीतिक सक्रियता के प्रभाव का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है।

उद्देश्य कथन – प्रस्तुत शोध में 'सशक्तिकरण' पर महिलाओं की राजनीतिक सक्रियता के प्रभाव का विश्लेषणात्मक अध्ययन ग्राम तिल्लौर खुर्द के विशेष संदर्भ में किया गया है।

अध्ययन का महत्व –

(1) महिलाओं के सशक्तिकरण के वर्तमान स्तर का पता चल सकेगा।

(2) महिलाओं की विभिन्न क्षेत्रों में सक्रियता का पता चल सकेगा ।

(3) विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी नहीं होने के कारणों का पता चल सकेगा ।

(4) अध्ययन से महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु तथा उनकी सक्रियता में वृद्धि हेतु महत्वपूर्ण उपाय सुझाये जा सकेंगे ।

शोध क्षेत्र की सीमाएँ :–

(1) महिलाओं के सशक्तिकरण पर उनकी राजनीतिक सक्रियता के अध्ययन हेतु इन्दौर जंक्शन के ग्राम तिल्लौर खुर्द का चयन किया गया है ।

(2) अध्ययन के लिए ग्राम की 40 महिलाओं का चयन शोध प्रविधि के आधार पर किया गया है ।

(3) अध्ययन के लिए 20 प्रश्नों की प्रश्नावली को आधार बनाया गया जो Nominal होंगे । प्रश्नों के उत्तार ''हाँ'' , ''नहीं'' के विकल्प में दिए गए हैं।

पूर्व साहित्य की समीक्षा –

सुधीर सक्सेना (2011) ने 'महिला सशक्तिकरण के यथार्थ और चुनौतियाँ' विषय पर चर्चा करते हुए लिखा कि सशक्तिकरण के लिए वर्तमान सरकारी प्रयास ही पर्याप्त नहीं है। अपितु इसमें और भी अधिक प्रयासों की आवश्यकता है। शीला वर्मा (2011) ने भी विकास कार्यक्रमों में जनजातीय महिलाओं पर योजनाओं के प्रभावों का अध्ययन करते हुए महिला सशक्तिकरण हेतु स्वयं उनकी जागरूकता की चर्चा की है।

विषय वस्तु –

महिलाओं का सशक्तिकरण विभिन्न कारणों से प्रभावित होकर स्वयं उनकी सक्रियता की मांग करता है। ये सक्रियता मात्र राजनीतिक न होकर समाज के सभी क्षेत्रों में होनी चाहिए क्योंकि, राजनीतिक रूप से सक्रिय महिलाएँ भी सशक्तिकरण से दूर हो सकती है। कभी–कभी राजनीतिक रूप से सक्रिय न रहने वाली महिलाओं का भी सशक्तिकरण हुआ है। महिलाओं के सशक्तिकरण को उनकी राजनीतिक सक्रियता कितना प्रभावित करती है इस बात का अध्ययन करने के लिए इन्दौर जंक्शन के ग्राम तिल्लौर खुर्द गाँव का चयन किया गया। ग्राम तिल्लौर खुर्द इन्दौर से 15.1 कि.मी. तथा अपने मण्डल से 14.1 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। इस ग्राम की आबादी 5821 (2001 की जनगणना के अनुसार) है। जिसमें सामान्य वर्ग की 288 महिलाएँ और 315 पुरूष , पिछड़ा वर्ग की 876 महिलाएँ और 1003 पुरूष , अनुसूचित जाति वर्ग की 697 महिलाएँ और 702 पुरूष, अनुसूचित जनजाति वर्ग की 915 महिलाएँ और 1027 पुरूष हैं। ग्राम में 1066 परिवार निवास करते हैं जिनमें 69% हिन्दू , 17% मुस्लिम और शेष 14% अन्य समुदायों के लोगों का निवास है। औद्योगिक क्षेत्र इन्दौर के नजदीक होने के कारण गाँव का काफी विकास हुआ है। यहाँ सड़कों का सीमेन्टीकरण लगभग पूरे गाँव में हो चुका है। यह कहना गलत नहीं होगा कि इस गॉव का विकास सार्वभौमिक रूप में हुआ है। किन्तु अत्यधिक भौतिक विकास के

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान), शासकीय महाविद्यालय, बड़नगर (म.प्र.) भारत

बावजूद महिलाओं का सशक्तिकरण पूर्ण रूप से नहीं हो पाया है। ग्राम की जिन महिलाओं का राजनीतिक पदों पर चयन हुआ है वे आरक्षण व्यवस्था के कारण पद धारण किए हुए है। अधिकांश महिलाएँ अभी भी शिक्षित नहीं है जबकि राजनीति में सक्रिय है। उन्हें अपने अधिकारों और सुविधाओं का ज्ञान नहीं है। महिलाएँ स्वयं आगे बढ़कर किसी प्रकार की सक्रियता दिखाने में झिझकती है। अत: 'सशक्तिकरण पर महिलाओं की राजनीतिक सक्रियता के प्रभाव' का अध्ययन किया गया।

अध्ययन के उद्देश्य –

(1) महिलाओं की राजनीतिक सक्रियता का अध्ययन करना ।
(2) महिलाओं को गैर सक्रिय क्षेत्रों में भागीदारी के कारणों का अध्ययन करना।
(3) महिलाओं के सशक्तिकरण के वर्तमान स्तर का पता लगाना ।
(4) महिलाओं के पूर्ण सशक्तिकरण हेतु उपाय सुझाना ।
(5) महिलाओं की विभिन्न क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाने हेतु उपाय सुझाना ।

शोध अध्ययन की परिकल्पनाएँ –

शोध अध्ययन की परिकल्पानाएँ इस प्रकार है :-

Ho :- (1) महिलाओं की राजनीतिक सक्रियता और सशक्तिकरण परस्पर निर्भर है।

Ha :- (1) महिलाओं की राजनीतिक सक्रियता और उनके सशक्तिकरण में परस्पर संबंध नहीं है।

Ho :- (2) महिलाओं का सशक्तिकरण उनकी राजनीतिक निष्क्रियता से प्रभावित होता है।

Ha :- (2) महिलाओं के सशक्तिकरण का उनकी राजनीतिक निष्क्रियता से कोई संबंध नहीं है।

Ho :- (3) राजनीतिक सक्रियता से महिलाओं की सशक्तिकरण में वृद्धि होने और नहीं होने में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

Ho :- (4) राजनीतिक रूप से गैर सक्रिय महिलाओं के सशक्तिकरण होने और नहीं होने में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

अध्ययन विधि – महिलाओं के सशक्तिकरण पर उनकी राजनीतिक सक्रियता के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए चयनित ग्राम तिल्लौर खुर्द से 40 महिलाओं का चयन उद्देश्यीकृत निर्दशन विधि से किया गया। 26 ऐसी महिलाओं का चयन किया गया जो राजनीतिक रूप से सक्रिय हैं और 14 ऐसी महिलाओं का चयन किया गया जो राजनीतिक रूप से सक्रिय नहीं है। महिलाओं का चयन करते समय उनके वर्ग का भी ध्यान रखा गया जिनके अनुसार अ.ज.जा. वर्ग से 08 महिलाएँ, अ.जा. वर्ग से 16 महिलाएँ, अ.पि.व. से 10 महिलाएँ और सामान्य वर्ग से 06 महिलाओं का चयन किया गया।

तालिका क्र. – 01
चयनित न्यादर्शी का विवरण

चयनित का क्षेत्र	वर्गवार चयनित न्यादर्शी की संख्या				कुल	प्रतिशत
	अजजा	अजा	अपिव	सामा.		
राजनीतिक रूप से सक्रिय	06 75%	10 62.5%	06 60%	04 66.67%	26 100%	65%
राजनीतिक रूप से सक्रिय नहीं	02 25%	06 37.5%	04 40%	02 33.33%	14 (100%)	35%
कुल	08 20%	16 40%	10 25%	06 15%	40 (100%)	100%

अध्ययन हेतु उपकरण – प्रस्तुत विश्लेषणात्मक अध्ययन हेतु शोधकर्ता द्वारा 'महिलाओं के सशक्तिकरण पर राजनीतिक सक्रियता से प्रभाव' का मापन करने के लिए **Nominal Scalled Method** का प्रयोग किया गया है। जिनमें प्रश्नावली तथा अनुसूचि हेतु 20 प्रश्नों का समावेश किया गया ।

सांख्यिकी विधियाँ –

प्रस्तुत अध्ययन में χ^2 **(Chi) test** का प्रयोग किया गया है।

आँकड़ो का विश्लेषण –

तालिका क्र. – 02
राजनीतिक रूप से सक्रिय और सक्रिय नहीं रहने वाली महिलाओं का संख्यात्मक विवरण

चयनित का आधार चयनित का क्षेत्र	सशक्तिकरण हुआ	सशक्तिकरण नहीं हुआ	कुल	प्रतिशत
राजनीतिक रूप से सक्रिय	08 31%	18 69%	26 (100%)	65%
राजनीतिक रूप से सक्रिय नहीं	10 71%	04 29%	14 (100%)	35%
कुल	18 45%	22 55%	40 (100%)	100%

उपरोक्त तालिका में χ^2 का आकस्मिक मूल्य सारणी मूल्य से अधिक है अत: स्पष्ट होता है कि राजनीतिक सक्रियता से ही सशक्तिकरण संभव नहीं है। राजनीतिक रूप से सक्रिय / निष्क्रिय महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतिशत 45% है जबकि राजनीतिक रूप से सक्रिय / निष्क्रिय महिलाओं के सशक्तिकरण न होने का प्रतिशत 55% है जो कि मात्र राजनीतिक सक्रियता और सशक्तिकरण के परस्पर संबंधित न होने की पुष्टि करते हुए महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता बताता है।

तालिका क्र. – 03
राजनीतिक रूप से सक्रिय और निष्क्रिय रहने वाली महिलाओं के सशक्त होने का विवरण

Frequency	fo	fe	$fo-fe$	$(fo-fe)^2$	$\frac{(fo-fe)^2}{fe}$	χ^2 का अंक मान
राजनीतिक रूप से सक्रिय	08	11.7	−3.7	13.69	1.17	$\chi^2 = 3.34$
राजनीतिक रूप से सक्रिय नहीं	10	6.3	+3.7	13.69	2.17	
कुल	18	18	0	27.38	3.34	

उपरोक्त तालिका में राजनीतिक रूप से सक्रिय रहने वाली महिलाओं के सशक्तिकरण और सक्रिय न रहने वाली महिलाओं के सशक्तिकरण का χ^2 का आकस्मिक मूल्य सारणी मूल्य से अधिक है जो .05 डिग्री स्तर पर देखा गया है। अत: राजनीतिक रूप से सक्रियता से ही महिलाओं का सशक्तिकरण संभव नहीं है क्योंकि आरक्षण व्यवस्था के कारण महिलाएँ राजनीतिक पदों को तो प्राप्त कर लेती है, किन्तु पदों से जुड़ी स्वतंत्रताओं और सुविधाओं के उपयोग में स्वयं सक्षम नहीं बन पायी है। साथ ही राजनीतिक सक्रियता किसी भी प्रकार से उनके सामाजिक, शैक्षणिक आदि सशक्तिकरण की कोई ग्यारंटी नहीं देती। न ही उन्हें अन्य क्षेत्रों में सशक्तिकरण के योग्य ही बनाती है।

अत: यह परिकल्पना की राजनीतिक सक्रियता और सशक्तिकरण परस्पर निर्भर है अस्वीकार की जाती है। महिलाओं की राजनीतिक सक्रियता उनके सशक्तिकरण का एक पहलु मात्र है।

तालिका क्र. – 04
राजनीतिक रूप से सक्रिय रहने वाली और सक्रिय न रहने वाली महिलाओं के सशक्तिकरण न होने का विवरण

Frequency	fo	fe	$fo - fe$	$(fo - fe)^2$	$\frac{(fo - fe)^2}{fe}$	χ^2 का अंक मान
राजनीतिक रूप से सक्रिय	04	7.7	−3.7	13.69	1.77	$\chi^2 = 2.72$
राजनीतिक रूप से सक्रिय नहीं	18	14.3	+3.7	13.69	0.95	
कुल	22	22	0	27.38	2.72	

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि राजनीतिक रूप से सक्रिय रहने वाली और सक्रिय न रहने वाली महिलाओं के सशक्तिकरण न होने का χ^2 का आकस्मिक मूल्य सारणी मूल्य से अधिक है जो 05 डिग्री स्तर पर देखा गया। जो महिलाएँ राजनीतिक रूप से सक्रिय नहीं है उनके सशक्तिकरण न होने का यह कारण नहीं है। राजनीतिक रूप से गैर सक्रिय महिलाएँ जीवन के अन्य क्षेत्रों में सशक्त है ।

सामाजिक, आर्थिक आदि क्षेत्रों में निर्णयात्मक स्थिति में है। अपनी समझ, बुद्धि और कार्यक्षमता के आधार पर स्वयं का सामाजिक सशक्तिकरण कर सकी है। अत: यह परिकल्पना की महिलाओं का सशक्तिकरण उनकी राजनीतिक निष्क्रियता से प्रभावित होता है, अस्वीकार की जाती है।

तालिका क्र. – 05
राजनीतिक रूप से सक्रिय महिलाओं के सशक्तिकरण होने और न होने का विवरण

विवरण	संख्या	प्रतिशत
सशक्तिकरण हुआ	08	31%
सशक्तिकरण नहीं हुआ	18	69%
कुल	26 (65%)	100%

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि राजनीतिक रूप से सक्रिय महिलाओं के सशक्तिकरण होने का प्रतिशत 31% है जबकि सशक्तिकरण नहीं होने का प्रतिशत 69% है। राजनीतिक में सक्रिय महिला के सशक्तिकरण के पीछे उसकी सक्रियता न होकर संबंधित क्षेत्र में भी बराबर सक्रियता रही है। अत: यह परिकल्पना कि राजनीतिक रूप से सक्रिय महिलाओं के सशक्तिकरण होने और न होने में कोई सार्थक अंतर नहीं है। उपरोक्त प्रतिशत के अंतर के आधार पर अस्वीकार की जाती है।

तालिका क्र. – 06
राजनीतिक रूप से सक्रिय न रहने वाली महिलाओं के सशक्त होने और न होने का विवरण

विवरण	संख्या	प्रतिशत
सशक्तिकरण हुआ	10	71%
सशक्तिकरण नहीं हुआ	04	29%
कुल	14 (35%)	100%

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि राजनीतिक रूप से सक्रिय न रहने वाली महिलाओं के सशक्तिकरण होने का प्रतिशत 71% है जो कि राजनीतिक रूप से सक्रिय न रहने वाली महिलाओं के प्रतिशत 29% से कहीं ज्यादा है। ऐसी महिलाएँ जो राजनीतिक रूप से सक्रिय नहीं है और जिनका सशक्तिकरण नहीं हो पाया है वे किन्हीं विशेष कारणों से पिछड़ी होंगी।

मात्र राजनीतिक निष्क्रियता से नहीं । ऐसी महिलाएँ जीवन के किन्हीं भी क्षेत्रों में सक्रिय नहीं रहती होगी क्योंकि वे राजनीतिक रूप से सक्षम नहीं होगी। ऐसा माना जा सकता है किन्तु जीवन के सभी क्षेत्रों में मात्र इस कारण से सशक्तिकरण के पीछे नहीं रह सकती । अत: यह परिकल्पना कि राजनीतिक रूप से गैर सक्रिय महिलाओं के सशक्तिकरण होने और नहीं होने में कोई सार्थक अंतर नहीं है, अस्वीकार की जाती है।

निष्कर्ष और सुझाव – कृषि कार्य में संलग्न होने से लोगों की आर्थिक स्थिति अच्छी है। सामाजिक रूढ़ीवादिता के चलते अति उच्च शिक्षा को महिलाओं के लिए आवश्यक न मानते हुए भी बदलते परिवेश में महिलाओं की सामाजिक परिस्थिति में कुछ परिवर्तन आया है। जहाँ तक महिलाओं की राजनीतिक सक्रियता का सवाल है। गाँव के लोग महिलाओं को सक्रिय राजनीति के योग्य नहीं मानते । साथ ही उनकी सफलता को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है। किन्तु आरक्षण व्यवस्था के चलते मजबूरीवश महिलाओं को चुनाव तो लड़वाया जाता है मगर राजनीति में उनकी सक्रिय भागीदारी पर आपत्ति लगायी जाती है।

अत: जो महिलाएँ राजनीति में सक्रिय है वे वास्तव में सक्रिय न होकर पुरूषों के कहने पर पद बचाने के लिए राजनीति में आयी है । इससे उनके सशक्तिकरण से इसका कोई मेल नहीं बैठता है। साथ ही वे महिलाएँ जो राजनीति से नहीं जुड़ी है किन्तु शिक्षा समझ तथा बदलते परिवेश के अनुरूप स्वयं को ढालते जाने के कारण सशक्त हो पायी है।

अत: राजनीतिक सक्रियता का महिलाओं के सशक्तिकरण से पूर्णतया निर्भरता वाला संबंध न होकर सम्पूर्ण और पहलू का संबंध है। महिलाओं की सम्पूर्ण क्षेत्रों मे सक्रियता और सशक्तिकरण आवश्यक है। इसके उपाय के रूप में महिलाओं को स्वयं भी अपने पिछड़ेपन की मनोवृत्ति से बाहर आना होगा और पुरूष प्रधान समाज को भी उन्हें समाज का मुख्य अंग मानकर बराबरी का दर्जा देना होगा तभी उनका सशक्तिकरण संभव है।

संदर्भ स्त्रोत –

- Indira & Rao B. Sambasiva (2005) 'Empowerment of women and Rural development' , Serial Publication , Delhi.

1. George, P.A. , 'Enlightenment of women & social changes, Northern Book Centre, New Delhi.
2. Anmon (1979) , 'Women and Society , Equality and Empowerment' , Kanisha Publications, New Delhi.
3. Kalbagh, C. (1999) Women and Development', Discovery Publishing house Vol. III.
4. Reddy, K.S. (1997) , 'Inequality Problems in men and women , Prajashakti Book house, Hyderabad.
5. रिसर्च बुलेटिन (अप्रैल 2011) , म.प्र. सामाजिक विज्ञान शोध समग्र, वर्ष–प्रथम, अंक – प्रथम, लोक विकास एवं अनुसंधान ट्रस्ट इन्दौर ।
6. विधायिनी, अप्रैल – जून 2011, म.प्र. विधान सभा सचिवालय, त्रैमासिक पत्रिका, वर्ष – 19, अंक 02 ।
7. चेतना, दैनिक समाचार पत्र, 'सफलता के हर पायदान पर है नारी' लेख, डॉ. हेमलता चौहान, 7 मार्च 2010, रतलाम, पृ.क्र. – प्लस

****

गाँधी के सपनों का भारत

डॉ. अनिल कुमार जैन *

गांधीजी युग पुरूष थे। वे भारत में ऐसी नवीन समाज व्यवस्था करना चाहते थे जो सत्य और अहिंसा पर आधारित हो, जिसमें किसी भी रूप में मनुष्य का शोषण न हो। जिसमें आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक तथा धार्मिक सभी क्षेत्रों में विषमता के स्थान पर समता, प्रतिस्पर्धा के स्थान पर सहयोग और संघर्ष के स्थान पर सद्भावना और प्रेम का साम्राज्य हो।

गांधीजी के सपनों का भारत मूलत: रामराज्य के आदर्श का प्रतिरूप रहा है। महाकवि गोस्वामी तुलसीदास ने इस कल्पना को इन शब्दों में साकार किया है –

दैहिक दैविक भौतिक तापा, राम राज्य नहीं कहुहि व्यापा।
सबनर करहि परस्पर प्रीति, चलहि स्वधर्म निरत श्रुतिनीति ।।

गांधीजी स्वतंत्रता पश्चात् इन्हीं प्रतिमानों पर भारतीय समाज की नवरचना के आकांक्षी थे। गांधीजी का स्पष्ट और दृढ़ मत था कि भारत की आत्मा ग्रामों में बसती है। वास्तव में इस देश की आत्मा ही नहीं शरीर भी प्राय: ग्राम ही है। अतीतकाल से ही यहां राष्ट्रीयता के केन्द्र में ग्रामवासी और उनकी सभ्यता तथा संस्कृति रही है। अत: भारत के उत्कर्ष, अपकर्ष, प्रगति–अधोगति, समृद्धि–दारिद्रय का सम्यक अवलोकन तथा मूल्याकंन का आधार ग्राम ही हो सकते है। अत: स्पष्ट है स्वतंत्र भारत की शक्ति गौरव, राष्ट्रीय सम्मान और कीर्ति भारतीय ग्रामों की दशा और उनके विकास की दिशा पर ही निर्भर करेगी।[1]

लोकतंत्र की सार्थकता और सफलता राष्ट्र के आमजन के हित चिंतन पर निर्भर है। जन की शक्ति और सामर्थ्य पर ही सच्चा गणराज्य स्थापित किया जा सकता है। अत: गांधीजी प्रजातंत्र में सत्ता का केन्द्र नीचे से आरंभ करने के पक्षपाती थे। इसलिये गांधीजी संपूर्ण आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक चिन्तन, ग्राम विकास की अवधारणा पर निर्भर है। वे भारत के सभी साढ़े सात लाख ग्रामों को सर्व सत्ता सम्पन्न, गणराज्य रूप में विकसित देखना चाहते थे। उनकी दृष्टि स्पष्ट थी कि देश का प्रत्येक गांव एक स्वयं सम्पन्न गणराज्य हो, जो अपनी सभी प्रकार की आवश्यकताओं के लिये आत्मनिर्भर हो। उसमें अपना संपूर्ण प्रबंध करने की सामर्थ्य होना चाहिये। गांधीजी चाहते थे कि भारत का प्रत्येक गांव स्वावलम्बी बन जाय तो यही हमारा सच्चा स्वराज्य होगा। इस हेतु ग्राम पंचायतों को ही प्रशासन व व्यवस्था की सभी आधारभूत सत्ता देनी होगी और पंचायतों के माध्यम से ही सर्वोदय के लक्ष्य को प्राप्त किया जाना चाहिए। इसमें प्रत्येक ग्रामवासी की भूमिका सहकारिता के रूप में अनिवार्य होगी।

सत्ता के अधिकार मुट्ठीभर जनप्रतिनिधियों के हाथ में न होकर दलीय प्रजातंत्र के स्थान पर प्रत्यक्ष प्रजातंत्र प्रणाली के रूप में पंचायतों के हाथ में रहेगें। पंचायत क्षेत्र आत्मनिर्भर होकर अपनी आवश्यकताओं की व्यक्तिगत तथा सामूहिक रूप में पूर्ति के लिए उत्तरदायी रहेगा। सर्वोदयी समाज में जहां व्यक्ति को अपने जीवन साधन व विकास की पूर्ण स्वतंत्रता रहेगी। वह समाज में भातृत्व से उत्पन्न सहानुभूति व प्रेम से समता के अधिकार का भी अहिंसा रूप में उपभोग कर सकेगा। इस तरह गांधीजी के रामराज्य में, सपनों के भारत में – 1) ग्रामीण समुदायों को राजनीतिक और आर्थिक केन्द्र का रूप प्राप्त होगा। 2) सब व्यक्तियों का इस पर स्वामित्व रहेगा। 3) समाज में धर्म निरपेक्षता 4) आर्थिक व राजनीतिक विकेन्द्रीकरण 5) नैतिकता 6) लोकनीति व आदर्शो का पालन होगा।[2] गांधीजी का सर्वोदय आर्थिक रूप में सर्वजन हिताय, ग्रामोद्योग के विकास पर आधारित है। स्वाभाविक ही इसके लिये वे बड़े पैमाने पर औद्योगिकीकरण के पक्ष में नहीं थे। बड़े उद्योगों से, मशीनीकरण के कारण बेरोजगारी बढ़ती है तथा शहरीकरण को बल मिलता है। कृषि पर निर्भर देश की करोड़ों जनता की भूख और गरीबी मिटाने के लिये वे श्रम प्रधान अर्थनीति के समर्थक थे। उनके मतानुसार श्रम ही सुख और संतोष का स्त्रोत है। आत्मानुभूति और आत्मोत्कर्ष में श्रम से मदद मिलती है। यहां तक कि गांधीजी श्रम की विनिमय के माध्यम के रूप में भी उपयोग की कल्पना करते थे। उनका कहना था कि जीवित रहने के लिए मनुष्य को श्रम कार्य अवश्य करने होगें। वे सभी प्रकार के श्रम को समान मानते थे। उनका कहना था ''जो व्यक्ति बिना यज्ञ (श्रम) किए हुए भोजन करता है, वह चुराया हुआ अन्न खाता हैं।[3]

गांधीजी की सर्वोदय आधारित सपनों का भारत की कल्पना में शक्ति के विकेन्द्रीकरण के सिद्धान्त को राजनीति व अर्थनीति दोनों में समान रूप से लागू किया गया है। राजदर्शन में उनके अनुसार राज्य अनावश्यक है। व्यक्ति की आत्मा होती है, किन्तु राज्य आत्माहीन यंत्र है। हिंसा पर राज्य का पूरा अस्तित्व निर्भर है, उससे उसे कभी मुक्त नहीं किया जा सकता हैं। इसलिये समाज में व्यक्ति द्वारा अंगीकृत सत्य, अहिंसा, विवेक और न्याय आधारित, मानव मूल्यों की स्वीकृति और आध्यात्मिक विकास के द्वारा, राज्य के अस्तित्व को भी नकारा जा सकता है। यहां गांधीजी मार्क्स के समाजवादी चिंतन के निकट खड़े दिखाई देते है। कार्ल मार्क्स भी सर्वहारा क्रांति के पश्चात् वर्गहीन, राज्यहीन समाज की स्थापना चाहते थे। गांधी भी अन्ततोगत्वा राज्य का उन्मूलन चाहते है। अन्तर सिर्फ उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अपनाये जाने वाले साधनों की पवित्रता को लेकर ही है।[4]

गांधीजी के अनुसार आदर्श समाज की रचना के लिये पंचायतीराज के माध्यम से सत्ता का विकेन्द्रीकरण ही एकमात्र कारगर उपाय है। इसके माध्यम से लोकतंत्र की सर्वाधिक महत्वपूर्ण इकाई व्यक्ति की महत्ता स्थापित होती है। पंचायत की साधारण सभा में अंतिम प्रथम के समान होता है अर्थात् इस व्यवस्था में न कोई प्रथम है और न कोई अंतिम, समता मूलक समाज का यही आदर्श है। इसी तरह गांधीजी का आर्थिक प्रतिमान उत्पादन, उपभोग व वितरण के स्थानीकरण पर आधारित है। वे राज्य के हाथों शक्ति के स्थान पर सहकारिता व न्यास धारित बोध का विस्तार पसंद करते थे।

गांधीजी जीवन के भौतिकवादी दृष्टिकोण से सहमत नहीं हैं। अत: वे व्यक्ति में अस्तेय, अपरिग्रह, अस्वाद आदि प्रवृत्तियों के विकास द्वारा भौतिकवादी स्वार्थपरक जीवन पद्धति से व्यक्ति को मुक्त करके सादा जीवन उच्च विचार के आदर्श के प्रति प्रेरित करते है। समाज में असमानता की अनुभूति के कारण तनाव उत्पन्न होता है। इसका मुख्य कारण भौतिकतावाद, बाजारवाद तथा वर्तमान उपभोक्ता मूलक संस्कृति है। इसके मूल में पूंजीवाद हैं। गांधीजी पूंजीवाद का सामना भी हिंसा से करने के प्रबल विरोधी रहे हैं।

* सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

वे यद्यपि पूंजीवाद की बुराईयों के प्रति सचेत थे और उनका उन्मूलन करना चाहते थे, किन्तु वे इससे संघर्ष के लिये, वर्ग द्वेष तथा हिंसा को उचित व प्रभावशाली साधन नहीं मानते थे।[5]

इससे स्पष्ट है, गांधीजी की आकांक्षा रही कि समाज के सभी व्यक्तियों का कल्याण हो, वह चाहे श्रमिक हो या किसान अथवा पूंजीपति। पूरे समाज के विकास से ही राष्ट्र का सम्यक विकास संभव है। अन्य दर्शन एकान्तवादी है, साम्यवाद केवल सर्वहारा वर्ग के कल्याण की बात करता है, पूंजीवाद केवल सम्पन्न वर्ग के हित चिंतन का दर्शन है, परन्तु गांधीवाद सर्वजन के हित का साधन है। गांधीजी मानते है कि निर्धन व्यक्ति जहां आर्थिक रूप से दरिद्र है, वहां धनवान व्यक्ति भी नैतिक रूप से दरिद्र है। दोनों की दरिद्रता का निवारण होने से ही समाज व राष्ट्र का विकास संभव है। इसलिए भारतीय संस्कृति के परम्परागत आदर्शो के अनुरूप उनके सपनों का भारत वह होगा जहां

''सर्वे भन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु या कश्चिद् दुःख भागमवेत्॥

एक वर्गहीन, आर्थिक समानता पर आधारित समाज के लिये गांधी अहिंसा व वर्ग सहयोग के मार्ग को उचित मानते थे। इसके लिये उनका तर्क था यदि श्रमिक पूंजीपति वर्ग के शोषणकारी उद्देश्यों में सहयोग नहीं करें तो पूंजीपति द्वारा श्रमिक का शोषण संभव नहीं है। इसी प्रकार यदि श्रमिक अपने महत्व को पहचाने तो पूंजीपति द्वारा उसके हितों की उपेक्षा असंभव है। श्रम और पूंजी में नैसर्गिक विरोध नहीं है। अतः दोनों में सहयोग और समन्वय से वर्ग संघर्ष की स्थिति को महज समाप्त किया जा सकता है। श्रम शक्ति की प्रभावशीलता में वृद्धि से, पूंजी निस्तेज होगी और पूंजीपति आगे मजदूरों के हितों के संरक्षक बन सकेगें। गांधीजी का ट्रस्टीशिप का सिद्धान्त उनके आर्थिक विचारों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, जो विशुद्ध रूप में हृदय परिवर्तन के न्यायपूर्ण, नैतिक आदर्शो पर आधारित है। सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के गांधीजी के शस्त्र समाज में असमानता और वर्गभेद मिटाने में आज कितने सहायक है, यह अलग विषय है।[6]

निष्कर्ष यह कि गांधीजी के सपनों का भारत वस्तुतः मानवता का वह पालना है, जिसमें व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिये सभी साधन व सुविधाऐं उपलब्ध है। इसे उन्होंने ''सर्वोदय'' की संज्ञा दी है। इस सर्वोदय की विराट कल्पना में भारत की धार्मिक भावनाऐं, नैतिक संस्कार, संस्कृति तथा विविध दार्शनिकों, चिंतकों व समाज सुधारकों की विचारधारा का समावेश स्पष्ट है। अतः सर्वोदय की मान्यता है कि मनुष्य का भौतिक जीवन उसकी अकेली निजी वसीयत न होकर, वह उस पर समाज का अनुग्रह उपहार है।अतः समाज के इस ऋण से मुक्त होने के लिये नागरिकों द्वारा परस्पर सुख-दुख बांटने के प्रयास का ही नाम सर्वोदय है।

मानव मूल्य और आध्यात्मिक विकास को दृष्टि में रखते हुए गांधीजी की स्पष्ट मान्यता थी कि मूलतः व्यक्ति साध्य है और अन्य सभी साधनों, यथा- धर्म, संस्कृति, राज्य, समाज तथा सम्पत्ति सभी की उत्पत्ति उसके हित के लिए हुई है। यद्यपि व्यक्ति का नैतिक विकास उसकी आंतरिक इच्छाओं पर निर्भर है, तदापि गांधीजी की कल्पना है कि व्यक्ति जैसे-जैसे अहिंसक और नैतिक होता जावेगा सभी संस्थाओं का स्वरूप भी स्वतः रूपान्तरित होता जावेगा। तब अन्ततः एक राज्यविहीन समाज अथवा जागृत अराजकता की स्थिति को प्राप्त किया जा सकेगा। गांधीजी की यही राष्ट्र के प्रति शुभकामना रही है।

एक महात्मा के रूप में, गांधीजी का सपनों का भारत, नैतिकता, आध्यात्मिकता से समन्वित, देशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की एक ऐसी कल्पना है, जिसे विज्ञान और वैश्वीकरण ने मूर्त होने से पूर्व ही सपना बना दिया है। गांधीजी गांव को राष्ट्र बनाना चाहते थे, विज्ञान और तकनीक ने विश्व के राष्ट्रों को ही गांव बना दिया है।

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि गांधीजी का राजदर्शन भावात्मक होकर, उनके अहिंसा के आदर्श पर आधारित है। यह हृदय परिवर्तन द्वारा त्याग, सेवा और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करता है। इसके द्वारा समाज में नैतिकता व आध्यात्मिक मूल्यों की स्थापना होती है।

यह त्याग, सेवा व बलिदान की आदर्शवादी ऐसी शिक्षा है, जिसके क्रियान्वयन से आदर्श समाज की स्थापना संभव है और विश्वभर में स्वतंत्रता, समानता व बंधुत्व की भावना का विकास संभव है, परन्तु इसे हम सिर्फ ''प्रकृति की ओर लौट चलो'' का महज काल्पनिक आकर्षक चिंतन ही मान सकते है। विश्व आज जिस स्थान पर खड़ा है, वहाँ से लौटना क्या संभव हैं ? अतीत सदैव सुखद जीवन की संभावनाओं और कल्पनाओं का आकर्षक चित्र रहा है। अतः विगत की ओर लौटना, भूत को वर्तमान बनाने की कल्पना मात्र है। वस्तुतः गांधीजी का सपनों का भारत रामराज्य की आधुनिक युग में संभावनाओं की अपेक्षा मात्र है।

संदर्भ ग्रंथ -

1. आहूजा राम : भारतीय समाज : रजत पब्लिकेशन्स जयपुर (2004) पृष्ठ 43-44
2. सोनी सुधा-त्रिपाठी राशि : गांधी की ग्रामीण विकास की अवधारणा : भारत में ग्रामीण विकास संपादक एस.अखिलेश : सेन्टर फॉर रिसर्च स्टडीज रीवा (2010), पृष्ठ 244
3. जैन अनिल कुमार : महात्मा गांधी का सर्वोदय दर्शन : महात्मा गांधी विचार व समकालीन समाज, सम्पादक - डॉ. डी.आर.पाटील : अथर्व पब्लिकेशन्स : धुले (2012) पृष्ठ 179-182
4. गांधी मोहनदास करमचंद : सत्य के मेरे प्रयोग : नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद (2011) पृष्ठ 62
5. शर्मा रामरतन गांधी के अर्थशास्त्र की प्रासंगिकता : रचना द्विमासिक सित.-अक्टू. 2010, पृष्ठ 7-8
6. शर्मा रामरतन गांधी के अर्थशास्त्र की प्रासंगिकता : रचना द्विमासिक सित.-अक्टू. 2010, पृष्ठ 7-8

****

भारत-चीन सम्बन्ध : एक नजर

डॉ. अनिल दीक्षित *

भारत और चीन न केवल पड़ौसी राज्य हैं अपितु उनमें प्राचीन काल से ही सांस्कृतिक सम्बंध चले आ रहे थे जिसका इतिहास साक्षी है । जब दोनों विदेशी आधिपत्य में चले गए तो इनके ये सम्बन्ध टूट गए । 1947 में भारत स्वतंत्र हुआ और चीन में 1949 में कोमिन्तांग सरकार के पतन के बाद साम्यवादी सरकार की स्थापना हुई । ऐतिहासिक रूप से प्राचीनकाल में भारत व चीन दो प्रमुख सभ्यताएं रही है जो आपसी सह-अस्तित्व के आधार पर स्थापित थीं। बाद में साम्राज्यवादी ताकतों के प्रभाव से दोनों के बीच सहयोगात्मक सम्पर्क नहीं रहे, लेकिन भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन का नेतृत्व चीन के महत्व से अनभिज्ञ नहीं था । इसलिए कांग्रेस ने चीन के प्रति अंग्रेजी नीतियों की खुलकर आलोचनाएँ की । 1931 में जब जापान ने मंचूरिया पर आक्रमण किया तब भारत ने उसकी निन्दा करते हुए चीन के प्रति सहानुभूति व्यक्त की तथा प्रतीकात्मक स्वरूप 'चीन दिवस' मनाया । 1937 के चीन जापान युद्ध में भारत ने चीन का साथ दिया । 1949 को चीन को मान्यता प्रदान करने वाला, वर्मा के बाद भारत दूसरा गैर साम्यवादी देश था। 1949 से 1959 की पृष्ठभूमि में दोनो के बीच मधुर संबंधों की स्थापना की सम्भावनाओं से इन्कार नहीं किया जा सकता । दोनों के मधुर सम्बन्ध बने भी तथा भिन्नता की पराकाष्ठा स्वरूप चीनी-हिन्दी भाई-भाई, के स्वर्णिम युग की स्थापना में बदले । भारत-चीन सम्बन्धों का प्रथम दशक मैत्रीपूर्ण एवं सहयोग का रहा, इस युग को प्रमोद युग या स्वर्णिम युग की श्रेणी प्रदान की जा सकती है।

इन सम्बन्धों में प्रारम्भ के लिए निम्न तत्व उत्तरदायी थे -

- भारत एक प्रजातांत्रिक देश होते हुए भी साम्यवादी क्रांति का स्वागत किया ।
- फरवरी 1951 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा कोरिया के युद्ध के संदर्भ में चीन को आक्रान्ता घोषित करने के प्रस्ताव का भारत ने विरोध करके चीन की नीतियों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया ।
- 29 अप्रैल 1954 को जब भारत व चीन के बीच तिब्बत के संदर्भ में व्यापार व आपसी आदान-प्रदान के एक 8 वर्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए । इस समझौते में दोनों देशों के मध्य शांति पूर्ण सह-अस्तित्व के पंचशील' नियमों का उल्लेख था ।
- दोनों देशों का अन्तर्राष्ट्रीय विषयों पर समान दृष्टिकोण का होना ।
- दोनों देशों द्वारा की गई सद्भावना यात्राओं को विशेष स्थान देना।

हालांकि इस युग में दोनों देशों के बीच कोई मतभेद विद्यमान नहीं थे । सहयोग के इन प्रबल तथ्यों के होते हुए भी कुछ विषयों पर दोनों के बीच विभेद थे । जो निम्न कारणों को लेकर थे -

- तिब्बत की समस्या ।
- सीमाओं का नक्शों में उल्लेख को लेकर ।
- बाण्डुंग में हुए अफ्रीका व एशिया के देशों के सम्मेलन के अन्तर्गत दोनों के परस्पर विरोधी दृष्टिकोणों को जन्म होना ।

1959 से 1962 का काल दोनों देशों के बीच संघर्ष का काल माना जाता है । 1959 में तिब्बत के विद्रोह व उसके परिणाम स्वरूप दलाई लामा द्वारा भारत में शरण लेने के बाद दोनों देशों में टकराव की स्थिति निर्मित होने लगी । चीन ने सीमा के विषय को लेकर भी भारत पर तरह-तरह के आरोप लगाने शुरू कर दिए । इन्हीं वर्षो में चीन ने भारतीय सीमाओं में घुसपैठ का कार्य प्रारम्भ कर दिया । भारत के आकसांई चिन क्षेत्र में चीन एक राजमार्ग का निर्माण कर लिया इसके बाद 1958 में चीन ने भारत के लद्दाख क्षेत्र में घुसपैठ करके भारत के कुछ क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया । अक्टूबर 1962 में चीन ने बड़े पैमाने पर भारत पर आक्रमण कर दिया । पश्चिमी सीमा पर लद्दाख में गलवान नदी की घाटी की भारतीय सेना चौकियों को चीन ने घेर लिया । पूर्व में 8 सितम्बर को उसके मैकमोहन सीमा रेखा को पार करके भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर लिया । अन्ततः 20 अक्टूबर 1962 को दोनों ओर के मोर्चो पर घमासान युद्ध प्रारम्भ कर दिया तथा दोनों क्षेत्रों पर कब्जा करके युद्ध विराम की घोषण कर दी । युद्ध से उत्पन्न स्थिति तथा परिणामों का अध्ययन करने से पूर्व यह जानना अति आवश्यक है कि चीन ने अचानक यह युद्ध क्यों किया ? फिर एक तरफा युद्ध बंदी क्यों की गई ? तथा भारत की इस युद्ध में हार के क्या कारण थे ? जहाँ तक चीन द्वारा भारत पर आक्रमण का प्रश्न है वी.पी. दत्ता के अनुसार दो प्रमुख उद्देश्य रहे होंगे -

(1) अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना ।
(2) भारत की निर्बलता को प्रदर्शित करके उसे अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अपमानित करना ।

ए. अप्पादोराय एवं एम.एस. राजन के अनुसार इस संदर्भ में विभिन्न कारण प्रमुख थे -

(1) अपना नेतृत्व स्थापित करके भारत को अपमानित करना ।
(2) चीन की आंतरिक समस्याओं से ध्यान हटाकर दूसरी ओर आकृष्ट करना ।
(3) विश्व को चीन की आर्थिक व राजनैतिक प्रणाली की सर्वोच्चता प्रदर्शित करना ।
(4) सोवियत संघ को दिखाना कि भारतीय गुटनिरपेक्षता की नीति मात्र दिखावा है तथा वह पाश्चात्य गुट के अति निकट है ।

इस युद्ध से जुड़ा एक अत्यन्त महत्वपूर्ण पहलू है कि इस युद्ध की शुरूआत किसने की ? भारतीय तथा कई विदेशी अध्ययनों से तो अति स्पष्ट है कि चीन ने अपनी विस्तारवादी नीतियों के अधीन युद्ध प्रारम्भ किया । नेहरू के संसद में दिए गए भाषणों से स्पष्ट है कि भारत न तो युद्ध के लिए तैयार था तथा न ही भारत यह युद्ध चाहता था बल्कि वह चिन्तित अवश्य था । लेकिन नेवाईल मेक्सबेल का मत इसके बिल्कुल विपरीत है - उसका मानना है कि ''भारत ने चीन को युद्ध के लिए मजबूर किया'' । भारत-चीन युद्ध के दोनों ही निकटवर्ती तथा दूरगामी परिणाम निकले जो निम्न प्रकार थे -

- भारत चीन सम्बन्ध बिल्कुल समाप्त हो गए तथा भारत का एक बड़ा हिस्सा चीन के कब्जे में रह गया ।
- इस द्वन्द का लाभ उठाकर चीन व पाकिस्तान के समीकरण और मजबूत हो गए ।
- भारत की अन्तर्राष्ट्रीय गरिमा तथा गुटनिरपेक्ष आन्दोलन की छवि

* सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान, शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

को गहरा आघात लगा ।

- नेहरू की विश्वशांति की योजनाएं समाप्त हो गई ।
- भारतीय विदेश नीति में यथार्थवाद को अधिक बल दिया जाने लगा ।
- भारत के अमेरिका के साथ सम्बन्धों में सुधार हुआ ।
- सोवियत संघ ने भी भारत का पक्ष लेना स्वीकारा ।

1962 से 1976 के मध्य उत्पन्न दोनों देशों के सम्बन्धों को रहितता का काल की संज्ञा दी गई । एक लम्बे अन्तराल के बाद सीमाओं का विवाद ज्यों का त्यों बना रहा । भारत द्वारा इस विवाद को अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय में भी ले जाने की सहमति का चीन ने सकारात्मक उत्तर नहीं दिया । अत: मामला वहीं का वहीं बना रहा । चीन पाकिस्तान के बढ़ते सम्बन्धों के कारण भी दोनों देशों का संकट और गहरा हो गया । चीन ने भारत पाक संबंधों की कटुता का लाभ उठाते हुए 1963 में पाकिस्तान के साथ एक समझौता करके ''पाक अधिकृत कश्मीर'' का 5180 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र अपने अधिकार में ले लिया । भारत ने इस बात पर रोष प्रकट किया परन्तु चीन के रवैये में कोई परिवर्तन नहीं आया । बल्कि इसके विपरीत चीन ने पाकिस्तान के साथ 26 मार्च 1965 को सीमा पर खम्बे गाड़ने का समझौता भी पूर्ण कर लिया ।

1964 में चीन परमाणु शक्तियों के क्लब का सदस्य बन गया जिससे उसके रवैये में और कठोरता आना स्वाभाविक थी । 1970 के दशक में यह स्थिति और गम्भीर हो गई । एक तरफ पाकिस्तान-चीन-अमेरिका की धुरी स्थापित हो गई । जिसका मुख्य उद्देश्य पूर्व सोवियत संघ के साथ-साथ भारत का परिरोधन करना था । दूसरी तरफ चीन संयुक्तराष्ट्र का स्थाई सदस्य बन गया । पूर्वी व पश्चिमी पाकिस्तान के गृहयुद्ध के कारण दक्षिण एशिया में तनाव को देखते हुए भारत व पूर्व सोवियत संघ के बीच 1971 में मैत्री और सहयोग की संधि पर हस्ताक्षर किए गए । इस प्रकार भारत-पाकिस्तान की 1971 की लड़ाई दोनों देशों के बीच युद्ध न होकर शीत युद्ध की राजनीति को भी अपने अन्दर समेटे हुए थी ।

अत: इस युद्ध में पाक को अमेरिका व चीन का समर्थन भी मिला । परन्तु चीन ने धमकियों के बावजूद भारत की सीमाओं पर युद्ध प्रारम्भ नहीं किया । एक कारण शायद पूर्व सोवियत संघ के युद्ध में शामिल होने का डर रहा हो । शायद इसलिए नवम्बर 1971 में अफ्रो- एशियाई देशों के टेबल-टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु चीन ने भारत को अमंत्रित किया । अन्तत: दोनों देशों के बीच रहितता युग की समाप्ति हो गई तथा फिर से राजनयिक सम्बन्धों का सूत्रपात हो गया।

1976 से 1988 का काल भारत चीन के मध्य वार्तालाप का काल था । दोनों देशों के बीच नीतियों में बदलाव आया । 1976 में माओ-से-तुंग की मृत्यु से इस युग की समाप्ति हो गई जो रूढ़िवादिता एवं विचारधारा का प्रतीक था । नया नेतृत्व डेंग हसाओ पिंग द्वारा संभाला गया जिसके तहत चीन में एक उदारीकृत विश्व व्यवस्था के प्रति आस्था व्यक्त की । इस उदार प्रक्रिया के साथ-साथ चीन ने चारों क्षेत्रों - (रक्षा, कृषि, उद्योग एवं विज्ञान व तकनीकी) में आधुनिकीकरण की ओर बल दिया । इस काल में दो प्रमुख विषय भारत व चीन के बीच गहन मतभेदों वाले रहे -

- बांगडोंग में समडोरांग चू घाटी में चीन द्वारा घुसपैठ का मामला
- 20 फरवरी 1987 को भारत सरकार ने अरूणचल प्रदेश को भारतीय संघ का 24 वां राज्य घोषित कर दिया ।

1988 से 1999 का काल दोनो देशों के बीच सहयोगात्मक संबंधों का युग कहा जाता है - जैसे

- पूर्वकालीन सम्बन्धों की स्थिलता को त्यागकर गतिशील सम्बन्धों की ओर कदम बढ़ाना ।
- दोनों देशों ने सम्बन्धों का सर्वांगीण विकास करने का फैसला लिया ।
- दोनों देशों के मध्य यथार्थवाद पर सहमति ।

दोनों देशों के सम्बन्धों में सुधार विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय घटनाक्रम, आन्तरिक परिस्थितियां तथा दोनों के परस्पर दृष्टिकोण में आए परिवर्तन के कारण हुआ इसके मुख्य कारण इस प्रकार है -

- अमेरिका की विदेश नीति में आये परिवर्तन में महत्वपूर्ण उद्देश्यों में मानवाधिकार को एक अभिन्न हिस्सा मान लेना ।
- 1991 में सोवियत संघ के विघटन से चीन के मुख्य प्रतिद्वन्दी की समाप्ति ।
- नई विश्व व्यवस्था के विघटनकारी तत्वों के प्रभाव को कम करके एक न्यायोचित विश्व व्यवस्था बनाने में दोनों देशों के विचारों में समानता।
- रक्षा पर होने वाले व्यय तथा आर्थिक व्यवस्था के कारण दोनों में मित्रता ।
- आर्थिक सम्बन्धों का विकास प्रारम्भ ।

वर्तमान समय में चीन की दुल-मुल नीति के कारण भारत पशोपेश में है । चीन भारत को चौतरफा घेरने की फिराक में है । इसमें पाकिस्तान उसकी मदद कर रहा है उसने ग्वादर पोर्ट (बंदरगाह) का निर्माण एवं विकास कार्य का जिम्मा चीन को सौंपा इससे भारत की पश्चिमी सीमा में भी चीन का दखल हो गया है । पूर्वी सीमा पर चीन बंगाल की खाड़ी और दक्षिण में हिन्द महासागर में पहले ही अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुका है । उत्तर में पाक अधिकृत कश्मीर में भी वह निर्माण कार्यों में जुटा है ।

रक्षा विशेषज्ञों अनुसार - चीन की मंशा इस बंदरगाह का प्रयोग रक्षा सम्बन्धी मामलों के लिए भी कर सकता है । इससे मध्य पूर्व में स्थित अमरीकी सेन्य बेस पर भी निगरानी रख पायेगा । बलूचिस्तान में अशांति का माहौल है इसके बावजूद वहां पर विकास कार्य में हाथ डालना, चीन की राजनीतिक मंशा को दर्शाता है । इस बंदरगाह से चीन शिनयांग प्रांत के लिए तेल व गैस ले जा सकता है । इसमें काफी समय लगेगा ।

भारत की चिन्ता के पाँच बड़े चीनी अड्डे-



(1) **ग्वादरपोर्ट** - पाकिस्तान ने इसके विकास के लिए चीन को करीब 1,331 करोड़ रूपये के सौदे का 75 फीसदी हिस्सा दे दिया है ।

ग्वादर पोर्ट का कमीशन जनरल परवेज मुशर्रफ ने 2007 में किया था । यह हॉरमुज की खाड़ी के मुहाने पर स्थिर है ।

(2) **मराओ –** 1999 में मालदीव ने चीन मराओ द्वीप लीज पर दे दिया था । वह इसका उपयोग निगरानी के रूप में करता है।

(3) **हंबन टोटा पोर्ट –** दक्षिणी श्रीलंका के हंबन टोटा बंदरगाह पर चीन ने डीप वाटर पोर्ट बना रखा है । यहां से भारत के वाणिज्य और नौसेना के पोत निकलते हैं ।

(4) **चटगाँव बंदरगाह –** इस पोर्ट के विस्तार के लिए 8.7 बिलियन डॉलर की मदद कर रहा है । इस बंदरगाह से बंगलादेश का 90 फीसदी व्यापार हो रहा है । यहाँ पर अक्सर चीनी नौसेना के युद्धपोत देखे जाते हैं ।

(5) **सितवे –** इस बंदरगाह का निर्माण भारतीय कम्पनी ने 643.8 करोड रूपये में किया था । मगर इससे ज्यादा फायदा चीन को है । चीन यहां पर तेल और गैस पाइप लाइन बना रहा है जो सितवे गैस फील्ड से चीन तक तेल और गैस की सप्लाई करेगा ।

चीनी सेना ने लद्दाख में घुसपैठ कर फिर से बॉर्डर विवाद को जन्म दे दिया है । तो पूर्वी लद्दाख में चीनी सैन्य द्वारा भारतीय सीमा क्षेत्र में 19 कि.मी., दौलत बेग ओल्डी सेक्टर एक घुसपैठ पर भारत को जल्दबाजी में कोई कार्यवाही के बजाय सावधानी से विचार कर मसला हल करना चाहिए । फिलहाल चीनी सैन्य दलों ने यहाँ तम्बू लगा रखे हैं और स्थाई पोस्ट स्थापित करने का कोई इरादा नहीं दिखता है । अगर कुछ ऐसा करने का प्रयास करता है तो निश्चित तौर पर यह हमारे लिए चिंता का सबब होगा ।

भारत को तिब्बत पर अपनी ऐतिहासिक भूल को सुधारना चाहिए अगर हम भूल नहीं सुधारेंगे, तो साम्राज्यवादी इरादों वाला चीन हमें चैन से नहीं रहने देगा । आखिर भारत इतना लाचार क्यों नजर आ रहा है ? दरअसल तिब्बत पर पं. नेहरू की कूटनीतिक, अपरिपक्वता आज भारत के गले की फाँस बन चुकी है । विदेश नीति पर सर्वज्ञता के घमंड में चूर नेहरू तत्कालीन अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में लाल चीन को उसका 'जायज हक' दिलाने की सनक में इतने व्यस्त हो गए कि चीन की काली करतूतों की तरफ उनका ध्यान ही नहीं गया। 1950 में, जब चीन ने तिब्बत पर जबरन घुसकर उसकी कथित 'मुक्ति की घोषणा की' तो हर भारतीय के मन में एक ही प्रश्न था; किसकी मुक्ति ? गृहमंत्री सरदार पटेल ने उस समय पं. नेहरू को चेताया था कि इस आक्रमण ने चीन को भारत के दरवाजे पर लाकर खड़ा कर दिया है । जिसके परिणाम गम्भीर होंगे। राममनोहर लोहिया ने तभी कह दिया था कि यह तिब्बत पर नहीं भारत पर हमला है और 1962 में पंचशील का अव्यावहारिक सिद्धान्त भी हिमालय की बर्फीली चोटियों में दफन हो गया ।

भारत–चीन सीमा विवाद जल्द से जल्द सुलझाना चाहिए । इसी में दोनों देशों की भलाई है । जब चीन के प्रधानमंत्री भारत आए तो सीमा विवाद का मुद्दा गरम था हालांकि दोनों देशों के नेताओं के बीच बातचीत हुई तो टॉप ऐजेण्डे में नहीं था। चीनी प्रधानमंत्री ली ने विश्वास बढ़ाने के नए तंत्र की जरूरत पर जोर दिया और सीमा विवाद को कम करने की इच्छा जताई । 20 अक्टूबर 2013 को भारत के प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह रूस और चीन की यात्रा पर गए । चीन में जाकर डॉ. सिंह ने भारत और चीन सीमा रक्षा से जुड़ा एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता किया है । इस समझौते को 'बॉर्डर डिफेंस कोऑपरेशन एग्रीमेंट' (बीडीसीए) के नाम से जाना जायेगा । इससे वास्तविक नियंत्रण रेखा पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच तनाव की स्थितियों को कमतर करने में मदद मिलेगी ।

अक्टूबर 2013 को बीजिंग के ग्रेट हाल में आयोजित संयुक्त कांफ्रेस के दौरान चीन के प्रधानमंत्री ली कछ्याँग ने सम्बोधन किया । जिसके दस मंत्र भारत–चीन मुठभेड़ को रोक सकेंगे –

- द्विपक्षीय समझौतो के आधार पर सीमा रक्षा समझौते का पालन करेंगे ।
- सूचनाओं को आदान प्रदान, सैन्य अभ्यासों, विमानों के इस्तेमाल, विध्वंसक अभियानों और गैर लक्षित तरीकों से बिछाई गई बारूदी सुरंगों के बारे में जानकारी देना शामिल है ।
- भारत–चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर नागरिकों, पशुधन, यातायात के साधनों का विमानों अथवा हेलीकॉप्टरों को एक दूसरे की सीमा में जाने से रोकने में मदद करना ।
- समय–समय पर चीन के सैन्य क्षेत्र और भारतीय सैन्य कमांड के अधिकारियों और सैन्य अभियानों के जिम्मेदार विभागों के बीच बातचीत ।
- दोनों पक्ष हर सेक्टर में सीमा बलों की बैठक के लिए जगह तय करेंगे ।
- दोनों देश सामाजिक–सांस्कृतिक अवसरों पर समारोहों में शामिल होने के लिए बुलाएं ।
- दोनों पक्ष एल.ओ.सी. पर गश्ति दलों का पीछा नहीं करेंगे ।
- संदेहास्पद गतिविधि नजर आने पर सामने वाला पक्ष दूसरे से स्पष्टीकरण मांग सकता है ।
- विवादित सीमा इलाकों पर कोई भड़काऊ कार्रवाई नहीं की जाना चाहिए ।
- दोनों पक्ष बिना किसी पूर्वाग्रह के इन समझोते को लागू करेंगे ।
- हस्ताक्षर की तारीख से ही यह समझौता प्रभावी हो जायेगा ।

भारत को सीमाओं पर ठोस कदम उठाने होंगे तभी हम चीन की बार–बार की धमकियों से बचाव कर पायेंगे। चीन के साथ जो ताजा समझौते हुए हैं, उन्हें कतई मील का पत्थर नहीं कहा जा सकता । समझौते की भाषा यह संकेत कर रही है कि घुसपैठ की घटना दोनों तरफ से हो रही है और भारत को भी सीमा पर यथासंभव संयम बरतना होगा ।

संदर्भ सूची

1. के. एम. पाणिकर, इंडिया एण्ड चाइना : ए स्टडी ऑफ कल्चरल रिलेशन्स, बम्बई 1957
2. भीम सन्धु, अनरिजोल्ड कनफ्लिक्ट : चाइना एण्ड इंडिया, नई दिल्ली 1988 पृष्ठ 82
3. भारत सरकार, नोट्स मेमोरेण्डम एण्ड लेटरज एक्सचेन्जड एण्ड एग्रीमेंट साईन्ड बिटविन द गर्वमेंट ऑफ इंडिया एण्ड चाइना, 1954–59, नई दिल्ली
4. वी.पी.दत्ता इंडियन फारेन पॉलिसी, नई दिल्ली, 1987, पृ. 280–81
5. अभ्याढोराय व राजन, पाद टिप्पणी संख्या 3, पृ. 141
6. नेवाईल मैक्सवेल, इण्डियाज चाईना वार, बम्बई 1971 पृ. 273
7. अप्पढोराय व राजन, पाद टिप्पणी संख्या 3, पृ. 118
8. दैनिक भास्कर, रविवार 3 फरवरी 2013
9. पत्रिका, मंगलवार, 30 अप्रैल 2013
10. पत्रिका, 24 अक्टूबर 2013
11. नई दुनिया, 24 अक्टूबर 2013

****

कार्यरत महिलाओं में घरेलू कार्य का दबाव कारण व उपाय

डॉ. रंजू गुप्ता *

(1) प्रस्तावना :- परिवार एक ऐसी महत्वपूर्ण संस्था है जिस पर व्यक्ति समाज व राष्ट्र कल्याण का विशेष दायित्व होता है। परिवार समाज की सबसे छोटी व सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। परिवार में गृहिणी घर की धूरी होती है। गृहस्थी की सुख शांति, आनंद और उत्थान इसके प्रबल कंधो पर निर्भर है। गृहिणी को परिवार की अनेक मांगो को पूरा करना है जैसे परिवार के सदस्यों के आराम सुविधा, अच्छा स्वास्थ्य व प्रसन्नता का ध्यान रखना आदि, भारत में यह कार्य शताब्दियों से गृहिणी द्वारा सम्पन्न किये जाते है।

गृहिणी घर की आर्थिक व्यवस्था में भी योगदान देती है घरेलू कार्यो का सम्पादन भी पूर्णकालिक कार्य हैं एक गृहिणी को घरेलू कार्यो के संपादन में करीब 12 से 16 घंटे लग जाते है साथ ही उसे विभिन्न प्रकार की भूमिका भी निभानी पडती हैं। वर्तमान समय में महिलाओं पर कार्य का दबाव बढ़ गया है घरेलू कार्य से संबंधित दबाव के कारणों को जानने का प्रयास किया है।

(1) घरेलू कार्यो से संबंधित दबाव के कारण -

प्रविधि :- कार्यरत महिलाओं पर कार्य का दबाव देखने के लिए एक अध्ययन किया गया। उज्जैन शहर की 200 कार्यरत महिलाओं को उदेश्यानुसार प्रतिदर्श (**Purposive Rendom Sample**) द्वारा चुना गया।

गृहकार्य परिवारिक जीवन का आवश्यक अंग है। घरेलू कार्यो का दायित्व प्राचीनकाल से ही गृहिणियों पर रहा है। वर्तमान समय में महिलाएं बाहरी क्षेत्र में भी कार्य करती है इस दोहरी भूमिका के कारण उनका उत्तरदायित्व बढ़ गया है। जो कार्य हमें अच्छें नही लगते है वे हम प्राय: नही करते या टालते हैं परंतु घरेलू कार्यो में चुनाव की संभावना कम रहती है। अत: अध्ययन में घरेलू कार्यो से संबंधित दबाव के कारणो को ज्ञात करने का प्रयास किया गया है।

तालिका क्रमांक-1

घरेलू कार्यो से संबंधित दबाव के कारण-

कार्यरत गृहिणियॉ

क्र.	कारण	हाँ	प्रतिशत	नही	प्रतिशत
1	क्रिया में दोहराव के नीरसता	129	64.5	71	35.5
2	अरूचिकर घरेलू कार्य	133	66.5	67	33.5
3	कार्य सरलीकरण का ज्ञान न होना	89	44.5	111	55.5
4	सुविधाजनक व उपयुक्त उपकरणों का न होना	137	68.5	63	31.5
5	स्वास्थ्य ठीक न होना	141	70.5	54	29.5
6	दैनिक दिनचर्या में अचानक परिवर्तन होना	178	89	22	11
7	घरेलू नौकरों का पूर्ण सहयोग न मिल पाना	157	78.5	43	21.5

दैनिक दिनचर्या में यदि अचानक परिर्वतन आता है जैसे मेहमान आने या बिमार होने पर घरेलू कार्य प्रभावित होते हैं परिर्वतन से संबंधित कार्यो का सम्पन्न कराने में अतिरिक्त शक्ति व समय व्यय करना होती है। 89 प्रतिशत गृहिणियों ने माना है कि अचानक परिर्वतन घरेलू कार्यो को करने में दबाव का कारण बनता है। वर्तमान समय में कार्यरत गृहिणियों के लिए एक अच्छे नौकर या आया का होना अत्यंत आवश्यक है। नौकर का बिना बताये छूट्टी लेना ठीक ढंग से कार्य न करना अनेक प्रमुख समस्याएं है जो घरेलू कार्यो को करने में बाधक हैं। 78.5 प्रतिशत गृहिणियों का मत है। कि घरेलू नौकरो का पूर्ण सहयोग न मिल पाना घरेलू कार्यो में दबाव का कारण है।

कार्यरत गृहिणियों पर कार्य का दोहरा दायित्व होता है। जो उनके स्वास्थ्य को हानि पहुंचाता है। स्वास्थ्य ठीक नही होने पर घरेलू कार्य बोझिल हो जाते है। 70.5 प्रतिशित गृहिणियों ने अस्वस्थ्यता को दबाव का कारण बताया हैं **Bratton** (1997) ने बताया कि उपकरणो का अभाव कार्यो को अरूचिकर बना देता है व स्वास्थ्य भी रूचि, अरूचि को प्रभावित करता है।

गृह कार्य का सम्पादन एक उच्च तकनीकी व्यवसाय होता हैं जिसमें कला कुशलता उपकरणों के लिए प्रशिक्षण व पर्याप्त जानकारी की आवश्यकता होती है 68.5 प्रतिशत कार्यरत गृहिणियों के सुविधाजनक व उपयुक्त उपकरणो का ना होना घरेलू कार्यो को करने में बाधक बताया है। **Steial and Bratton** (1967) ने बताया कि उपकरणों का अभाव गृह कर्यो को अरूचिकर बना देता है। एक गृहिणी को 66 घंटे/सप्ताह काम करना होता है जिसमें 22 घंटे बच्चो की देखभाल 15 घंटे घर की व्यवस्था 11 घंटे खाना बनाना व 10 घंटे घर की साफ सफाई में लगाते है। कार्य करने का सरल तरीका ज्ञात न होता तो घरेलू कार्य थकान उत्पन्न करते है। 44.5 प्रतिशित गृहिणियों को कार्य के सरलीकरण का ज्ञान नही था।

दबाव को कम करने के उपाय :- **Hans Sdye** ने लिखा है कि यह महत्वपूर्ण नही है कि क्या घटित हुआ, किन्तु आपने उसे किस प्रकार लिया है, यह महत्वपूर्ण है (**It is not what Happans to you that matters but how you take it**)

दबाव के उपयोग को निम्नलिखित शीर्षो में वर्गीकृत किया हैं।

(1) घरेलू कार्य में उत्पन्न दबाव को नियंत्रित करने के उपाय।

तालिका क्रमांक-2

कार्यरत गहिणियाँ

क्र.	**कारण**	**हाँ**	**प्रतिशत**	**नही**	**प्रतिशत**
1	अधिकभार के समय कुछ कार्यो को स्थगित करना	92	46	108	54
2	समय व शक्ति बचत उप करणों का उपयोग करके	17-5	87.5	25	12.5
3	कार्यो की योजना बनाकर	143	71.5	57	28.5
4	तैयार खाद्य पदार्थो का उपयोग करके	113	56.5	87	43.5
5	कार्यो के बीच विश्राम काल का आयोजन करके	93	46.5	107	53.5
6	नौकरों द्वारा किये गये कम गुणवत्ता वाले कार्यो को स्वीकार करके	112	56	88	44
7	सामंजस्य स्थापित करे	172	86	28	24

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आगर-मालवा (म.प्र.) भारत

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि 46 प्रतिशित कार्यरत गृहिणियां कार्य को स्थगित करती है क्यो कि यदि वे कार्य को स्थगित करती है तो वही कार्य दूसरे दिन अतिरिक्त कार्य के रूप में करने होते हैं जो दबाव को उत्पन्न करते है। कार्य से उत्पन्न दबाव को कम करने के लिए समय व शक्ति बचत उपकरणों का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए 87.5 प्रतिशत कार्यरत गृहिणयॉ काम से उत्पन्न दबाव को कम करने के लिए समय व शक्ति बचत उपकरणों का उपयोग करती हैं कार्य की योजना बनाना अत्यंत आवश्यक है क्यो कि यह कार्य के दौरान आने वाली समस्यों पर पूर्व में विचार करने का अवसर देती हैं। 71.5 प्रतिशत कार्यरत गृहिणियॉ अपने कार्यो से उत्पन्न दबाव को कम करने के लियें योजना बनाती है। बाजार में उपलब्ध साफ पोष्टिक तैयार खाद्य पदार्थो का उपयोग किया जाए तो समय व शक्ति की बचत होती है। 56.5 प्रतिशत कार्यरत गृहिणियॉ तैयार पदार्थो का उपयोग करती है। कार्यो के मध्य विश्राम करना थकान को दूर करने और कार्य क्षमता को बढ़ाने में सहायक होता हैं 46.5 प्रतिशित कार्यरत गृहिणियॉ घरेलू कार्यो के बीच विश्राम काल का आयोजन कर उत्पन्न दबाव को कम करती हैं। 59 प्रतिशत कार्यरत गृहिणियो का मत है कि नौकरो द्वारा किये जाने वाले कार्य कम गुणवत्ता वाले होने पर भी उनको स्वीकार करती हैं इस तरह के घरेलू कार्यो से उत्पन्न दबाव को कम करती हैं। 86 प्रतिशत कार्यरत गृहिणियॉ सांमजस्य स्थापित करके दबाव को कम करती है। पारिवारिक संरचना में महिलाओं की भूमिका का केन्द्रीय स्थान होता हैं इस परिर्वतन के फलस्वरूप कार्यरत महिलाऐं यह महसूस करती है कि विविध भूमिका के कारण उनकी सामाजिक व पारिवारिक स्थिति में असंतुलन उत्पन्न हुआ है। फिर भी इन दोहरी भूमिका के द्वंद्व की चुनौतियों का दृढता पूर्वक सामना करती है।

संदर्भ ग्रंथो की सूचि :-

(1) Couke, D.J. and hole D.J. (1983) "An Eliological importance ofStressful life evels.

(2) Haseen Taj and Shaik mastan (July1998) "Television" A Spurt to modern Persectives of education" Psycho Lingua July 1998 Vo 128 No.2 P-167-169

(3) Dr. Christopher A.J.(Aug2001) "Rolsatisfachim and role conflicts ammg manrried working women" Soeial Welfane, Vo 148 No-5 Aug 2001 Page 15-24

(4) Sely Hans 1974 Stress Without disitress new yourk Sighel

(5) रश्मि अग्निहोत्री.एमजी.थीसिस (1995)पेज-113

(6) दैनिक भास्कर 18 मार्च 2006 पेज-1

****

भारत में पारदर्शी प्रशासन के लिये, लोकपाल की अपरिहार्यता

डॉ. अनिल कुमार जैन *

लोक कल्याणकारी राज्य में स्वच्छ, पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के लिये, एक ऐसी नियामक संवैधानिक संस्था आवश्यक है, जो विधायिका तथा कार्यपालिका के असंवैधानिक निर्णयों, नीतियों और कार्यों पर प्रभावी नियंत्रण रख सके। पाश्चात्य देशों में सुशासन लाने अर्थात् कुशासन से नागरिकों की रक्षा के लिए ''ओम्बुड्समेन' नाम की संस्था का प्रावधान हैं। सबसे पहले स्वीडन ने सन् 1809 में इसे अपनाया। इसके बाद फिनलैण्ड ने 1919 में, डेनमार्क ने 1955 में, नार्वे ने 1962 में तथा न्यूजीलैण्ड ने भी 1952 में इस पद्धति को अंगीकार किया है।

ब्रिटेनिका विश्व कोष में, ओम्बुड्समैन को नौकरशाही की शक्तियों के दुरूपयोग के संबंध में, नागरिकों द्वारा की गई शिकायतों की खोज हेतु व्यवस्थापिका का आयुक्त कहा गया है। इस प्रकार इन देशों का यह प्राधिकारी व्यवस्थापिका का एक अधिकृत अभिकर्ता मात्र है। यह सरकार एवं प्रशासनिक अधिकारियों के अर्द्धन्यायिक एवं अन्य प्रशासनिक कृत्यों पर निरन्तर चौकसी करता है। प्रशासनिक अधिकारियों के विरूद्ध कुप्रशासन, प्रशासनिक स्वविवेक का दुरूपयोग, भ्रष्ट आचरण, पक्षपात, भाई-भतीजावाद तथा राजनीतिक प्रभाव आदि के संबंध में नागरिकों द्वारा की गई शिकायतों की खोजबीन करना तथा पीड़ित पक्ष को समुचित राहत दिलाना ही ओम्बुड्समैन का मुख्य कार्य है।[1]

भारत में इस संदर्भ में जुड़ी लोकपाल की नियुक्ति का प्रश्न एक ऐसी नियामक संस्था की खोज कें रूप में है, जो लोकतंत्र में लोक के अधिकारों की रक्षा में भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी शासन के लिये, राजनीतिक सत्ता तथा कार्यपालिका पर प्रभावी नियंत्रण के लिये संवैधानिक अधिकारों को प्रयुक्त कर सके। यह सच है कि विश्व के जिन-जिन राष्ट्रों ने लोकपाल को एक शक्तिशाली संस्था के रूप में अपनाया है, उन राष्ट्रों में ट्रांसपेरेन्सी इंटरनेशनल रिपोर्ट के अनुसार भ्रष्टाचार न्यून रूप में ही पाया गया है। जबकि जो राष्ट्र लोकपाल संस्था को नहीं अपना पाये हैं, वहाँ भ्रष्टाचार चरम स्तर पर पहुँच गया है। भारत भी इन राष्ट्रों में से एक है।[2]

भारतीय लोकतंत्र की यशस्वी कीर्ति गाथा को धनबल की शक्ति ने सर्वाधिक कलंकित किया है। धन बल का शस्त्र बाहुबल भी है। धन बल ने तथा बाहुबल ने लोकतंत्र के लिये सम्पन्न चुनावों से जहाँ आम आदमी की भागीदारी को सिर्फ वोट देने के अधिकार तक सीमित कर दिया है, वहीं प्रशासन में भी भ्रष्टाचार के माध्यम से देश की आर्थिक समृद्धि तथा राष्ट्रीय संसाधनों पर भी लगभग पूरा अधिकार करके जनता को महंगाई तथा गरीबी के गर्त में झोंक दिया है। देश का दुर्भाग्य रहा कि हमारे आदर्शवादी संविधान निर्माताओं का लोकतंत्री शासन के अनिवार्य दोष भ्रष्टाचार तथा भाई भतीजावाद की प्रवृत्ति की ओर ध्यान नहीं गया।

अत: इस बीमारी के उपचार व नियंत्रण के साधन, सूचना का अधिकार, सी.बी.आई. की स्वायत्ता तथा लोकपाल संगठन है। इनके लिये आवश्यक संवैधानिक निर्देशों तथा प्रावधानों का संविधान में अभाव है। अत: जन लोकपाल बिल की आवश्यकता अनुभव की गई।

राष्ट्र के भ्रष्टाचार नियंत्रण की मौजूद संस्थाओं के कम प्रभावी होने के कारण जन लोकपाल जैसी संस्था का निर्माण वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था में अनिवार्य प्रतीत हो रहा है।

भारत में भ्रष्टाचार ने एक बड़े उद्योग का रूप ले लिया। आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि 77 प्रतिशत से अधिक मामलों में रिश्वत की मांग हानि न पहुँचाने अथवा कार्य समय पर करने जैसे साधारण कार्यों के लिए मांगी जाती है। ये छोटे से कार्य होते है - बिजली, टेलीफोन का कनेक्शन चालू करना, रेल्वे में आरक्षण, स्कूल में भर्ती, पुलिस स्टेशन पर एफ.आय.आर. दर्ज करना आदि। रिश्वत मांगने वालों में 33 प्रतिशत कर्मी सरकारी अधिकारी - कर्मचारी तथा 10 प्रतिशत स्थानीय नगर निकायों के होते है। शेष करारोपण, जलापूर्ति, लाइसेंस, राजस्व तथा अन्य विविध शुल्कों से संबंधित विभागों से जुडे है। सच्चाई यह है कि भ्रष्टाचार संपूर्ण सामाजिक ताने बाने में 100 प्रतिशत प्रवेश कर गया है। योजना आयोग ने भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इसके कारण बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय संसाधनों का दुरूपयोग हो रहा है।[3]

भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्री, संसद सदस्य, विधायक बैंकों व सार्वजनिक उपकरणों के अधिकारी, भारतीय प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, राजस्व सेवा, सेना के अधिकारी तथा अन्य शासकीय कर्मचारी, सभी वर्गों में भ्रष्टाचार में संलग्न लोगों की संख्या में चिंतनीय वृद्धि के प्रमाण उपलब्ध है।

भारत के बड़े लोगों के कुछ राजकीय घोटालों का उल्लेख यहां अप्रासंगिक नहीं होगा। जिनके कारण हमारा लोकतंत्र विश्व में कलंकित हुआ है। इसका एक मुख्य कारण यह है कि भारत में भ्रष्टाचार पर अंकुश के लिये किसी सक्षम, पारदर्शी नियामक संस्था का विकास नहीं हो पाया है। अत: वर्तमान परिदृश्य में लोकपाल बिल की अपरिहार्यता स्वयं सिद्ध है।

भारत के राजकीय घोटालों की तो एक लंबी सूची है। इनमें कतिपय बहुत बड़े व महत्वपूर्ण घोटाले हैं - टू.जी.स्पेक्ट्रम (1.76 लाख करोड़) कामन वेल्थ गेम (70 हजार करोड़), तेलगी स्टाम्प (20 हजार करोड़), सत्यम् (14 हजार करोड़) शेयर घोटाला (4000 करोड़), हसनअली केस (30 हजार करोड़) तथा कोयला आवंटन आदि। इनमें अधिकांश वर्तमान संसद (2009-2013) की अवधि के ही है। देश में चरम सीमा पर फैले इस भ्रष्टाचार ने लोकतंत्र के आदर्श को ही खतरे में डाल दिया।[4]

यह स्वीकार करना होगा कि हमारे राजनेता भी सिद्धान्त रूप में लोकपाल विधेयक की आवश्यकता अनुभव करते रहे है। यही कारण है सन् 1968 से सन् 2013 तक लोकपाल बिल के लिये सरकारी प्रयास क्रमश: 09 बार किये गये है। इतनी अवधि से लंबित बिल यह संकेत देता है कि हमारे विधि निर्माता बार-बार अपना ही मुँह दर्पण में देखकर इसके प्रति गंभीर नहीं रहे हैं।[5] यही कारण हैं हाल ही देश की जनता ने लोकपाल बिल की उपेक्षा के प्रति अन्ना हजारे के नेतृत्व में राष्ट्रव्यापी अहिंसक आंदोलन के माध्यम से सत्ता को गंभीर परिणाम की चेतावनी दे दी है। इस आंदोलन ने देश में भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिये प्रस्तावित जन लोकपाल बिल का एक प्रारूप भी प्रस्तुत किया है, जिसके मुख्य प्रावधान निम्न है :-

- लोकपाल संस्थान में अध्यक्ष सहित नौ सदस्य होगें।

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

- इनका चयन 15 सदस्यों की समिति करेगी, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय के दो जज, उच्च न्यायालय के दो जज, दो वरिष्ठ वकील, तीन मैग्ना-से पुरूस्कार विजेता शेष जनप्रतिनिधि होगें।
- लोकपाल तथा संस्थान के सदस्य किसी राजनीतिक संस्था से जुड़े नहीं होगें।
- प्रधानमंत्री, मंत्री, संसद सदस्य, राजनेता तथा नौकरशाह इसके अधिकार क्षेत्र में होगें। किसी भी समय इनसे पूछताछ हो सकेगी।
- लोकपाल को अपने कार्य के लिये किसी से आज्ञा नहीं लेना पड़ेगी।
- सी.बी.आई. अन्य जांच एजेन्सियाँ तथा पुलिस लोकपाल के अधिकार में होगें।
- लोकपाल को निर्बाध रूप में जांच व कार्यवाही का अधिकार होगा।
- दोषी पाये जाने पर अपराधी को दण्डित करने का अधिकार भी लोकपाल को होगा।
- लोकपाल को प्रकरण की जांच के लिये एक वर्ष तथा मुकदमा पूरा करने के लिये एक वर्ष का ही समय मिलेगा।
- लोकपाल को नौकरी से हटाने, संसद की सदस्यता समाप्त करने का भी अधिकार रहेगा।
- लोकपाल सरकार को हुए नुकसान की पूर्ति अभियुक्त से करा सकेगा।
- सरकार के हितों की रक्षा के लिये यह दोषी की सम्पत्ति भी जप्त कर सकेगा।
- लोकपाल के निर्णय के विरूद्ध उच्चतम न्यायालय में अपील की जा सकेगी। इसका निर्णय भी 6 माह में होना चाहिए।[6]

इस जन लोकपाल बिल तथा शासकीय लोकपाल बिल में कई बातों में मतभेद होने से संसदीय इतिहास में पहली बार सर्वसम्मत बिल तैयार करने के लिये पांच सरकारी सदस्य और पांच जन समाज सदस्यों की संयुक्त समिति बनाई गई थी। सहमति नहीं बन पाने से, सरकार ने अपना संशोधित बिल लोकसभा से स्वीकृत करवा लिया। संसद का यह निर्णय राष्ट्रव्यापी आंदोलन के दबाव के कारण हुआ। यथार्थ में संसद में राजनेता जन लोकपाल के पक्ष में लगभग नहीं थे। भारत में प्रजातांत्रिक राजनीति का संचालन धनबल से होने के कारण राजनेता व दल भ्रष्टाचार में आकण्ठ डूबे हुए है। अपवाद से इंकार नहीं है। इसी कारण लोकपाल बिल को एक बार फिर राज्यसभा में येन-केन भटका दिया गया। जनता की जीत का स्वप्न एक बार फिर टूट गया।[7]

भारतीय संस्कृति में सदैव नैतिक मूल्यों को महत्व दिया गया है। धन पर धर्म सदैव भारी रहा है, लेकिन आजादी के बाद जैसे-जैसे विकास कार्य शुरू किये गये, लोकतांत्रिक विकेन्द्रिकरण को अपनाया गया। अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये उदारीकरण, भूमण्डलीकरण और निजीकरण की नीति लागू हुई देश में क्रमश: भ्रष्टाचार बढ़ता गया।

बहती गंगा में हाथ धो लेने की प्रवृत्ति को समाज ने स्वाभाजिक प्रक्रिया मान स्वीकार भी कर लिया। अत: निर्भय होकर नेता, नौकरशाह और उद्योगपतियों की तिकड़ी ने राष्ट्र के संसाधनों का खुलेआम दोहन शुरू कर दिया। पक्ष विपक्ष का राजनैतिक नेतृत्व भी चोर-चोर मौसेरे भाई की तर्ज पर इस लूट में भागीदार बन गया। इसके नियंत्रण के लिये विद्यमान छोटी-मोटी एजेन्सियाँ कमजोर सिद्ध हुई। इनको यथोचित अधिकार व शक्ति भी प्राय: नहीं थी। अत: देश भ्रष्टाचार के गर्त में गिरता चला गया। सिर पर से पानी निकल गया। अब लगता है यह राज रोग है, लाईलाज बीमारी है।

अत: भ्रष्टाचार के नियंत्रण के लिए सशक्त लोकपाल संस्थान की देश को बड़ी आवश्यकता है। प्राय: सांसदों और राजनेताओं की इसके लिये हार्दिक सहमति नहीं है। इनका तर्क है कि भारत की संसद व सरकार सम्प्रभु है। लोकतंत्र में संवैधानिक रूप में चुनी गई संसद तथा निर्वाचित सरकार जनलोकपाल के सामने बौनी हो जावेगी। जन लोकपाल संस्थान सुपर गवर्नमेन्ट का रूप ले लेगी। लोकपाल को जिस तरह प्रधानमंत्री, मंत्री, सांसद, राजनेता तथा जनता के विरूद्ध जाँच तथा कार्यवाही के अधिकार प्रस्तावित है, इससे वह लोकतंत्र की जनता द्वारा चुनी सरकार से अधिक प्रभावी और शक्तिशाली हो जावेगा। इस स्थिति में कार्यपालिका व विधायिका के विशेष संवैधानिक अधिकारों तथा स्वायत्ता के हनन की स्थिति निर्मित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।[8]

वोट की राजनीति में राजनेताओं द्वारा भ्रष्टाचार के विरूद्ध खड़े होने के नैतिक साहस के अभाव में, सिर्फ जन लोकपाल बिल से ही आशा की किरण दिखाई देती है। जनतांत्रिक मूल्यों की अभिरक्षा के लिये इसे संतुलित तथा संवैधानिक रूप में, राष्ट्रपति की अध्यक्षता में गठित नियंत्रक मण्डल के निर्देशों के अंतर्गत ही उच्च पदों पर आसीन निर्वाचित जन प्रतिनिधियों यथा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केन्द्रिय मंत्री आदि के प्रकरणों में लोकपाल के लिये निर्णय लेने के अधिकार को सीमित किया जा सकता है। नियंत्रक मण्डल में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, लोकसभा अध्यक्ष, नियंत्रक महालेखापरीक्षक तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त जैसे संवैधानिक पदों पर आसीन पदाधिकारी सदस्य बनाये जा सकते हैं। इस तरह शक्ति संतुलन बनाया जा सकता है।

सन् 2007 में गठित द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग ने कहा था कि लोकपाल का नाम राष्ट्रीय लोकायुक्त करके उसे संवैधानिक दर्जा दिया जावें। सरकार ने इस पर विचार तक नहीं किया। सच्चाई तो यह है कि अब लोकपाल पर राष्ट्रीय सहमति बन गई है, और जिस तरह अपराधीकरण पर अंकुश की दिशा में सरकार को विवश होकर न्यायपालिका के निर्देशों पर कार्यवाही करना पड़ी है तथा पूर्व केन्द्रिय मंत्री को भी जेल की सजा होने पर उसकी संसद की सदस्यता समाप्त करना पड़ी है।

उसी तरह जनलोकपाल के भय से आक्रान्त होने पर भी राजनेताओं को आगामी लोकसभा में, देश को जन लोकपाल की सौगात देना पड़ेगी। अन्ना हजारे भी जन लोकपाल के लिए 10 दिसम्बर 2013 से फिर अनशन पर बैठने की घोषणा कर चुके है। जन लोकपाल के लिए उनका चौथा अनशन होगा, जो रालेगण सिद्धि में होगा। अन्ना ने घोषणा की है कि जन लोकपाल पास होने पर ही वे अनशन समाप्त करेगें।[9]

संदर्भ :-

1. पटेल राम निवास - लोक जीवन में भ्रष्टाचार और लोकपाल की अपरिहार्यता : ए. जरनल ऑफ एशिया फॉर डेमोक्रेसी एण्ड डेवलपमेन्ट मुरैना जुलाई सितम्बर 2011, पृष्ठ 98.
2. पटेल राम निवास - लोक जीवन में भ्रष्टाचार और लोकपाल की अपरिहार्यता : ए जरनल ऑफ एशिया फॉर डेमोक्रेसी एण्ड डेवलपमेन्ट मुरैना जुलाई सितम्बर 2011, पृष्ठ 99.
3. संपादकीय दैनिक जागरण 28 मार्च 2011
4. दैनिक भास्कर 11 फरवरी 2011, पृष्ठ 03.
5. तहलका 20 अप्रेल 2011, अंक 4, पृष्ठ-33
6. पत्रिका शुक्रवारविशेष 6-15 अप्रेल 2011
7. आउटलुक - पत्रिका 6 मई 2011, पृष्ठ 25
8. इण्डिया टूडे 20 अप्रेल 2011, पृष्ठ 20
9. ''अन्ना का 10 से फिर अनशन'' दैनिक भास्कर 29 नवम्बर 2013, पृष्ठ 01

****

दक्षिण कोसल की वर्ण व्यवस्था में ब्राह्मणों की स्थिति

डॉ. अनूप परसाई*

मेकाइबर के अनुसार समाज कार्यप्रणालियों एवं रीतियों की अधिकार सत्ता एवं पारस्परिक सहायता की अनेक समूहों एवं श्रेणियों की तथा मानव व्यवहार के नियंत्रणों एवं स्वतंत्रताओं की एक व्यवस्था है।(1) प्राचीन भारतीय समाज चार वर्णों में विभक्त था। कालान्तर में जाति प्रथा की कट्टरता के साथ पालन होने के कारण यह व्यवस्था वंशानुगत हो गयी। ऋग्वेद में उल्लेख आया है कि विराट पुरूष ब्रह्मा के मुख से ब्राह्मण भुजाओं से क्षत्रिय, उदर से वैश्य एवं पैरों से शुद्र की उत्पत्ति हुई।(2) समुदाय में पाये जाने वाली अत्यंत अनंत पृथकताओं को स्वीकार करना ही वर्ण व्यवस्था है।(3) वैदिक युग की कुटुम्ब व्यवस्था ने समाज को जन्म दिया(4) प्राचीन भारत में विभिन्न संस्थओं का उदय, संगठन और उत्थान सभ्यता और संस्कृति के विकास के साथ-साथ हुआ। इनका संबंध व्यक्ति तथा समाज दोनों से रहा।

ऋग्वेद में ब्राह्मणों का उल्लेख अनेक मंत्रों में हुआ है, जिनसे ज्ञात होता है कि वे सोमपान व प्रार्थना करते थे और समाज में उनका विशिष्ट स्थान था। ऋग्वेद में ब्रह्म, क्षत्र और विष का अलग-अलग समुदायों के रूप में उल्लेख है। ऋग्वेद में ब्रह्मा देवानम और विप्राणां जैसे उल्लेख प्राप्त होते हैं। धुर्वे ने ऋग्वेद में आये विवरणों के आधार पर यह मत व्यक्त किया है कि पूर्व वैदिककाल में ब्राह्मण जाति के रूप में संगठित हो चुके थे किन्तु काणे ने इस मंत्र का अर्थ स्पष्ट करते हुये इसे अस्वीकार कर दिया है। ऋग्वेद के कुछ मंत्रों में ब्रह्म शब्द का प्रयोग मिलता है इस प्रकार जो प्रार्थना करते थे अथवा प्रार्थना की रचना करते थे वे ब्राह्मण कहलाये। चातुर्वण्य व्यवस्था में ब्राह्मणों को विशेष मान दिया जाता था। ब्राह्मणों को पंच महायज्ञादि धार्मिक कृत्य करने के लिये राजा की ओर से मंगल कार्य के प्रसंग में भूमिदान दिया जाता था। तत्कालीन भारतीय समाज में ब्राह्मणों को सम्मान व पद प्राप्त था। राजा भी उनका सम्मान करता था।(7) वैदिक काल से ही समाज में ब्राह्मणों का स्थान सर्वोपरि था। वेदों, संहिताओं तथा ब्राह्मणों की महत्ता मुक्त कण्ठ से की गयी है। ब्राह्मणों से सभ्यता एवं भद्रता की आशा की जाती है।(8) प्राचीन भारतीय सामाजिक व्यवस्था के प्रारंभ में आर्यों का एक ही समुदाय था। ऋगवेद के समय समाज का विभाजन केवल दो तरह के लोगों आर्य एवं अनार्यों में हुआ था। फिर उत्तर वैदिक काल में ब्राह्मण कहे जाने वाले एक नये वर्ग के लोगों का अविर्भाव हुआ, जिनका काम ब्राह्मण ग्रंथों का अध्ययन तथा जटिल विधियों के अनुसार यज्ञिक उपासना अथवा कर्मकांड का संपादन करना था इसके कारण वह समाज का नियंता था, अत: उसे नानागुण समन्वित होना चहिये।(9) दक्षिण कोसल में राज्य करने वाले विभिन्न राजवंशों के शासकों ने ब्राह्मणों को अत्याधिक महत्व दिया। ब्राह्मण ही राजा के महापुरोहित रहते थे तथा उन्हें धर्म संबंधी परामर्श देते थे। द्वितीय शताब्दी के किरारी काश्ट स्तंभलेख में पादमूलक नामक अधिकारी को पुरोहित के साथ समीकृत किया है।(10) राजमाता वासटा के लक्ष्मण मंदिर शिलालेख(11) में पादमूल शब्द पुरोहित के अर्थ में हुआ है। पृथ्वीदेव प्रथम के रायपुर ताम्रपत्रलेख(12) प्रमुख विप्र केशव का उल्लेख हैं जाजल्लदेव द्वितीय के अमोदा दानपत्र(13) में दो ब्राह्मणों को दान दिये जाने का उल्लेख है। दक्षिण कोसल में शासन करने वाले विभिन्न राजवंशों के शासकों के लेखों में ब्राह्मणों के गोत्र एवं प्रवर का उल्लेख मिलता है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

गोत्र:- नलवंशीय शासक भवदत्तवर्मन एवं अर्थपति के ऋद्धपुर एवं केसरीबेढ़ा ताम्रपत्रों में पराशर और कौत्स गोत्र का उल्लेख मिलता है शरभपुरीय शासकों के ताम्रपत्रों में धारणी गोत्र (कुरूद ताम्रपत्र) पाराशर गोत्र (ठाकुरादिया ताम्रपत्र) कौण्डिल्य गोत्र (आरंग ताम्रपत्र) कात्यायन गोत्र (आरंग ताम्रपत्र) आडिरस गोत्र (मल्लार ताम्रपत्र) का उल्लेख है(14) राज्शितुल्य कुल के शासक भीमसेन द्वितीय के आरंग ताम्रपत्र में भारद्धाज गोत्र का उल्लेख मिलता है(15) पाण्डुवंशीय शासकों के अभिलेखों में शाण्डिल्य गोत्र (मलगा ताम्रपत्र) कौण्डिन्य गोत्र (अढ़ीयार ताम्रपत्र) भारद्धाज गोत्र (राजिम एवं बोड़ा ताम्रपत्रों) का उल्लेख मिलता है सोमवंशीय शासकों के अभिलेखों में भारद्धाज गोत्र (कटक ताम्रपत्र) कश्यप गोत्र (पटना ताम्रपत्र) कौशिक गोत्र (उड़ीसा संग्रहालय ताम्रपत्र) वत्स गोत्र (गिनतला ताम्रपत्र) कौण्डिन्य गोत्र, (वक्रटेन्टली ताम्रपत्र) पराशर गोत्र (कलीभना ताम्रपत्र) कौच्छत्स गोत्र, (पटना ताम्रपत्र) कृश्णत्रेय गोत्र, (पटना ताम्रपत्र) गौतम गोत्र (नागपुर संग्रहालय ताम्रपत्र) अगस्त गोत्र (पटना ताम्रपत्र) का उल्लेख मिलता है(16) रतनपुर के कलचुरी शासकों के अभिलेखों में वत्स गोत्र (डेकोनी ताम्रपत्र) आलवायन गोत्र (घोटिया ताम्रपत्र), चन्द्रादेय गोत्र (अमोदा ताम्रपत्र) शाणक्रीत गोत्र (बिलईगढ़ ताम्रपत्र) कौशिक गोत्र (रायपुर ताम्रपत्र) आडिरस (अमोदा ताम्रपत्र) पराशर गोत्र (शिवरीनारायण ताम्रपत्र) वत्स गोत्र (सरखों ताम्रपत्र) का उल्लेख मिलता है(17) शरभपुरीय शासकों के ताम्रपत्रों में वाजसनेय शाखा (ठाकुरदिया ताम्रपत्र) माध्यन्दिन शाखा (मलगा ताम्रपत्र) माध्यान्दिन शाखा (अढ़भार ताम्रपत्र) मैत्रायिण एवं छान्दोयज्ञ शाखा, यजुर्वेद एवं सामवेद के (बोड़ा ताम्रपत्र) का उल्लेख मिलता है(18) मेकल के पाण्डुवंशीय शासक भरतबल के बम्हनी ताम्रपत्र में वाजसनेय माध्यान्दिन शाखा का उल्लेख आया है। सोमवंशीय राजवंश के शासकों के ताम्रपत्रों में गौतम शाखा (पटना ताम्रपत्र) कौमुथ चरण छान्दोग्य शाखा (कटक ताम्रपत्र) यजुर्वेद काण्व शाखा (जैष्ठ सिंग डूमरी ताम्रपत्र) मैत्रायिणी शाखा (महाकोशल इतिहास परिशद ताम्रपत्र) ऋगवेद माध्यान्दिन शाखा (नरसिंहपुर ताम्रपत्र) अद्धयी शाखा (कुन्डोपाली ताम्रपत्र) वाजसेनय मध्यान्दिन शाखा (नागपुर संग्रहालय ताम्रपत्र), सामवेदी कौमुथ (पटना ताम्रपत्र), छान्दोग्य शाखा (वक्रटेन्टली ताम्रपत्र) कण्व शाखा (पटना संग्रहालय ताम्रपत्र) का उल्लेख मिलता है कलचुरि शासकों के अभिलेखों के अभिलेखों में कुछ परिवर्तन दिखाई पड़ता है। केवल पृथ्वीदेव प्रथम एवं द्वितीय के अमोदा ताम्रपत्र में बृहवृच (ऋगवेद) और चन्द्रात्रेय शाखा का उल्लेख मिलता है। अन्य अभिलेखों में गोत्र और प्रवर का तो उल्लेख है। किन्तु शाखा के स्थान पर उस ब्राह्मण द्धारा जानने वाले विद्या जैसे वेद, आगम, छन्दशास्त्र स्मृति, पुराण, ज्योतिष एवं शाकम्भरी विद्या (तांत्रिक उपासना) का ज्ञाता आदि शब्दों का उल्लेख मिलता है।

प्रवर :-इस क्षेत्र से प्राप्त अभिलेखों में से केवल सोमवंशीय शासकों और रतनपुर के कलचुरि शासकों के अभिलेखों ब्राह्मणों के गोत्र एवं शाखा के साथ प्रवर का उल्लेख मिलता है। अभिलेखों में प्रवरों की संख्या का उल्लेख अलग-अलग मिलता है। कुछ स्थानों में प्रवरों की संख्या एक, दो तीन तथा पांच का उल्लेख मिलता है। तो कुछ अभिलेखों में प्रवरों के नामों का उल्लेख मिलता है। सोमवंशीय शासकों के ताम्रपत्रों में आत्रेय प्रवर (जेष्ठसींग डुगरी ताम्रपत्र), देवराज-औदल-विश्वामित्र, प्रवर (पटना ताम्रपत्र), एकर्शिविशिष्ट, प्रवर (महाकोशल इतिहास परिशद ताम्रपत्र) मित्रव्य-वरूण, प्रवर (कुन्डोपाली ताम्रपत्र), आडिरस-वृहस्पति-भारद्धाज, प्रवर (कटक ताम्रपत्र), वशिष्ट-शक्ति-पराशर, प्रवर (कलीभना ताम्रपत्र), देवराज-विश्वामित्र, प्रवर पटना संग्रहालय ताम्रपत्र, आडिरस-शम्बरीव, प्रवर (पटना ताम्रपत्र) गौतम-आडिरस-औतथ्य, प्रवर (नागपुर संग्रहालय ताम्रपत्र), आर्चनानस प्रवर (पटना ताम्रपत्र), विश्वामित्र-देवरात-औदल, प्रवर (कटक

* विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक (भारतीय इतिहास) शासकीय छत्तीसगढ़ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत

ताम्रपत्र),आडिरस-वृहस्पति- भारद्धाज प्रवर (निबिङ्गा ताम्रपत्र), ईश्वरपाद प्रवर (पटना ताम्रपत्र), और्ध्व-यमदाग्नि प्रवर (गिनतला ताम्रपत्र) का उल्लेख मिलता है। सोमवंशीय शासकों के पश्चात छत्तीसगढ़ क्षेत्र में शासन करने वाले कलचुरि शासकों के अभिलेखों में भी प्रवर का उल्लेख मिलता है। उतिथ्य-गौतम-वशिष्ट, प्रवर (अमोदा ताम्रपत्र), आत्रेय-अर्चमानस-सस्यावास, प्रवर, (मल्लार शिलालेख), वत्स भार्गव-च्यवन्य-आप्तनवन प्रवर (अमोदा ताम्रपत्र), भारद्धाज-आडिरस-वृहस्पति, प्रवर (अमोदा ताम्रपत्र), चन्द्र-अत्रि-स्पावन (पवन), प्रवर (अमोदा ताम्रपत्र), वशिष्ट-शक्ति-पराशर प्रवर (शिवरीनारायण ताम्रपत्र) वत्स-भार्गव-चवन्य-आप्नवन-और्य, प्रवर (सरखों ताम्रपत्र), वशिष्ट-मैत्रागण-कौडिन्य, प्रवर (घोटिया ताम्रपत्र), वशिष्ट-शक्ति-पराशर, प्रवर, (पेन्ड्राबंध ताम्रपत्र)।

उपनाम एवं मूल स्थान- इस क्षेत्र के अभिलेखों में दान ग्रहण करने वाले ब्राह्मणों के नाम के साथ विभिन्न उपनाम तथा उनके मूल स्थान का भी उल्लेख मिलता है। नलवंशीय शासकों के अभिलेखों में नाम के साथ आर्य शब्द मिलता है रविदत्तार्य्यास्य एवं देवार्य्यस्य शरभपुरीय शासकों के अभिलेखों में नाम के साथ अंत में अधिकांशत: स्वामी मिलता है। (विश्णुस्वामी एवं भाश्रुत स्वामी)[19] कभी कभी नाम के पहले भट्ट और अन्त में स्वामी मिलता है (भट्टपुरंदर स्वामी) [20] पाण्डुवंशीय शासकों के अभिलेखों में नाम के आगे भट्ट तथा अंत में दत्त लिखा जाता था (भट्ट गौरीदत्त) कुछ अभिलेखों में नाम के अंत में उपाध्याय भी मिलता है (नारायणोपाध्याय) सोमवंशीय शासकों के अधिकांश ताम्रपत्रों में नाम के आगे भट्टपुत्र लिखा जाता था जैसे (भट्टपुत्र दामोदर) कुछ अभिलेख में नाम के अगो भट्ट (भट्टश्री महोदधी)[21] लिखा जाता था। एक दो अभिलेख में नाम के अंत में शर्मा (नारायणशर्मा) लिखा मिलता है। इसके पश्चात् रतनपुर के कलचुरि शासकों के अभिलेखों में अधिकांश में ब्राह्मण का केवल नाम मिलता है जैसे ब्राह्मण केशव (अमोदा ताम्रपत्र) कुछ अभिलेखों में नाम के साथ शर्मा तथा त्रिपाठी जैसे उपनाम भी मिलते हैं। जैसे गोपाल शर्मा एवं देवदत्त त्रिपाठी कभी कभी नाम के अंत में स्वामी भी मिलता है, जैसे मिहिर स्वामी इसके साथ ही शैवाचार्य और शंकभरीविद्या में परंपरागत ब्राह्मणों के नामों का भी उल्लेख मिलता है। छत्तीसगढ़ क्षेत्र से प्राप्त प्रारंभिक अभिलेखों में ब्राह्मणों के मूल स्थान का उल्लेख नहीं मिलता है। किन्तु बाद के सोमवंशीय एवं कलचुरि शासकों के अभिलेखों में दान ग्रहण करने वाले ब्राह्मणों का मूल स्थान का उल्लेख मिलता है। सोमवंशीय शासकों के अभिलेख में श्रावस्ती मंडल, भट्परोली, मध्य देश, तिरहुत भुक्ति, माध्वील, टाकारी, कोशल देश, पभ्पासरानि, ओड्र देश एवं हस्तिपद आदि [22] स्थानों का उल्लेख मिलता है। कलचुरि शासकों के अभिलेखों में कुलांचा, टकारी, कुम्भटी, मध्यप्रदेश एवं हस्तियामठि का उल्लेख मिलता है।[23] इससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस काल तक आते आते ये स्थान कुछ विशिष्ट विद्वान ब्राह्मणों के परिवारों के निवास स्थान थे, जहां से योग्य ब्राह्मणों को बुलाकर दान दिया जाता था।

व्यवसाय : छत्तीसगढ़ क्षेत्र से प्राप्त अभिलेखों में अधिकांश किसी विशेष अवसर (सूर्य एवं चन्द्रग्रहण, मकर संक्राति, एकादशी एवं पूर्णिमा तथा चैत, श्रावण तथा कार्तिक मास कभी कभी अधिक मास आदि) पर ब्राह्मणों को दिये गये दान का विवरण मिलता है। अभिलेखों में मिलने वाले तथ्यों के ऐतिहासिक विश्लेषण से ज्ञात होता है कि ये अग्रहार ग्राम एक ब्राह्मण या कभी-कभी कई ब्राह्मणों को संयुक्त रूप से दिया जाता था। ये सभी ग्राम सभी प्रकार के करों से मुक्त होते थे तथा इन ग्रामों में शासकीय अधिकारियों का प्रवेश निषिद्ध होता था। लगभग सभी दानपत्रों में ''चाट भाट प्रावेश्यस्य व्वकरविसिर्ज्जित'' शब्द का उल्लेख अवश्य मिलता है। ये अग्रहार ग्राम सदाचरण करने पर ब्राह्मणों की कई पीढ़ियों तक इसका उपयोग कर सकते थे। साथ ही राजा का यह भी आदेश होता था कि उनके पश्चात् शासन करने वाले शासक इस दान का अनुपालन करें। यह भी अधिकांश ताम्रपत्रों पर उल्लेखित होता था। इससे ज्ञात होता है कि ब्राह्मणों का मुख्य कार्य अध्ययन, अध्यापन एवं पुरोहित का कार्य था जिसके लिये उन्हें राज्य और समाज से दान और सम्मान मिलता था। यही उनकी आजीविका थी। ब्राह्मणों का समाज में विशिष्ट स्थान था। राजा के मंत्रिमंडल में पुरोहित भी होता था। संकटकालीन परिस्थिति में वे राजा को उचित सलाह देकर सहायता किया करते थे। भाकमिश्र, सोमेश्वर, पुरूषोत्तम, गंगाधर आदि ब्राह्मण मंत्रियों के कार्य कौशल का उल्लेख कलचुरियों के अभिलेखों में बड़े गौरव के साथ हुआ है। इनमें कई मंत्रियों ने तो रणस्थल में भी अपने शौर्य प्रदर्शन करके अपने स्वामियों को महत्वपूर्ण विजय दिलाई थी। अन्यों ने अपने बुद्धि एवं कुशलता से राज्य को राजकीय और आर्थिक संकट से मुक्त किया था। तथा देश में शांति एवं सुव्यवस्था कायम की थी। कई ब्राह्मणों ने राज प्रशस्तियाँ भी लिखी थी। जिसमें उत्तम कवित्व के दर्शन होते हैं यहां से प्राप्त अभिलेखों में शैव, पाशुपत एवं शाक्त तथा बौद्धमत के अनुयायी ब्राह्मणों का भी उल्लेख मिलता है[24]। जो न्याय, दर्शन, वेदांत तथा शैव एवं शाक्त सिद्धांत के ज्ञाता आचार्य थे। मंदिरों के पूजा बली चुरू एवं सत्र तथा यथा समय उसका जीर्णाद्धार का कार्य भी दान ग्रहण करने वाले (अग्रहार ग्राम) ब्राह्मण ही करते थे। इस प्रकार विद्धान वेदाध्ययन तथा अध्यापन एवं यज्ञ तथा पुरोहती कार्य करने वाले ब्राह्मणों का समाज में उच्च स्थान रहा है। समयानुसार इनके कई शाखा एवं उपविभाग हो गये थे। छत्तीसगढ़ क्षेत्र मध्य में स्थित होने के कारण चारों दिशाओं से ब्राह्मण यहां आते रहे उन्हें यथायोग्य आदर एवं सम्मान मिलता था। वर्तमान काल में इस क्षेत्र में ब्राह्मणों के निम्न उपजातियाँ मिलती है जिन्हें उनके मूल स्थान के नाम से जाना जाता है। जैसे - अवस्थी, जिझोतियाँ, कान्यकुब्ज, सरयुपारी, महाराष्ट्रीयन मैथलीय, नागर, नामदेव, सनाढय, सारस्वत, शाक्तद्धीपी, उत्कल, तैलंग, महापात्र, गुर्जर आदि है[25] इन ब्राह्मण समुदाय का कार्य पूजापाठ, कर्मकाण्ड एवं ज्योतिश एवं शाक्त विद्या रहा हैं उन्नीसवीं शताब्दी के अंत में छत्तीसगढ़ क्षेत्र की संपूर्ण जनसंख्या में ब्राह्मणों का प्रतिशत लगभग तीन था। ब्राह्मणों का छत्तीसगढ़ी सामाजिक संरचना में प्राचीन काल से वर्तमान काल तक विशिष्ट स्थान रहा है।

संदर्भ ग्रंथ :-

1. सचदेव, डी.आर. : समाजशास्त्र के सिद्धांत, 1997, पृ. 68.
2. काणे, पी.व्ही. : धर्मशास्त्र का इतिहास, भाग-एक, पृ. 114.
3. गौरेला, वाचस्पति : वैदिक साहित्य एवं संस्कृति, 1970, पृ. 327.
4. पांडे, गोविन्दचन्द्र : इतिहास स्वरूप एवं सिद्धांत, 1973, पृ. 204.
5. ऋग्वेद, 6.31.4.
6. धुर्वे, कास्ट इन इंडिया, पृ. 42.
7. जैन, बालचन्द्र : उत्कीर्ण लेख, 1961, पृ. 37.
8. कीलहार्न : जर्नल ऑफ रायल एशियाटिक सोसाइटी, 1905, पृ. 617.
9. शर्मा, रामायणप्रसाद, भारतीय वर्णाश्रम, पृ. 20.
10. जैन, बालचन्द्र : उत्कीर्ण लेख, पृ. 2-3.
11. उपरिवत, लेख क्र. 9, श्लोक 26, पृ. 40.
12. का.इ.इ. जिल्द - 4, लेख क्र. 75, पंक्ति 13, पृ. 400.
13. वही, लेख क्र. 100, पृ. 539.
14. एपिग्राफिया इंडिका, भाग - 19, पृ. 102.
15. वही भाग - 27, पृ. 209.
16. वही भाग - 9, पृ. 342.
17. वही, पृ. 9.
18. एपिग्राफिया इंडिका, भाग - 22, पृ. 15., भाग - 23, पृ. 20.
19. वही भाग - 19, पृ. 100-103.
20. वही भाग - 22, पृ. 15-23.
21. ओरिसा हिस्टारिकल रिसर्च जनरल, भाग - 12, पृ. 20.
22. इंडियन हिस्ट्री क्वाटरली, भाग - एक, पृ. 405.
23. का.इ.इ. भाग-4, पृ. 409.
24. वही, पृ. 375.
25. मिराशी, वी.वी. : कलचुरि नरेश और उनका काल पृ. 59-61.

खोरपा से प्राप्त विष्णु प्रतिमा : एक अध्ययन

डॉ. अनूप परसाई *

रायपुर जिला मुख्यालय के अभनपुर तहसील के अंतर्गत खोरपा नामक ग्राम अवस्थित है। रायपुर जिला से 25 कि.मी. दूर दक्षिण दिशा (21''3'41'' उत्तरी अक्षांस 81''38'48'' पूर्वी देशांतर) में अवस्थित है। खारून नदी की दूरी लगभग 7 कि.मी. है। यहाँ प्राचीन खण्डित प्रतिमाएं है तथा आसपास के गांव में भी पूरा सम्पदा बिखरी हुई है।

चतुर्भूजजी विष्णु की प्रतिमा नीम वृक्ष के चबूतरे पर रखी हुई थी, जिसका कुछ हिस्सा टूट गया था, जिसे ग्रामीणों के सहयोग से कलाकार के माध्यम से उसे जोड़ कर संरक्षित किया गया। ग्रामीण इसे ब्रह्मा देव तथा विष्णु के नाम से पुकारते है। ग्रामीण इसकी पूजा करते हैं तथा उनकी लोक आस्था जुड़ी हुई है तथा विवाह के समय सबसे पहले हल्दी का लेप विष्णु भगवान को चढ़ाया जाता है। यह परम्परा आज भी विद्यमान है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि – भारतीय इतिहास में कलचुरि राजवंश का महत्वपूर्ण स्थान है। लगभग छठवीं शताब्दी ई. में इसका उदय महिष्यती में हुआ। महाभारत[1] से ज्ञात होता है कि शौण्डिक क्षत्रीय थे, वे ब्राह्मणों के कोप से वृषलत्व को प्राप्त हुए। अग्निपुराण[2] में शौण्डिक हैहयों की शाखा का उल्लेख मिलता है। डॉ. रायबहादुर हीरालाल का एक संकलन– जबलपुर ज्योति, का अध्ययन कर डॉ. रामकुमार अहिरवार ने विचार व्यक्त किया है कि– ''पाशुपत पंथी मदिरा का विशेष उपयोग करते थे या उनके संबंधी मदिरा को बनाते भी रहे होंगे। ... हैह्य काल में मदिरा में चुरि–चुराने अर्थात पकाने लगे इसलिए उनका नाम कलचुरी पड़ गया। आगे ये क्षत्रीय धर्म में संलग्न रहे, आने वाले लोग भी कलचुरि कहलाते रहे और मदिरा बनाते रहे इस व्यवसाय से संबंधित लोगों ने ''कल्यपाल'' की पद्धी धारण की होगी। कल्यपाल की आधुनिक अपभ्रंश कलवार या कलार से है। इस प्रकार कालांतर मं हैह्यवंशी, पाशुपत पंथी नरेश या सैनिक कलचुरि और उसके वंशज मदिरा द्वारा जीवन निर्वाह करते थे। आगे चलकर कल्यपालों के दो भाग हो गए और उन्होंने भिन्न–भिन्न जातियों का रूप धारण कर लिया।''[3]

क्लचुरि शासक अपनी वंश परम्परा का प्रारंभ कृतवीर्य के पुत्र हैह्यवंशी सहस्त्रार्जुन से करते है तथा उन्हें 'चन्द्रवंशी' बताया गया है। अभिलेखों में कलचुरि राजवंश का – कटच्चुरि (कटचुरि), कालचुर्य (कलचुर्य), कलचुति (कलचुटि), कलत्सुरी (कलत्सूरी), करचुरि (कलिचुरि) जैसे विविध रूपों में नामाभिधान मिलता है।[4]

कलचुरि वंश के शासकों के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत गुजरात, महाराष्ट्र, मालवा तथा कोसल का क्षेत्र रहा है। कलचुरियों की एक शाखा बाद में जबलपुर के निकट त्रिपुरी में आ गई। लक्ष्मणराज के बाद (प्रथम), कोक्कल त्रिपुरी का राजा हुआ। उसका लक्ष्मण से क्या संबंध था, इस बारे में कोई सूचना नहीं मिलती।

कोकल्ल बहुत ही महत्वाकांक्षी और प्रतापी राजा था।[5] त्रिपुरी के कलचुरियों का एक शाखा ने कालांतर में अपना राज्य छत्तीसगढ़ में स्थापित किया। छत्तीसगढ़ के कलचुरि शासकों द्वारा जारी अभिलेखों से ज्ञात होता है कि त्रिपुरी के शासक कोकल्ल के 18 पुत्र थे। उसने अपने छोटे भाईयों की छोटे–छोटे मण्डलों का अधिपत्य (शासक) बनाया। इन छोटे भाईयों में से एक के वंश में कलिंगराज हुआ, जिसने छत्तीसगढ़ क्षेत्र को जीतकर अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित तुम्माण (वर्तमान कोरबा जिला) को अपनी राजधानी बनाया।[6] उपरोक्त विवरण से छत्तीसगढ़ क्षेत्र में कलचुरि राज्य की जानकरी प्राप्त होती है। बिल्हारी अभिलेख[7] से ज्ञात होता है कि कोकल्ल प्रथम के पुत्र शंकरगण द्वितीय मुग्धतुंग ने लगभग 900 ई. में कोसल के राजा को पराजित कर उनसे छत्तीसगढ़ प्रदेश छिन लिया था। इसके पश्चात् 950 ई. के लगभग सोमवंशियों ने पुन: छत्तीसगढ़ पर अधिकार कर लिया।

कल्चुरियों के द्वारा वास्तविक शासन लगभग 1000 ई. में कलिंगराज द्वारा स्थापित किया गया। कलिंगराज के पश्चात् कलचुरि राजवंश का शासक उसका पुत्र कमलराज लगभग 1020 ई. में राजा हुआ। कमलराज का उत्तराधिकारी रत्नदेव प्रथम हुआ। रत्नदेव प्रथम के पश्चात् इसका पुत्र पृथ्वीदेव प्रथम राजा बना इसकी तिथि रायपुर ताम्रपत्र[8] से कलचुरि सम्वत् 821 अर्थात् 1096 ई. होता है। जाजल्लदेव प्रथम अपने पिता पृथ्वीदेव प्रथम के पश्चात् लगभग 1095 ई. में रत्नपुर का शासक हुआ। इसके रतनपुर शिलालेख[9] में इसकी विजय का उल्लेख है।

जाजल्लदेव प्रथम के पश्चात् रत्नदेव द्वितीय कलचुरि संवत् 868 अर्थात् 1127 ई0 में शासक हुआ।[10] रत्नदेव द्वितीय का उत्तराधिकारी इसका पुत्र पृथ्वीदेव द्वितीय हुआ। इसका सर्वप्रथम अभिलेख कलचुरि सम्वत् 890 अर्थात 1138 ई. का है। पृथ्वीदेव द्वितीय के पश्चात् कलचुरि राजवंश का शासक जाजल्लदेव द्वितीय हुआ। इसकी सर्वप्रथम ज्ञात तिथि मल्हार शिलालेख[11] कलचुरि संवत् 919 अर्थात् 1167 ई. से मिलती है। जाजल्लदेव द्वितीय के पश्चात् उसके बड़े भाई जगदेव के शासक रत्नदेव तृतीय हुआ। रत्नदेव तृतीय के पश्चात् उसका उत्तराधिकारी एवं शासक प्रतापमल्ल हुआ। इसके तीन ताम्रपत्र पेंड्राबंध, कोनारी एवं बिलाईगढ़ नामक स्थान से क्रमश: कलचुरि सम्वत् 968 एवं 969 ई. के प्राप्त हुए है।[12]

प्रतापमल्ल के पश्चात रतनपुर के कलचुरि राजवंश के इतिहास के विषय में जानकरी देने वाले स्त्रोतों की कमी है। वाहरेन्द्र नामक एक राजा के दो षिलालेख रतनपुर[13] से विक्रम सम्वत् 1552 और दो शिलालेख कोसगई[14] (वर्तमान कोरबा जिला) से मिले है। जिसमें से एक तिथि विहीन और दूसरा विक्रम सम्वत् 1570 ई. का है। इस राजवंश के शासकों द्वारा विभिन्न दान एवं निर्माण आदि के उपलक्ष्य में जारी किए गए शिलालेख एवं ताम्रपत्र, मुद्राएँ सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ क्षेत्र के अनेक स्थानों से ज्ञात हुए है। इन अभिलेखीय और मौद्रिक साक्ष्यों के ऐतिहासिक अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि उनके साम्राज्य क्षेत्र के अंतर्गत सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ का मैदानी भू–भाग रहा है। जिसके अंतर्गत रायपुर जिला भी आता था।

प्राप्ति स्थल– रायपुर जिला मुख्यालय के अभनपुर तहसील के अंतर्गत खोरपा नामक ग्राम अवस्थित है। रायपुर जिला से 25 कि.मी. दूर दक्षिण दिशा में अवस्थित है। खारून नदी की दूरी लगभग 7 कि.मी. है। यहाँ प्राचीन खण्डित प्रतिमाएं है तथा आसपास के गांव में भी पुरासम्पदा बिखरी हुई है।

चतुर्भूजी विष्णु की प्रतिमा नीम वृक्ष के चबूतरे पर रखी हुई थी, जिसका कुछ हिस्सा टूट गया था, जिसे ग्रामीणों के सहयोग से कलाकार के माध्यम से

* विभागाध्यक्ष (प्राचीन भारतीय इतिहास) शासकीय जे.यो. छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत

उसे जोड़ कर संरक्षित किया गया। ग्रामीण इसे बरहमा देव तथा विष्णु के नाम से पुकारते है। ग्रामीण इसकी पूजा करते है, लोक आस्था जुड़ी हुई है तथा विवाह के समय सबसे पहले हल्दी का लेप विष्णु को चढ़ाया जाता है। यह परम्परा आज भी जीवंत है।

धार्मिक एवं कला पक्ष– शत्पथ ब्राह्मण में विष्णु को सभी देवताओं में श्रेष्ठ कहा गया है।[15] महाकाव्य एवं पौराणिक काल में इनको सृष्टि के रक्षक के रूप में महत्वपूर्ण देव माना गया। आगे भक्ति सम्प्रदाय के विकसित होने पर वैष्णव सम्प्रदाय कहा गया, इसके तीन केन्द्रबिन्दु हुए– ऐतिहासिक देवता वासुदेव–कृष्ण, वैदिक विष्णु और ब्राह्मण ग्रन्थों में नारायण।[16]

डॉ. इन्दुमती मिश्र ने विष्णु प्रतिमा के संदर्भ में लिखा है कि– ''विष्णु के कुछ विशिष्ट रूपों का वर्णन वैष्णव पुराणों में हुआ है। यह रूप सभी देवों से भिन्न है यही इसकी विशेषता है। यह विशेषता विष्णु के आकार–प्रकार, मुखों की संख्या, भुजाओं की संख्या तथा मुख मुद्रा पर आधारित है।[17]

डॉ. बृजभूषण श्रीवास्तव ने विष्णु–प्रतिमा निर्माण के संबंध में अपना विचार व्यक्त किया है कि– ''गुप्तोत्तर काल में भी विष्णु की स्थानक–प्रतिमाओं का निर्माण होता रहा। इस युग की मूर्तियों में उनके सामान्यत: चार हाथ दिखाये गये हैं जिनमें शंख, चक्र, गदा, और पद्म प्रदर्शित किये जाते है।[18] रूपमण्डन[19] में वर्णन मिलता है कि विष्णु कौमोदकी (गदा), पद्म, पांचजन्य नामक शंख और सुदर्शन चक्र तथा मधुसूदन चक्र, शंख, कमल और गदा धारण करते हैं।

चतुर्भुजजी विष्णु प्रतिमा के लक्षण एवं कलाकृतियॉ इस प्रकार हैं–

1. इस प्रतिमा का माप 100.45.25 से.मी. है।
2. यह ग्रेनाईट प्रस्तर पर निर्मित है।
3. चतुर्भुजी विष्णु समपाद स्थानक मुद्रा में स्थानस्थ है।
4. प्रतिमा के सिर के पीछे आभामण्डल सुशोभित है।
5. विष्णु प्रतिमा के बांए हाथ में चक्र एवं दांए हाथ में गदा धारण किए हुए है।
6. पीछे के बांए हाथ में शंख एवं दाए हाथ में सनाल पद्म धारण किए हुए है।
7. वक्ष स्थल पर श्रीवत्स शोभायमान है।
8. सिर में किरीट मुकुट, मुकुट में कौस्तुभमणी, कानों में चक्रकुण्डल, गले में उपग्रीवा, हार, भुजा में भुजबन्द (केयूर), हाथ में कंकण, उदर में उदरबंध, कमर में कटिसूत्र, जंघा में कटकवलय, उरूवाम, मुक्तवाम, वनमाला, और पैर में पादवलय एवं पादजालक आभूषणों से अलंकृत है।
9. विष्णु अधोवस्त्र (धोती) धारण किए हुए है।
10. प्रतिमा में ऊपर की ओर दांए और बांए दोनों ओर मालाधारियों का शिल्पांकन किया गया है।
11. प्रतिमा के सबसे नीचे बांई ओर उपासक हाथ जोड़कर उकडू बैठा है।
12. प्रतिमा पूर्णरूपेण सही स्थिति में परिलक्षित हो रही है।

उपरोक्त प्रतिमा के लक्षणों की बनावट और कलाकृतियों के आधार पर कलचुरिकालीन 11–12वीं सदी सम्मत प्रतीत होता है। नारायणपुर के विष्णु मंदिर से प्राप्त प्रतिमाओं में तथा अन्य स्थानों से प्राप्त कलचुरिकालीन कलाकृतियों में अलकंरण की अधिकता दिखाई देती हैं, जो कि इस विष्णु प्रतिमा में द्रष्टव्य हैं। कलचुरिकालीन प्रतिमाओं में अलंकरण अपेक्षाकृत लंबे नुकीलानुमा होता है। अत: खोरपा से प्राप्त विष्णु प्रतिमा पूर्णरूपेण सही और अच्छी स्थिति में है। शिल्प कला एवं पुरातत्व की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण है।

सन्दर्भ सूची –

1. महाभारत, अनुशासन पर्व, पृ0 35.
2. अग्निपुराण, 274/10.
3. अहिरवार, डॉ. रामकुमार, त्रिपुरी की मूर्तिकला, पृ. 7.
4. पाण्डेय् डॉ.विमलचन्द्र, प्राचिन भारत का राजनैतिक तथा सांस्कृतिक इतिहास, भाग–2, पृ. 301, अहिरवार, डॉ. रामकुमार, त्रिपुरी की मूर्तिकला, पृ. 6.
5. जैन, बालचंद, उत्कीर्ण लेख, पृ. 14.
6. कॉर्पस इन्स्क्रीप्शन्स इण्डीकेरम, खण्ड 4, लेख, क्र. 77, (आगे का.इ. के नाम से).
7. वही, लेख क्र. 45.
8. वही, लेख क्र. 75.
9. वही, लेख क्र. 77.
10. वही, लेख क्र. 82.
11. वही, लेख क्र. 97.
12. वही, लेख क्र. 101–102.
13. वही, लेख क्र. 103–104.
14. वही, लेख क्र. 105–106.
15. शत्पथ ब्राह्मण, 14/1/1–5.
16. अहिरवार, डॉ. रामकुमार, त्रिपुरी की मूर्तिकला, प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, 2004, पृ. 69.
17. मिश्र, डॉ. इन्दुमती, प्रतिमा–विज्ञान, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, 2000, पृ0 231.
18. श्रीवास्तव, डॉ. बृजभूषण, प्राचीन भारतीय प्रतिमा–विज्ञान एवं मूर्तिकला, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 2007. पृ. 14.
19. विष्णु: कौमोदकीं पदमं पांचजन्य सुदर्शनम्।
    मधुसूदनस्तु चक्रं शंख सरसिजं गदाम्॥13 –रूपमण्डन, 3/13.

****

मध्यप्रदेश की ग्रामीण मध्यमवर्गीय महिलाएँ एवं सामाजिक गतिशीलता के विभिन्न आयाम (म.प्र. के नीमच जिले के विशेष संदर्भ में)

डॉ. संजय जोशी *

भारतीय मध्यम वर्ग पिछले एक दशक में सर्वाधिक चर्चित एंव बहस का मुद्दा बना है । क्रिकेट एवं राजनीति के पश्चात् सार्वजनिक स्थानों से लेकर कार्यालयों तक, टी स्टॉल एवं जलपान गृहों से लेकर बुद्धिजीवियों एवं पत्रकारों के संगोष्ठियों तक भारतीय जनमानस में यदि कोई सर्वाधिक बातचीत का मुद्दा रहा है तो नि:संदेह वह मध्यम वर्ग ही है ।

इस मध्यम वर्ग ने आधुनिक भारत के निर्माण में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है । यह एक हकीकत है कि मध्यम वर्ग भारत में प्रगति का एक इंजिन बन गया है । इसीलिए कहा जाता है कि दूसरे देश जहॉ कोयला और पेट्रोल रखते हैं वही भारत शिक्षित एवं बौद्धिक क्षमता से परिपूर्ण मध्यम वर्ग की शक्ति रखता है ।

(1) भारत में मध्यम वर्ग के नए सिरे से प्रारम्भ होने का श्रेय ब्रिटिश औपनिवेशिक प्रशासन को जाता है ।

(2) वैसे मोटे रूप में मध्यम वर्ग एक नगरीय सामाजिक विशेषता है किन्तु आजादी के बाद ग्रामीण समाज के उन्नयन हेतु किए गए विभिन्न नियोजित प्रयासों, कल्याण कार्यक्रमों, संवैधानिक प्रावधानों, शिक्षा के प्रसार, शिक्षा व नौकरियों में आरक्षण तथा सूचना एवं संचार के माध्यमों ने ग्रामीण समुदायों में व्यवसायात्मक एवं शैक्षणिक गतिशीलता को उत्पन्न करते हुए मध्यम वर्ग के उदय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

(3) ग्रामीण समाज में उभरे इस नव मध्यम वर्ग की आधुनिक शिक्षा प्राप्त महिलाएँ ग्रामीण समाज के रूपान्तरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है ।

अध्ययन के उद्देश्य :-

1. ग्रामीण समाज में उभरी मध्यमवर्गीय महिलाओं से ग्रामीण जीवन विशेषकर सामान्य ग्रामीण महिलाओं के जीवन में क्या परिवर्तन उत्पन्न हुए है ? इनकी व्याख्या करना ही प्रस्तुत शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य है ।
2. ग्रामीण महिलाओं में व्याप्त अज्ञानता एवं निरक्षरता को दूर करने में मध्यम वर्ग की महिलाओं विशेषकर शिक्षित मध्यमवर्गीय महिलाओं की भूमिका ज्ञात करना ।
3. ग्रामीण मध्यमवर्गीय महिलाओं के उदय से किस प्रकार की सामाजिक गतिशीलता ग्रामीण अंचल में दिखाई देती है, को जानना ।

अध्ययन पध्दति -

प्रस्तुत शोध पत्र हेतु उद्देश्यपूर्ण प्रणाली के आधार पर मध्यप्रदेश के नीमच जिले में स्थित दो गांवों को जो जिले की दो भिन्न-भिन्न तहसीलों में स्थित है, का अध्ययन हेतु चयन किया गया । अध्ययन के लिए चुने गए दोनों गांव सरवानिया महाराज एवं रेवली- देवली जिले की क्रमश: जावद एवं नीमच तहसील में स्थित है । सम्पूर्ण अध्ययन में सूचनादाताओं को आधार मानते हुए सौद्देष्यीय एवं कोटा निदर्शन प्रणाली से दोनों गांवों की 25-25 मध्यमवर्गीय महिलाओं का चयन किया गया । इसमे मुख्य रूप से खाते पीते घरों की जिसे हम मध्यमवर्ग कहते हैं कि महिलाओं, शिक्षा प्राप्त महिलाओं, नौकरी करने वाली महिलाओं, सेवा यूनिट से जुड़ी महिलाओं व व उच्च कृषक वर्ग के परिवारों की महिलाओं को सम्मिलित किया गया है ।

दोनों गांवों के चयन हेतु निम्न मापदण्ड तय किए गए :-

1. दोनों गांवों में यातायात एवं संचार के साधनों की उपलब्धता हो ।
2. इसके पीछे यह मान्यता थी कि जिन गांवों में यातायात एवं संचार के साधनों की अच्छी उपलब्धता होती है वहीं मध्यम वर्ग के उभरने के अवसर भी अधिक होते हैं ।
3. चूंकि मध्यम वर्ग एक नगरीय अवधारणा है और जिन गांवों का नगरों के साथ सातत्य अधिक होता है, वहीं इस वर्ग के परिवारों के विकास की संभावना अधिक होती है । इसी को ध्यान में रखते हुए यह तय किया गया कि दोनों गांव मुख्य सड़क मार्ग से जुड़े हों व नगर शहर के पास में स्थित हों ।
4. विकसित गांव के चयन हेतु मुख्य मापदण्ड उस गांव में हायर सेकेण्डरी स्कूल प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र एक लघु उद्योग केन्द्र तथा पांच हजार की आबादी एवं अविकसित गांव हेतु कम से कम दो हजार की आबादी तथा हाई स्कूल उपलब्ध होना तय किये गये । इन चयनित सूचनादाताओं से सकेन्द्रित साक्षात्कार, साक्षात्कार अनुसूची, औपचारिक बातचीत, वैयक्तिक अध्ययन, व्यक्तिगत साक्षात्कार तथा प्रत्यक्ष निरीक्षण इत्यादि पद्धतियों का उपयोग करके विषय से संबंधित तथ्यों एवं समंकों का संकलन किया गया है ।

सारणी- 1

ग्रामीण मध्यमवर्गीय महिलाओं की शैक्षणिक स्थिति

स. क्र.	शैक्षणिक योग्यता*	आवृत्ति		योग
		गांव (अ)	गांव (ब)	
1	निरक्षर	01 (4.0)	02 (8.0)	03 (6.0)
2	सामान्य शिक्षा	07 (28.0)	08 (32.0)	15 (30.0)
3	माध्यमिक शिक्षा	06 (24.0)	06 24.0)	12 (24.0)
4	उच्च शिक्षा	09 (36.0)	08 (32.0)	17 (34.0)
5	व्यावसायिक शिक्षा	02 (8.0)	01 (4.0)	03 (6.0)
	योग	25 (100.0)	25 (100.0)	50 (100.0)

शिक्षा स्तर*

सामान्य - प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षा
माध्यमिक - माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा
उच्च - स्नातक, स्नातकोत्तर शिक्षा
व्यावसायिक - तकनीकी, चिकित्सा एवं प्रबन्धकीय शिक्षा ।

उत्तरदाताओं की शैक्षणिक स्थिति का विश्लेषण सारणी-1 में किया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि गांव की मध्यमवर्गीय महिलाओं में अब निरक्षर महिलाओं की संख्या का ग्राफ तेजी से नीचे आ रहा है । समंक स्पष्ट कर रहे हैं कि निरक्षर महिलाओं की संख्या मात्र 6 प्रतिशत है, जो इस बात का

* विभागाध्यक्ष (समाजशास्त्र) स्वामी विवेकानन्द शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.)

प्रतीक है कि ग्रामीणजन, निरक्षरता को विकास एवं गतिशीलता में एक प्रमुख बाधकतत्व के रूप में स्वीकार करते हैं । विकसित गांव (अ) में उच्च शिक्षित ग्रामीण मध्यमवर्गीय महिलाओं की संख्या 36 प्रतिशत सर्वाधिक है। गांव में व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त महिलाओं की संख्या भी 8 प्रतिशत है जो एक उत्साहवर्धक तथ्य है । कम विकसित गांव (ब) में आश्चर्यजनक रूप से सामान्य शिक्षा एवं उच्च शिक्षा प्राप्त महिलाओं की संख्या की संख्या 32 प्रतिशत समान पाई गई । व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त महिलाओं का प्रतिशत 4 पाया गया । समग्र रूप से देखने पर ज्ञात होता है कि सर्वाधिक 34 प्रतिशत महिलाएँ उच्च शिक्षा प्राप्त हैं । इसके पश्चात् 30 प्रतिशत महिलाएँ सामान्य स्तर तक शिक्षित है । नि:रक्षर एवं व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त महिलाएं समान रूप से 6 प्रतिशत पाई गई ।

सारणी–2

धंधेगत आधार पर वर्गीकरण :–

स. क्र.	व्यवसाय	आवृत्ति		योग
		गांव (अ)	गांव (ब)	
1	शिक्षिका	14 (56.0)	12 (48.0)	26 (52.0)
2	बैंक कर्मी	01 (4.0)	01 (4.0)	02 (4.0)
3	हॉस्पिटल नर्स	01 (4.0)	01 (4.0)	02 (4.0)
4	आंगनवाडी कार्यकर्ता	03 (12.0)	02 (8.0)	05 (10.0)
5	कम्प्यूटर प्रशिक्षिका एवं संचालिका	01 (4.0)	00 (0.0)	01 (2.0)
6	ब्यूटी पार्लर संचालिका	02 (8.0)	01 (4.0)	03 (6.0)
7	सेवा यूनिट संचालिका	01 (4.0)	01 (4.0)	02 (4.0)
8	कृषि कार्य एवं गृहिणी	02 (8.0)	07 (28.0)	09 (18.0)
	योग	25 (100.0)	25 (100.0)	50 (100.0)

चयनित ग्रामीण मध्यमवर्गीय महिलाओं की धंधेगत स्थिति को सारणी–2 में प्रदर्शित किया गया है । तालिका के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि दोनों ही गांवों की मध्यमवर्गीय महिलाओं में सर्वाधिक महिलाएं शिक्षण व्यवसाय में संलग्न है । इसके पश्चात् गांव (अ) जो कि विकसित गांव है, में 12 प्रतिशत महिलाएं आंगनवाड़ी में कार्यरत हैं । जबकि कम विकसित गांव (ब) में 28 प्रतिशत महिलाएं कृषि या ग्रहिणी की भूमिका में है । आधुनिक एवं सेवा यूनिट से संबंधित व्यवसायों में दोनों ही गांवों की महिलाएं अभी कम संख्या में संलग्न है परन्तु नवीन व आधुनिक व्यावसायों को अपनाने की प्रवृत्ति उभर अवश्य रही है ।

सारणी–3

जाति स्तर के आधार पर वर्गीकरण :–

स. क्र.	जाति स्तर	आवृत्ति		योग
		गांव (अ)	गांव (ब)	
1	सामान्य जाति (सवर्ण)	11 (44.0)	18 (72.0)	29 (58.0)
2	अन्य पिछड़ा वर्ग	10 (40.0)	04 (16.0)	14 (28.0)
3	अनुसूचित जाति	02 (08.0)	01 (4.0)	03 (6.0)
4	अनुसूचित जनजाति	01 (4.0)	02 (8.0)	03 (6.0)
5	अन्य (मुस्लिम, ईसाई)	01 (4.0)	00 (0.0)	01 (2.0)
	योग	25 (100.0)	25 (100.0)	50 (100.0)

सारणी–3 में उत्तरदाताओं का जाति स्तर के आधार पर वर्गीकरण प्रस्तुत किया गया है । सारणी में प्रदर्शित संमंक इस बात को स्पष्ट कर रहे हैं कि शोध हेतु चयनित उत्तरदाताओं में सर्वाधिक 58 प्रतिशत मध्यमवर्गीय महिलाएँ सामान्य वर्ग की हैं । गांव (अ) में सामान्य वर्ग की महिलाओं की संख्या 44 प्रतिशत है जबकि गांव (ब) में इसी वर्ग की महिलाओं की संख्या 72 प्रतिशत है, इसके पीछे प्रमुख कारक गांव (ब) का ब्राह्मण जाति बहुल गांव होना है । गांव की 80 प्रतिशत आबादी ब्राह्मणों की है ।

इसके पश्चात् 28 प्रतिशत उत्तरदाता अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित पाए गए । दोनों ही गांवों में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य धर्म के व्यक्तियों की संख्या बहुत कम है । अत: उपर्युक्त तथ्यों से अभी भी मध्यम वर्गों में सवर्ण जातियों का ही प्रभुत्व परिलक्षित हो रहा है ।

सारणी 4

परिवार में संतानों की संख्या

स. क्र.	संतान संख्या	आवृत्ति		योग
		गांव (अ)	गांव (ब)	
1	सामा. जाति (सवर्ण)	11 (44.0)	18 (72.0)	29 (58.0)
1	एक	4 (16.0)	06 (12.0)	07 (14.0)
2	दो	12 (48.0)	11 (44.0)	23 (46.0)
3	तीन	08 (32.0)	07 (28.0)	015 (30.0)
4	चार	01 (4.0)	02 (8.0)	03 (6.0)
5	चार से अधिक	00 (0.0)	01 (4.0)	01 (2.0)
6	कोई संतान नहीं	00 (0.0)	01 (4.0)	01 (2.0)
	योग	25 (100.0)	25 (100.0)	50 (100.0)

सारणी–4 का विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि ग्रामीण मध्यमवर्गीय महिलाओं में छोटे परिवारों के महत्व को तेजी से स्वीकार किया जा रहा है । सर्वाधिक 46 प्रतिशत महिलाएं ऐसी पाई गई जिनके बच्चों की संख्या दो है। इसके पश्चात् 30 प्रतिशत महिलाएं ऐसी पाई गई जिनके 3 संतान है । इसके बाद 14 प्रतिशत महिलाएं ऐसी मिली जिनके केवल एक ही संतान है। यदि एक व दो संतान वाली महिलाओं को संयुक्त कर देखा जाए तो स्पष्ट होता है कि 60 प्रतिशत महिलाएं ऐसी है जो सीमित परिवार की हमारी राष्ट्रीय नीति के प्रति न केवल जागरूक है, वरन उसकी अनुपालक भी है ।

निष्कर्ष –

1. ग्रामीण मध्यमवर्गीय महिलाओं में भी शिक्षा के प्रति तीव्र संज्ञानता उत्पन्न हो रही है । 14 प्रतिशत महिलाएं सामान्य शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा व व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त पाई गई । हॉलांकि व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त महिलाएँ अभी केवल 6 प्रतिशत ही है । लेकिन इस और धीरे–धीरे ग्रामीण मध्यमवर्गीय महिलाओं की अभिरूचि व योग्यता बढ़ रही है ।
2. ग्रामीण मध्यमवर्गीय महिलाओं में से केवल 18 प्रतिशत महिलाएँ ही कृषि या गृह कार्य से जुड़ी हुई है जबकि 82 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी नौकरी या सेवा में संलग्न है। इनमे भी सर्वाधिक 52 प्रतिशत महिलाएँ शिक्षकीय कार्य में संलग्न है ।
3. ग्रामीण मध्यमवर्गीय महिलाओं की जाति ज्ञात करने पर ज्ञात हुआ कि अभी भी मध्यम वर्गों में सवर्ण जातियों का ही प्रभुत्व परिलक्षित हो रहा है ।
4. शिक्षित ग्रामीण मध्यमवर्गीय महिलाओं में सीमिति परिवार के प्रति

सर्वाधिक जागरूकता परिलक्षित हुई है विशेषकर उच्च शिक्षित एवं नौकरी करने वाली महिलाओं के परिवारों में यह विशेष रूप से उजागर हुआ । गांव की मध्यमवर्गीय महिलाओं में 60 प्रतिशत महिलाएँ ऐसी पाई गई जिनके संतानों की संख्या एक या दो है । इससे यह परिलक्षित होता है कि ग्रामीण समाज में भी अब सीमित परिवार की हमारी राष्ट्रीय नीति व मूल्यों के प्रति न केवल जागरूकता बढ़ रही है बल्कि उसके अनुपालन में भी तेजी आई है ।

5. शिक्षित ग्रामीण युवतियों में दहेज विरोध के प्रति भी स्वाभिमानता देखने में आई । एक ग्रामीण मध्यमवर्गीय परिवार की उच्च शिक्षित युवती ने अपने वैवाहिक प्रस्ताव में दहेज की मांग आने पर उस परिवार में विवाह करने से मना कर दिया गया ।[4]
6. मध्यमवर्गीय ग्रामीण युवतियों में अब अपने स्वाभिमान एवं सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ी है । वे विवाह से पूर्व अब अपने भावी ससुराल में एल आकृति का आधुनिक स्टेडिंग किचन, बाथरूम एवं लेट्रीन चाहती है । इनके नहीं होने पर वे विवाह प्रस्ताव को अस्वीकार करने की भी हिम्मत दिखाने लगी है ।
7. ग्रामीण मध्यमवर्गीय युवतियों में शारीरिक श्रम से दूरी भी बढ़ती हुई देखी गई है । विशेषकर इन परिवारों में ब्याह कर आई नई पीढ़ी की बहुएँ अब कृषि कार्य में सहायता करने अपने खेत व कुओं पर न के बराबर जाती है जबकि पुरानी पीढ़ी की बहुओं में यह बहुत ही सामान्य प्रक्रिया थी ।[5]
8. ग्रामीण मध्यमवर्ग की महिलाओं के सम्पर्क में आने वाली गांव की अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाएँ अब अपने बच्चों के आधुनिक नाम रखने लगी है ।[6]
9. महिला नौकरी के संदर्भ में विकसित गांव में जागरूकता एवं गतिशीलता कम विकसित गांव की तुलना में कही अधिक उजागर हुई है । ग्रामीण मध्यमवर्गीय महिलाओं में व्यावसायिक गतिशीलता को उत्पन्न करने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है । उच्च शिक्षित ग्रामीण मध्यमवर्गीय महिलाओं में अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पढ़ाने की प्रवृति सर्वाधिक परिलक्षित हुई है ।
10. शिक्षित ग्रामीण मध्यमवर्गीय युवतियों में संचार एवं सूचना के आधुनिक साधनों के प्रति सर्वाधिक जागृति एवं संज्ञानता उत्पन्न हुई है ।

संक्षेप में सार रूप में यह कहा जा सकता है कि ग्रामीण मध्यमवर्गीय महिलाओं विशेषकर इस वर्ग की शिक्षित एवं उच्च शिक्षित महिलाओं की जीवन शैली, आचरण व्यवहार योग्यता एवं कुशलता ने इन्हें गांव की अन्य महिलाओं के लिए रोल मॉडल की भूमिका में ला खड़ा किया है ।

सामान्य महिलाएँ इनको देखकर प्रेरित होती है व इनका अनुसरण व अनुगमन करने हेतु उन्हें प्रोत्साहित भी करती है । संतति नियमन, शिक्षा एवं जातिगत निर्योग्यताओं तथा सम्मान व स्वाभिमान के प्रति अन्य ग्रामीण महिलाओं में जागृति एवं संज्ञानता उत्पन्न करने में इनके प्रयास बहुत ही महत्व के है, जो भविष्य में ग्रामीण समाज में सामाजिक रूपान्तरण एवं सामाजिक गतिशीलता के संदर्भ में नींव के पत्थर बनेंगे ।

Reeerences

1. Desai, A.R. Rural Sociology in India, Bombay : Popular Prakashan, 1959, P.44,
2. Das, Gurcharan, India Unbound, New Delhi : Penguin Book India Ltd., 2002, P.286.
3. Mishra, B.B. The Indian Middle Class : Their Growth in Modern Times, London : Oxford University Press, 1961, PP. 76-106.
4. Sharma, C.L. Emergence of New Middle Class in and his Final Report entitled The study of Social Mobility Among New Middle Classes and Dalits of Rajasthan : A Sociological Analysis, Nucleus, Vole III, 2003 submitted to New Delhi : Ugc, 2005, PP. 35-50.
5. Sheth, Dherubhai “Naye Madhyam Varg Ka Uday” Ed. Abhay Kumar Dube, Lok Tantra Ke Sath Addhaya, New Delhi : Vani Prakashan, 2002, PP.111-116.
6. Joshi, Sanjay. Emerging Middle Classes and Social Change in Rural Communities of Western Madhya Pradesh, Ph.D. Dissertation, Udaupur : M.L. Sukhadia University, 2009. PP.268-272

****

जनसंख्या वृद्धि और घटता लिंगानुपात

डॉ. रेणुका उपाध्याय *

किसी भी देश के विकास को उस देश की जनांकीय संरचना प्रभावित करती हैं। देश के औद्योगिक कृषि तकनीकी व्यवसायिक विकास के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक विकास होता हैं। विकास की प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने के लिए मानव ने प्राकृतिक संतुलन को प्रभावित किया हैं। इतिहास इस बात का साक्षी हैं कि जब-जब मानव ने प्राकृतिक संतुलन बिगाड़ने का प्रयास किया हैं, तब-तब प्रकृति ने अपना रूद्र रूप दिखाया हैं।

भारत में प्राचीन समय में महिलाएं और कन्याएँ भले ही पूज्य, सुख व समृद्धि की प्रतीक मानी जाती रही, किन्तु कालान्तर में उनकी स्थिति बद से बदतर होती गई। हमारे देश में इस त्रासदी का आरम्भ बालिका के जन्म से पूर्व ही हो जाता हैं।

लड़के की चाहत में गर्भस्थ भ्रूण के लिंग का पता लगाकर कन्या भ्रूण होने पर उसे मारने की प्रवृत्ति तेजी से सर्वत्र फैल रही हैं। यदाकदा यदि बच्ची ने जन्म ले भी लिया तो कभी अफीम चटाकर, गला घोटकर, पानी में डुबोकर मार दी जाती हैं। यदि न भी मारी जाय तो उसे प्यार व सम्मान तथा भाई की तरह व्यवहार नहीं मिलता।

भारत में जनसंख्या वृद्धि तथा लिंगानुपात

जनसंख्या में लिंग संरचना अर्थात लिंग अनुपात का भी महत्वपूर्ण स्थान हैं। किसी देश की जनसंख्या में लिंग संरचना को देखकर ही उस देश की सामाजिक, सांस्कृतिक स्थिति का एक निश्चित सीमा तक अनुमान लगाया जा सकता हैं, तथा यदि किसी देश में पुरूषों की संख्या स्त्रियों से कम हैं तो, स्त्रियों की अधिकता के कारण जन्मदर और जनसंख्या वृद्धि अधिक होने की सम्भावना रहती हैं। पर यदि स्त्रियों की तुलना में पुरूषों की संख्या अधिक हैं तो ऐसी स्थिति में अनेक सामाजिक बुराईयों को बढ़ावा मिलता हैं।

जैसे - वैश्यावृति, व यौन अनैतिकता आदि। स्त्री पुरूष अनुपात की भिन्नता के कारण देश के विभिन्न भागों में भिन्न-भिन्न वैवाहिक व पारिवारिक प्रथाएं देखने को मिलती हैं।

भारत में जिन राज्यों या क्षेत्रों में स्त्री बाहुल्य हैं वहां बहुपत्नी विवाह एवं बहुपत्नी परिवार पाये जाते हैं। इसके विपरीत जहाँ स्त्रियों की तुलना में पुरूषों की संख्या अधिक हैं, वहाँ बहुपति विवाह एवं बहुपति परिवार पाये जाते हैं। इसी तरह कहीं-कहीं पर स्त्री पुरूष की संख्या के आधार पर ही मातृ एवं पितृसत्तात्मक परिवार पाये जाते हैं।

यदि किसी देश में स्त्रियों से उत्पादन कार्य में सहयोग लिया जाता हैं तो वहां आर्थिक विकास और प्रतिव्यक्ति आय पर इसका अच्छा प्रभाव पड़ता हैं। इसके विपरित यदि स्त्रियों को घर से बाहर आकर पुरूष के समकक्ष उत्पादन कार्यो में सहयोग देने का अवसर नहीं मिलता हैं तो देश की अर्थव्यवस्था व उसके विकास पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता हैं। भारत इसका ज्वलन्त प्रमाण हैं।

इस प्रकार जनसंख्या में लिंग अनुपात का देश की सामाजिक, सांस्कृतिक परिस्थितियों से घनिष्ठ सम्बंध हैं। क्योंकि विवाह की आयु जन्म व अन्य बातों पर इन परिस्थितियों का गहरा प्रभाव होता हैं।

भारत जनसंख्या 2011 में	
कुल जनसंख्या	1,210,193,422
पुरूष	623,724,248
महिलाएँ	586,469,174
लिंगानुपात	प्रति 1000 पुरूषों पर 940 महिलाऐं हैं।

तालिका-1

भारत में स्त्री पुरूष अनुपात 1901 से 2011 तक

वर्ष	स्त्री पुरूष अनुपात (प्रति हजार पुरूषों पर महिलाओं की स्थिति)
1901	972
1911	964
1921	955
1931	950
1941	945
1951	946
1961	941
1971	930
1981	934
1991	927
2001	933
2011	940

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि भारत में स्त्रियों की तुलना में पुरूषों की संख्या अधिक हैं। 1911 से 1941 तक लगातार स्त्रियों का अनुपात घटता जा रहा हैं। केवल 1951 में कुछ वृद्धि हुई हैं। पर इसके बाद पुन: तीव्र गिरावट प्रारम्भ हो गई थी। बीते कुछ वर्षों में भ्रूण हत्या रोकने हेतु कानूनो का सख्ती से पालन किये जाने के कारण वर्ष 2011 में लिंगानुपात 7 अंक बढ़कर 940 हुआ है परंतु यह स्थिती अभी भी असंतोषजनक है।

भारत में स्त्रियों का अनुपात कम होने के कारण

1. भारत में स्त्रियों की तुलना में पुरूषों को अधिक महत्व दिया जाता हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक मान्यताओं के कारण देश में ''पुत्र रत्न'' प्राप्ति का सर्वाधिक महत्व हैं।
2. भारत में स्त्रियों में पुत्रों को जन्म देने की प्राय: अधिक क्षमता पाई जाती हैं।
3. भारत में स्त्रियों की मृत्युदर ऊँची हैं, उसका मुख्य कारण आज भी गर्भावस्था व प्रसव के समय भारी संख्या में स्त्रियों की मृत्यु हो जाती हैं

* सहायक प्राध्यापक, समाज शास्त्र , माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

4. भारत में स्त्रियों के प्रति उपेक्षित दृष्टिकोण होने के कारण उन्हें पुरूषों के समकक्ष पालन पोषण, भोजन व जीवन की अन्य सुख सुविधाएँ नहीं मिल पाती हैं, जिससे वे कमजोर रहती हैं और अल्पायु में ही मृत्यु हो जाती हैं।
5. **बाल विवाह –** भारत में आज भी सामाजिक सांस्कृतिक रूप में बाल विवाह को प्राथमिकता दी जाती हैं जिससे एक तो उनका विकास अवरूद्ध हो जाता हैं, दूसरा कम उम्र में मातृत्व धारण करने व जल्दी–जल्दी बच्चा पैदा करने के कारण उनका स्वास्थ्य क्षीण हो जाता हैं। फलत: स्त्रियों में मृत्युदर पुरूषों से अधिक हैं।
6. भारत में स्त्रियों की औसतन प्रत्याक्षित आयु पुरूषों से कम हैं दूसरे देशों की तुलना में भारतीय स्त्रियां कम समय तक जीवित रहती हैं।
7. भारतीय महिलाओं में साक्षरता आज भी बहुत कम हैं। अशिक्षा अज्ञानता रूढिवादिता व अन्धविश्वासों के कारण न तो भारतीय स्त्री को पुरूष के समकक्ष सामाजिक व सांकृतिक अवसर विकास के लिए प्राप्त कर पाती हैं, और न ही स्वास्थ्य चिकित्सा सम्बन्धी सेवाओं का खुले रूप में उपयोग ही कर पाती हैं। फलत: भारतीय स्त्रियों का स्वास्थ्य स्तर बहुत गिरा हुआ हैं। जिससे उनकी मृत्युदर भी अधिक हैं और जनसंख्या में अनुपात में भी कम हैं।
8. **शिशुकन्या की हत्या –** भारत में अत्यन्त ही प्राचीन काल से शिशु कन्या की हत्या का प्रचलन रहा हैं। इस प्रचलन के कारण कन्याओं की जन्म के साथ हत्या कर दी जाती थी। इस कारण भी भारत में पुरूषों की तुलना में स्त्रियों की संख्या कम हैं।
9. **कन्या भ्रूण हत्या –** आज जब हम 21वीं सदी प्रवेश कर चुके हैं तब हमारे समाज में लोगों की मानसिकता में अधिक बदलाव नहीं आया हैं। आज भी बेटे और बेटी में फर्क महसूस किया जाता रहा हैं। बहुत से लोग ऐसे हैं अल्ट्रासाउण्ड द्वारा जांच करवा कर मादा शिशु की हत्या करवा देते हैं अर्थात पहले बेटी जन्म के बाद मारी जाती थी अब जन्म से पहले मार दी जाती हैं।
10. **पुरूष शिशु का अधिक जन्म:–** भारतीय जनगणना के ताजे आँकड़ों से स्पष्ट हैं कि भारत में स्त्रियों की तुलना में शिशु पुरूष का जन्म अधिक होता हैं। इस अधिकता के कारण लिंग अनुपात में विषमता पाई जाती हैं।
11. **पर्दाप्रथा:–** भारतीय समाज की एक बुराई में पर्दाप्रथा भी हैं। इस बुराई की कीमत स्त्रियों को ही चुकानी पड़ती हैं। पर्दाप्रथा के कारण औरतों के स्वास्थ्य में निरन्तर गिरावट होती रहती हैं। सामाजिक मर्यादाओं के कारण वह अपनी बीमारी को नहीं बतलाती हैं। इस कारण भी अनेक स्त्रियों को मृत्यु का शिकार होना पड़ता है।
12. **प्रसव की सुविधाओं का अभाव :–** भारत में प्रसव सम्बन्धी सुविधाओं का नितान्त अभाव हैं।विशेषकर ग्रामीण इलाकों में इसकी और भी कमी होती हैं। चिकित्सा सुविधाओं के अभाव के कारण स्त्रियों की असामायिक तथा दु:खद मृत्यु हो जाती हैं। यही कारण हैं कि भारत में 15 वर्ष 30 वर्ष तक की आयु के बीच स्त्रियों की अधिक मृत्यु होती हैं।

भारत में घटते लिंगानुपात के उपरोक्त कारण प्रमुख है ।

निष्कर्ष :–

आज भी भारतीय समाज में पुत्र प्राप्ति की इच्छा चारों ओर विद्यमान हैं। फलत: भारतीय संरचना पुरूषवादी हैं और भारतीय परिवार पितृसत्तात्मक हैं। ऐसे समाज एवं पारिवारिक परिवेश में स्त्री को जो स्थान प्राप्त होना चाहिये वह आज भी प्राप्त नहीं हैं। पुत्र जन्म पर खुशियाँ मनाई जाती हैं और कन्या के जन्म के बाद मायूसी के साथ परिजन उदास हो जाते हैं। जनांकिकीविदों का अनुमान हैं कि भारत में बहुत बडी संख्या में अल्ट्रासाउण्ड परीक्षण और स्त्री भ्रूण हत्या माध्यम और उच्च वर्गो में तेजी से बढ़ता जा रहा हैं। प्रजनन पूर्व लिंग परीक्षण और स्त्री शिशु के गर्भपात रोकने हेतु कानून भी बने हैं पर यह अल्प प्रभावी रहे हैं पर ये कानून एक सामाजिक वातावरण का निर्माण करने में सहायक रहे हैं।

सरकार को इस अपराध को रोकने के लिये कठोर कदम उठाने होंगे साथ ही निम्न सुझावों द्वारा समस्या पर काबू प्राप्त किया जा सकता हैं–

1. दहेज प्रथा को मिटाना होगा।
2. लोगों को शिक्षित कर उनके विचारों को विस्तृत करना होगा।
3. गैर कानूनी तौर पर काम करने वाले ऐसे गर्भपात केन्द्रों को सख्ती से बन्द किया जाए।
4. उन सभी विज्ञापनों पर प्रतिबन्ध लगाना होगा। जिसमें प्रचार किया हो कि लड़का होने की दवा हमारे यहाँ मिलती हैं।
5. समाज को जागरूक होकर एक समग्र वैचारिकी क्रान्ति लानी होगी तभी इस प्रथा का अन्त हो सकेगा।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. जनसंख्या विस्फोट – देवेन्द्र उपाध्याय
2. जानांकिकी– डॉ.वि. कुमार
3. जानांकिकी– डॉ. डी.एस. बघेल एवं किरण बघेल
4. योजना पत्रिका
5. दैनिक भास्कर– समाचार पत्र दिनांक 1 अप्रेल 2011

****

अनुसूचित जनजातीय महिलाओं की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति का अध्ययन

कु. रेखा रावत *

भारत गांवों का देश है। देश की 72.2 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में निवास करती है। भारतवर्ष में अनेक समस्यायें है। जिन समस्याओं से स्वतन्त्रता के बाद सरकार निरन्तर संघर्षरत् है। इसके बाद भी ये समस्यायें बनी हुई हैं। स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में भी हमने प्रगति की है। हमारी औसत आयु में वृद्धि हुई है। बीमारियों की संख्या में कमी आई है। किन्तु फिर भी स्वास्थ्य और पोषण की समस्या हमारे सामने उसी प्रकार बनी हुई है। देश की सामाजिक और आर्थिक प्रगति के लिए आवश्यक है कि देश की जनता का स्वास्थ्य अच्छा हो, जहां तक स्वास्थ्य का संबंध है यह कोई बाहरी वस्तु मात्र नहीं है, इसके अन्दर शारीरिक और मानसिक विशेषताऐं भी सम्मिलित हैं जिनके आधार पर स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है। पिछले कई वर्षो से देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हर तरह से सुधार आया है। सामाजिक आर्थिक प्रगति और स्वास्थ्य की स्थिति के संवेदनशील सूचकांक शिशु मृत्यु दर में महत्वपूर्ण गिरावट आयी है।

सन् 1951 में यह146 थी जो वर्ष 2002 में घटकर 64 हो गयी। शिशु मृत्यु दर को जीवित शिशुओं के सापेक्ष देखा जा सकता है जो 1951 में 36.7 थी। वर्ष 2003 में 64.6 हो गयी। अपरिपक्व आयु की मृत्यु दर में भी गिरावट देखी गयी है। जन स्वास्थ्य में सुधार संक्रामक बीमारियों से बचाव के उपाय व नियंत्रण और बीमारियों की पहचान और उपचार में आधुनिक चिकित्सा-प्रणली के समावेश से ही स्थिति में अत्यधिक बदलाव आ सकता है।

सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार और संभावित जीवन-दर में वृद्धि के फलस्वरूप रोगों की प्रकृति में परिवर्तन जारी है। हृदय-संबंधी रोगों, कैंसर, मोतियाबिंद से अंधापन, मधुमेह आदि असंक्रामक रोगों में वृद्धि हुई।

स्वास्थ्य का न केवल शारीरिक व मानसिक दृष्टि से ही महत्व नहीं होता है बल्कि इसका सांस्कृतिक महत्व भी होता है। किसी देश की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक उन्नति के लिए उस देश के व्यक्तियों का स्वास्थ्य स्तर अच्छा होना आवश्यक है। अस्वस्थ व्यक्ति न केवल देश की आर्थिक उन्नति में बाधक होता है बल्कि वह देश की सामाजिक एवं सांस्कृतिक उन्नति के लिए भी अयोग्य होता है। वास्तव में किसी भी राष्ट्र की निधि उसके स्वस्थ, दीर्घ आयु कार्य वाले नागरिक होते हैं। ''स्वास्थ्य की धन है'' (Health is Wealth) की उक्ति व्यक्ति और राष्ट्र दोनों की दृष्टि से शत-प्रतिशत सत्य ही वास्तव में निरोग रहने के बराबर संसार में कोई निधि या सुख नहीं है। निर्धनता एवं असंतुलित आहार स्वास्थ्य के निर्धारण में निर्धनता का बहुत बड़ा हाथ होता है। निर्धनता की स्थिति के लोगों के प्रति व्यक्ति आय बहुत कम होती है जिससे उन्हें भरपेट भोजन भी नसीब नहीं हो पाता। वे जिस भोजन को ग्रहण करते हैं वह न केवल अपर्याप्त होता है बल्कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक व अपौष्टिक भी होता है। निर्धनता के कारण ही व्यक्ति, अशिक्षा, अज्ञानता, कुपोषण तथा गन्दे अस्वास्थ्य का वातावरण में जीवन व्यतीत करने को बाध्य होते हैं जिनसे उनका स्वास्थ्य स्तर गिर जाता है। इसके विपरीत यदि व्यक्ति सम्पन्न है तो उसके लिए सन्तुलित आहार के साथ अन्य साधन व सुविधाऐं प्राप्त करना संभव होता है। जिससे स्वास्थ्य स्तर अच्छा होता है। स्वास्थ्य स्तर के निर्धारण में देश उपलब्ध चिकित्सा, सार्वजनिक साफ-सफाई व स्वास्थ्य सुविधाओं का महत्वपूर्ण स्थान होता है। जहाँ इन सुविधाओं और सेवाओं का अभाव है। वहाँ लोग तरह-तरह की संक्रामक और अनेक प्रकार की बीमारियों का शिकार रहते हैं। फलत: उनका स्वास्थ्य स्तर गिरने के साथ-साथ प्रत्याशित आयु भी कम होती है और मृत्यु दर ऊँची होती हैं। इसके विपरीत जिन देशों में साफ-सफाई, स्वास्थ्य, रक्षा और चिकित्सा का समुचित प्रबन्ध होता है। वहाँ स्वास्थ्य स्तर में सुधार होता है। साथ ही मृत्युदर घटने से जीवन प्रत्याशी बहती है। स्वास्थ्य का स्तर न केवल स्वास्थ्य व चिकित्सा सेवाओं पर निर्भर है बल्कि स्वास्थ्य चिकित्सा विज्ञान व सेवाओं के स्तर पर भी निर्भर होता है। जहाँ चिकित्सा विज्ञान में काफी प्रगति हो चुकी है, वहाँ गम्भीर से गम्भीर संक्रामक बीमारियों की रोकथाम प्रभावशाली ढंग से संभव होती है। फलत: जनमानस का स्वास्थ्य स्तर बढ़ता है। विकसित देश इसके स्पष्ट प्रमाण हैं। इसके विपरीत जहाँ चिकित्सा विज्ञान भी पिछड़ा हुआ है। ऑपरेशन की रीतियाँ पिछड़ी हुई हैं। अनेक खतरनाक महामारियों, बीमारियों का कोई प्रभावशाली इलाज नहीं है। वहाँ जनता का स्वास्थ्य स्तर गिरा हुआ पिछड़े देश इसके प्रमाण हैं।

मानव एक क्रियाशील प्राणी है जो अपनी जीविका के विशेष कार्य से संबंधित होता हैं। वह जिस स्थान पर कार्य करता है वहां परिस्थितियाँ, उपलब्ध साधक और सुविधाएँ उसके स्वास्थ्य स्तर को प्रभावित करती हैं।

इन बीमारियों को दूर करने की दिशा में सरकार ने आवश्यक कदम उठाया है और इस कार्य में सरकार को आवश्यक सफलता भी मिली है। मूलत: स्वास्थ्य कार्यक्रमों का दायित्व सरकारों पर है केन्द्रीय सरकार पंचवर्षीय योजनाओं के अधीन स्वास्थ्य के स्तर पर सुधार करने की बड़ी योजनाऐं आरम्भ करती है तथा उनके लिये सहायता देती है। स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि करना, लोगों के स्वास्थ्य सेवाओं के उत्तरोत्तर सुधार करना है।

अगर हम शिक्षा आवास, रोजगार कृषि एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्य देखें तो पता चलता है कि जिस व्यक्ति के लिये योजना बनाई गई है उसको वांछित लाभ नहीं मिल रहा है। वे लोग रोग का सही ढंग से इलाज नहीं करा पाते हैं। इस प्रकार हम पाते हैं कि जनजातीय समाज का स्वास्थ्य एक गंभीर समस्या बनकर हमारे सामने उपस्थित होता है कि अधिकांश जनजातीय महिलाओं को मजदूर के रूप में उन्हें अपने बच्चों का पालन पोषण करना पड़ता है। साथ ही साथ उन्हें आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति भी करनी पड़ती है। कठिन मजदूरी करने के बावजूद भी उन्हें समाज के आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त नहीं है।

उद्देश्य-

1. अनुसूचित जनजातीय महिलाओं की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति के प्रभाव का अध्ययन करना।
2. अनुसूचित जनजातीय महिलाओं के समाज में स्वास्थ्य के प्रभाव का अध्ययन करना।
3. अनुसूचित जनजातीय महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का का अध्ययन ज्ञात करना।

परिकल्पना-

1. अनुसूचित जनजातीय महिलाओं की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति के संबंधी अध्ययन किया जायेगा।
2. अनुसूचित जनजातीय महिलाओं के समाज के स्वास्थ्य के प्रभाव का अध्ययन किया जायेगा।

* पीएच.डी शोधार्थी (समाजशास्त्र), माताजीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

3. अनुसूचित जनजातीय महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता संबंधी अध्ययन किया जायेगा।

शोध प्रविधि– प्रस्तुत शोध हेतु यादृच्छिकी न्यादर्श (Random Sampling) का प्रयोग किया गया। प्रस्तुत शोध कार्य में निदर्शन का चयन आलीराजपुरजिले के अनुसूचित जनजातीय महिलाओं के 50 प्रतिदर्शन का चयन किया गया है। 5 विकासखण्ड में प्रत्येक विकासखण्ड से 2–2 गांव को चुना गया है। 25 शिक्षित व 25 अशिक्षित व अनुसूचित जनजातीय महिलाओं को समान रूप से सम्मिलित किया गया।

शोध उपकरण का निर्माण–

प्रस्तुत शोध कार्य के लिए स्वनिर्मित अनुसूची का उपयोग किया गया।

सांख्यिकीय विश्लेषण– तथ्यों का विश्लेषण का परिणामों को प्राप्त करने के लिए मिश्र सांख्किीय तकनीक को प्रयोग में लाया गया है। प्रस्तुत शोध पत्र में यह जानने का प्रयास किया है कि जनजातीय समाज की महिलाऐं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नहीं है। स्वास्थ्य से संबंधी योजनाओं का लाभ पूर्णत: नहीं है। शिक्षा का प्रसार कम ही व अन्य ऐसे तथ्यों को जानने के लिए उद्देश्य किया गया है।

तालिका क्र. 1 महिलाओं की वर्तमान स्वास्थ्य संबंधी

विवरण	संख्या	प्रतिशत	स्वतंत्रता के अंश	काई वर्ग	परिकल्पना का सार्थक स्तर
			df	$(u)^2$	
1 मानसिक 2 बौद्धिक 3 संवेगात्मक	10 20 20	20 40 40	3	8.815	सार्थक
	50	100			

सार्थकता स्तर 0.01, 0.05

उपरोक्त तालिका – 1 से स्पष्ट है कि मानसिक स्वास्थ्य की महिलाओं की संख्या 10 व 20% पाया गया। जबकि बौद्धिक स्वास्थ्य संबंधी महिलाओं की संख्या 20 व 40% पाया गया और संवेगात्मक स्थिति से संबंधी महिलाओं की संख्या 20 व 40% पाया गया। इसके काई वर्ग का मान 7.815 प्राप्त हुआ जो 3 स्वतंत्रता के अंश पर .05 सार्थकता स्तर के आवश्यक मान से अधिक है। अत: स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का सार्थक अन्तर पाया गया।

तालिका 2– महिलाओं की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता संबंधी

विवरण	संख्या	प्रतिशत	स्वतंत्रता के अंश	काई वर्ग	परिकल्पना का सार्थक स्तर
			df	$(u)^2$	
1 आर्थिक 2 शैक्षणिक 3 सामाजिक	15 06 29	30 12 58	3	7.81	सार्थक
	50	100			

उपरोक्त तालिका क्रमांक 02 से स्पष्ट है कि आर्थिक स्वास्थ्य संबंधी महिलाओं की संख्या 15 व 30 प्रतिशत पाया गया। शैक्षणिक स्वास्थ्य संबंधी महिलाओं की संख्या 6 व 12 प्रतिशत पाया गया। सामाजिक विकास संबंधी महिलाओं की संख्या 29 व 58 प्रतिशत पाया गया। इसके काई का मान 7.81 प्राप्त हुआ जो 3 स्वतंत्रता के अंश 0.05 सार्थकता स्तर के आवश्यक मान से अधिक हैं। अत: महिलाओं के प्रति जागरूकता संबंधी प्रभाव का सार्थक अन्तर पाया गया।

सुझाव–

1. इसके परिवारों के अधिक बच्चों की यह अभी भी कई परिवारों में अधिक पायी जाती है। जिसे आर्थिक, सामाजिक रूप से सहयोग मानते हैं।
2. सरकार द्वारा इन्हें प्रेरित करने के लिए अनेक योजना चलाई जा रही है।
3. अनुसूचित जनजातीय महिलाओं के स्वास्थ्य की स्थिति में काफी परिवर्तन हो रहा है क्योंकि आजकल महिलायें अन्य काम करने लगी हैं।
4. अनुसूचित जनजातीय महिलाओं के समाज पर पड़ने वाले प्रभाव का आर्थिक विकास सामाजिक शैक्षणिक स्तर का अधिक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।
5. अनुसूचित जनजातीय महिलाओं के स्वास्थ्य का स्तर में सुधार हुआ है।
6. अनुसूचित जनजातीय महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का स्तर अधिक होना चाहिए।
7. महिलाओं के प्रति परिवार नियोजन में जागरूकता अधिक होना चाहिए।
8. शासन को चाहिए कि महिलाओं को अधिक प्रेरित एवं विशेष रूप से प्रोत्साहित करना चाहिए।
9. विकास कार्यक्रमों पर आबंटित धनराशि का पूर्ण सदुपयोग करना सीखना होगा, उस पर नियंत्रणशील तरीके से कार्य सम्पन्न कराना होगा किसी अव्यवस्था के होने पर दोषी पाये जाने वाले व्यक्ति के साथ कठोर दण्ड की व्यवस्था करनी होगी।
10. ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल परिवहन तथा संचार साधनों की कमी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्मिकों का ग्रामीण क्षेत्रों में कम ठहराव एवं वित्तीय संसाधनों की अपर्याप्त सुविधाऐं है। अत: इन क्षेत्रों में समुचित सेवाऐं प्रदान की जानी चाहिए क्योंकि इनका सीधा संबंध ग्रामीण स्वास्थ्य से है।
11. महिलाओं के स्वास्थ्य स्तर को सुधारने के लिए एक क्रांतिकारी अभियान की आवश्यकता है। इसमें सरकारी स्वास्थ्य विभागों के साथ–साथ स्वैच्छिक संगठनों की सहायता भी ली जाये।
12. ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार के लिए ग्रामीण महिला पंचायत प्रतिनिधियों की सहायता ली जाये ।
13. सब मूल समस्याओं का मुख्य आधारआर्थिक तंगी है। इसके लिए सरकार को चाहिए कि वे महिलाओं को आर्थिक सहायता दें ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी उठा सके।
14. सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व उपकेन्द्रों की व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त किया जाये साथ ही चिकित्सकों में चली आ रही गांव व शहरों की मानसिकता को बदलने पर जोर दिया जाए एवं उनसे कठोरता से नियमों का पालन करवाया जाये।

निष्कर्ष–महिलाओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी प्रतिशत 10 व 20 प्रतिशत पाया गया। जबकि बौद्धिक स्वास्थ्य संबंधी महिलाओं का प्रतिशत 20 व 40% पाया गया और संवेगात्मक स्थिति से संबंधित संख्या 20 व 40% पाया गया। आर्थिक स्वास्थ्य महिलाओं की संख्या 13 व 30 प्रतिशत शैक्षणिक सामाजिक विकास संबंधी महिलाओं का प्रतिशत 29 व 38 है।

संदर्भ ग्रंथ सूची–

1. बघेल डॉ. डी.एस., बघेल डॉ. (श्रीमती किरण) भारत में ग्रामीण समाज प्रकाशक, कैलाश पुस्तक सदन, हमीदिया मार्ग, भोपाल, 462001
2. कपिल एच.के. अनुसंधान विधियां, हर प्रसाद भार्गव, आगरा।
3. श्रीवास्तव डी.एम., अनुसंधान विधियां, साहित्य प्रकाशक, आगरा।
4. अनुसूचित जनजातियों से संबंधित सांख्यिकी संकलन कार्यालय, आयुक्त आदिवासी विकास, मध्यप्रदेश भोपाल, 1993
5. माथुर, हरिमोहन, जनजातीय क्षेत्र में विकास प्रशासन, जयपुर, ह.मा. राज्य लोक प्रशासन संस्थान, वर्ष 1978
6. त्रिपाठी शैलेन्द्र, वर्ष 1978, ग्रामीण स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण समन्वित ग्रामीण विकास केन्द्र, काशी हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी, 1986
7. गोयल, एल.एल. हेल्थ केयर सिस्टम एण्ड मैनेजमेंट दीप एण्ड दीप पब्लि. नई दिल्ली 2001
8. भास्कर राव, टी टैक्स्ट बुक ऑफ कम्यूनिटी मेडिसिन पारस मेडिकल पब्लि., हैदराबाद, 2004

बालिका उत्थान में लाड़ली लक्ष्मी योजना की भूमिका

डॉ. मंजू राजोरिया *

प्रकृति में संतुलन प्रत्येक जीव के लिए आवश्यक है । जैसे ही इसमें असंतुलन उत्पन्न होता है उसके भीषण दुष्परिणाम सर्वत्र दृष्टिगोचर होते हैं । सभ्य और संतुलित समाज के लिए स्त्री-पुरुष में समान अनुपात आवश्यक है । इसके अभाव में सामाजिक संतुलन बिगड़ने से उसके भयावह दुष्परिणाम हो सकते हैं । बेटियों की घटती संख्या समाज के लिए गंभीर चुनौती बनकर उभर रही है । परिवार जीवन की बुनियाद है, सामाजिक संतुलन परिवार का आवश्यक अंग है । यदि यह व्यवस्था खण्डित होती है तो हमारा सामाजिक ढाँचा चरमरा सकता है । समाज में अनैतिकता एवं अन्य अनेक अपराध बढ़ सकते हैं, अत: यह चिन्तनीय विषय है ।

विगत कई वर्षों से जनसंख्या संबंधी आंकड़ें एक ऐसे असंतुलन की ओर संकेत दे रहे हैं, जिन्हें समाज के लिए खतरा कहा जा सकता है । समाज में स्त्री-पुरुष दोनों ही सम्मिलित हैं । स्त्री जन्मदात्री है, जीवंतता प्रदान करती है वह इस अर्थ में विशेष है, लेकिन विज्ञान की नवीनतम खोजों, लिंग परीक्षण तकनीक और गर्भपात सुविधा ने स्त्री जन्म को ही संकट में डाल दिया है, इन सब के पीछे पुत्र प्राप्ति की चाह महत्वपूर्ण है ।

वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार छह वर्ष के आयु-वर्ग में प्रति हजार लड़कों में लड़कियों का अनुपात 914 पर आ गया है, जो इसके पूर्व वर्ष 2001 में 927 था और 1961 में 976 था । यह आंकड़े इस शताब्दी की ऐसी महत्वपूर्ण घटना है जिसने समाज के समक्ष एक गंभीर चुनौती उत्पन्न कर दी है । विडम्बना यह है कि इस समस्या का कोई नैसर्गिक कारण नहीं है, अपितु यह मानव निर्मित समस्या है । परिवार एवं समाज में कन्याओं की संख्या कम होने से उनका वर्तमान और भविष्य दोनों ही खतरे में पड़ सकते हैं ।

समाज में बेटियों का महत्व, उनके घटने से भयावह दुष्परिणाम, इस अनुपात के कम होने के उत्तरदायी घटक, शासन एवं समाज द्वारा किये जा रहे प्रयास और सुझाव इन सब पर गहराई से चिन्तन आवश्यक है तभी हम बेटियों की घटती संख्या की चुनौती से निपटने की दिशाएं तय कर सकते हैं ।

सरकार द्वारा बेटियों को बचाने के लिए प्रोत्साहन राशि, छात्रवृत्तियां, भावी सुरक्षा हेतु पालकों को प्रोत्साहन राशि, कन्या भ्रूण हत्या पर कड़े कानून आदि प्रभावी उपाय किये जा रहे हैं । इसी संदर्भ में बेटियों को बचाने हेतु मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना का प्रारंभ किया गया है जो लड़कियों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य में सहायक होगी, लिंगानुपात में सकारात्मक परिवर्तन करेगी, बाल विवाह में कमी लाएगी तथा परिवार नियोजन को प्रोत्साहन प्रदान करेगी ।

वर्तमान समय में चिकित्सा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अल्ट्रासोनोग्राफी, एम्नियोसेंटेसिस तथा अन्य तकनीकों के माध्यम से गर्भस्थ शिशु के लिंग का पता लगाना आसान हो गया है, किन्तु इसका दुरूपयोग कन्या भ्रूण हत्या के रूप में हमें देखने को मिल रहा है, परिणामस्वरूप आज स्त्री-पुरूष अनुपात असंतुलित होता जा रहा है । भारतीय पुरूष प्रधान समाज में लड़कियों की अपेक्षा लड़के को अधिक महत्व दिया जाता रहा है । वंश वृद्धि, पितृ ऋण, दाह संस्कार एवं पितृ तर्पण पुरूषों के द्वारा ही संभव है । सामान्यत: परिवार में यह भी मान्यता रहती है कि पुत्री तो पराया धन है, इसकी पढ़ाई-लिखाई एवं विवाह पर जो खर्च किया जाएगा उसका लाभ माता-पिता को नहीं मिल पाएगा, जबकि पुत्र की पढ़ाई-लिखाई एवं अन्य कार्यों पर किये गये खर्च का लाभ आगे जाकर माता-पिता को ही प्राप्त होगा । इस प्रकार के कई ऐसे उदाहरण हैं जिनके कारण समाज में पुत्री की अपेक्षा पुत्र की लालसा बनी रहती है । समाज में बेटियों की घटती संख्या समाज के लिए गंभीर चुनौती बनकर उभर रही है । परिवार जीवन की बुनियाद है, सामाजिक संतुलन परिवार का आवश्यक अंग है । यदि यह व्यवस्था खण्डित होती है तो हमारा सामाजिक ढाँचा चरमरा सकता है ।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा 30 जुलाई 2006 को आयोजित ''महिला पंचायत'' के अवसर पर यह घोषणा की गई थी कि, ''लाड़ली लक्ष्मी योजना'' के तहत कन्याओं के जन्म के समय उनके नाम से राशि जमा करने की योजना तैयार की जायेगी, जिसके तहत कन्या की आयु 21 वर्ष होने पर उसे संपूर्ण राशि प्राप्त होगी । इस योजना से लिंगानुपात में सुधार, लड़कियों के जन्म के प्रति जनता में सकारात्मक सोच, लड़कियों के शैक्षणिक तथा स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार होगा । लड़कियों के अच्छे भविष्य की आधारशिला रखने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रारंभ की गई है । यह योजना संपूर्ण मध्यप्रदेश में 1 अप्रैल 2007 से लागू कर दी गई है । बालिका के नाम से, पंजीकरण के समय, रू. 6000/- तथा उसके पश्चात् लगातार 4 वर्षों तक रू. 6000/- के राष्ट्रीय बचत पत्र क्रय किये जायेंगे । इस प्रकार कुल राशि रूपये 30000/- के राष्ट्रीय बचत पात्र बालिका के नाम पर क्रय किये जायेंगे । महिला पंचायत के दौरान ही माननीय मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बेटियों को लखपति बनाने की घोषणा की थी ।

इस योजना के अन्तर्गत बालिका के नाम पर पाँच राष्ट्रीय बचत पत्र बनाए जाने के साथ ही बालिका को कक्षा 6 ठी में प्रवेश लेने पर रूपये 2000/- कक्षा 9 वी में प्रवेश लेने पर रूपये 4000/- तथा कक्षा 11 वीं में प्रवेश लेने पर 7500/- रू. एवं इसके पश्चात् आगामी 2 वर्ष के लिए रूपये 200/- प्रतिमाह का भुगतान बालिका को किया जाता है, साथ ही बालिका के 18 वर्ष के पूर्ण होने पर तथा कक्षा 12वीं में प्रवेश लेने पर शेष एकमुश्त राशि का भुगतान किया जाता है, परन्तु शर्त यह रहती है कि बालिका का विवाह, विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु के पश्चात् हुआ हो । ऐसी भुगतान की गई कुल राशि जन्म के 1 वर्ष के अन्दर पंजीकृत होने वाली बालिका के लिए रू. एक लाख से अधिक होगी ।

मध्यप्रदेश की लाड़ली लक्ष्मी योजना बालिका एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध हो रही है । यह योजना संपूर्ण मध्यप्रदेश में चर्चित एवं प्रसिद्ध हो चुकी है । इतना ही नहीं इस योजना की सफलता से प्रभावित होकर अन्य प्रदेशों में भी इसके समान ही योजनाओं को संचालित किया जा रहा है । वर्ष 2008 में इस योजना की जानकारी लेने उत्तरप्रदेश के कुछ वरिष्ठ अधिकारी मध्यप्रदेश के दौरे पर आए थे । उन्होंने इस दौरान मध्यप्रदेश की लाड़ली लक्ष्मी योजना का अध्ययन किया और उसे उत्तरप्रदेश में लागू किये जाने की मंशा जाहिर की । इन अधिकारियों की यात्रा का सुखद

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) महारानी पुष्पमाला राजे पंवार शासकीय कन्या महाविद्यालय,देवास (म.प्र.) भारत

पहलू यह रहा कि उत्तरप्रदेश सरकार ने कुछ दिनों बाद ही ''महामाया गरीब बालिका आशीर्वाद योजना'' का प्रारंभ किया । मध्यप्रदेश की लाड़ली लक्ष्मी योजना में प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं व्यक्तिगत रूचि ले रहे हैं, यही कारण है कि इस योजना को व्यापक रूप से सफलता प्राप्त हो रही है ।

इन्दौर जिले में लाड़ली लक्ष्मी योजना के अन्तर्गत निरन्तर प्रगति दर्ज की गई है । वर्ष 2007-08 में कुल 2203 बालिकाओं का पंजीयन किया गया था । वर्ष 2008-09 में कुल 6879 बालिकाओं का पंजीयन किया गया था । वर्ष 2009-10 में कुल 7266 बालिकाओं का पंजीयन किया गया था । वर्ष 2010-11 में कुल 13059 बालिकाओं का पंजीयन किया गया था । इसी प्रकार वर्ष 2011-12 में कुल 14749 बालिकाओं का पंजीयन किया गया था । इसी प्रकार वर्ष 2012-13 में कुल 5546 बालिकाओं का पंजीयन किया गया था ।

इन्दौर जिले में वित्तीय वर्ष 2013 तक 49702 बालिकाएँ लाभान्वित हुई हैं । इन सभी बालिकाओं को पंजीयन के समय प्राप्त होने वाली एनएससी प्रदान की जा चुकी है । इस प्रकार द्वितीय एनएससी कुल 27580 बालिकाओं को प्रदान की जा चुकी है । तृतीय एनएससी 15756 बालिकाओं को प्राप्त हो चुकी है । चतुर्थ एनएससी कुल 7226 बालिकाओं को प्राप्त हो चुकी है इसी प्रकार पंचम एनएससी कुल 2793 बालिकाओं को प्राप्त हो चुकी है ।

इस प्रकार मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ की गई लाड़ली लक्ष्मी योजना बालिकाओं के उत्थान एवं प्रगति में सहायक सिद्ध हो रही है । प्रदेश सरकार की इस भावी योजना के परिणामस्वरूप समाज में बालिकाओं के प्रति मानसिकता में सकारात्मक परिवर्तन आने लगा है । बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं 21 वर्ष पूर्ण होने पर एकमुश्त प्राप्त होने वाले भुगतान ने माता-पिता को बालिकाओं के प्रति होने वाली आर्थिक चिन्ताओं से मुक्त कर दिया है । वहीं दूसरी ओर इस योजना के दूरगामी सकारात्मक परिणामों में कन्या भ्रूण हत्या में कमी, सकारात्मक लिंगानुपात में वृद्धि, परिवार नियोजन एवं जनसंख्या नियंत्रण जैसी समस्याओं को दूर करने में सहायता मिल रही है ।

संदर्भ -

1. सिंह, रतन 'भारतीय सामाजिक व्यवस्था' ओमेगा पब्लिकेशन नई दिल्ली 2009
2. रावत, ओ. पी. 'मध्यप्रदेश में महिलाओं की स्थिति एक सांख्यिकी चित्रण' महिला एवं बाल विकास विभाग
3. सेन, कल्याणी मेनन, शिव कुमार एस.के. 'भारत में औरतें कितनी आजाद ? कितनी बराबर ?' यूनाईटेट नेशन रेसीडेन्ट कॉडीनेटर नई दिल्ली 2002
4. भारतीय जनगणना रिपोर्ट, 2011
5. महिला एवं बाल विकास से प्राप्त जानकारी

****

बदलते मूल्य एवं भारतीय समाज

डॉ. राजश्री शाह*

मूल्य समाज द्वारा मान्यता प्राप्त इच्छाऐं एंव लक्ष्य है, जिनका अन्तरीकरण सीखने या समाजीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से होता हैं। सामाजिक विज्ञानों में मूल्यों को क्रियाशील के रूप में व्यक्त किया हैं। सामाजिक मूल्य वे लक्ष्य या आदर्श है, जिनके आधार पर विभिन्न सामाजिक परिस्थितियों तथा विषयों का मूल्याकंन जाता हैं। सामाजिक जीवन में व्यक्ति इन मूल्यों को पारस्परिक अन्त: क्रियाओं से सीखता हैं और यह सामाजिक जीवन उसकी परिस्थिति मनो-सामाजिक नैतिक स्थिति द्वारा निर्धारित होता हैं। मूल्य अनेक प्रकार के होते है डॉ. राधाकमल मुकर्जी ने मूल्यों के सौपान बतलाये है जो इस प्रकार से है-

1) जैविक 2) सामाजिक 3) आध्यात्मिक

1) जैविक मूल्य- इन मूल्यों का संबंध जीवन निर्वाह और कुशलता से हैं।

2) सामाजिक मूल्य- इनका संबंध सम्पत्ति, प्रस्थिति, प्रेम और न्याय से हैं।

3) आध्यात्मिक मूल्य- सत्य, सौंदर्य, सुसंगति और पवित्रता से संबंधित हैं।

इस प्रकार सभी मूल्य एक ही स्तर के नहीं होते है, अपितु उनमें एक संस्तरण होता है, इस संस्तरणों का संबंध मूल्यों के आयामों से होता हैं।

जीवन के प्रथम स्तर पर आध्यात्मिक मूल्य, द्वितीय स्तर पर सामाजिक और तृतीय स्तर पर जैविक मूल्य होते हैं। गाँधी ने नैतिकता को मनुष्य जीवन को परम आधार मानते है, मानव समाज की प्रगति का आधार नैतिकता और गाँधी जी ने नैतिकता को अतिजैविक मूल्यों के रूप में स्वीकार किया हैं, नैतिकता विनाशकारी प्रवृत्तियों का दमन कर सुख शांति और समता में वृद्धि करती हैं। गांधी जी ने मूल्यों को व्याख्या धर्म से ही नहीं बल्कि अर्थ एवं राजनीति से भी की हैं। जैन धर्म अनुसार:- अहिंसा, न्याय, सत्य सहिष्णुता ही समाज के मूल्य है, सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चरित्र व्यक्ति के विकास की आधारशिला है, जिसमें जीवन में निखार आता है वही उसका मूल्य है, क्या उचित है, क्या अनुचित यह सब बहुत ही विवेकपूर्ण तरीके में सोच समझकर बनाये गये निर्णय हैं।

डॉ. राधाकमल मुकर्जी ने मूल्यों के साथ-साथ गैर सामजिक मूल्यों की अवधारणा दी है। मूल्यों के साथ-साथ प्रत्येक समाज में गैर सामाजिक मूल्यों की भी उत्पत्ति होती हैं। गैर मूल्य उस अवस्था में पनपते है, जब व्यक्ति प्रचण्ड मानसिक तनाव और संघर्षो का शिकार बन जाता है या शारीरिक, मानसिक आवश्यकताओं की पूर्ति में गंभीर बांधा या निराशा पैदा होती है, सांस्कृतिक मूल्यों में विचलन होता है।

वर्तमान समय में औद्योगीकरण, नगरीकरण, पाश्चात्य शिक्षा, भाग दौड़ आदि अनेक कारणो गैर सामाजिक मूल्यों को जन्म दे रहे है। प्रतिस्पर्धा, मान सम्मान, अहंम ने व्यक्ति के जीवन की शांति को भंग किया है।

चारों तरफ आज व्यक्तिगत विघटन, पारिवारिक विघटन दिखाई देता है। अपराधों की दर में वृद्धि चिंताऐं, असमान्जस्यता डिप्रेशन आदि छिपे है। आज व्यक्ति की सोच बदली, मूल्य बदले है, इसलिए समाज में विघटन की स्थिति बढ़ती जा रही हैं। मूल्य आदेशात्मक और हर समाज के लिए अनिवार्य है यह व्यक्ति के व्यवहार को नियंत्रित, निर्देशित करते है। सामाजिक समस्याओं का निराकरण, मूल्य निर्णय से ही है। सामाजिक, सांस्कृतिक व्यवस्थाओं में बदलाव, लोकजीवन में भ्रष्टाचार, महिला बच्चों की असुरक्षा, वृद्धों गुरूजनों के प्रति उपेक्षा आदि समस्याऐं मूल्यों के पतन होने से जन्मी है।

1) जब परिवार जीवन और जरात की विभिन्न समस्याओं का निराकरण किस प्रकार हो, क्या उचित, क्या अनुचित, हमारा परिवार समाज, राष्ट्र के प्रति कैसा आचरण हो इन सभी प्रश्नों को समाधान हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों के गर्त में ही है। यदि समय रहते हुए इनका हल हमनें नहीं किया तो समाज और अधिक विघटन की स्थिति में पहुँच सकता है। निश्चित ही हमें हमारी पीढ़ी, युवाओं, बच्चों को सामाजिक, सांस्कृतिक धार्मिक मूल्यों का पाठ पढ़ाना होगा, प्रारम्भिक स्तर से ही बच्चों में धार्मिक संस्कार पैदा करने होंगे, ताकि उनका और हमारा जीवन स्वस्थ बन सके।

2) डॉ मुकर्जी ने लिखा है कि साध्य मूल्य वे लक्ष्य तथा संतोष है, जिन्हें मनुष्य सामाजिक जीवन में स्वीकार कर लेते है, जो व्यक्ति के आचरण में अन्तर्निष्ट होते है और स्वयं साहसी होते हैं।
'सत्यं शिवं सुन्दरम्' से संबंधित मूल्य मनुष्य के आन्तरिक जीवन से संबंधित है और स्वत: ही पूर्ण है, इसके विपरित साधन मूल्य वे मूल्य है, जिन्हें मनुष्य और समाज प्रथम प्रकार के मूल्यों की सेवा हेतु एवं स्वास्थ्य उन्हें उन्नत करने के साधन के रूप में मानते हैं। स्वास्थ्य, सम्पत्ति सुरक्षा, सत्ता पेशा व्यक्ति की स्थिति आदि से संबंधित मूल्य साधन है, क्योंकि इनका उपयोग लक्ष्य व संतोष की प्राप्ति के साधन के रूप में किया जाता हैं। ताकी समाज और राष्ट्र उन्नति हो सके।

3) परिवार की परिधि में पुरुष का महिलाओं के प्रति दुर्व्यवहार, गैर सामाजिक मूल्य है, आज की परिस्थिति में व्यक्ति गैर मूल्यों से प्रभावित होकर सर्वमान्य सामाजिक मूल्यों का उल्लघंन करता है उन्हें अस्वीकार करता है जैसे सत्य की सर्वदा विजय होती है, किन्तु प्रेम और राजनीति में कुछ भी अनुचित नहीं होता। साम-दाम-दण्ड-भेद सभी नीतियों का उपयोग कर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर लेता है। जिसकी लाठी उसकी भैंस एक गैर मूल्य की अभिव्यक्ति है उसी तरह परिश्रम का फल मीठा होता है, जीओं और जीने दो, आदि सामाजिक मूल्यों की उपेक्षा होने लगी हैं। जैसे ''भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार है'', खून का बदला खून आदि गैर मूल्यों की अभिव्यक्ति दिखाई देती है।

मुकर्जी के अनुसार गैर मूल्यों की उत्पत्ति जैविक आवश्यकताओं को नकारना, या उनसें वर्चित करना, मनौवैज्ञानिक आवश्यकताओं की पूर्ति न होने या फिर संघर्षात्मक परिस्थितियों से अनुकूलन नहीं होना। गैर मूल्यों का अधिक विस्तार होने पर समाज में सामाजिक व व्यक्तिगत दोनों ही प्रकार के विघटन की स्थिति के निर्मित होने का खतरा रहता है इसलिए सामाजिक व्यवस्था सुरक्षा, शांति, प्रगति के लिए आवश्यक है कि गैर मूल्यों को पनपने से रोका जाऐ और पनपे हुऐ गैर मूल्यों का सुधार किया जाऐ।

संदर्भ ग्रंथ

- नवीन धर्म दर्शन की भूमिका - जय प्रकाश शाक्य
- सामाजिक समस्याऐं - मुकर्जी एवं अग्रवाल
- नीतिशास्त्र के प्रमुख सिद्धान्त - डॉ. हृदयनारायण मिश्र
- सा. विचारधारा - रविन्द्रनाथ मुकर्जी
- भारत समाज - गुप्ता एवं शर्मा

* प्राध्यापक समाजशास्त्र, शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

रामायण का ऐतिहासिक, सामाजिक एवं साहित्यिक अनुशीलन

डॉ. आरती व्यास *

इतिहास के पन्नों पर कई विषय उलझे पड़े होते हैं ।साहित्य भी इससे अलग नहीं है। क्यों कि इतिहास में साहित्य और साहित्य में इतिहास की खोज होती है । कवि साहित्य की महत्ता को समझाते हुए कहते हैं–

''अंधकार है वहाँ, जहाँ आदित्य नहीं है।
मुर्दा है वह देश जहाँ साहित्य नहीं है।''

साहित्यकार अपने साहित्य से हमें भाव विह्वल कर देता है।जहाँ भावनाऐ हैं, वहाँ साहित्य भी है । इसी तरह वाल्मिकी की रामायण में भी भावनाऐं, आदर्श, कर्तव्य निष्ठता है।वाल्मिकी ऐसे कवि हैं जिनकी रचना के भीतर से एक समग्र देश, समग्र युग अपने हृदय की अभिज्ञता को व्यक्त कर के उसे मानव की चिरंतन सामग्री बना देताहै, समग्र देश की, समग्र जाति की सरस्वती इन्हें अपना आश्रय बना पाती है ये जो रचना करतेहैं वह किसी व्यक्ति विशेष की रचना नहीं जान पड़ती, ऐसा लगता है कि जैसे वह विशाल वनस्पति के समान देश की धरती से पैदा होकर उसी देश को आश्रय और छाया दे रही हो।

रामायण और महाभारत सरल अनुष्टुप छंद मेंभारत वर्ष का हृदय–पिंड सहस्त्रों वर्षो से स्पंदित होता आ रहा है, सच्चे अर्थो में रामायण भारतवर्ष की और भारत वर्ष रामायण के लिए ही है ।वाल्मिकी की रामचरित्र कथा को काव्य के रूप में न देखें वह भारत की रामायण है, यह काव्य देवता की अवतार लीला को लेकर ही रचा गया हो, ऐसी बात भीनहीं है।कवि वाल्मिकी के निकटराम, अवतार न थे, वे मनुष्य ही थे।राम का चरित्र मनुष्य का चरित्र होने के नाते ही महिमा मंडित है।

राम की कहानी केवल राम की कहानी नहींहै।उसमें भारतीय समाज के कई सच छिपे हुए हैं। इस महा गाथामें युग–परिवर्तन की पीड़ाऐं जाग रही हैं। इसलिए यह काव्य पुराने मूल्यों का काव्य होते हुए भी नये मूल्यों की रचना की जरूरत का संदेश देता है। यह कथा तब और भी अद्भूत हो जाती है, जब सीता को और पीछे–पीछे छोटे भाई लक्ष्मण को भी अपनी इच्छा से राम के साथ वनवासी होते देखते हैं।

आदि कांड के प्रथम वर्ग में वाल्मिकी ने जबअपने काव्य के उपर्युक्त नायक की खोज करते हुए बहुत गुणों का उल्लेख कर के नारद से पूछा–

समग्रा रूपिणी लक्ष्मी: कमेकसंश्रिता–नरम्

अर्थात् किसी एक नरका आश्रय लेकर समग्रा लक्ष्मी ने रूप ग्रहण किया है, तो नारद ने कहा–

देवेश्व पिपष्या मिकरिच देभिर्गुणैयतं
श्रुयतांतु, गुणैरे भिर्नौयुक्तोनरचंद्रमा:।

ऐसा गुण युक्त पुरूष देवताओं में तोमुझे दिखाई नहीं पड़ता इसलिए जिन नर–चंद्रमा में ये सबगुण है उनकी कथा सुनो, रामायण उसी नर–चन्द्र की कथा हैं, रामायण में मनुष्य ही अपने गुणों से देवता हो उठा है।मनुष्य के ही चरम आदर्श की स्थापना के लिए भारत के कवि ने महाकाव्य की रचना की है, और उस दिन से लेकर आज तक मनुष्य के इस आदर्श चरित्र का वर्णनभारत का पाठक–समाज बड़े आग्रह के साथ पढ़ता आ रहा है ।रामायण की प्रधान विशेषता यह है कि उसने घर की बात को ही बड़ा करके दिखाया है पिता–पुत्र में, भाई–भाई में, पति–पत्नि में जो धर्म का बंधन है, जो प्रीति और भक्ति का संबंध है, रामायण ने उसे इतना महान् कर दिया है कि वह अत्यन्त सहज रूप में महाकाव्य में उपयुक्त हो गयाहै। शत्रु, विनाश, दो प्रबल विरोधी पक्षो में प्रचन्ड आघात–प्रतिघात से बातें ही अधिकांश महाकाव्य में आंदोलन और उद्दीपन का संचार करती है।लेकिन रामायण की महिमा राम–रावण युद्ध को लेकर नहीं है, वह युद्ध घटना भी राम–सीता के दाम्पत्य प्रेम को ही उज्जवल करके दिखलाने का निमित्त मात्र है।पिता के लिए पुत्र का आज्ञा पालन, भाई के लिए भाई का त्याग, पति एवं पत्नि में एक दूसरे के लिए निष्ठा, प्रजा के लिए राजा के क्या कर्तव्य होने चाहिए।रामायण का साहित्य इसी तथ्य को दिखलाता है। इससे भारत वर्ष का परिचय मिलता है। इस महाकाव्य से समझ आता है कि भारत वर्ष में गृह और गृहस्थ धर्म का कितना महत्व है।

इसी काव्य से हमें ज्ञात होता है कि गृहस्थाश्रम हमारे सुख–सुविधा के लिए नहीं है, बल्कि पूरे समाज को समेटकर रखता है। मनुष्य को सच्चे अर्थो मे मनुष्य बनाता है।

इस रामायण कथा से भारतवर्ष के सब लोग चाहे वे छोटे हों या बड़े अथवा वृद्ध सभी शिक्षा प्राप्त करते हैं।अत: रामायण को केवल महाकाव्य ही नहीं कहा जा सकता, यह इतिहास है, घटनावली का इतिहास नहीं, क्योंकि वैसा इतिहास समय विशेष का सहारा लेता है। रामायण भारत वर्ष का चिरंतन इतिहास है।अन्य इतिहास युग–युग में कितने परिवर्तन हुए लेकिन इस इतिहास मे परिवर्तन नहीं हुआ है । वस्तुत: रामकथा की ऐतिहासिक प्रामाणिकता का दावा परंपरागत लोक विश्वास है, जिस का उल्लेख ईसा पूर्व के समानांतर स्त्रोतों में विद्यमान है ।

सन्दर्भग्रन्थ

1. रवीन्द्रनाथ के निबंध
2. मानस के मोती–श्री स्वामी सुबोधा नंदजी चिन्मय मिशन
3. तुलसीकृतरामायण
4. अहाजिन्दगी–दैनिकभास्करसमूह, अप्रैल 2013

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

उज्जैन की बातिक कला
(निर्माण सामग्री एवं प्रविधि एक प्रयोगपरक शोध अध्ययन)

डॉ. नीता तोमर *

महाकाल की उज्जयिनी कालजयी नगरी है। पौराणिक प्रवाह के अनुसार उज्जयिनी सृष्टि की रचना का केन्द्र है। उज्जयिनी पृथ्वी का भी केन्द्र है जो अपने 'प्रतिकल्पा' नाम को सार्थक करती हुई प्रत्येक कल्प में अभिनव स्वरूप ग्रहण कर लेती है।[1] महाकाल, शिप्रा और सिंहस्थ के साथ उज्जैन का फलक बहुत विराट है, जिसका समग्रता में साक्षात्कार कर पाना अत्यंत कठिन है।[2]

प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. भगवतशरण उपाध्याय ने लिखा है – ''थीब्ज और मेम्फिस की ऐतिहासिक समवर्तिनी उज्जयिनी के भाल पर सहस्त्राब्दियों का गौरव-तिलक अंकित है। थीब्ज और मेम्फिस तो काल के गाल में समा गए पर उज्जयिनी शिप्रा के तीर आज भी खड़ी है।''[3]

स्कंदपुराण के अवंती खण्ड में उज्जैन की महिमा का विस्तृत वर्णन किया गया है। पुराणों के अनुसार अत्यन्त प्राचीनकाल में यहाँ महाकाल नाम का विशाल वन था। भगवान शंकर को यह स्थान अत्यन्त आकर्षक लगा। जब शंकर जी ने यहाँ निवास किया, तब सब देवताओं ने स्वयं स्वर्ग से आकर उज्जैन नगर बसाया था।[4]

भैरवगढ़ उज्जैन का एक भाग होते हुए भी अलग है। यह उज्जैन से सात किलोमीटर दूर शिप्रा नदी के किनारे बसा एक गांव है।[5] भैरवगढ़ किस ने और कब बसाया इसका कोई ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है फिर भी कई विद्वानों का मानना है कि यह दो हजार वर्ष पूर्व बसाया गया था।[6]

भैरवगढ़ में छपाई कला का कार्य छीपा जाति के लोग करते है। छीपा जाति के करीब तीन सौ परिवार यहां बसते है। किन्तु लगभग 100 परिवार ही वस्त्र छपाई का कार्य करते हैं।

छीपा जाति का इतिहास भाट के पास आज भी मौजूद है। यह भाट मूलत: राजस्थान के जयपुर शहर में रहते है। वर्तमान में छीपा जाति का इतिहास चार पोथियों में विभाजित है।[7]

उज्जैन के भैरवगढ़ की कपड़ा छपाई की प्रसिद्धि सर्वज्ञात है। भैरूगढ़ छपाई चटख रंग की विभिन्न डिजाइनों में होती हे। इस भैरूगढ़ छपाई के वस्त्रों की माँग न केवल मालवा या मध्यप्रदेश अपितु देश के सुदूर क्षेत्रों में भी है। छीपे, रंगारे इत्यादि परम्परागत कपड़ा-छपाई का काम करते रहे। कपड़ा छापने वाले छीपा हुए और रंगकार रंगारा आजकल यह काम अन्य भी करने लगे है। उज्जैन का भैरवगढ़ अब वस्त्र छपाई के अद्धितीय केंद्र के रूप में प्रसिद्ध हो गया है।[8]

पौराणिक एवं धार्मिक महत्व के साथ-साथ इस नगरी का ऐतिहासिक एंव कलात्मक महत्व भी है। उज्जैन के पुरातन वैभव और समृद्ध ललित कलाओं का दर्शन उज्जैन एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में सहजता से किया जा सकता है, उज्जैन के भैरवगढ़ की बतिक कला विश्वस्तरीय है।

जहाँ तक भैरवगढ़ की वस्त्र छपाई का प्रश्न है तो वह तुगलक के शासन काल में काफी विकसित हो चुकी थी। इसका प्रमाण भी भाट की पोथी से सहज मिल जाता है। जैसा पोथी में उल्लेखित है कि तुलगक के शासनकाल में तत्कालीन बादशाह को कपड़े पर महल का दृश्य बनाकर भेट किया था।[9]

भैरवगढ़ में बातिक छपाई नित्य उपयोगी वस्त्रों पर, घर में काम आने वाले वस्त्रों जैसे बेड़शीट्स, कुशन कवर, परदे, पूजा के वस्त्र एवं पुरूषो के साफे, अंगोछे, लुंगी, महिलाओं के वस्त्र जैसे स्कर्ट, फ्राक, दुपट्टे, घाघरे, कुर्ती-सलवार, लुगड़ी, ओढ़नी, आदि विभिन्न परिधानों में होती है।[10]

बातिक प्रिन्ट (रेजिस्ट प्रिन्ट)

तकनीकीगत बातिक की प्रक्रिया निम्न प्रकार से होती है –

बातिक कला की सुन्दरता या विशेषता क्रेक्स (मोम टूटने से जो दरारे पड़ती हैं उनमें रंगने से जो बारीक रेखाएँ होती है) में है।

बातिक कला की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

अभी तक यह सिद्ध नहीं हो पाया है कि बातिक कला की शुरूआत कब और कहाँ से हुई है, कुछ विद्धानों का मत है कि यह कला इन्डोनेशिया से भारत में आई है। जहां तक उज्जैन (भैरवगढ़) का प्रश्न है करीब 700 वर्षो से यह कला यहाँ प्रयोग में लाई जा रही है। यह काफी पुरानी कला है और भारत में कई स्थानों पर थोड़े बहुत अन्तर के साथ प्रयोग में लाई जाती रही है।

आज भैरवगढ़ के करीब 40 से 50 परिवार बातिक कला से जुड़े हुए है। बातिक प्रिन्ट में अधिकतर रात दिन काम में आने वाली वस्तुओं को छापा जाता है। वर्तमान में बातिक और प्राचीन बातिक में थोड़ा अन्तर है। वर्तमान में मोम ब्रश अथवा बातिक पेन द्धारा डिजाइन बनाकर रंगा जाता है जबकि पूर्व विधि में ब्लाक द्धारा छपी हुई डिजाइन को विशेष प्रकार से तैयार की गई मिट्टी से ढ़ककर कपड़े को रंगा जाता था।[11]

यदि कई रंगों में रंगना हो तो पहले हल्के रंग में रंग कर कपड़े को सुखा लिया जाता है। दूसरी बार ब्रश द्धारा फिर वेक्सिंग किया जाता है अर्थात् उस भाग पर मोम लगाया जाता है, जब हमें रंगा हुआ रंग अन्य रंग से सुरक्षित रखना है। फिर उससे गहरे रंग में रंगा जाता है, इस तरह दो बार या तीन बार रंगा जाता है।

यदि कई रंगों में नहीं रंगना हो तो मांड निकालकर कपड़ो को सुखा लिया जाता है और जहाँ नहीं रंगना है वह ब्रश द्धारा वैक्स लगा लिया जाता है। जब रंगने की प्रक्रिया पूर्ण हो जाती है तब कपड़े से मोम छुडाया जाता है।[12]

मोम छुड़ाने की विधि

एक बर्तन में पानी को अच्छी तरह से गरम किया जाता है। उसमें साबुन एवं कपड़े धाने का सोड़ा डाला जाता है फिर रंगें कपड़े को उसमें डाला जाता है, इससे मोम गरम होकर पानी में रह जाता है जब मोम पूर्ण तरह से निकल जाता है तो फिर कपड़े को साफ पानी में धोकर सूखा लिया जाता है।[13]

बातिक प्रिन्ट में कपड़े को रंगने की विभिन्न विधिया

नेफतोल रंग : वास्तव में देखा जाय तो यह रंग नहीं है। अपितु रसायन (केमिकल) है जो एक दूसरे में मिलकर रंग (शेड्स) उत्पन्न करते है। इनको बनाने एवं रंगने की विधि विशेष है – यह प्रक्रिया दो भागों में विभाजित की जा सकती है 1. नेफतोल 2. बेस अथवा साल्ट। दोनों को अलग-अलग बनाया जाकर अलग-अलग बर्तन में रखा जाता है।

मोम किये हुए (डिजाइन बने) कपड़े को 2 से 3 मिनिट तक नेफतोल में

* अतिथि विद्वान (चित्रकला विभाग) शासकीय माधव कला वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

रंगा जाता है। नेफतोल में से कपड़े को निकालकर थोड़ी देर हवा में रखा जाता है जिससे इसमें से पानी टपकना बन्द हो जाता है जब पानी टपकना बन्द हो जाता है तो फिर बेस मे डाला जाता है अलग-अलग प्रकार के नेफतोल एवं बेसेस होते है जिस प्रकार का बेस एवं नेफतोल होता है उसी प्रकार के शेड उत्पन्न होता है।

नेफतोल बनाने की विधि :-

1. नेफतोल पाउडर - 10 ग्राम
2. कास्टिक सोड़ा - 10 ग्राम
3. टर्की रेडआइल - 10 ग्राम
4. पानी - 10 लीटर

10 ग्राम नेफतोल को टर्की रेड आइल में पेस्ट बनाया जाता है। जब पेस्ट बन जाता है तो 1 लीटर से 2 लीटर ठण्डा पानी मिला दिया जाता है। फिर इसको अच्छा गरम किया जाता है जब उबाल आ जाये तो चूल्हे से उतार कर 10 ग्राम कास्टिक सोडा मिला दिया जाता है। फिर अलग बड़े बर्तन में 10 लिटर ठण्डा पानी लेकर उसमें बना हुआ नेफतोल डालकर अलग रख दिया जाता है।

बेस बनाने की विधि

बेस पाउडर 10 ग्राम लेकर नमक के तेजाब मे पेस्ट बनाया जाता है, फिटकरी 10 ग्राम एवं सोडियम नाइट-राइट 10 ग्राम को 1 लीटर ठण्डे पानी में घोल कर उस पेस्ट में मिला दिया जाता है। इसी प्रकार बेस को 10 लीटर ठण्डे पानी में मिलाकर अलग रख दिया जाता है, यह मात्रा 2 मीटर कपड़े के लिए है। यदि बेस के स्थान पर साल्ट लिया जाता है तो 30 ग्राम साल्ट पाउडर 2 लीटर ठण्डे पानी में घोल कर 20-30 ग्राम खाने का नमक मिला दिया जाता है। रंगने की विधि पूर्व में उल्लेखित है।

नेफतोल एवं बेस के विभिन्न प्रकार के शेड्स

नेफतोल	बेस	शेड्स
1. नेफतोल ए.एस.जी.	यलो जी.सी.बेस	लेमन पीला
2. नेफतोल ए.एस.जी.	रेड के.बी. बेस	मस्टर्ड पीला
3. नेफतोल ए.एस.जी.	बोर डेवस जी.पी. बेस	गोल्डन पीला
4. नेफतोल ए.एस.जी.	औरेंज जी.सी. बेस	औरेंज
5. नेफतोल ए.एस.टी.आर.	रेड टी.आर बेस	पोस्ट आफिस रेड
6. नेफतोल ए.एस.	वायलेट बेस	जामुनी
7. नेफतोल ए.एस.बी.एस.	बार्डेक्स जी.पी.	मेहरून
8. नेफतोल ए.एस.बी.ओ.	ब्लू बेस	रायल ब्लू
9. नेफतोल ए.एस.बी.एस.	ब्लू बेस	नेवी ब्लू
10. नेफतोल ए.एस.एस.डब्ल्यू.	ब्लू बेस	स्काय ब्लू
11. नेफतोल ए.एस.जी.आर.	ब्लू बी.बी.बेस	लीफ ग्रीन
12. नेफतोल ए.एस.जी.आर.	ब्लू बी.बी.बेस	आलिव ग्रीन

नोट : आलिव ग्रीन में ब्लू बी.बी. की मात्रा 10 ग्राम के बजाय 1 ग्राम होना चाहिए।[14]

बातिक प्रिन्ट की विधि

सूती सिल्क अथवा रेशमी कपड़े पर बातिक प्रिन्ट होता है कारण यह है कि जो रंग प्रयोग में लाये जाते है वे सूती कपड़े रेशमी एवं सिल्क कपड़े पर ही पक्के होते है अन्य सिन्थेटिक कपड़ो पर यह टिक नहीं पाते।

कपड़े को थोड़ा टर्की रेड आइल पानी में डालकर करीब 12 घण्टे भिगोया जाता है। इसके पश्चात अच्छा कूटकर धो लिया जाता है इससे जहां कपड़े की मांड निकल जाता है वही दूसरी ओर कपड़े में रंग पकडने की क्षमता बढ़ जाती है जिससे रंगों में पक्कापन एवं चमक आती है। अब कपड़े पर ब्रश अथवा बातिक पेन की सहायता से मोम से डिजाइन बनाई जाती है।

बातिक पेन - वास्तव में लोहे का मोटा तार लेकर उसमें बाल रखकर ऊन या सूती धागे से बांध दिया जाता है।

मोम - (पेराफिन वैक्स) को एक बर्तन मे गरम किया जाता है। डिजाइन बनाते समय यह ध्यान रखा जाता है कि मोम अधिक गरम या ठण्डा नहीं होना चाहिए। कुछ कलाकार पेराफिन वैक्स में 'बिरोजा' की कुछ मात्रा मिलाते है। कुछ कलाकार मधुमक्खी एवं पेराफिन वैक्स दोनों मिलाकर काम करते है। अब ब्रश अथवा बातिक पेन या लकड़ी के ठप्पे से मोम का प्रयोग किया जाता है। जहाँ पर मोम लगा होगा वहाँ पर रंगते समय रंग नहीं चढ़ेगा साथ ही रंगते समय मोम के टूटने से जो बारीक दरारे पड़ती है, उनमें रंग प्रवेश करता है जो अपने आप में एक तरह की डिजाइन होती है।

अब इसको रंगा जाता है रंगने से पहले यह तय करना होता है कि एक बार ही रंगना है। (सिंगल कलर) या कई रंगों (मल्टी कलर) में रंगना है।[15]

नेफतोल के अतिरिक्त कलाकार दूसरे रंगों का भी प्रयोग करते है इसमें मुख्य रूप से 1. वेट कलर 2. प्रोशियन कलर 3. इन्टीगो सोल।

वेट कलर :- यह रंग बनाने एवं रंगने में आसान होता है किन्तु बहुत मंहगा होता है फिर भी शेड्स के हिसाब से बातिक के कलाकार अधिकतर करते है। इसमें मुख्य रूप से दो रंग का प्रयोग अधिक होता है। 1. ग्रीन 2. वायलेट, इसके अतिरिक्त पीला, ब्लू, ब्राउन, मेजेन्टा, औरेंज का भी प्रयोग किया जाता है चूंकि यह शेड्स नेफतोल में नहीं बन पाते इसलिए इनका प्रयोग अधिक किया जाता है।

वेट कलर बनाने की विधि

वेट कलर 5 ग्राम को टर्की रेड आयल में पेस्ट बनाकर 1 लीटर ठण्डा पानी मिलाते है फिर इसको अच्छा गरम करते है इसके पश्चात 15 ग्राम कास्टिक सोड़ा मिलाते है फिर इसमें हाइड्रोसल्फाइड 5 से 7 ग्राम मिलाते है।

रंगने की विधि

पहले 10 लीटर पानी को गरम करते है इतना गरम होता है कि रंगने में मोम पिघल न जाय इसमें बना हुआ रंग डालकर कपड़े को इसमें डाल दिया जाता है। विशेष ध्यान इस बात का रखा जाता है कि कपड़ा रंग में बाहर न आने पाये।

3 से 5 मिनिट बाद कपड़े को बाहर निकाल लिया जाता है। इसके पश्चात हवा में फैला दिया जाता है, जिससे इसका अपना शेड़ आ जाता है करीब 1 घण्टे पश्चात साफ पानी मे धो लिया जाता है।

प्रोशियन रंग

कुछ कलाकार इसका भी प्रयोग करते है, यह रंग बनाने एवं रंगने में सरल है, काफी सस्ता होता है किन्तु इतना पक्का नहीं होता है जितना की नेफतोल वेट एवं इन्डीगोसोल होते है।

1/2 गरम पानी में प्रोशीयन एम. पावडर को अच्छी तरह मिलाया जाता है। इसमें खाने का नमक 3 गुना एवं सोड़ा खाने का दोगुना मिला दिया जाता है। फिर ठण्डे पानी में मिलाया जाता है पानी की मात्रा शेड के अनुसार होती है अर्थात गहरा रंग रंगने के लिए रंगते समय पानी की मात्रा कम होगी तो हल्का रंग रंगने हेतु पानी मात्रा अधिक होगी।

कपड़ा रंगने की विधि

कपड़े को उपरोक्त रंग में 30 मिनिट तक रंगने के पश्चात रंग में से निकालकर 24 घण्टे हवा में रखा जाता है फिर अच्छी तरह से धो लिया जाता है ताकि इसका अधिक रंग निकल जाय।

इन्डीगोसोल विधि

यह रंग रंगने की अपेक्षा ब्रश से प्रयोग किया जाता है। रंग बनाने की

विधि में बबूल का गोन्द पानी में रात भर भिगोकर कपड़े में छान लिया जाता है। गवार गम का भी प्रयोग किया जाता है इसकों ठण्डे पानी में घोल लिया जाता है। घण्टे बाद इसका प्रयोग कर सकते है। दोनो प्रकार के पेस्ट में पानी की मात्रा इतनी होती है कि पेस्ट बन जाये।

इन्डीगोसोल पाउडर 10 ग्राम पानी में घोलकर 5 ग्राम सोडियम नाइटराइड मिलाकर गोन्द का पेस्ट अथवा 'गवारगम' के पेस्ट में मिलाकर जहाँ जैसा रंग चाहिए ब्रश की सहायता से लगाया जाता है।

24 घण्टे पश्चात बाल्टी में ठण्डा पानी लेकर उसमें गंधक का तेजाब बहुत कम मात्रा में मिलाकर उस कपड़े को इसमें 4–5 मिनिट रखकर निकाल कर साफ पानी में धो लिया जाता है। बाकि सभी प्रक्रिया वही रहती है जो नेफतोल अथवा वेट की होती है।[16]

बातिक प्रिन्ट की प्रक्रिया अथवा सुनने में जितनी सरल प्रतीत होती है प्रयोगात्मक रूप से यह उतनी ही जटिल व श्रमसाध्य है, जिसमें अत्यधिक धैर्य व श्रम की आवश्यकता होती है बिना कुशलता और एकाग्रता के यह कार्य असम्भव है। कलाकार के रचनात्मक दृष्टिकोण और आत्मनिष्ठ साधना द्वारा कल्पना शक्ति का प्रयोग बातिक कला के साथ अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है, जिसका प्रत्यक्ष और प्रेरक अनुभव शोधार्थी डॉ. नीता तोमर को प्रस्तुत प्रयोगात्मक शोध अध्ययन के दौरान हुआ।

संदर्भ सूची

1. निर्मला जैन–निदेशक : अन्विति प्रकाशन, मुम्बई।
2. निदेशक : निर्मला जैन: अन्विति प्रकाशन, मुम्बई।
3. डॉ. रमेश निर्मल : प्रतिकल्पा उज्जयिनी : पृ.क्र.3: अन्विति प्रकाशन सी.एम.जी. इन्फोनेट मुम्बई।
4. डॉ. रमेश निर्मल : प्रतिकल्पा उज्जयिनी : पृ.क्र.3: अन्विति प्रकाशन सी.एम.जी. इनफोनेट मुम्बई।
5. श्री रहीम गुट्टी: भैरवगढ़ की वस्त्र छपाई कला परंपरागत से आधुनिकता तक भाग एक : पृ.क्र.2 : आयोजक म.प्र. हस्तशिल्प विकास निगम हमीदिया रोड़ भोपाल।
6. श्री रहीम गुट्टी: भैरवगढ़ की वस्त्र छपाई कला परंपरागत से आधुनिकता तक भाग एक : पृ.क्र.2 : आयोजक म.प्र. हस्तशिल्प विकास निगम हमीदिया रोड़ भोपाल।
7. श्री रहीम गुट्टी: भैरवगढ़ की वस्त्र छपाई कला परंपरागत से आधुनिकता तक भाग एक : पृ.क्र.2 : आयोजक म.प्र. हस्तशिल्प विकास निगम हमीदिया रोड़ भोपाल।
8. डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित : मालवी संस्कृति और साहित्य : पृ.क्र. 372 : प्रकाशक : आदिवासी लोक कला अकादमी : म.प्र. संस्कृति परिषद भोपाल म.प्र.
9. श्री रहीम गुट्टी: भैरगढ़ की वस्त्र छपाई कला परंपरागत से आधुनिकता तक भाग एक : पृ.क्र.4 : आयोजक म.प्र. हस्तशिल्प विकास निगम हमीदिया रोड़ भोपाल।
10. श्री रहीम गुट्टी: भैरवगढ़ की वस्त्र छपाई कला परंपरागत से आधुनिकता तक भाग एक : पृ.क्र.5 : आयोजक म.प्र. हस्तशिल्प विकास निगम हमीदिया रोड़ भोपाल।
11. श्री रहीम गुट्टी: भैरवगढ़ की वस्त्र छपाई कला परंपरागत से आधुनिकता तक भाग एक : पृ.क्र.32 : आयोजक म.प्र. हस्तशिल्प विकास निगम हमीदिया रोड़ भोपाल।
12. श्री रहीम गुट्टी: भैरवगढ़ की वस्त्र छपाई कला परंपरागत से आधुनिकता तक भाग एक : पृ.क्र.33 : आयोजक म.प्र. हस्तशिल्प विकास निगम हमीदिया रोड़ भोपाल।
13. श्री रहीम गुट्टी: भैरवगढ़ की वस्त्र छपाई कला परंपरागत से आधुनिकता तक भाग एक : पृ.क्र.33 : आयोजक म.प्र. हस्तशिल्प विकास निगम हमीदिया रोड़ भोपाल।
14. श्री रहीम गुट्टी: भैरवगढ़ की वस्त्र छपाई कला परंपरागत से आधुनिकता तक भाग एक : पृ.क्र.34 : आयोजक म.प्र. हस्तशिल्प विकास निगम हमीदिया रोड़ भोपाल।
15. श्री रहीम गुट्टी: भैरवगढ़ की वस्त्र छपाई कला परंपरागत से आधुनिकता तक भाग एक : पृ.क्र.36 : आयोजक म.प्र. हस्तशिल्प विकास निगम हमीदिया रोड़ भोपाल।
16. श्री रहीम गुट्टी: भैरवगढ़ की वस्त्र छपाई कला परंपरागत से आधुनिकता तक भाग एक : पृ.क्र38 : आयोजक म.प्र. हस्तशिल्प विकास निगम हमीदिया रोड़ भोपाल।

****

मेरी कला-एक अंर्तदृष्टि

डॉ. यतीन्द्र महोबे *

''कला जीवन है और जीवन गति का नाम है।'' कला विचारों तथा मानवीय भावों की अभिव्यक्ति है। कला के माध्यम से रचनाकार अपने अंदर उठने वाली समस्त संवेदनाओं को मूर्तरूप दे सकता है। कला के माध्यम से कलाकार दर्शक के अंर्तमन में रसानुभूति जगाता है। कला के अनुभव को मैने अपने विचारों के माध्यम से प्रस्तुत करने की कोशिश की है।

मैं चित्रकला के क्षेत्र में लम्बे समय से जुड़ा हुआ हूँ, इस कला क्षेत्र से जुड़े रहते हुए शुरूआत में मैने बहुत सी आकृतिमूलक चित्र बनाए हैं, और उसी के माध्यम से आगे बढ़ते हुए अपने अंदर जागृत होने वाले विचारों तथा भावों को प्रत्यक्ष रूप देने की कोशिश की है। मैने अपनी कलाकृति में शुरूआती दौर से जिस अवधारणा को लेकर कार्य किया है उसे भविष्य में भी निरंतर रखना चाहता हूँ, और समयानुसार उनमें रंग, अंतराल और आकारों के माध्यम से नये-नये प्रयोग करना चाहता हूँ।

एक कला कृति में ''रंग'' मेरे लिए महत्वपूर्ण स्थान रखता है। रंगों ने मेरे अंर्तमन को स्पर्श किया है, इस समयावधि में मैने अनेक किताबों का अध्ययन कर कला संबंधी जानकारी प्राप्त की है। संयोजन क्या है? अंतराल किसे कहते हैं? और कितने अंतराल में रंगों का संयोजन चित्र में आवश्यक है तथा मेरी अवधारणा से ये तत्व कहाँ तक जुड़े हैं इन सब का अनुभव मुझे हुआ है। ''मेरी कला-एक अंर्तदृष्टि'' विषय संबंधी यह शोधपत्र के माध्यम से अपने कला अनुभव को प्रस्तुत करने का यह छोटा सा प्रयास है।

मेरा यह मानना है कि जो सौन्दर्यमूलक है वही कला है जिसे देखकर दृष्टा के अंर्तमन से ''आह'' या ''वाह'' जैसे शब्द का उच्चारण हो, वही एक अच्छी कलाकृति है।

मेरी रचना और उसका बदलता स्वरूप- मेरी रचना स्वयं के तथा आसपास के वातावरण से मिश्रित होती है। मेरे चित्रों का प्रत्येक आकार एवं रंग यथार्थ के किसी अंश से निसृत होता है। मैं अपनी कलाकृतियों के द्वारा अपने विचारों को रंग एवं आकार के माध्यम से सामने लाने की कोशिश करता हूँ। मेरे विचार केनवाश पर स्वत: परिवर्तित हो जाते हैं।

यदि हम कहें तो एक कवि अपनी कविताओं को लेकर बहुत गहराईयों से सोचता है, उस कविता के विषय में डूब जाता है तथा अपनी गहरी सोच तथा कल्पना के माध्यम से एक कविता तैयार करता है। लेकिन मेरे विचार में ऐसा करना एक चित्रकार के लिए आवश्यक नहीं है। मैं हाथ में तुलिका पकड़कर ही अपनी मानसिक स्थिति अनुसार उसी समय उत्पन्न विचारों की सहायता से चित्र की योजना तैयार करता हूँ। मैं अपनी कलाकृति में प्रकृति के रंगों का भी इस्तेमाल भी करता हूँ, क्योंकि मेरा ''आत्म'' प्रकृति से जुड़ा हुआ है, और मेरी ये कृतियॉ मेरा आत्मचित्रण है।

अब मैं काम करने की शैली पर आता हूँ। यदि कोई मुझसे यह कहे कि आप एक शैली को लेकर काम किया करो, तो यह मेरे लिये सोचनीय बात होगी। क्योंकि हर व्यक्ति कि सोच परिवर्तनशील है, और वह पल-पल बदलती रहती है। मेरे विचार में मनुष्य को परिवर्तनशील होना बहुत जरूरी है। जब तक मनुष्य परिवर्तनशील नहीं होगा, उसे नया अनुभव प्राप्त नहीं हो सकता, और नये विचार मन में नहीं आ सकते, तो स्वाभाविक है कि इसका प्रभाव हमारी कलाकृति पर भी पड़ेगा। यदि हम अपनी कुछ कलाकृतियों में अपनी दूसरी अवधारणा को लेकर कार्य कर चुके हैं, और कुछ समय पश्चात् अलग आकार या अवधारणा को लेकर कार्य कर लें, तो यह नहीं कहा जा सकता कि हमारी शैली में परिवर्तन हो गया है। हमारी पहले कि कृति और अब की कृति में ऐसा कुछ जरूर साम्य होता है, जो दोनों समय की कृतियों को आपस में जोड़ता है, क्योंकि हर एक कलाकार के पास ऐसा कुछ होता है जो उसका अपना होता है। दूसरे शब्दों में उसे हम ''पालतु'' नाम से सम्बोधित कर सकते हैं। उदाहरण स्वरूप- हम बाजार गये और वहाँ ऐसी कोई चीज या वस्तु पसंद आ जाती है, जिसे हम तुरंत खरीद लेते हैं और वह हमेशा के लिए हमारे पास आ जाती है। वह हमारे लिये पालतु जैसे बन जाती है। उसे हम खोना नहीं चाहते। ठीक उसी प्रकार एक कलाकार के लिए कुछ चीजें ऐसी होती हैं जो उसके लिये स्वत: ही पालतु जैसे बन जाती है, और वह पसंदीदा चीज उसकी हर कलाकृति में देखने मिलती है। चाहे वह कलाकार के लिये ''रंग'' हो या फिर कोई ''आकार''। मैं अपनी कलाकृति में रंगों को अधिक महत्व देता हूँ क्योंकि रंग मेरे अंर्तमन को स्पर्श करते हैं, और मेरे अंर्तमन के विचार रंगों के माध्यम से ही बाहर आते हैं। मेरी कलाकृति में रंग अपना एक अलग स्थान रखते हैं।

रंग। ''प्रकाश का होना रंगों को बतलाता है।'' यदि हमारे जीवन में प्रकाश को शून्य कर दिया जाय तो हमारा जीवन रंग-विहीन हो जाएगा। इस प्रकाशमय प्रकृति से हमें रंगों का ज्ञान होता है। प्रकृति के इस रंग को हम अपने अंदर आत्मसात् कर लेते हैं, और यह रंग हमारे अंदर अंर्तमन में विचरण करने लगता है। फलस्वरूप हमें बाहर की वस्तुयें रंगमय प्रतीत होती है। मैं अपनी कलाकृति में सूक्ष्म अभिव्यक्ति पर अधिक बल देता हूँ इस सूक्ष्म अभिव्यक्ति में रंग, आकार, भाव और मेरी आंतरिक तरंग होती है।

मैं अपनी कलाकृति में रंगों के माध्यम से गति दिखाने की कोशिश करता हूँ, क्योंकि गति चित्र का प्रमुख गुण हैं, और गति की दिशा को प्रदर्शित करने में रंगों का योगदान सर्वाधिक होता है। मैं अपने चित्र में अपनी आंतरिक अभिव्यक्ति के अनुसार रंगों को अलग-अलग दिशा में अंकित करता हुँ ताकि उन रंगों का संतुलन बना रहे। मेरे चित्रों में शीतल व गर्म दोनों रंगों का समावेश होता है। चित्र में विरोधी रंगों का प्रयोग प्रभाविता, प्रमाण, लय आदि गुणों के लिए होता है। मैं अपनी कलाकृति में कैनवास के विस्तृत क्षेत्रों में सांजस्य की मधुरता को दिखाने की कोशिश करता हूँ, और छोटे क्षेत्रों में विरोधी रंगों के द्वंद को दिखाता हूँ जिससे आकर्षण और विविधता से चित्र का सौंदर्य बढ़ता है।

मेरी अवधारणा में रंग परिवर्तन- जब हम किसी अवधारणा पर विचार करते हैं तो विशेष प्रकार की इंद्रिय कार्य करने लगती है। इस दशा में हम वस्तु के अंत:करण में झांकते हैं तत्पश्चात् आरंभ में एक धुंधली आकृति का जन्म होता है और हम उसे इसी रूप में सर्वप्रथम देखते हैं। जैसे-जैसे हमारी अधिक शक्तिशाली इंद्रियाँ अपना प्रभाव डालती है। हमको वस्तु अधिक स्वच्छ और स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होती है। इस दशा में हमारी कल्पना उस वस्तु के संबंध में एक विशेष प्रकार की आकृति, माप और रंग का अनुभव करती है। यही वस्तु की तीन विशेषतायें होती हैं। जो सदैव हमारे संपर्क में

* सहायक प्राध्यापक (चित्रकला) शासकीय महिला महाविद्यालय, नरसिंहपुर (म.प्र.) भारत

आती है। आकृति और माप सर्वप्रथम हमारे मन में स्थान ग्रहण करते हैं। परन्तु शक्ति और उत्साह के मात्रा के द्वारा ही रंग के प्रभाव का ज्ञान होता है, और हम सूक्ष्म निरीक्षण के द्वारा उस मुद्रा का अनुभव करते हैं, तथा गुणों एवं रंगों पर तूलिका के द्वारा प्रकाश डालते हैं।

प्राय: मैं दो प्रकार के रंगों से प्रभावित होता हूँ- 1 हल्का और 2 गहरा। कभी मैं गहरे रंग को रूचिकर समझता हूँ तो कभी हल्के रंग को। लेकिन मैं इसे जानबूझकर कैनवास पर नहीं लगाता हूँ यह रंग मेरी उस समय की मानसिक स्थिति के अनुसार स्वत: ही परिवर्तित हो जाते हैं, और उस समय की मानसिक स्थिति को देखते हुये हल्के और गहरे रंग का चुनाव करता हूँ। इस तरह मेरी आत्मा का साकार रूप चित्रित होता है।

कला और मेरे विचार- यथार्थ जीवन से प्रेरित किंतु कर्त्ता द्वारा संबंधित भावों, विचारों अथवा अनुभूतियों की अभिव्यक्ति ही कला है, अर्थात कला को हम मानवीय भावों की अभिव्यक्ति या प्रकाशन कह सकते हैं। विभिन्न विचारकें तथा दार्शनिकों ने कला कि विभिन्न परिभाषा दिये हैं लेकिन कला को परिभाषित नहीं किया जा सकता, क्योंकि कला का अपने आप में एक विस्तृत रूप हैं। जहाँ तक मेरा सोचना है कि कला ऐसे विचारों की अभिव्यक्ति जिसे कलाकार मूर्तरूप देने की कोशिश करता है। मैं एक चित्रकार हूँ और मैं अपने विचारों को कलाकृति के मध्य रखते ही व्यक्त कर रहा हूँ।

कलाकार प्रकृति के वशीभूत होकर ही अपने अंदर की अनुभूति को ऐसे साँचे में ढालता है। जो किसी सिद्धांत का पालन नहीं करती बल्कि ऐसे स्वरूप के सृजन में विश्वास करती है जो उसकी भावनाओं को व्यक्त कर सके। कला के लोकाचारी तत्व का आधार मानसिक गतिविधि है। कलाकार जिस वस्तु को चित्रित करना चाहता है कुछ समय के लिये उसी में ध्यान-मग्न हो जाता है। अगर कलाकार को घोड़े की आकृति बनानी है तो वह तभी उसे बना पायेगा, जब तक उसके प्रति एकाग्रचित् न हो जाय। अपनी अवधारणा के फलस्वरूप एक अच्छी कलाकृति तैयार करने के लिये कलाकार को उसके प्रति एकाग्रचित् होना अतिआवश्यक हो जाता है।

मेरी ऐसी मान्यता है कि जहाँ सृजन शक्ति मनुष्य के माध्यम से अभिव्यक्ति प्राप्त करती हैं, वहाँ कला मानव को ही संबोधित करती है। कला ऐसे समानांतर संसार का सृजन है, जिससे मनुष्य अहं भाव को भूलकर अपने आप को कई रूपों में देख सकता है। कला किसी एक व्यक्ति या समूह से संबंधित न होकर संपूर्ण मानव जाति की मानसिक क्रिया है। कला प्राय: सामाजिक जीवन के सभी पक्षों से संबंधित होती है, और कला इन सभी की आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। कला के क्षेत्र में ऐसी कोई कृति का उदाहरण नहीं दिया जा सकता जो किसी धार्मिक, सामाजिक भाव व मानवीय मनोवेगों को उद्धेलित करने हेतु प्रयुक्त न हुई हो। एक कलाकार के लिये हमारी कला का सामान्य जनमानस या दृष्टा पर क्या प्रभाव पड़ता है, या फिर उसे परखने वाला व्यक्ति उसे कितना आत्मसात् करेगा इसका विशेष ध्यान रखना होता है, क्योंकि परखने वाला व्यक्ति वास्तविक आनंद पाता है। यदि हमारी कला को परखने वाला व्यक्ति एक अच्छा जानकार है तो वह व्यक्ति हमारी कृति को देखकर उसे अनुभवकर नई प्रेरणा पाता है, और अपने अनुभव को रख नया अनुभव भी प्राप्त कर सकता है, एक सामान्य जन मानस भी उस कृति को देखकर उसे अपने स्तर में रख आनंद की अनुभूति और प्रेरणा प्राप्त कर सकता है।

कलाकार और दर्शक- अगर हम एक अच्छे कलाकार हैं तो इसमें दर्शक की प्रमुख भूमिका होती हे। हमें एक सफल कलाकार बनाने में दर्शक का विशेष योगदान होता है। बात ये आती है कि हम जब एक कलाकृति का निर्माण करते हैं, तो उसमें ऐसा क्या होता है, जो दर्शक को भाव-विभोर करता है। मेरे विचार में दर्शक और कलाकार में ऐसा कुछ जरूर होता है जो दोनों के अंर्तमन को जोड़ता है। मैं जब कोरे कागज या कैनवास पर चित्र को पूर्णावस्था तक पहुँचाने की क्रिया में होता हूँ तब मेरी मानसिक स्थिति आतुरता और बेचैनी से धीरे-धीरे विश्राम की ओर बढ़ रही होती है मैं उसी बीच दर्शक के लिये ऐसी कुछ विशेषता छोड़ देता हूँ जो दर्शक को थोड़ी देर के लिये वहाँ स्थिर कर दे। यही मेरी कोशिश होती है। ऐसी स्थिति में दर्शक का भी यह फर्ज होता है कि वह मेरी कलाकृति को अपने स्तर में रख अनुभव करे और उसकी रसानुभूति करे। जिस प्रकार ठंड के दिनों में सुबह की धूप, गर्मियों में पानी की एक बूंद, शाम के वक्त खुला आसमान, एकांत में पक्षियों का कलरव आदि इन सब का अनुभव करने पर एक पल के लिये हमारा संबंध हमारे दैनिक जीवन की दौड़ भाग से टूट जाता है, और हमें जो शीतलता और रसानुभूति प्राप्त होती है यही रसानुभूति एक अच्छी कलाकृति को देखकर भी होती है। बस दर्शक को उस कलाकृति के अंदर प्रवेश करना होता है, और दर्शक उस कलाकृति से अपना तादात्म्य स्थापित कर रसास्वादन करता है। दर्शक तथा चित्रकार का स्तर जब एक दूसरे को स्पर्श करता है। तब कुछ समय के लिये ही सही दर्शक चित्र में खो जाता है। चित्र के प्रति आकर्षण में दर्शक को कोई भौतिक स्वार्थ नहीं मिलता लेकिन अपने तटस्थ भाव से शुद्ध आनंद की अनुभूति कर सकता है। इस प्रकार दर्शक के लिये चित्र की परख अथवा रसास्वादन एक क्रियाशील प्रक्रिया होती है। निष्कर्षत: दर्शक द्वारा चित्र को देखने-परखने की प्रक्रिया में उसका परिपक्व होना आवश्यक है।

कला और सौंदर्य- सौंदर्य का अर्थ बहुत व्यापक है। सौंदर्य को परिभाषित नहीं किया जा सकता। मानव का मन सदैव सौंदर्य के प्रति आकृष्ट होता रहा है, तथा सुंदर केा देख कर अभिभूत होता रहा है। सौंदर्य और सुंदर दो अलग-अलग रूप हैं। ''सौंदर्य'' वह है जो हमारे अंर्तमन को अच्छा लगे और ''सुंदर'' वह है जो नेत्रों को सुख पहुँचाय। नेत्रों के माध्यम से सुख की अनुभूति देने वाला पदार्थ ही सुंदर कहलाता है। जब हम कोई कलाकृति हमारे आँखों से उतरकर हमारे अंर्तमन या सहृदय को छूती है तो उसे हम सौंदर्य कह सकते हैं। क्रोचे के अनुसार- ''सौंदर्य सृजन का संबंध आत्मा की विचारात्मक क्रिया के रूप से है। इस विचारात्मक क्रिया से ज्ञान के दो रूप निष्पादन होते हैं-सहजज्ञान और तर्क ज्ञान। इन दोनों में सहज ज्ञान से ही सौंदर्य सृजन अथवा कला का निर्माण होता है। कला के साथ सौंदर्य का घनिष्ठ संबंध है। जिस प्रकार शरीर के बिना उसकी आत्मा को कोई कार्य नहीं है। उसी प्रकार सौंदर्य के बिना कला विहीन है। कला एक ऐसी भाषा है जिसको कलाकार बिना पढ़े अपनी बात दर्शक तक पहुँचाता है, लेकिन दर्शक उस कला भाषा को तब आत्मसात् कर सकेगा जब उसमें सौंदर्य गुण होगा।

एक भावपूर्ण कलाकृति ऐसी होती है जो हमारे मन में आते ही थोड़ी देर के लिये हमारी सत्ता पर ऐसा अधिकार जमा लेती है कि हम सब कुछ भूलकर उस कलाकृति की भावना में परिणत हो जाते हैं। हमारी अंत:सत्ता की यही तदाकार परिणति सौंदर्य की अनुभूति है।

कलाकृति के रूपों का जन्म कलाकार की कल्पना अथवा अनुभव से होता है। बहुत विस्तृत अनुभवों के बीच में कलाकार सौंदर्यसार को अपनी कलाकृति में शामिल करता है। सौंदर्य के लिये अनुभवों को चुनने और व्यवस्था देने में कलाकार तथा दर्शक का दृष्टिकोण एक नहीं हो सकता। सामान्य दर्शक कलाकृति में अपने अनुभव सादृश्यमूलक रूपों की खोज करने में जुट जाता है। जिससे उस रूप की सौंदर्यानुभूति का प्रभाव दब जाता है। इसीलिये कलाकार विषयवस्तु से जुड़कर भी दृश्यजगत की चिंता नहीं करता और अपनी कलाकृति के आकारों, रंगों, अनुपातों और संयोजन में डूब जाता है।

अपनी रचना को संयोजन बना देता है। जहाँ अर्थ नहीं होता बल्कि अनुभूतिजन्य ''सौंदर्य'' होता है।

इस शोध-पत्र में मैंने कला और अपनी कलाकृति को अपने विचारों के माध्यम से प्रस्तुत करने की कोशिश की है। इसका अध्ययन करने पर मैने पाया कि कला और कलाकृति को सौंदर्यमूलक होना बहुत जरूरी है। चाहे वह सौंदर्यता रंग में, आकृति में या फिर आकार में क्यों न हो। उसको एक सामान्य जन समूह भी अपने स्तर में रख कर रसानुभूति कर सकता है। वर्तमान में यदि हम देखें तो कला की कोई परिभाषा नहीं रह गई है और उसे व्याकरणबद्ध भी नहीं किया जा सकता। उसे कलाकार जैसे चाहे प्रस्तुत कर सकता है।

यदि हम कला के साथ 'आधुनिकता' की बात सोचें तो उसके मतलब भिन्न होते हैं। सबसे पहले तो यह कि कला वस्तु मात्र नहीं है। न वस्तु की तरह उसकी व्याख्या की जा सकती है। कला सबसे पहले एक रचानात्मक चेष्टा है और सौंदर्य प्रमुख दृष्टि। 'आधुनिकता' वह शब्द है जो हमारे जीवन में वह बदलाव है जो विज्ञान और औद्योगिकरण की वजह से आया है।

कलाओं में आधुनिकता का अर्थ यह होगा कि मनुष्य अपनी बनायी चीजों और अपने बारे में उपलब्ध नई पुरानी जानकारियों को किस तरह सुंदर बनाता है। जिस प्रकार सभी कार्यों में समय का प्रभाव देखा जा सकता है। उसी प्रकार कला पर भी समय के साथ-साथ चलने का प्रभाव देखा जा सकता है। वर्तमान में विज्ञान और औद्योगिकरण ने ऐसे चमत्कार दिखाये हैं कि ''कला'' भी इससे अछुती न रह सकी है।

इस आधुनिक कला को हम दूसरे शब्दों में समकालीन कला भी कह सकते हैं। जो समय के साथ परिवर्तनशील होती है। इस आधुनिकता में ढ़लकर मनुष्य अपनी अवधारणा को दूसरे ढंग़ से प्रस्तुत करता है। अतएव उसकी प्रस्तुतीकरण का तरीका बदल गया है।

लेकिन हमें अपनी कला रचना करते समय 'समाज' का ध्यान अवश्य रखना होगा। समाज की आवश्यकता का ध्यान कलाकार को स्वयं रखना होगा साथ ही सामाजिक विघटन को भी चित्रित करने का प्रयास करना होगा। कलाकार के जीवन की उपलब्धि समाज को ध्यान में रखकर बनाई कृतियों से होती है। कला का योगदान जगत में सदैव अग्रणी रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. कला विचार- डॉ. शुकदेव क्षोत्रिय
2. कला, समय और समाज- प्रयाग शुक्ल, ललित कला अकादमी, रविन्द्रभवन, नई दिल्ली, वर्ष 1979
3. कला एक मिमांसा
4. सौंदर्य- डॉ. राजेन्द्र बाजपेयी, मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, वर्ष 2004



****

मेघदूत में उज्जयिनी की चित्रात्मकता

डॉ. नीता तोमर *

प्राचीन उज्जैन की महान विभूतियों में महाकवि कालिदास अमर है। संस्कृत परम्परा में उनको कवि कुल गुरू कहा गया है, याने वे सब कवियों के गुरू के समान है। महाकवि कालिदास का उज्जैन में विशेष आत्मीय सम्बन्ध था। उन्होंने अपने विश्व प्रसिद्ध काव्य 'मेघदूत' में उज्जैन का बहुत ही सुन्दर चित्रण किया है। मेघदूत में विरही यक्ष मेघ या बादल को अपना दूत बनाकर संदेश भेजता है। यक्ष, मेघ को रास्ते में देर नहीं करने के लिए कहता है। देर हो जाने पर भी कालिदास अपने मेघ को उज्जैन होकर जाने का निर्देश देते हैं।[1]

उत्तर की ओर जाने में यद्यपि उज्जयिनी वाला मार्ग कुछ टेड़ा पडेग़ा, फिर भी तुम उस नगर के राजभवनों को देखना न भूलना। तुम्हारी बिजली की चमक से डरकर वहाँ की स्त्रियाँ जो चंचल चितवन चलावेगी उन पर यदि तुम न रीझे, तो समझ लो कि तुम्हारा जन्म अकारथ ही हुआ।[2]

उज्जयिनी की ओर जाते हुए तुम उतरकर उस निर्विन्ध्या नदी का भी रस ले लेना जिसकी उछलती हुई लहरों पर पक्षियों की चहचहाती हुई पाते ही करधनी सी दिखाई देगी और जो इस सुन्दर ढंग से रूक-रूककर बह रही होगी कि उसमें पड़ी हुई भँवर तुम्हें उसकी नाभि जैसी दिखाई देगी, क्योंकि स्त्रियाँ चटक मटक दिखाकर ही अपने प्रेमियों को अपने प्रेम की बात कह देती है।[3] देखो! निर्विन्ध्या नदी की धारा तुम्हारे बिछोह में चोटी के समान पतली हो गयी होगी और तीर के वृक्षों के पीले पत्ते झड़-झड़कर गिरने से उसका रंग भी पीला पड़ गया होगा।

इस प्रकार, हे बड़भागी मेघ! अपनी यह वियोग की दशा दिखाकर वह यही बता रही होगी कि तुम्हारे वियोग में सूखी जा रही हूँ। देखो ! तुम ऐसा उपाय करना कि उस बेचारी का दुबलापन दूर हो जाए अर्थात् जल बरसाकर उसे भर देना।[4] अवन्ति देश में पहुँचकर तुम धन-धान्य से भरी हुई उस विशाला नगरी की ओर चले जाना जिसकी चर्चा मैं पहले ही कर चुका हूँ और जहाँ गाँव के बडे-बूढे लोग महाराजा उदयन की कथा भली प्रकार जानते बूझते है। वह नगरी ऐसी लगती है मानो स्वर्ग में अपने पुण्यों का फल भोगने वाले पुण्यात्मा लोग, पुण्य समाप्त होने से पहले ही, अपने बचे हुए पुण्य के बदले, स्वर्ग का एक चमकीला भाग लेकर उसे अपने साथ धरती पर उतार लाए हो।[5] उस नगरी में मतवाले सारसों की मीठी बोली को दूर-दूर तक फैलाता हुआ ; तड़के खिले हुए कमलों की गन्ध में बसा हुआ और शरीर को सुहाने वाला क्षिप्रा का वायु स्त्रियों की संभोग की थकावट को उसी प्रकार दूर कर रहा होगा जैसे चतुर प्रेमी, मीठी मीठी बाते बनाकर फुलेल सुँधाकर और पंखा झलकर संभोग से थकी हुई अपनी प्यारी की थकावट दूर कर देता है।[6]

उज्जयिनी की हाटो में तुम्हें कहीं तो करोड़ों मोतियों की ऐसी मालाएँ सजी हुई दिखाई देगी जिनके बीच -बीच में बडे-बडे रत्न गुँथे हुए होगें, कहीं करोड़ों शंख और सीपियाँ रखी हुई मिलेगी और कहीं पर नई घास के समान नीले और चमकीले नीलम बिछे दिखाई देगें। उन्हें देखकर यही जान पड़ेगा कि रत्न तो सब यहाँ निकलकर ला रखे गए है और समुद्र में केवल पानी ही पानी बचा छोड़ दिया गया है।[7] वहाँ के जानकार लोग, यह कथा सुना-सुनाकर बाहर से आए हुए अपने सम्बन्धियों का मन बहला रहे होगें कि यहाँ पर वत्स देश के राजा उदयन ने उज्जयिनी के महाराज प्रद्योत की प्यारी कन्या वासवदत्ता को हरा था, यही उनका बनाया हुआ ताड़ के पेड़ों का सुनहरा उपवन था और यही पर मद से भरा हुआ नीलगिरी नाम का हाथी, खूँटा उखाड़ कर इधर-उधर पागल होकर घूमता फिरता था।[8] वहाँ की स्त्रियों के बालों को सुगंधित करके, अगर की धूप का जो धुआँ झरोखों से निकलता होगा उससे तुम्हारा शरीर बढेग़ा और तुम्हें अपना सगा समझकर, वहाँ के पालतू मोर भी नाच-नाचकर तुम्हारा सत्कार करेगें। तब तुम फूलों के गन्ध से महकते हुए वहाँ के उन भवनों की सजावट देखकर अपनी थकावट दूर कर लेना जिसमें सुन्दरियों के चरणों में लगी हुई महावर से लाल पैरों की छाप बनी हुई होगी।[9] वहाँ से तुम तीनों लोकों के स्वामी और चंडी के पति महाकाल के पवित्र मंदिर की ओर चले जाना। वहाँ शिवजी के गण, तुम्हें अपने स्वामी शिवजी के कंठ के समान ही नीला देखकर, तुम्हें बड़े आदर से निहारेगें। वहाँ जल-विहार करने वाली युवतियों के स्नान करने से महकता हुआ और कमल के गंध में बसी हुई गंधवती नदी की ओर से आने वाला पवन, इस मंदिर के उपवन को बार-बार झूला रहा होगा।[10]

हे मेघ! यदि तुम महाकाल के मंदिर में साँझ होने से पहले पहुँच जाओ तो वहाँ तब तक ठहर जाना जब तक सूर्य भली प्रकार आँखो से ओझल न हो जाए और जब महादेवजी की साँझ की सुहावनी आरती होने लगे तब तुम भी अपने गर्जन का नगाड़ा बजाने लगना। तुम्हें अपने मंद गंभीर गर्जन का पूरा-पूरा फल मिल जायेगा[11] संध्या को नाच में पैरों पर थिरकती हुई जिन वैश्याओं की करधनी के घुँघरू बडे मीठे-मीठे बज रहे होगें और जिनके हाथ, कंगन के नगों की चमक से दमकते हुए डंड वाले चंवर डुलाते थक गए होगें, उन वेश्याओं के नख-क्षतों पर जब तुम्हारी ठंडी-ठंडी बूँदे पडेग़ी तब वे बडे प्रेम से अपनी बड़ी-बड़ी भौरों की पांतो के समान चितवन तुम पर डालेगी।[12] साँझ की पूजा हो चुकने पर जब महाकाल ताण्डव नृत्य करने लगे, उस समय तुम साँझ की ललाई लेकर उन वृक्षों पर छा जाना तो उनके ऊँचे उठे हुए बाँह के समान खडे होंगे। ऐसा करने से शिवजी के मन में जो हाथी की खाल ओढ़ने की इच्छा होगी वह भी पूरी जो जाएगी। यह देखकर पहले तो पार्वतीजी डर जायेंगी कि यह हाथी की खाल आ कहाँ से गई पर फिर तुम्हें पहचानकर उनका डर दूर हो जाएगा और वे एकटक होकर शिवजी में तुम्हारी इतनी भक्ति देखती रह जायेगी[13] वहाँ पर जो स्त्रियाँ अपने प्यारों से मिलने के लिए ऐसी घनी अंधेरी रात में निकली होंगी, उन्हें जब सड़कों पर अंधेरे के मारे कुछ भी न सूझता होगा, तब तुम कसौटी में सोने के समान दमकने वाली अपनी बिजली चमकाकर उन्हें ठीक-ठीक मार्ग दिखा देना। पर देखो! तुम गरजना बरसना मत ! नहीं तो वे घबरा उठेंगी।[14]

बहुत देर तक चमकते-चमकते थकी हुई अपनी प्यारी बिजली को लेकर तुम किसी ऐसे मकान के छज्जे पर रात बिता देना जिसमें कबूतर सोए हुए हो, और फिर दिन निकलते ही वहाँ से चल देना, क्योंकि जो अपने मित्रों का काम करने का बीड़ा उठाता है, वह अलसेट नहीं किया करता।[15] पर देखो ! उस समय प्रेमी लोग अपनी प्यारियों के आँसू पोंछ रहे होंगे जिन्हें रात को अकेली छोड़कर वे कहीं दूसरी ठौर पर रमें होगें। इसलिए उस समय सूर्य को भी मत ढकना क्योंकि वे भी उस समय अपनी प्यारी कमलिनी के मुख-कमल पर पड़ी हुई ओस की बूंद पोंछने के लिए आ गए होगे। तुम उनके हाथ न रोक बैठना, नहीं तो वे बुरा मान जाएँगे।[16] हे मेघ! तुम्हारे सहज सलोने शरीर की परछाई,

* अतिथि विद्वान (चित्रकला विभाग) शासकीय माधव कला वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

गंभीरा नदी के उस जल में अवश्य दिखाई देगी, जो चित्र जैसा निर्मल हैं। उसमें किलोले करती हुई कुमुद के समान उजली मछलियों को देखकर तुम यही समझना कि वह नदी तुम्हारी ओर अपनी प्रेम भरी चंचल चितवन चला रही है। कहीं तुम अपनी रूखाई से उसके प्रेम का निरादर न कर बैठना[17]

जब तुम गंभीरा नदी का जल पी लोगे तो उसका जल कम हो जाएगा और उसके दोनों तट नीचे तक दिखाई देने लगेंगे। उस समय जल में झुकी हुई बेंत की लताओं को देखने से ऐसा जान पडेग़ा मानो गंभीरा नदी, अपने तट के नितम्बों पर से अपने जल के वस्त्र खिसक जाने पर, लज्जा से अपनी बेंत की लताओं के हाथों से अपना जल का वस्त्र थामे हुए है। यह सब देखकर भैया मेघ! उस पर झुके हुए तुम, वहाँ से जा न पाओगे, क्योंकि जवानी का रस ले चुकने वाला ऐसा कौन रंगीला होगा जो कामिनी की खुली हुई जाँघों को देखकर उसका रस लिये बिना ही वहाँ से चल दे।[18]

अत: मेघदूत में मेघ को उज्जयिनी का पथ बतलाते हुए महाकवि कालिदास ने उज्जैन का असाधारण चित्रात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उज्जयिनी की चित्रात्मकता का संक्षेप में जैसा मनोहर वर्णन 'मेघदूत' में किया गया वैसा इसके अनुसरण पर रचे गये बडे-बडे क़ाव्यों में भी नहीं हो पाया है।

संदर्भ सूची

1. डॉ. रमेश निर्मल : प्रतिकल्पा उज्जयिनी : पृष्ठ क्र. 186 प्रकाशक : अन्विति प्रकाशन, सी.एम. जी इन्फोटेक, 86, 88 खाडिलकर रोड़, मुम्बई
2. महाकवि कालिदास : मेघदूतम् : पूर्वमेघ/29 पृ. क्र. 348 कालिदास ग्रंथावली : सम्पादक : पंडित सीताराम चतुर्वेदी
3. महाकवि कालिदास : मेघदूतम् : पूर्वमेघ/30 पृ. क्र. 348 कालिदास ग्रंथावली : सम्पादक : पंडित सीताराम चतुर्वेदी
4. महाकवि कालिदास : मेघदूतम् : पूर्वमेघ/31 पृ. क्र. 348 कालिदास ग्रंथावली : सम्पादक : पंडित सीताराम चतुर्वेदी
5. महाकवि कालिदास : मेघदूतम् : पूर्वमेघ/32 पृ. क्र. 349 कालिदास ग्रंथावली : सम्पादक : पंडित सीताराम चतुर्वेदी
6. महाकवि कालिदास : मेघदूतम् : पूर्वमेघ/33 पृ. क्र. 349 कालिदास ग्रंथावली : सम्पादक : पंडित सीताराम चतुर्वेदी
7. महाकवि कालिदास : मेघदूतम् : पूर्वमेघ/33 पृ. क्र. 349 कालिदास ग्रंथावली : सम्पादक : पंडित सीताराम चतुर्वेदी
8. महाकवि कालिदास : मेघदूतम् : पूर्वमेघ/35 पृ. क्र. 349 कालिदास ग्रंथावली : सम्पादक : पंडित सीताराम चतुर्वेदी
9. महाकवि कालिदास : मेघदूतम् : पूर्वमेघ/36 पृ. क्र. 349 कालिदास ग्रंथावली : सम्पादक : पंडित सीताराम चतुर्वेदी
10. महाकवि कालिदास : मेघदूतम् : पूर्वमेघ/37 पृ. क्र. 350 कालिदास ग्रंथावली : सम्पादक : पंडित सीताराम चतुर्वेदी
11. महाकवि कालिदास : मेघदूतम् : पूर्वमेघ/38 पृ. क्र. 350 कालिदास ग्रंथावली : सम्पादक : पंडित सीताराम चतुर्वेदी
12. महाकवि कालिदास : मेघदूतम् : पूर्वमेघ/39 पृ. क्र. 350 कालिदास ग्रंथावली : सम्पादक : पंडित सीताराम चतुर्वेदी
13. महाकवि कालिदास : मेघदूतम् : पूर्वमेघ/40 पृ. क्र. 350 कालिदास ग्रंथावली : सम्पादक : पंडित सीताराम चतुर्वेदी
14. महाकवि कालिदास : मेघदूतम् : पूर्वमेघ/41 पृ. क्र. 350 कालिदास ग्रंथावली : सम्पादक : पंडित सीताराम चतुर्वेदी
15. महाकवि कालिदास : मेघदूतम् : पूर्वमेघ/42 पृ. क्र. 350 कालिदास ग्रंथावली : सम्पादक : पंडित सीताराम चतुर्वेदी
16. महाकवि कालिदास : मेघदूतम् : पूर्वमेघ/43 पृ. क्र. 351 कालिदास ग्रंथावली : सम्पादक : पंडित सीताराम चतुर्वेदी
17. महाकवि कालिदास : मेघदूतम् : पूर्वमेघ/44 पृ. क्र. 351 कालिदास ग्रंथावली : सम्पादक : पंडित सीताराम चतुर्वेदी
18. महाकवि कालिदास : मेघदूतम् : पूर्वमेघ/45 पृ. क्र. 351 कालिदास ग्रंथावली : सम्पादक : पंडित सीताराम चतुर्वेदी

****

कुमारसम्भवम् में चित्रकला के सन्दर्भ

डॉ. नीता तोमर *

महाकवि कालिदास कालजयी कवि और नाटककार है। वे भारत के राष्ट्रकवि के रूप में प्रतिष्ठित है तथा उनकी रचनाओं को सम्पूर्ण विश्व में सम्मान प्राप्त हुआ है। महाकवि कालिदास द्वारा विरचित चार काव्य और तीन नाटक विश्व साहित्य की अनमोल धरोहर है। महाकवि कालिदास की इन विश्वविश्रुत सात अनुपम कृतियों में ललित कलाओं के महत्वपूर्ण संकेत प्राप्त होते है जिनके आधार पर विद्वानों का यह अनुमान है कि कालिदास न केवल विभिन्न शास्त्रों के अपितु कलाओं के भी विशेषज्ञ रहे होंगे।

कालिदास साहित्य में संगीत, नृत्य, चित्रकला आदि कलाओं के सन्दर्भ अत्यन्त महत्वपूर्ण है। विशेषत: उनकी रचनाओं के चित्रकला सम्बन्धी सन्दर्भ विद्वानों के अध्ययन-मनन के विषय बने हैं। 'कुमारसम्भवम्' महाकवि कालिदास का प्रसिद्ध महाकाव्य है, इस महाकाव्य का परिचय डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित द्वारा निम्नानुसार दिया गया है

''हिमालय के भव्य वर्णन के साथ इस महाकाव्य का आरम्भ होता है भारत के उत्तर में स्थित हिमालय भूमि का मानदण्ड है। वह सभी औषधियों और खनिजों का जलाशय है। बाद में हिमालय के घर पार्वती के जन्म, शैशव और यौवन का वर्णन है। नारद ने बताया कि उसका विवाह शिव से होगा। उधर तारकासुर से आंतकित देवगण ब्रह्मा की सेवा में पहुंचते है। ब्रह्मा कहते हैं कि शिव-पार्वती का पुत्र ही तारकासुर का वध कर सकेगा। इन्द्र कामदेव को यह काम सौंपते है कि पार्वती के प्रति किसी तरह शिव आकृष्ट हो जाए।

शिव की तपस्या स्थली में कामदेव द्वारा उद्दाम बसन्त के वातावरण की रचना और फिर उसमें पार्वती की पुष्पित लता सी लहराती कमनीय सुन्दरता। पार्वती को देखते ही शिव का चित्त विचलित हो जाता है। अपनी इस मन: स्थिति का कारण कामदेव को पाते है क्योंकि वह उनकी और अपना बाण छोड़ने की मुद्रा में दिखाई देता है। शिव क्रुद्ध हो तृतीय नेत्र की अग्नि से कामदेव को जलाकर भस्म कर देते हैं। कामदेव की पत्नी रति विलाप करती है।''[1] मदन दहन और रति विलाप के पश्चात महाकवि कालिदास ने 'कुमारसम्भवम्' में पार्वती की कठिन तपस्या का वर्णन किया है। पार्वती की तपस्या से ही प्रसन्न हो कर शिव उनका वरण करते हैं।

''पार्वती शिव को पाने के लिए तपस्या करने जाती है। वह कठोर तप करती है। एक ब्रह्मचारी आकर पार्वती के सम्मुख शिव की निन्दा करता है। पार्वती निन्दा सहन नहीं कर पाती और तर्कपूर्ण उत्तर देती है। शिव-निन्दा से रूष्ट होकर जाती पार्वती को निन्दक ब्रह्मचारी शिव के रूप में परिवर्तित हो रोक लेते हैं। वे सप्तर्षियों को हिमालय के पास पार्वती का हाथ मांगने के लिए भेजते हैं। हिमालय की स्वीकृति के बाद ब्रह्मा, विष्णु सहित सभी देवताओं और गणों की बारात ले दूल्हा बनकर शिव पार्वती को ब्याह लेते हैं। उनकी बारात देखने हिमालय की राजधानी उमड़ पड़ती है। विवाह के पश्चात शिव पार्वती के उन्मुक्त विहार की प्रस्तुति काव्य की रमणीयता से भरपूर है।''[2]

महाकवि कालिदास द्वारा रचित 'कुमारसम्भवम' में चित्र और चित्रकला के विभिन्न सन्दर्भ उपलब्ध होते हैं। महाकवि की कमनीय कल्पना से 'कुमारसम्भवम' में स्थान-स्थान पर चित्रात्मक परिकल्पना के प्रसंग उपस्थित हुए हैं। प्रथम सर्ग के आरम्भ में ही नगाधिराज हिमालय के वर्णन में महाकवि की विलक्षण चित्रात्मक परिकल्पना दर्शनीय है, जहाँ महाकवि ने कहा है कि हिमालय के शिखरों पर गेरू आदि धातुओं की ऐसी विविध रंगी चट्टाने हैं, जिनके पास पहुंचने पर बादलों पर जो प्रतिबिम्ब पड़ते हैं, उन्हें देखकर अप्सराओं को संध्या हो जाने का भ्रम हो जाता है और वे हड़बड़ी में सांध्यकालीन नृत्य-संगीत के लिए श्रृंगार करना आरम्भ कर देती हैं-

यश्चाप्सरोविभ्रममण्डानानां संपादयित्री शिखरैर्बिभर्ति।
बलाहकच्छेदविभक्त रागामकलासंध्याभिव धातुमत्ताम्।।[3]

महाकवि कालिदास ने 'कुमारसम्भवम' के प्रथम सर्ग में नवयौवना के रूप में पार्वती के सौन्दर्य का वर्णन करते हुए अपनी प्रथम उपमा में ही चित्रकला का सन्दर्भ प्रस्तुत किया है और कहा है कि जैसे तूलिका द्वारा ठीक-ठीक रंग भरने पर चित्र खिल उठता है, तथा सूर्य की किरणों का स्पर्श पाकर कमल का फूल विहँस उठता है, वैसे ही पार्वती की देह भी नवयौवन पाकर खिल उठी है -

उन्मीलितं तूलिकयेव चित्रं सूर्यांशुभिर्भिन्नमिवारविन्दम्।
बभूब तस्याचतुरस्रशोभि वपुर्विभक्तं नवयौवनेन।।[4]

अगले ही श्लोक में पार्वती के चरणों की शोभा का वर्णन करते हुए महाकवि कालिदास ने पुन: मनोहारी चित्रात्मक परिकल्पना प्रस्तुत की है-

अभ्युत्रताङ्गुष्ठनखप्रभाभिर्निक्षेपणाद्रागमिवोद्गिरन्तौ।
आजहतुरस्तच्चरणों पृथिव्यां स्थलाविन्दश्रियमव्यवस्थाम्।।[5]

अर्थात्, पार्वती के स्वाभाविक रूप से लाल और कोमल चरणों के अंगुठों के नखों से निकलने वाली चमक ऐसी लगती है, जैसे वे चरण, लालिमा उगल रहे हों और जब वे चलती हैं तो ऐसा लगता है, जैसे स्थल-कमल के पुष्प उगाती चल रही हों। पार्वती के सौंदर्य चित्रण में महाकवि कालिदास ने रंगों की चित्रात्मक परिकल्पना की अद्भुत छटा प्रस्तुत की है और कहा है कि उनके लाल-लाल होठों पर फैली हुई मुस्कान का उजलापन ऐसा सुन्दर लगता है, जैसे लाल कोंपल में उजला फूल रखा हो अथवा स्वच्छ मूंगे के बीच में मोती जड़ा हो-

पुष्पं प्रवालोपहितं यदि स्यान्मुक्ताफलं वा स्फुटविद्रिमस्थम्।
ततोऽनुकुर्याद्धिशदस्य तस्यास्तोम्रौष्ठपर्यस्तरुचः स्मितस्य।।[6]

महाकवि कालिदास ने पार्वती की सुन्दर देह की शोभा का वर्णन करते हुए स्वयं ही कहा है कि वह किसी चित्र जैसा आभास देती है। विशेषत: पार्वती की मनोहर भौंहें ऐसी ही जान पड़ती हैं -

तस्या: शलाकाञ्जननिर्मितेव कान्तिर्भ्रुवोरायतलेखयोर्या।
तां वीक्ष्य लीलाचतुरामङ्ग स्वचापसैन्दर्यमंद मुमोच।।[7]

अर्थात्, पार्वती की लम्बी और मनोहर भौंहें ऐसी प्रतीत होती हैं, जैसे किसी (चित्रकार) ने तूलिका से बनाई हो। वे भौंहें, इतनी सुन्दर हैं कि कामदेव का भी अपने धनुष की सुन्दरता का अभिमान, उनके समक्ष चूर-चूर हो गया। पार्वती के सौन्दर्य की शोभा को ही नहीं अपितु तारकासुर से आक्रान्त देवताओं के निस्तेज स्वरूप को भी महाकवि कालिदास ने इस रूप में प्रस्तुत किया है, जैसे वह किसी चित्र में स्थिर हों। महाकवि कालिदास ने कहा है कि बारह आदित्य (सूर्य) अपना तेज खोकर ठंडे पड़े हुए, ऐसे चित्र में चित्रित और मंद क्यों दिखाई दे रहे हैं कि कोई भी जब तक चाहे, उन्हें आँख गड़ाकर देखता ही रहे-

अमी च कथमादित्या: प्रतापक्षतिशीलता:।
चित्रन्यस्ता इव गता: प्रकामालोकनीयताम्।।[8]

* अतिथि विद्वान (चित्रकला विभाग) शासकीय माधव कला वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शिव की समाधि भंग करने के लिए कामदेव जब वसंत के साथ अपनी माया से समस्त प्रकृति को संचरित करता है तब शिव के नन्दी के संकेत पर अचानक समस्त प्रकृति ऐसी अचल हो उठती है कि ऐसा लगता है मानो वह यथार्थ में नहीं अपितु चित्र में चित्रित हो –

निष्कम्पवृक्षं निभृतद्विरेकं मूकाण्डजं शान्तमृगप्रचारम् ।
तच्छासनात्काननमेव सर्व चित्रार्पितारम्भमिवावतस्थे ।। [9]

अर्थात्, नन्दी की आज्ञा पाते ही वृक्षों ने हिलना बन्द कर दिया, भौंरों ने अपना गुंजन बन्द कर दिया, सब जीव–जन्तु मौन हो गए और पशु भी अपने स्थान पर स्थिर हो गए। इस प्रकार नन्दी के एक संकेत से ही पूरा वन ऐसा लगने लगा मानो चित्र में खिंचा हुआ हो। 'कुमारसम्भवम्' में जब शिव की समाधि भंग करने के लिए कामदेव, वसंत के साथ पहुंचते हैं तो महाकवि कालिदास ने प्राकृतिक वातावरण के वर्णन में चित्रात्मकता का मनोरम दृश्य प्रस्तुत करते हुए कहा है–

लग्नद्विरेकफाञ्जनभक्ति चित्रं मुखे मधुश्रीस्तिलकं प्रकाश्य ।
रागेण बालारूणकोमलेन चूतप्रवालोष्ठमलंचकार ।। [10]

अर्थात् भँवरे, तिलक के खिले हुए फूल जैसे तथा प्रभात के सूर्य की लाली से चमकने वाली कोंपलें ऐसी लगती हैं जैसे वसंत की शोभारूपी स्त्री ने भँवरे रूपी आँजन से अपना मुख चित्रित कर मस्तक पर तिलक के फूल का टीका लगा लिया हो तथा प्रात:कालीन सूर्य की मृदुल लाली से चमकने वाले आम की कोंपलों से अपने ओंठ रंग लिए हों। कालिदासकालीन स्त्रियाँ अपने मुख की सज्जा चित्रकारी द्वारा किया करती थीं, इसका संकेत भी 'कुमारसम्भवम्' में मिलता है, जहाँ कालिदास ने कहा है कि शीतकाल के बाद ग्रीष्म के आ जाने पर कोमल ओठों और सुन्दर गोरे मुखों वाली किन्नरियों के चेहरों पर चित्रित की हुई चित्रकारी पर भी पसीना आने लगा –

हिमव्यपायाद्धिशदाराणामापाण्डुरीभूतमुखच्छवीनाम् ।
यदि वे दो शक्तियां, पुरूष और उसका जगत द्रव्य दोनों ही मनुष्य के व्यक्तित्व के लिए जरूरी हैं। अगर अपनी चेतना के समन्वय के साथ पुरूष गायब हो जाए, विलीन हो जाए तो मनुष्य का संगठित व्यक्तित्व भी समाप्त हो जाएगा।

व्यक्तित्व के संगठन में अंत: चेतन और परिचेतन अधिक प्रभावशाली और कहीं अधिक मूल्यवान तत्व हैं, उसमें एक आँतरिक बुद्धि और आंतरिक ऐंद्रिय मन, आंतरिक प्राण, यहाँ तक कि आंतरिक सूक्ष्म भौतिक सत्ता की विशाल क्रिया भी आ जाती है, जो जागृत चेतना को संभाले रखती है, जिसे आगे नहीं लाया जाता।

लेकिन जब यह सुप्त पुरूष मनुष्य प्रवेश कर पाते हैं और उसका अन्वेषण करते हैं, तो उनका जागृत बोध और बुद्धि अपने अधिकांश में उसमें से संकलन है जो वे गुप्त रूप से हैं, या हो सकते हैं।

मनुष्य की मानसिकता और प्राण का वह बड़ा भाग भी, जो बाहरी जगत के प्रति अनुक्रिया नहीं है बल्कि जड़ सत्ता को अपने अधिकार में लाने या उसका उपयोग करने के लिए अपने आपको उस पर प्रक्षिप्त करता है, जो मनुष्य का व्यक्तित्व है। वह उस प्रबल अंतचेतन गुप्तता से आने वाली शक्तियों, प्रभावों, उद्देश्यों का परिणाम और उनका मिश्रित निरूपण हैं।

आध्यात्मिक, मानसिक, प्राणी तथा भौतिक विश्व प्रकृति की शक्तियों के द्वारा परिचालित होते हैं, उसके ऊपरी तल पर एक 'व्यक्तित्व' है, जो चुनाव करता है तथा इच्छा करता है, हार मान लेता है तथा संघर्ष करता है, और प्रकृति में अपने आपको सुरक्षित रखने अथवा प्रकृति की रचना है और यह उसके द्वारा इस प्रकार शासित, परिचालित तथा निर्धारित होता है कि यह स्वतंत्र नहीं कहला सकता। यह उसमें निहित आत्मा की रचना या अभिव्यक्ति है - यह आत्मा की प्राकृतिक तथा प्रक्रियात्मक सत्ता है न कि उसकी आध्यात्मिक तथा शास्वत सत्ता, यह एक अस्थायी निर्मित व्यक्तित्व है, न कि वास्तविक अमर व्यक्ति, साधक को तो वास्तविक अमर व्यक्ति बनना होगा। उसे आन्तरिक तौर पर निश्चल बनने में सफल होना होगा और बाह्य क्रियाशील व्यक्तित्व से अपने आप को निरीक्षक के रूप में पृथक कर लेना होगा। उसे अपने अंदर वैश्व शक्तियों की क्रीड़ा का अध्ययन करना होगा। और इसके लिए इसके पैतरो तथा गतियों में आसक्त रहने की विमूढ़कारी अवस्थाओं से स्थित होना होगा।

इस प्रकार संपर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए मानव को स्वयं के भीतर स्थित वैश्व शक्तियों को जानना होगा तथा उन्हें समयानुसार और आवश्यकतानुसार प्रयोग करके व्यक्तित्व को चरमोत्कर्ष तक पहुंचाया जा सकता है।

'चैत्य पुरूष' को व्यक्तित्व की पूर्णता के रूप में देखा गया है जिसे मानव जीवन का चरम लक्ष्य है एवं इसकी प्राप्ति मानव जीवन का अनिवार्य कर्तव्य माना गया है। व्यक्ति का विद्यानुराग एवं ज्ञान प्रेम ही उसके लिए परमात्मा से एकत्तव का आग्रह एवं आत्मसाक्षात्कार के अवसरों की खोज एवं प्राप्ति में सहायक होता है। परम सत्य को जानने के पश्चात् व्यक्ति सम्पूर्ण व्यक्तित्व की प्राप्ति कर परमात्मा से एकत्तव का अनुभव कराता है एवं 'चैत्य पुरूष' सभी अर्थो में पूर्ण हो जाता है -

पूर्णमंद पूर्णमीदं पूर्णात पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवा वषिष्यते॥

संदर्भ :-

- महर्षि अरविन्द (1859). सिन्थेसिस ऑफ योगा (हिन्दी प्रकाशन), पॉण्डिचेरी : श्री अरविन्द आश्रम प्रकाशन विभाग
- महर्षि अरविन्द (1925). लाईफ डिवाइन (हिन्दी प्रकाशन), पॉण्डिचेरी : श्री अरविन्द आश्रम प्रकाश विभाग
- श्रीमां एवं श्री अरविन्द (2007). चैत्य पुरूष, पाण्डिचेरी : श्री अरविन्द आश्रम प्रकाशन विभाग

****

आवारा मसीहा : फूल मरे पे मरे न बासु

डॉ. संध्या गंगराडे*

काल के सामने साधारण मनुष्य का जीवन और अस्तित्व क्षणभंगुर है पर वही मानव कलाकार सृजनकर्ता और सृजनात्मक विचारों और दार्शनिक अवधारणाओ के बल पर 'अप्रतिहत' रहता है।[1] ऐसे ही अप्रितहत है शरतचन्द्र और शरतचन्द्र के मसीहाई आवारापन के रचनाकार विष्णु प्रभाकर, जीवनी लेखन किसी शोध कार्य से कम नहीं है। जीवनीकार को अपने चरित नायक के जीवन से संबंधित समस्त आयाम देखने होते हैं। इस हेतु उसे सामग्री एकत्रित करनी होती है; रचनाओं से, साक्षात्कार से, लेखों से, संस्मरणो से, लोक प्रचिलित धारणाओं से, और इन सबसे निर्मित करना होता है उस व्यक्ति का व्यक्तित्व जिसमें गुण भी हैं और दोष भी हैं।

गुणों का गायन करते हुए उसे चरित नायक का महिमा मण्डन भी नहीं करना है, उसका बढ़ा चढ़ा कर वर्णन भी नहीं करना है और दोषों को बताते हुए संकोच भी नहीं करना है। जीवनी लेखन अत्यंत कठिन कार्य है, रस्सी पर चलने जैसा दुष्कर। विष्णु प्रभाकर जी 14-15 वर्षों तक इस कार्य में पूरी ईमानदारी और निष्ठा से लगे रहे तब तैयार हुआ शरतचन्द्र के आवारा रूप का मसीहापन।

बंगला भाषा के इस उपन्यासकार के जीवन के वैविध्य और वैशिष्ट्य को निर्मित करने में लेखक ने जिन स्रोतो से सामग्री एकत्रित की उनके संबन्ध में भूमिका में वे लिखते हैं- ''एक तो उन व्यक्तियों से साक्षात्कार जो किसी न किसी रूप में शरद बाबू से संबंधित रहे। दूसरे उनके समकालीन मित्रों के लेख-संस्मरण और तीसरे उनकी अपनी रचनाओं में इधर उधर बिखरे वे स्थल और प्रसंग जिनका उनके जीवन से सीधा संबन्ध रहा। इतने अनुभव के बाद उन्हें ढूँढ़ लेना बहुत कठिन नहीं हुआ।''[2] यह तो बाद ही बात है परन्तु जब लेखक ने नाथूराम प्रेमी के आग्रह पर जीवनी लिखना चाहा तो जीवनी लिखने से पूर्व बंगला मे शरतचन्द्र की जीवनी खोजने का प्रयत्न किया तो वहां से उन्हें ज्ञात हुआ कि बंगला में अब तक उनकी कोई प्रामाणिक जीवनी प्रकाशित नहीं हुई। शरतचन्द्र के विषय में बंगाली समाज में धारणा भी अच्छी नहीं थी। कोई कहता- ''नितांत स्वच्छंद व्यक्ति का जीवन क्या किसी के लिए अनुकरणीय हो सकता है।''[3] तो कोई कहता - ''दो-चार गुण्ड़ों का जीवन देख लो शरतचन्द्र की जीवनी तैयार हो जाएगी।''[4] स्त्रियों को लेकर, अफीम, शराब को लेकर भी उनके बारे मे धारणा यही थी कि- ''वे एक स्त्री के साथ रहते है। उनके पास बहुत कम लोग जाते। मै उनका पड़ोसी था लेकिन कमरे में कभी नहीं गया। वे अफीम खाते थे और शराब पीते थे। वे एक निकृष्ट जीवन बिता रहे थे। मैं उनसे हमेशा बचता था।''[5]

विष्णु प्रभाकर जी को ऐसे व्यक्ति और देवदास, श्रीकांत, चरित्रहीन, पथ के दावेदार, जैसे उपन्यासों के रचनाकार की जीवनी लिखना थी यह जानते हुए कि ''जीवनी लिखना निस्संदेह कठिन काम है। यूँ देखने मे लगता है कि वह कुछ अद्‌भुत-असाधारण और कुछ क्रांतिकारी विचारों का समुच्चय है। किसी के जीवन को समझने के लिए कुछ महत्वपूर्ण घटनाएँ आवश्यक है, पर अनिवार्य नहीं। अनिवार्य है उन घटनाओं और उन विचारों के पीछे रहने वाले प्रेरणा स्रोत। जो दिखाई नहीं देता है वही सत्य नहीं होता। सत्य को पाने के लिए गहरे उतरना होता है और उस उतरने में जहाँ आस्था का प्रश्न है वहाँ वस्तुनिष्ठता का उससे भी अधिक है।''[6] लेखक ने इसे स्वीकारते हुए शरतचन्द्र की जीवनी तीन खण्डों - दिशाहारा, दिशा की खोज, और दिशांत - में तैयार की। इन तीन भागों में विष्णु प्रभाकर जी ने शरतचन्द्र के जीवन के उन कारणों की खोज भी की जिनके परिणाम स्वरूप शरतचन्द्र स्वच्छन्द और विद्रोही भी बने और शराबी और अफीमची भी, परोपकारी भी बने और सेवाभावी भी, गायक भी चित्रकार भी, और स्त्री प्रेमी भी। बचपन उनका अभावों और निर्धनता मे बीता, पिता की अतिशय कल्पनाशीलता और अकर्मण्यता के कारण वे नाना के घर पले बढ़े। भागलपुर, देवानन्दपुर, में उनका बचपन बीता। नानी से साहित्य अध्ययन के संस्कार मिले परन्तु नहीं मिला एक व्यवस्थित जीवन जो उन्हें एक व्यवस्थित इंसान बना पता। इस अव्यवस्थित शरत मे संवेदना थी, प्रेम था, परोपकार था, सेवाभाव था, उंच-नीच का भेदभव नहीं था और थी साहित्य सृजन की अद्‌भुत क्षमता, कल्पना की ऊँची उड़ान। बचपन की भटकन और अव्यवस्थित जिंदगी के कारण उनमें एक हीनता बोध था, छुपाने की प्रवृत्ति थी। शायद इसीलिए उन्होने अपना आरंभिक साहित्य अपने नाम से नहीं छपवाया। रंगून में रहते हुए युवावस्था में उनकी यह प्रवृत्ति बढ़ती गई ''अपने को छिपाने की प्रवृत्ति उसमे भयानक रूप से बढ़ चुकी थी। वह दम्भ नहीं था, थी आत्म-विश्वास की कमी इसलिए पलायन में ही उसे सुख मिलता था''[7] निम्न वर्ग के लोगों के बीच रहने का कारण भी यह हीनता बोध ही था - ''उसके अंतर का हीन भाव उसे सभ्य समाज से दूर इन तथाकथित छोटे लोगो के बीच में ही आनन्द देता था।''[8] कारण ''देश मे वह जाति-बहिष्कृत था। उसके रिश्तेदार उसे अपनाने से हिचकते थे। भद्र लोगो की दृष्टि मे वह चरित्रहीन था।''[9] उसके इस संकोची और अपने आप को छिपाने के स्वभाव के कारण ही अपनी प्रसिद्धि के चरम पर जब सभाओं में उन्हें आमंत्रित किया जाता तो वे किसी न किसी बहाने से स्वीकृति देने के पश्चात भी नहीं पहुँचते।

शरतचन्द्र के दो पर्व बचपन और युवावस्था तो भटकते बीते परन्तु उनके साहित्य में कमी नहीं आई। वे अपनी अन्य बुराइयों के साथ-साथ स्त्रियों के साथ संबंधो को लेकर बहुत चर्चित रहे परन्तु वास्तव में उनके जीवन और साहित्य दोनो में ही नारी को जो सम्मान दिया उसी ने नारी की वहाँ पहचान भी कराई जहाँ अपमानित और उपेक्षित है। उनके नारी चरित्रों में उनके जीवन में आई नारियों से साम्य को लेकर लेखक ने अनेक स्थानो का वर्णन किया है। शरत् के बचपन की मित्र धीरू ही देवदास की 'पारो', बड़ी दीदी 'माधवी', और श्रीकांत की 'राजलक्ष्मी', थी।

वेश्याओं में भी शरतचन्द्र ने नारी संवेदना और उसके उज्जवल रूप के दर्शन किए। रंगून में रहते हुए शरतचन्द्र ने अपने संपर्क मे आने वाली स्त्रियों का उद्धार भी किया और बदनामी भी उठाई। शरतचन्द्र ने अपने मित्र के समक्ष स्वीकारा भी है - ''हेमेन्द्र ऐसा कोई नशा नहीं जो मैंने नहीं किया हो। ऐसी कोई बुरी जगह नहीं जहां मैं न गया हूँ। आज यही सब सोचकर कभी-कभी अवाक हो जाता हूँ कि इतना करने पर भी मैंने अपने से हार नहीं मानी। मेरे मन के भीतर का मनुष्य हमेशा निर्मुक्त रहा।''[10] बंकिम और रवीन्द्र को साहित्य में अपना आदर्श मानने वाले, रवीन्द्र को अपना गुरू मानने वाले,

* प्राध्यापक (हिन्दी), माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इंदौर (म.प्र.) भारत

बंगला ही नहीं संपूर्ण भारत के साहित्य प्रेमियों के हृदय पर राज करने वाले शरत का जीवन विसंगतियों और विरोधाभासों से भरा रहा। अपने आदर्श और गुरू रवीन्द्रनाथ टैगोर के साहित्य के समकक्ष अपने साहित्य की प्रशंसा की लालसा उन्हें रही और यह प्रशंसा उन्हे मिली भी परन्तु उन्ही रवीन्द्रनाथ के साथ उनका वैचारिक मतभेद भी सामने आया।

विष्णु प्रभाकर जी ने शरतचन्द्र की जीवनी में शरतचन्द्र के साहित्यकार और उनके विवादित को तो विस्तार से रचा ही उनके राजनीतिक विचारों और स्वतन्त्रता आंदोलन मे उनकी भूमिका का वर्णन भी किया है। ''बहुत कम लोग जानते कि अपराजेय कथा शिल्पी शरतचन्द्र ने राजनीति में भी सक्रिय योगदान दिया था।''[11] जीवनी के अंतिम भाग दिशांत में लेखक ने शरतचन्द्र के साहित्य सृजन के चरम के साथ-साथ उनके स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय सहभागिता का भी वर्णन किया है। अब उनमें प्रौढ़ता आ गई थी, वे अपनी ही रचनाओं की कमियों को समझने लगें थे।

देवदास की आत्मघाती भावुकता के कारण अब उन्हें यह उतना प्रिय नहीं रहा। इसके बावजूद उन्होने स्वीकार किया कि - ''देवदास के सृजन मे मेरे हृदय का योग है और श्रीकांत मे मस्तिष्क का।''[12] राजनीति की ओर भी उनका झुकाव इस प्रौढ़ावस्था में ही हुआ। गरम दल और लोकमान्य तिलक के प्रति उनमें गहरी श्रद्धा थी, गाँधी जी के असहयोग आंदोलन में भी उन्होंने हिस्सा लिया। इसी समय उनके चरित्र को लेकर अफवाहें भी सक्रिय हुई परन्तु उन्होंने साहित्यकार के दायित्व को समझते हुए कहा - ''इस आंदोलन मे साहित्यिकों को सबसे आगे बढ़कर योग देना चाहिए। लोकमत जागृत करने का गुरूभार संसार के सभी देशों में साहित्य के ऊपर रहा है। युग-युग में उन्होंने ही तो मनुष्य के मन में मुक्ति की आकांक्षा जगाई है।''[13] ऐसे साहित्यकार का साहित्य और जीवन दोनों ही समाज और देश के लिए प्रेरणा का कार्य करते हैं, चाहे उसका जीवन कितना ही विसंगतियों से भरा हो।

लेखक ने शरत के जीवन के साथ-ही-साथ उनकी बाह्य रूपाकृति को भी स्थान-स्थान पर चित्रित किया है। एक उदाहरण है - ''वह सुन्दर नहीं था। आँखों को छोड़कर उनमें कोई विशेष नहीं थी, लेकिन आँखों की चमक ही सामने वाले को बाँध लेती थी। वर्ण श्यामता की ओर था और देह थी खूब रोगी लेकिन पैर हिरण की तरह दौड़ने को मजबूत थे।''[14] दिशाहारा, दिशा की खोज, और दिशांत की यात्रा करते हुए महान कथा शिल्पी शरतचन्द्र का अवसान 16 जनवरी 1938 को हुआ, परन्तु अपने साहित्य से वह आज भी 'अप्रतिहत' है, इसका प्रमाण है : राजकमल से प्रकाशित उनके उपन्यासों का नया हिन्दी अनुवाद।

'आवारा मसीहा' के लेखक विष्णु प्रभाकर ने शरतचन्द्र की जीवनी लेखन में बहुत परिश्रम किया और जीवनी विधा को पहचान भी दी। यह शरतचन्द्र की जीवनी है जो शरत् के जीवन को खोलती है। इसमें लेखक ने प्रमाणिकता का पूरा ध्यान रखते हुए शरत के जीवन और चरित, उनके व्यक्तित्व को पूरी ईमानदारी और तटस्थता से व्यक्त किया। जहाँ तक जीवनी की कसावट की बात है प्रथम दो भाग दिशाहारा और दिशा की खोज - में लेखक ने जीवनी के कथा रस की रक्षा की परन्तु अंतिम भाग दिशांत तक आते आते यह धीरे-धीरे केवल विवरणों का ब्यौरा मात्र हो गई।

इस जीवनी मे विष्णु प्रभाकर जी ने शरतचन्द्र के विवादित रूप को भेदते हुए एक सच्चे शरतचन्द्र का परिचय दिया है; वह भी ऐसी भाषा शैली में जो सरस, सरल और प्रवाहमयी है। आवश्यकतानुसार बंगला प्रभावित हिन्दी का प्रयोग भी किया।

एक महान साहित्यकार की यह जीवनी शरत् के साथ शरतकालीन भागलपुर, कलकत्ता, रंगून का सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक चित्रण भी बन गयी है। इस रचना ने साहित्यकार के जीवन की भ्रांतियों को तोड़ा ही नहीं यह सिद्ध भी किया है कि साहित्यकार का जीवन साधारण व्यक्ति से भिन्न होता है। उसकी संवेदना और दृष्टि भिन्न होती है। इसी कारण वह दृष्टा होता है, सृष्टा होता है, और अप्रतिहत रहता है।

संदर्भ सूची :-

1. आलोचना - अंक रोहिताश्व- पृष्ठ : 54
2. आवारा मसीहा, विष्णु प्रभाकर, भूमिका - पृष्ठ : 14
3. आवारा मसीहा, विष्णु प्रभाकर, - पृष्ठ : 6
4. वही - पृष्ठ : 6
5. वही - पृष्ठ : 7
6. वही - पृष्ठ : 9
7. वही - पृष्ठ : 85
8. वही - पृष्ठ : 87
9. वही - पृष्ठ : 87
10. वही - पृष्ठ : 138
11. वही - पृष्ठ : 31
12. वही - पृष्ठ : 152
13. वही - पृष्ठ : 174
14. वही भूमिका - पृष्ठ : 12

****

बुन्देली कहावतें : कितने रंग कितने रूप

कु. रचना जैन * डॉ. वन्दना जैन **

बुन्देलखण्ड के ग्रामीण अंचलो में बसने वाले सीधे सादे किसानों के हजारों वर्ष के व्यावहारिक अनुभवों को छोटे से छोटे सूक्ष्म रूप में संजोकर रखने का एक मात्र माध्यम लोक कहावतें (लोकोक्तियाँ) है। ये कहावतें हमारे पूर्वजों के अनुभवों का संचित ऐसा खजाना है, जो हमें विरासत में मिला है। मानव जीवन के अलग-अलग अवस्थाओं पर सच का सार उजागर करने वाली ये कहावतें हमें सीख भी देती है और राह भी दिखाती है। वहीं कुछ कहावतें ऐसी भी है जो मौसम की सटीक भविष्यवाणियॉ करती है, जिनका अत्यंत सूक्ष्म निरीक्षण लोक कवि घाघ-भड्डरी ने किया है।

ऐसी जन कहावतों से सम्पन्न साहित्य जब विद्धानों एवं सामान्य जनता के समक्ष जाता है तब उसका आकर्षण लोगों को प्रभावित किए बिना नहीं रहता। ऐसे लोक साहित्य को पढ़ते हुए संस्कृत के लोकप्रिय कवि कालिदास की रमणीयता सहज स्मरण आ जाती है-

''क्षणे-क्षणे यन्नवतामुपैति तदैव रूपम् रमणीयताया।''

'लोकोक्तियाँ' मानवी ज्ञान के घनीभूत रत्न हैं, जिनसे बुद्धि और अनुभव की किरणों से फूटने वाली ज्योति प्राप्त होती है। भारत के महामनीषी भाषाविद् 'भोलेनाथ तिवारी ' ने ठीक कहा है- '' अनुभव का सागर जब कुछ शब्दों की गागर में समा जाता है तो 'लोकोक्ति' बन जाता है। ''

कुछ वर्षो पूर्व इस नीति शास्त्र को नगरीय सभ्यता के हिमायती 'गंवारू साहित्य' कहकर इसकी आलोचना करते थे, लेकिन चौमासा, मामुलिया, मडई और बसंत जैसी अनेक लोकसाहित्य की नियमित निकलने वाली पत्रिकाओं ने हिन्दी पाठकों के सम्मुख जनसाहित्य के अनेक रूप प्रस्तुत किये है।

लोककवि घाघ शहंशाह अकबर के दरबार के विद्धान पुरूष थे। कहावतकार घाघ अपनी कहावतों के लिए प्रसिद्ध हैं। इन्होंने मानव जीवन के अनुभवों का सूक्ष्म निरीक्षण कर बहुत-सी प्रासंगिक बातें अपनी कहावतों के रूप में कहीं जो आज भी विज्ञान सम्मत और सही प्रतीत होती है।

बादलों के विभिन्न लक्षणों को देखकर लोकविद्धान भड्डरी ने अतिवृष्टि और अनावृष्टि की संभावना व्यक्त की है जो शत-प्रतिशत खरी उतरती है -

''शुक्रवार की बादरी, रही सनीचर छाय।
ते यों भाखै भड्डरी, बिन बरसै ना जाए।।''

अर्थात् शुक्रवार के बादल यदि शनिवार को छाय रह जाएं, तो ज्योतिषी भड्डरी कहते है कि वह बादल जल बरसाये बिना नहीं जाएगे।

कुछ कहावतें वर्षा ऋतु के नजदीक होने का संकेत देती है यथा-

''ढेले उपर चील जो बोलै।
गली गली में पानी डोलै।।''

इसका तात्पर्य है कि अगर चील ढेले पत्थर पर बैठकर बोले तो समझना कि इतना पानी बरसेगा कि गली कूचे पानी से भर जाएंगे।

''मटका में पानी गरम, चिड़ियां नहावें धुर।
चीटी लै अंडा चलै, तो वर्षा नहीं दूरा।।''

अर्थात् मटके का पानी गर्म होने लगे, चिड़िया धूल में लोटने लगें और चीटियां अपने अंडो को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना शुरू कर दें तो समझना कि वर्षा समीप है।

''उल्टे गिरगिट उंचे चढ़े,
बरखा होई भूई जल बढ़े।''

यानि यदि गिरगिट पूंछ ऊपर की ओर करके पेड़ पर चढे तो इतनी वर्षा होगी कि पृथ्वी पानी में डूब जाएगी। ये कहावतें बिल्कुल सटीक संकेत देती हे शायद इसीलिए ब्रेसब्री से बारिश का इंतजार करते किसान इन पर अटूट विश्वास करते है-

''सूदी अषाढ़ की पंचमी गर्ज घमाघम होए।
तो जानो या भड्डरी, मधुरी वर्षा होए।।''

लोककवि भड्डरी कहते है- आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को बादल खूब गरजे, तो माने कि इस बार अच्छी वर्षा होगी। जिस प्रकार से वर्षा होने की अनेक आगामी संभावनाएँ कहावतों में मनोवैज्ञानिक ढंग से बताई गयी है, ठीक इसी तरह वर्षा न होने पर उसका प्रभाव कैसा रहेगा अर्थात् किस समय दुर्भिक्ष पडेगा बताया गया है-

''रात में बोले कागुला दिन में बोले स्याल।
तो यों भाखे भड्डरी, निश्चय पड़े अकाल।।''

अर्थात् रात में कौवे और दिन में स्यार बौलें तो भड्डरी ज्योतिषी कहते है कि निश्चित अकाल पड़ेगा। प्रकृति, वर्षा के सम्बन्ध में बुंदेलखण्ड अंचल में अहाने (कहावतें) आज भी लोकप्रिय है। बड़े-बुजुर्ग कहते है-

''नवीं अषाढ़ी बादली, जो गरजै घनघोर।
कहै भड्डरी ज्योतिषी, काल पड़ै चहुँओर।।''

अर्थात् आषाढ़ मास की नवमी के दिन बादल गरजे तों ''लोक ज्योतिषी भड्डरी'' कहते है कि चारों ओर अकाल पड़ेगा। सूखे की तरफ संकेत करने वाली घाघ-भड्डरी की एक और कहावत है-

''सावन पहली पंचमी घन गरजै आधी रात।
तुम जाओ पिय मालवें, हम जैहैं गुजरात।।''

श्रावण मास की पहली पंचमी को यदि अर्द्ध रात्रि को बादल गरजें, तो वर्षा नहीं होगी निश्चित अकाल पड़ेगा। यह संकेत पाते ही स्त्री अपने पति से कहती है कि तुम मालवा में रहना और मैं गुजरात जाती हूँ।

आज हम भले ही आधुनिक मशीनों की सहायता से अनेक रोगों द्वारा मानव को नया जीवन दिया जा सकता है लेकिन हमारे देश के कई ग्रामीण निवासी जिनके पास दवा के लिए पर्याप्त धन नहीं होता था। ग्रामीण अनुभवी बुजुर्गो की स्वास्थ्य सम्बन्धी कहावतो के द्वारा निरोगी एवं स्वच्छ शरीर प्राप्त किया जा सकाता है। कुछ स्वास्थ्य सुरक्षा के उपाय इन लोकोक्तियाँ के माध्यम से समझाये है -

''निन्ने पानी जे पीवे भूंज हर्र नित खाय।
दूध ब्यारी जे करै, उन घर वैद न जाय।।''

अर्थात् जो नित्य उषाकाल जल पान करे, हर्र भूंज कर खाते और रात को दूध की ब्यारी करते है, उनके घर कभी चिकित्सक नहीं आते। वे सदा रोग मुक्त अर्थात् निरोगी रहते है।

इसी प्रकार बचपन से यह कहावत कंठस्थ करा दी जाती थी-

* शोधार्थी (हिन्दी अध्ययनशाला) ** निदेशक एवं विभागाध्यक्ष हिन्दी, शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

''आंख में अंजन, दांत में मंजन नितकर नितकर।
नाक में अंगुली, कान में तिनका मतकर मतकर।।''

अब किन खाद्य वस्तुओं का नियमित प्रयोग शरीर के लिए हितकारी होता इसकी व्याख्या करती हुई लोक प्रचलित बुन्देली कहावत दृष्टव्य है–

'' जो नित आंवरा खात है प्रात पियत है पानी।
कबहुं न मिलिहैं वैधराज से कबहुं न जाई जवानी।।''

इसी को पुष्ट करती एक ओर जनश्रुति देखिये–

''जो भोरहिं माठा पियत हैं, जीरा नमक मिलाय।
बल बुद्धि तीसे बढत है सबै रोग जरिजायं।।''

साथ ही साथ ऋतु के अनुसार किन खाद्य वस्तुओं का प्रयोग हानिकारक होता है इसकी विवेचना करती हुई लोकोक्ति जो बुन्देली लोक जीवन का अभिन्न अंग बनी हुई है नीचे प्रस्तुत हैं –

''सावन भाजी, भादो मही, कुंवार करेला कातिक दही।
अघने जीरा, पूसे धना, माघे मिसरी फागुन चना।।
चैत गुड बैसाखे तेल, जेठे महुआ असाडे बेल।
इतनी चीजैं खैहो सभी, मर हो न तो पंर हो सही।।''

इन पक्तियों में किस महीने में किस प्रकार की वस्तुऍं खाना वर्जित है उसका उल्लेख किया है– सावन में भाजी, भादो में मठा (दही), वंवार में करेला, कार्तिक में दही, अगहन में जीरा, पूस में धनिया, माघ में मिसरी, फाल्गुन में चना चैत में गुड वैसाख में तेल, जेठ में महुआ आशाढ़ में बैल इतनी चीजें नहीं खाना चाहिए। यदि खायेगा तो निश्चित मरेगा नहीं लेकिन बीमार अवश्य पड़ जायेगा।

इसके अतिरिक्त सैंकडो कहावतें वेदवाक्य के समान जनसामान्य में ऐसी प्रचलित है जिनसे समाज को नैतिक शिक्षा मिलती है जिसे सुनकर मानव समाज अपने दोषों को दूर करके ज्ञान और अनुभव की वृद्धि करता है कुछ उदाहरण प्रस्तुत है –

- *''एक हात सै तारी नई बजत।''*
  (जब तक दोनों पक्ष मेल या लड़ाई नहीं करना चाहते तब तक मेल या झगड़ा नहीं होता)
- *''सुनिये सबकी करिये मन की।''*
  (बात सबकी सुननी चाहिए, परन्तु करना वहीं चाहिये जो उचित जान पड़े।)
- *''उत्तो पांव पसारिये जित्ती चादर होय।''*
  (मनुष्य को अपनी सामर्थ्य के अनुसार ही काम करना चाहिए।)
- *''उकताने काम नसाने, धीरज धरो सयाने।''*
  (जल्दबाजी में काम बिगड़ता हे इसलिए चतुरों को धैर्य से काम लेना चाहिए।)
- *''जैसी करनी वैसी भरनी।''*
  (जो व्यक्ति जैसा काम करता है, उसको वैसा फल मिलता है)

आदि अनेक लोक कहावतें जन जीवन और समाज कल्याण की दृष्टि से मूल्यवान है। इनका प्रयोग मौसम का ज्ञान कराने, कर्तव्य का पालन करने, कृषकों को शिक्षा देने और जीवन के प्रति सचेत करने के लिए प्रकाश का कार्य करती है इस प्रकार अनुभव जन्य कहावतों का अक्षय भण्डार बुन्देलखण्ड में भरा हुआ है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. बुन्देली कहावत कोष–श्री कृष्णानन्द गुप्त
2. तुलनात्मक लोकोक्ति साहित्य–डॉ. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी
3. निजी संग्रह– डॉ.वन्दना जैन
4. निजी संग्रह–रचना जैन
5. मधुरिमा पत्रिका 3 अगस्त 2011

****

पत्रकारिता एवं फोटो पत्रकारिता : महत्व एवं प्रयोग विधि

डॉ. पुष्पा शाक्य *

समाज के उन्नयन और उत्कर्ष का सीधा संबंध पत्रकारिता से है। विचार ही व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के उत्कर्ष और विकास का आधार है। अखबार समाज में विचारों का संवहन का सर्वोत्तम और सशक्त माध्यम है। दैनिक पत्र मूलत: समाचारों, खबरों और विचारों के संवाहक होते हैं। समाचारों की समीक्षा भी विचारों का ही संयोग होता है। अपनी बात, अपने विचार, अपनी भावनाओं के प्रसार की इच्छा से अखबार व पत्रिका में लिखा जाने लगा है। विभिन्न घटनाओं या कार्यक्रमों से संबंधित चित्र उन्हें सजीवता प्रदान करते है, जो घटना को स्वयं कहते प्रतीत होते है।

मानव की जिज्ञासा को शामिल करना बौद्धिकता, वैचारिकता को भरना, मनोरंजन करना, ज्ञान-विज्ञान की विशिष्ट उपलब्धियों को सामान्य से सामान्य जन तक पहुंचाना पत्रकारिता का उददेश्य है और इस बहुआयामी विषय के उददेश्य में अनुरूप भावोत्पादक में फोटो का अपना महत्व है।

फोटो पत्रकारिता पत्रकारिता का एक भाग है जिसका अध्ययन और पत्रकारिता की समग्रता तथा प्रभाविता हेतु किया जाता है पत्रकारिता एक बहुआयामी विषय है। अत: इसे विविध स्वरूपों तथा प्रकारों के अनुरूप भावोत्पादक फोटो पत्रकारिता ही प्रभावी हो सकती है। पठन और श्रवण की अपेक्षा दर्शन (दृष्टि) से सत्य अधिक उजागर होता है। अत: यह कहा जा सकता है कि फोटो पत्रकारिता से पत्रकारिता में आकर्षण तथा सत्यता की अधिक वृद्धि होती है। फोटोग्राफी विषय पत्रकारिता का अदम क्षेत्र है। इस विषय पर अनेक पत्रिकाऐं ''एशियन फोटोग्राफी'', ''टाईम्स जनरल ऑफ जनरल फोटोग्राफी'' तथा ''बेटर फोटोग्राफी'' है।

विकास की गति के साथ-साथ पत्रकारिता के नए नए आयामों का जन्म होता है जिससे समाज की प्रगति में सहायक व्यक्ति, विषय व स्थान समाचार के आकर्षण केन्द्र बन जाते है। फोटो पत्रकारिता विभिन्न घटनाओं या कार्यक्रम से संबंधित चित्र उन्हें सजीवता प्रदान करते है जो घटना को स्वयं कहते प्रतीत होते है।

जन-संचार में फोटोग्राफी का महत्वपूर्ण स्थान है। पत्रकारिता में फोटो प्रकाश और रासायनिक तत्वों की क्रिया से स्थायी एवं सुस्पष्ट प्रतिबिंब तैयार करने की यह एक विशिष्ट कला है। प्रकाश और रासायनिक क्रिया से बने प्रतिबिंब को छायाचित्र कहते है।

फोटोग्राफ सदैव सार्वभौमिक भाषा बोलते है, सभी को आकर्षित करते है, भाषा में आने वाली बाधा को इसके प्रयोग से दूर किया जा सकता है फोटोग्राफ का प्रभाव तुरंत पड़ता है क्योंकि इसे यथार्थ, सत्य माना जाता है । इसमें विश्वसनीयता होती है पत्रकारिता में फोटो पत्रकारिता के माध्यम से ही लोगों के दृष्टिकोण और अभिरूचि को बदला जा सकता है, सामाजिक बुराई और अपराधों को सही ढंग से पहचानने में सहायता मिलती है, और उनसे दूर रहने की प्रेरणा मिलती है। पत्रकारिता में फोटो विश्वसनीयता का सर्वोत्तम माध्यम है, कबीर ने भी कहा है - लिखा-लिखी की बात नहीं, देखा-देखी बात।

इसलिये विवादास्पद बातों पर फोटो द्वारा की गई अभिव्यक्ति निर्णायक होती है और सफल फोटोग्राफ वही होता है जो संवेदनशील अनुभूतियों को दर्शक के सामने प्रस्तुत करता है। सत्य का सम्प्रेषण भी उसका प्रेरक होता है और सत्य ही उसकी कथा का प्राण होता है।

फोटो पत्रकारिता का लक्ष्य उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ाना, घटनाओं पर टिप्पणी करना तथा दर्शको का मनोरंजन कराना है। एन्सेल एडेम्स ने कहा है - ''आप तस्वीर खीचतें नहीं है बल्कि आप उसका सृजन करते हैं।''

पत्रकारिता में फोटो पत्रकारिता का महत्व सर्वाधिक है। समाचारों, घटनाओं और विचारों की रोचक व्याख्या करने तथा उन्हें दिलचस्प बनाने का शक्तिशाली माध्यम है जिससे सामाजिक परिवर्तन निश्चित रूप से लाया जा सकता है। डॉ. जेम्स एस. मूर्ति ने ''लाईफ की घोषणा को ही फोटो पत्रकारिता को सुस्पष्ट करने वाला बताया है।''

जीवन को देखना, संसार को देखना, महान घटनाओं का साक्षी बनना, विलक्षण वस्तुओं को देखना, आदमी के कार्य उसकी चित्रकारी आविष्कार पत्रकारिता में फोटो पत्रकारिता के द्वारा देखना एवं देखने की प्रक्रिया में आनंद लेना महत्वपूर्ण है।

समसामयिक घटनाओं के सचित्र विवरण की प्रस्तुति फोटो पत्रकारिता है जिसमें पैनी दृष्टि से सम्पन्न और जीवंत दृश्य को पकड़ने की समर्थता होती हैं। पत्रकारिता में फोटो प्रासंगिकता और दूरदृष्टि से संबंधित गुणों के कारण उसमें सत्यता, वास्तविकता, विश्वसनीयता और वस्तुनिष्ठता का समावेश रहता हैं।

हिन्दी, अंग्रेजी, रूसी, चीनी, उर्दू ये सभी भाषाऐं अलग-अलग प्रतीकों द्वारा समझी और लिखी जाती हैं। अनेक देशवासी विविध भाषाओं में अपने विचारों को प्रकट करते है। इस विश्व में मात्र चित्र ही ऐसा है जिसकी एक भाषा हैं जो सर्वजन हेतु बोधगम्य है। भाषा की दीवार को चित्र तोड़ता है, अत: पत्रकारिता में फोटो पत्रकारिता का महत्व स्वयंसिद्ध हैं।

सामान्य जनता के दृष्टिकोण को बदलने और अभिरूचि को प्रभावित करने की दिशा में चित्र अति महत्वपूर्ण हैं। फोटो पत्रकारिता द्वारा सामाजिक कुरीतियों और अपराधों को सही ढंग से पहचानने में सहायता मिलती है फोटो त्याज्य या ग्राहय् कार्य के प्रति भावनाओं को उत्तेजित करने में प्रभावकारी भूमिका निभाते है। पत्रकारिता के क्षेत्र में नित नये उपकरणों के माध्यम से समाचार-पत्र, पत्रिकाओं और इलेक्ट्रानिक माध्यमों को सचित्र बनाने की प्रक्रिया दिन-प्रतिदिन प्रगति करती जा रही है। प्राविधिक सुविधा तथा सरलता के कारण पत्रकारिता में समसामयिक महत्व के चित्रों की मांग अधिक बढ़ गई है।

पत्रकारिता में फोटो पत्रकारिता का क्षेत्र अब बहुत विस्तृत हो गया है। आधुनिक किसी भी अवसर में सर्वाधिक महत्व के फोटो होना मुख्य उददेश्य् होता है। पत्रकारिता में फोटो पत्रकारिता अधिक आकर्षण पैदा करते है। फोटो शब्दों की अपेक्षा अधिक तेजी व स्पष्टता से बोलते हैं इसलिये फोटो पत्रकारिता ने उल्लेखनी प्रगति की हैं।

पत्रकारिता में फोटो पत्रकारिता के अनुप्रयोगों ने पत्रकारिता की प्रभाविता में अधिक सार्थकता ला दी है। अत: पत्रकारिता में फोटो पत्रकारिता के महत्व को समझने के साथ साथ इसकी प्रयोग विधि में कुशलता, सच्चाई, ईमानदारी और दृढ़ निश्चय के सिद्धांतो से सार्थकता होती हैं। पाठक समाचार को फोटो प्रकाशन के साथ सत्य मानते है क्योंकि देखने वालों के मन में वैसी भावना

* सहायक प्राध्यापक हिन्दी, माता जीजाबाई शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मोती तबेला, इंदौर (म.प्र.) भारत

उत्पन्न होती है।

पत्रकारिता में फोटोग्राफी के समावेश से इसकी सत्य और विश्वास को उजागर करने की अवधारणा और प्रासंगिक हुई है। फोटो पत्रकारिता आज संचार का एक ऐसा सशक्त माध्यम है जो किसी देश की भौगोलिक या राजनीतिक सीमाओ तक सीमित न रहकर अपनी विशिष्टताओं के कारण समाज के सभी वर्गो से किसी न किसी रूप में जुड़ा हुआ हैं इसमें संदेह नहीं की फोटोग्राफी के क्षेत्र में निरन्तर हो रहे आविष्कारो के फलस्वरूप फोटो पत्रकारिता का भविष्य और उज्ज्वल होगा।

फोटो पत्रकारिता एक ऐसा महत्वपूर्ण आयाम है जिसमें फोटो के प्रयोग से उसका स्वरूप ही बदल गया है। समाचार पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित की जाने वाली फोटो में दर्शाए पत्रिका के सिद्धांतो को उसके कलात्मक पहलू से अधिक महत्व दिया जाता है। फोटो पत्रकारिता में लोकरूचि, वृत्तचित्र एवं तत्कालीक समाचारों सहित साधनत्मक प्रकरण एवम् भावनात्मक प्रभाव के कारण छायाचित्रों को महत्व दिया जाता है।

समाचार और लेखों के साथ फोटो प्रकाशित करने का उद्देश्य् साधन देना, मार्गदर्शन, मनोरंजन के अतिरिक्त पत्रिका आकर्षित भी होती हैं। फोटो पत्रकारिता ने पत्रकारिता के क्षेत्र मे ऐसी क्रांति ला दी है जिससे न केवल संपादक, समाचार एवं लेखों को प्रभावी ढंग से और कम शब्दो में प्रस्तुत करने लगे है, बल्कि कम पढे लिखे लोगों की रूचि भी समाचार-पत्रों में बढ़ने लगी है। समाचार पत्र जनमत बनाने का एक प्रभावी माध्यम है जो आसानी से उपलब्ध है और संचार के अन्य माध्यमों से कम खर्चीला भी हैं।

''न्यूयार्क टाईम्स'' के भूतपूर्व प्रबंधक, संपादक टर्नर कारलेट का मानना था कि, फोटो हमारे मस्तिष्क में एक ऐसी अमिट छाप बनाते है जिसमें किसी शीर्षक से न कोई परिवर्तन किया जा सकता है और न ही उसे बदला जा सकता है, चाहे वह फोटो किसी जटिल सामाजिक समस्याओं के एक भाग को ही क्यों न दर्शाती हो और उसे देखने की परिणामस्वरूप पाठक के मस्तिष्क में उस समस्या का अति विकृत रूप ही क्यों न उभरे। हम फोटो की ''आवाज'' को न धीमा कर सकते है और न ही मौन।

फोटो के माध्यम से दर्शाये गये तथ्य झुठलाऐ नहीं जा सकते, समाचार चाहे कितने ही शब्दों में क्यों न लिखा जाए यदि उसे फोटो के साथ प्रकाशित किया जाता है तो उसकी विश्वसनीयता को बढ़ावा मिलता है।

फोटोग्राफ के माध्यम से दर्शाये गये तथ्य झूठलाए नहीं जा सकते, समाचार चाहे कितने ही शब्दों में क्यों न लिखा जाए, यदि उसे फोटोग्राफ के साथ प्रकाशित किया जाता है तो उसकी विश्वसनीयता को बढावा मिलता है।

दैनिक भास्कर के चीफ फोटोग्राफर पत्रिका में फोटो पत्रिका के महत्व में फोटो को किसी प्रमाण का पर्यायवाची मानने के अतिरिक्त उसे ''तीसरा नेत्र'' की संज्ञा भी देते है। इलेक्ट्रानिक मीडिया के चित्र सदैव बदलते रहने से हमारे मस्तिष्क पर उन दृश्यो का उतना प्रभाव नहीं बना पाते जितना की स्थिर चित्र।

फोटो शब्दो के बिना ही किसी भी काल को प्रभावित ढंग से दर्शाने की क्षमता रखते हैं - कहावत है - एक फोटो हजार शब्दों के बराबर होता है। फोटोग्राफ एक साथ बहुत संख्या में लोगों के पास पहुंचाऐ जा सकते हैं और इसके द्धारा सीखने की प्रक्रिया को तेज किया जा सकता हैं। फोटो अपने में समाचार, विचार, रिपोर्ताज, लेख, दस्तावेज और संपादकीय सभी कुछ हैं।

वास्तव में फोटोग्राफी में क्षण को विघटित करने की कला है, कैमरा कभी झूठ नहीं बोलता और उसमें मनुष्य की आँख से अधिक सूक्ष्मता से देखने की क्षमता है, पत्रकारिता में फोटो संवाद को चित्रित करने वाले व सामान्य रूचि वाले जो परिचयात्मक शीर्षक के साथ होते हैं, फोटो को प्रभावशली बनाने के लिए उसमें उपयुक्त शीर्षक कट ऑफ रूल लगाना तथा कॉलम रूल हटाना इत्यादि से होता हैं इसमें परिश्रम तथा विचार से दोषों को समाचार और चित्र के भावों के साथ तालमेल करके दूर किया जा सकता हैं।

फोटो पत्रकारिता ने उल्लेखनीय प्रगति की है, पत्रकारिता में फोटो पत्रकारिता का जो स्वरूप आज हम देख रहे है यह उसका अंतिम रूप नहीं है, फोटोग्राफी की व्यापक क्षमताओं को देखते हुए इसे सहज और बहुआयामी बनाने के लिए आविष्कार जारी हैं। पत्रकार भी फोटोग्राफी के निरन्तर बदलते स्वरूप को अपनाते रहेगें और निश्चय ही पत्रकारिता में फोटो पत्रकारिता का भविष्य उज्ज्वल हैं।

सन्दर्भ सूची

1. सूचना तंत्र और प्रसारण माध्यम- श्री कृष्ण कुमार रत्तू
2. संचार माध्यमो का प्रभाव - श्री ओमप्रकाश सिंह
3. हिन्दी पत्रकारिता का वृहत्त इतिहास- श्री अर्जुन तिवारी
4. उत्तर आधुनिक मीडिया विमर्श- श्री सुधीर पचोटी
5. फोटो पत्रकारिता के मूल तत्व- शशिप्रभा शर्मा
6. पत्रकारिता व प्रेस कानून - मनीषा द्धिवेदी
7. पत्रकारिता एवं जनसंपर्क- श्री एन.सी. पंत, मनीषा द्धिवेदी
6. पत्रकारिता व प्रेस कानून - मनीषा द्धिवेदी
7. पत्रकारिता एवं जनसंपर्क- श्री एन.सी. पंत, मनीषा द्धिवेदी

अन्य पत्रिकाएं, वीणा अप्रेल, 2008 अंक

****

कथा साहित्य में इतिहास की प्रेरणा

डॉ. वन्दना अग्निहोत्री *

कथा और इतिहास की प्रकृति एक दूसरे के इतने सन्निकट है कि दोनों का एक दूसरे में अर्न्तभुक्त हो जाना स्वाभाविक है। 'कथा' मनुष्य के जीवन के अनुभवों का जीता-जागता चित्र है और 'इतिहास' इस पृथ्वी पर मनुष्यता की धारावाहिक कहानी है। अत: दोनों का सम्बन्ध सहज है। इसी कारण प्राचीन साहित्य में ऐतिहासिक काव्य, ऐतिहासिक नाटक और ऐतिहासिक आख्यायिकाएँ प्रचुरता से उपलब्ध होती हैं। ''कथा के नवीन रूप उपन्यास में 'इतिहास' का प्रयोग उसके जन्मकाल से ही होने लगा था।''[1] 'इतिहास' शब्द की व्युत्पति किंचित कौतूहलोत्पादक है। यह शब्द तीन शब्दों इति, ह, आस के संयोग से बना है, जिसका अर्थ है 'यह इस प्रकार हुआ' अत: ''इतिहास शब्द का सामान्य अर्थ हुआ विगत घटनाओ का वृतांत।''[2] प्राचीन संस्कृत साहित्य में इतिहास शब्द का प्रयोग केवल उसके व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ में ही नहीं हुआ। महाभारत के आर्दशानुसार धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष से समन्वित पूर्ववृत्त और कथा ही इतिहास है। कौटिल्य ने तो स्पष्ट कहा है कि ''पुराण, इतिवृत्त, आख्यायिका, उदाहरण, धर्मशास्त्र और अर्थशास्त्र सब इतिहास है।''[3] अर्थात् जिसमें आर्ष चरित्रो, कथाओ आदि की व्याख्या हो, जो देव और ऋषियों के चरित्र पर आधारित तथा भूत एवं भविष्य के धर्म से युक्त हो वहीं इतिहास है।

इतिहास और साहित्य में आपसी सामंजस्य है डॉ.देवीशंकर अवस्थी ने लिखा है ''आख्यान, पुराण एवं किवदंतियो के शैवाल से मुक्त होकर जब एक बार इतिहास, विज्ञान की ही भाँति विशुद्ध तथ्यों का भंडार बना तो मनुष्य की व्यवस्था परायण बुद्धि ने उसे एक सिस्टम का रूप दिया। सार्थकता की परख के इस दौर में इतिहास की अनेक व्याख्याएँ प्रस्तुत की गई। जिन्हें हम इतिहास, दर्शन के नाम से जानते हैं।''[4] इतिहास को इन दर्शनो के आलोक में देखा जाने लगा। अतीत का चित्रण भी इसी दृष्टि से किया जाने लगा और यहीं से ऐतिहासिक उपन्यासों के प्रणयन का सूत्रपात हुआ।

बंगला और मराठी में सबसे पहले ऐतिहासिक उपन्यास लिखे गए। बंकिमचंद्र चटर्जी ने दुर्गेशनंदिनी (1865 ई) मृणालिनी (1869 ई) राजसिंह (1881 ई) तथा हरिनारायण आप्टे ने (उषाकाल 1895 ई) सूर्योदय, सूर्यग्रहण, चन्द्रगुप्त आदि अनेक श्रेष्ठ उपन्यास इतिहास को आधार बनाकर लिखे। तत्पश्चात् इनका अनुवाद भी हिन्दी में हुआ। हिन्दी में इतिहास को आधार बनाकर उपन्यास लिखने वालो में पं.किशोरीलाल गोस्वामी का प्रथम स्थान है। उनका प्रथम उपन्यास हृदयहारिणी सन् 1890 ई.में प्रकाशित हुआ और तब से ऐतिहासिक उपन्यासों की अबाध परम्परा हिन्दी में गतिशील है।

डॉ.जगदीश गुप्त के अनुसार ''ऐतिहासिक उपन्यास इतिहास और कथा की इस पुरातन समीपता की नूतन समन्वयात्मक अभिव्यक्ति है। जिसके पीछे युग-युग के अतीतोन्मुख संस्कार निहित है। कथा की कोई भी कल्पना विगत अथवा ऐतिह्य से उसी प्रकार अपने को मुक्त नहीं कर सकती जिस प्रकार इतिहास अपने को कल्पना से।''[5] इतिहास जब तथ्योन्मुखी बना तो रसात्मक साहित्य से दूर हटा किंतु जब उसने संस्कृतियो, सभ्यताओ और समाज के विकास पर दृष्टि डाली तो उसने भावनाओं के क्षेत्र में व्यापक रूप से प्रवेश किया। ऐतिहासिक उपन्यासकार इसलिए ऐतिहासिक उपन्यास लिखता है कि उसका मस्तिष्क अतीत की भावना से सम्पृक्त रहता है। ठीक वैसे ही जैसे एक संगीतकार का मस्तिष्क धुनो से भरा रहता है वह अतीत के भीतर से अपने लिए एक संसार का सृजन करता है और अपने पाठको को उस संसार के प्रदर्शन के लिए कथा का आश्रय लेता है।

उपन्यासकार अपनी महत्कल्पना के पंखो से अतीत को रूप, सौंदर्य एवं प्राण प्रदान कर वर्तमान में ला खड़ा करता है। इतिहास की स्थूल रेखाओ में कल्पना की रंग तूलिका से ऐतिहासिक उपन्यासकार रूप उरेहता है और दूरी को नगण्य कर पात्र हमारे बीच आ खड़े होते हैं। बोलते हुए, आचरण करते हुए।''[6]

उसके लिये वास्तविक घटनाएँ अथवा तथ्य साध्य नहीं साधन होते हैं। मूल इतिहास की भाव-वृत्ति को चित्रित करने में कल्पना का विशेष योग रहता है। उपन्यासकार किसी विशिष्ट समस्या या किसी निश्चित स्थित को अपने अन्तर में बैठा लेता है तब सर्जन करता है। वास्तव में अतीत के पूर्ण निदर्शन के लिए यह आवश्यक है कि इतिहास को उसकी घटनाओं में भाव-प्रवाह का समावेश करते हुए कथा का रूप दिया जाये।

इस प्रकार ऐतिहासिक उपन्यास इतिहास प्रयोग की एक पद्धति अथवा अतीत को निरूपित करने का एक ढंग मात्र ही नहीं वरन् अतीत के युग और जीवन की विविधता एवं सूक्ष्मता को व्यापक तथा प्रभावशाली ढंग से व्यंजित करने की श्रेष्ठतम पद्धति है। ''अधिकांश ऐतिहासिक उपन्यासकारो ने अपने उपन्यासो में जीवन के शाश्वत सत्यो एवं मानवीय मूल्यों की अभिव्यक्ति की है और अतीत के संदर्भो से उन्हें जोड़कर एक नया अर्थ दिया है।''[7]

ऐतिहासिक संदर्भ में मानव चरित्र के विभिन्न पक्षो के चित्रण तथा प्रेम, वीरता, दया, क्षमा, करूणा, राष्ट्रप्रेम आदि शाश्वत मानवीय भावो और जीवन मूल्यों की खोज का प्रयत्न जिस निष्ठा से उपन्यासकारो ने किया, वह अन्यतम है। इतिहास की तिथियाँ या पात्रो की वंशावलियाँ तथा इतिहास के कोरे तथ्यो की भरमार होने पर भी अतीत का सजीव वर्णन तब तक नहीं हो सकता जब तक उस काल की बहुविध परिस्थितियों का वर्णन न किया जाये। इसलिए ऐतिहासिक उपन्यासकार राजनीतिक क्षेत्र की बड़ी-बड़ी विभूतियो पर ही दृष्टि केन्द्रित करके नहीं रह जाता। सामान्य जनता की धड़कनो को भी सुनता है। लोक चित्रण के लिए लोक उपकरणो, जनश्रुतियो, किवदंतियो, लोक कथाओ, लोक गीतो आदि का आश्रय लेता है। उसे समाज चित्रण के लिए काल्पनिक पात्रो की सृष्टि भी करनी पड़ती है ताकि उपन्यास किसी गौरव विभूति की व्यक्तिगत कहानी ही न बनकर रह जाये वह सामान्य युग मानव की कहानी भी बन सके। इतिहास और साहित्य के अन्तर सम्बन्ध के सारभूत महत्व को रविन्द्रनाथ ठाकुर की इस प्रसिद्ध उक्ति के आलोक में हृदयंगम किया जा सकता है - ''जो व्यक्ति काव्य ही पढ़ेगा और इतिहास को पढ़ने का अवसर नहीं पायेगा, वह हंतभाग्य है, और जो व्यक्ति केवल इतिहास को ही पढ़ेगा और काव्य को पढ़ने का अवसर नहीं पायेगा, संभवत: उसका भाग्य और भी मंद है।''[8]ऐतिहासिक उपन्यासकार के लिए इतिहास एक बहाना मात्र होता है। वह तो उसके माध्यम से अतीत को अनावृत कर जीवन के शाश्वत सत्यो और मानवीय मूल्यों की अभिव्यक्ति का लक्ष्य रखता है और यही करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. *हिन्दी के ऐतिहासिक उपन्यासो में इतिहास प्रयोग - डॉ.गोविन्द जी प्र.(छ)*
2. *इतिहास - हिन्दी अनुवाद- 1995 ई, पं.विष्णु शास्त्री चिपलूणकर पृ.3*
3. *अर्थशास्त्र - कौटिल्य - (पृ- 11514)*
4. *आलोचना और आलोचना - डॉ.देवीशंकर अवस्थी - पृ.50*
5. *आलोचना का उपन्यास विशेषांक (अटूबर 54) डॉ.जगदीश गुप्त - पृ.178*
6. *ऐतिहासिक उपन्यास - डॉ.शिवनारायण श्रीवास्तव - साहित्यायन वर्ष - 1 अंक 1 पृ.10*
7. *हिन्दी के ऐतिहासिक उपन्यास में इतिहास प्रयोग - डॉ.गोविन्द जी - 326*
8. *ऐतिहासिक उपन्यास - डॉ.सत्यपाल चुघ - पृ.41*

* विभागाध्यक्ष हिन्दी, माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

भारतीय साहित्य में नारी (दशार्क के विशेष संदर्भ में)

डॉ. चन्दा तलेरा जैन*

संसार नर-नारीमय है। चरा-चर सम्पूर्ण सृष्टि इसी द्वैत की परम्परा पर टिकी है और गतिमान भी है। एकांत अद्वैत की स्थिति निरानंद हो सकती थी, इसी से समस्त बह्माण्ड एक परम और परस्पराकर्षण के तत्व से भरपूर है, प्रेम इसी परम तत्व द्वारा अवस्थित एवं संचरित है, वही उस ईश्वर का ऐश्वर्य है, जो घट-घट वासी होकर भी परस्पर है।

''प्रेम आकार लेकर धरती पर अवतीर्ण होता है, नारी के माध्यम से। जननी के रुप में नारी सृष्टि की केन्द्र है वह धरिणी है, वह भरणी है। परिवार के केन्द्र के रुप में वही आधार प्रदान करती है।''

इतिहास के पन्नों पर भारतीय नारी का अंकित रुप विविध फलकों वाला है। युद्ध क्षेत्र में वीरांगना बन शत्रुओं से लोहा लेती नारी, आँसूओं की गंगा में डूबी हुई नारी, पुरुष के हाथ की कठपुतली नारी सुसर-सास के पुर की साम्राज्ञी नारी ये उसके विविध रुप हैं, उसका दर्जा कहीं ऊँचा है तो कहीं नीचा है, उसका रास्ता कहीं समतल, कहीं उबड़-खाबड़, कहीं सीधी है तो कहीं घुमावदार। जहाँ उसकी पूजा होती है, वहाँ पर देवता निवास करते है, परन्तु जहाँ उसको तिरस्कृत किया जाता है, वहाँ कौन निवास करता है ? ईश्वर जाने। इस तरह जीवन के अनेक मोर्चे पर नारी की समस्याएँ पुरुष की समस्याओं से अलग है।

पुरुष के हाथ में सारा तंत्र है, वह नियामक है, कर्ता-धर्ता है। नारी की दयनीय स्थिति के प्रति उसके मन में सहानुभूति तो है, पर कोई ठोस कदम उठाने के लिये वह तैयार नहीं है। समाज में ऐसे अनेक उदाहरण मिलेंगे, जहाँ नारी को प्रताड़ित किया गया है, उसे अपमानित किया गया है, उसे लांछित किया गया है, ऐसी परिस्थितियाँ जब उसके लिये असहनीय हो जाती है तब कई स्त्रियाँ अपने मार्ग से भटक जाती हैं।

इसी प्रकार पति-पत्नि के तनाव के कारण मानसिक रोगों की ज्यादती से जीवन-प्रवाह और सामाजिक नीति-मानों की स्थिरता में घोर अनबन आ जाती है। ऐसी स्थिति का प्रभाव व्यक्तिगत प्रेम संबंध के सूत्रों पर बड़ा बोझ डालता है।आज का वातावरण जो परस्पर दोषारोपण से भरा है, इंसान में संवेदनशीलता कम होती जा रही है। विकास के दावे किये जाते रहे है। लेकिन विकास की दौड़ में बुद्धि इस कदर की बारीकियों में पहुँच गई है कि पहले जिन बातों की ओर ध्यान तक नहीं जाता था, आज उन पर तलाक होने लगे हैं। जैनेन्द के उपन्यास दशार्क से गुजरते हुए कई बार यह लगता है कि जैनेन्द्र उस चिन्तन को विकसित करने के लिये बेचैन हैं जो आज के सभ्य-समाज, सभ्यता से उठता हुआ सृष्टि की संरचना तक पहुँचता है।

विवाह और नारी, वैश्यावृत्ति ओर नारी जैसे मूलभूत सामाजिक प्रश्नों से टकराता हुआ प्रेम और जीवन को परिभाषित करने का प्रयास करता है, यहाँ तक कि अणुयुद्ध की आशंका के विविध सरोकारों को अपने में समेटते हुए चिन्तन का एक गंभीर आग्रह यह भी सामने आता है कि पैसे ने हमें ठग लिया है। हमारा मूलमंत्र प्यार की जगह व्यपार हो गया है। नारी उपभोग की वस्तु हो गयी है और सभ्यता युद्ध के मुकाम पर खड़ी है, अन्ततोगत्वा नारी भी मनुष्य है और उसके मानव मन में किसी अवसर पर दुर्बलता आ सकती है। लेकिन उन कमजोरियों और दुर्बलताओं को वह चित्त में दृढ़ता रखकर, कठोरता से कुचल देती है तब उसकी विजय निश्चित है। ''मानव को यह मानकर चलना चाहिए कि बुराइयों को गले लगाना साँप पालना है। सांप शरीर से कोमल और सुहावना होता है। बुराईयां भी प्रारंभ में अच्छी और सुहावी लगती है। परन्तु जिस प्रकार वह कोमल और सुहावना कीड़ा अपने विषैले दाँत से प्राण हर लेता है, उसी प्रकार बुराईयां भी प्राण हर लेती है।''

दशार्क उपन्यास की रंजना ऐसी पात्र है, जो प्रेम विवाह करने के बाद भी कभी सुखी नहीं रहती है। दोनों के विवाह को सात वर्ष हो जाते हैं। एक बालक हुआ जो देहरादून में है, उनके बीच शायद कोई नवीनता नहीं रह जाती है। इसलिये लेक्चरर पति आते हैं और वह पढ़ती रहती है पति उपेक्षा से चिढ़ जाते हैं यह चिढ़ एक दिन उनके अलगाव का कारण बनती है।

अपने पति के दुर्व्यवहार के कारण, बहुत सोच - विचार के पश्चात् वह स्वतंत्र होकर नगरवधु बन जाती है। आखिर में एक पत्नि का दु:खद अंत हो जाता है और रंजना एक नगरवधु के रुप में समाज में स्थापित हो जाती है। वह सब नगर वधुओं में अपनी अलग पहचान बनाकर, अपना जीवन जीती है। उसका अपना एक भव्य ऑफिस है, सचिव भी है। उसके पास नामी पुरुष अतिथि बनकर आते जाते रहे अब उसके पास धन-दौलत सब कुछ है, और इन सबके बीच वह अपने बेटे के लिये कभी-कभी सोच भी लेती है।

यह बात प्राय: सभी मानतें है कि नारी हृदय अत्यन्त उदार और कोमल होता है। कभी इसी उदार हृदय से ऐसे साहसपूर्ण कार्य हो जाते है कि चकित हो जाना पड़ता है और कभी कोमल हृदया नारी तनिक आघात से शीशे की तरह टूटकर बिखर जाती है। इसके बावजूद कठोर से कठोर नारी में भी दया, ममता की भावना होती है। ''नारी हृदय कोमल और ममता भरा तो होता है, परन्तु यह देन प्रकृति प्रदत्त होती है। प्रकृति की इस देन को स्थिर कैसे रखा जाए इसके लिये प्रयत्नशील रहना अत्यन्त आवश्यक है। इसीलिये हमें हृदय और हृदय की विशालता की मीमांसा करने के लिये विवश होना पड़ता है।''

तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद अगर स्त्री पुरुष के अत्याचारों से तंग आकर गलत राह पर चली जाती है तब वह स्वयं अपने भीतर ऐसा दु:ख उत्पन्न कर लेती है, जो अत्यंत गंभीर चिन्ता का विषय हो सकता है। नारी कभी भी अपने मातृत्व से अलग नहीं हो सकती, क्योंकि उसका स्वभाव भी वही होता है। किसी भी तरह का विधुन स्त्री की जगह पुरुष को माता नहीं बना सकता। इसीलिये वह पूजनीय रही है और रहेगी ।

आधार / संदर्भ ग्रंथ :-

1. दशार्क जैनेन्द्र कुमार (द्वितीय संस्करण - 1990)
2. नार - जैनेन्द्र कुमार
3. हिन्दी साहित्य में नारी - डॉ. गजानन्द शर्मा
4. हिन्दी के मनोवैज्ञानिक उप. में नारी चित्रण - डॉ. रामविनोद सिंह संस्करण , 1937
5. भारतीय नारी अस्मिता और अधिकार -आशा रानी व्होरा पृ. 55
6. नारी अभिव्यक्ति और विवेक - पुष्पावती खेतान पृ. 96

* प्राध्यापक (हिन्दी) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

दलित-विमर्श

डॉ. शबनम खान *

'दलित विमर्श- यह संकल्पना आधुनिक काल की उपज है। दलितों के जीवन को केन्द्र में रखकर लेखनकार्य तो स्वतंत्रता पूर्व में भी हुआ है। लेकिन यह संकल्पना बीसवीं सदी के अंतिम दो दशक में विशेष रुप में अस्तित्व में आई। हिन्दी में दलित विमर्श संकल्पना को स्थापित करने का श्रेय 'हंस' के संपादक प्रसिद्ध हिन्दी कथाकार राजेन्द्र यादव को देना होगा। उन्होंने 'हंस' के संपादकियों, कहानियों, लेखों तथा समीक्षाओं आदि के जरिए 'दलित-विमर्श' को 'स्पेस' देकर उसे बहस का मुख्य हिस्सा बना दिया। यह निश्चय ही प्रशंसनीय है। 'हंस' पत्रिका के दलित विशेषांक से 'दलित-विमर्श' की संल्पना को अधिक बल मिला और यह साहित्य के संदर्भ में अंतिम दो दशकों में विचार चिंतन का मुख्य मुद्दा बन गया।

'दलित-विमर्श' के संदर्भ में मुख्यत: दो प्रकार का लेखन उपलब्ध है - (1) सर्जनशील लेखन (2) समीक्षात्मक लेखन। इस विषय के लेखन में भी दो तरह के लेखकों का योगदान है-एक स्वयं दलितों के द्वारा लिखा गया लेखन और दूसरा दलितेतर लेखकों द्वारा लिखा गया लेखन। यह निश्चित ही विवाद का मुद्दा हो सकता है कि दलितों द्वारा लिखित लेखन को दलित लेखन माने या दलितों से संबंधित लिखा गया लेखन दलित लेखन मान ले, फिर चाहे लिखने वाला दलित हो या दलितेतर। परन्तु इस सच को स्वीकार करना होगा कि विगत कुछ वर्षों से दलित विमर्श लेखन, चिंतन एवं चर्चा गोष्ठियों का विषय बन गया है। इस प्रकार सदियों से दमित, पीड़ित और अत्याचारित समाज अर्थात् जाति से पिछड़े हुए लोगों पर किया गया सोच-विचार, चिंतन, विचार-विश्लेषण, गंभीर गहन अध्ययन ही दलित विमर्श है। समकालीन परिवेश को दलित विमर्श का जन्मदाता मानना होगा, जिसने सदियों से पीड़ित तथा ज्ञान से वंचित समाज को शिक्षा सुविधा प्रदान की। दुनिया के शोषितों एवं पीड़ितों का दु:ख बहुत कुछ समान हुआ करता है। जहाँ सामाजिक तथा सांस्कृतिक स्वतंत्रता को नकारा जाता है, वहाँ वैचारिक एवं क्रियाशील आंदोलन होते है। चाहे ज्यू हो, बुराकुमीत हो, नीग्रो हो या दलित हो। औद्योगिकरण और वैज्ञानिक विकास ने पारंपरिक व्यवसाय के बदले नये माहौल का निर्माण किया। जिसके कारण समाज के बहुत बड़े वंचित, पीड़ित तथा उपेक्षित वर्ग को स्वयं को विकसित करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। परिणामस्वरुप आत्मचेतना, आत्माभिमान और अस्तित्वबोध आदि की चेतना ने दलितों में भी एक वैचारिक जागरण की क्षमता का विकास किया। यही कारण है कि दलित समाज अपने अधिकार के प्रति सचेत हो गया। अपने पर सदियों से हो रहे अन्याय का उसे न केवल एहसास होने लगा बल्कि उसके विरोध का साहस भी बढ़ता गया। 'दलित-विमर्श' इसी वजह से चर्चा के केन्द्र में आया।

सामाजिक सुधार की भावना से प्रेरित प्रबुद्ध वर्ग का 'दलित-विमर्श' को केन्द्रीय विषय बनाने में प्राप्त योगदान उल्लेखनीय मानना पड़ेगा। 'दलित-विमर्श' की संकल्पना को लेखन का केन्द्रीय विषय बनाने में दलित तथा दलितेतर लेखकों का योगदान भी महत्वपूर्ण मानना होगा। राजेन्द्र यादव के साथ-साथ रमणिका गुप्ता, महीप सिंह तथा कमलेश्वर जैसे अनेक साहित्यकारों का मौलिक योगदान मानना पड़ेगा जिन्होंने विभिन्न पत्रिकाओं के विभिन्न विशेषांकों को 'दलित-विमर्श' पर केन्द्रित किया। इस प्रकार समकालीन साहित्य में 'दलित-विमर्श' एक मुख्य विमर्श के रुप में सामने आया। दलितों के जीवन को लेकर स्वतंत्रता पूर्व भी लेखन कार्य हुआ है। लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद ही इस लेखन को बल मिला। प्रेमचंद ने अपने कथा साहित्य में दलितों के जीवन का चित्रण अपूर्व रुप से किया है, लेकिन उस काल में दलित जीवन चित्रण लेखन का अंग रहा, दलितों का वैचारिक जागरण नहीं। दलितों के वैचारिक जागरण को स्वतंत्रता पश्चात् के समकालीन उपन्यासों में अभिव्यक्ति मिली। समकालीन परिवेश के कारण जहां एक ओर दलितों को आत्मचेतना, आत्माभिमान एवं अस्तित्व बोध की प्रेरणा मिली। वहां दूसरी ओर दलितों के परिवर्तित जीवन व्यवहार तथा चेतना को अंकित करने का दायित्व समकालीन साहित्यकारों ने निभाने का प्रशंसनीय प्रयास किया। समकालीन हिन्दी उपन्यासों में 'दलित-विमर्श' की प्रस्तुति जिन उपन्यासों में प्रमुख रुप से परिलक्षित होती है, उनमें अमृतलाल नागर का 'नाच्यौ बहुत गोपाल', मन्नू भंडारी का 'महाभोज', संजीव का 'धार', बच्चन सिंह का 'सूतो वा सूतपुत्रो वा', जगदीशचंद्र का 'धरती धन न अपना' और 'जमीन अपनी तो थी' गिरिराज किशोर का 'परिशिष्ट', मैत्रेयी पुष्पा का 'अल्मा कबूतरी' और मोहनदास नैमिशराय का 'मुक्तिपर्व' आदि है। इन रचनाओं में दलितों के वैचारिक जागरण का परिचय मिलता है। इनमें आत्मचेतना एवं अस्तित्वबोध के कारण दलितों में विकसित होती जा रही विद्रोही चेतना का भी अंकन है। संविधान में दलितों के उत्थान हेतु किये गये प्रावधान तथा शिक्षा प्राप्ति के अवसर के कारण दलितों के जीवन में अपूर्व परिवर्तन आने लगा। इसका चित्रण समकालीन उपन्यासकारों ने यथार्थता के साथ किया है। राही मासूम रज़ा के 'आधा गांव' उपन्यास में दलितों के उत्थान को लेकर जनमत की प्रतिक्रिया है। संविधान के निर्माण के साथ छुआ-छूत को दी गई तिलांजलि ने दलित जीवन के विकास का मानो अभियान ही शुरु कर दिया। छुआछूत का खत्म होते जाना भी दलित जीवन के उन्नयन का प्रेरक सिद्ध हुआ। श्रीलाल शुक्ल के 'रागदरबारी' में इसी तथ्य का उद्घाटन हुआ है। शिक्षा प्राप्ति के अवसर के कारण दलितों में एक ओर स्वाभिमान बलवान होता गया तो दूसरी ओर अन्याय के विरोध में खड़े होने का साहस। लेकिन वर्तमानकालीन समाज व्यवस्था में एक तथ्य नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और वह यह कि यहाँ विकास और आज़ादी के नारे अवश्य लगे किन्तु मेहतर जैसी दलित जाति की आज़ादी की किसी ने नहीं सोची। उसे अपने पारंपरिक व्यवसाय से निजात नहीं मिल पाई। माँ-बाप भी उन बच्चों को मेला-ढ़ोने के काम में लगाते है जो पढ़ने-लिखने में रुचि नहीं रखते। अमृतलाल नागर के 'नाच्यौ बहुत गोपाल' की निगुनियाँ इसी तथ्य को बार-बार रेखांकित करती है कि दलित पढ़ा-लिखा हो चाहे अनपढ़, सच तो यह है कि आज भी उसे अन्याय और सामाजिक कुव्यवस्था तथा विषमता का परिणाम भुगतना ही पड़ता है। दलितों के विकास के लिए सरकार की ओर से अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन होता है, लेकिन ये सारी योजनाएँ दलितों तक नहीं पहुंचती। दु:ख कि बात तो यह है कि सवर्णों के द्वारा दलितों का शोषण तो होता ही रहा है, किन्तु दलितों के इस तबके से भी दलितों का शोषण हो रहा है। जो पढ़ा-लिखा और उच्च पदों पर पहुंचा हुआ है। 'जमीन अपनी तो थी' उपन्यास के लेखक जगदीशचंद्र ने इस पहलू को उजागर किया है। इस प्रकार हम निष्कर्ष रुप में यह कह सकते है कि दलितों में अब स्वाभिमान, आत्मचेतना एवं अस्तित्वबोध उत्तरोत्तर बढ़ता जा रहा है। इससे सवर्णों में ईर्ष्याभाव भी उत्पन्न हो रहा है। कुछ दलित युवक परिणाम की चिंता किए बगैर विद्रोह करने का साहस दिखा रहे है। अपने अपमान एवं तिरस्कार को समझने की क्षमता दलितों में विकसित हो रही है। 'संघर्ष के सिवा न्याय संभव नहीं' यह मंत्र भी उसने महसूस किया है। दलित वर्ग में एक ऐसा तबका विकसित हो रहा है, जो अपनी जमीन से मुखर हो रहा है। अपने समाज के शोषण में वह स्वयं भाग ले रहा है। सार यह है कि दलित विचार चिंतन सदियों से अपमानित, पीड़ित एवं प्रताड़ित जिंदगी से दलितों को बाहर लाने के लिए बल प्रदान करने वाला चिंतन है। दलित-विमर्श की यह महत्वपूर्ण उपलब्धि माननी होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची - ✲ राही मासूम रज़ा -आधा गाँव ✲ श्रीलाल शुक्ल - रागदरबारी ✲ अमृतलाल नागर -नाच्यौ बहुत गोपाल ✲ जगदीशचंद्र - जमीन अपनी तो थी ✲ मन्नू भंडारी - महाभोज ✲ बच्चन सिंह - सूतो वा सूतपुत्रो वा ✲ संजीव - धार ✲ मैत्रेयी पुष्पा - अल्मा कबूतरी ✲ मोहनदास नैमिशराय - मुक्तिपर्व ✲ राजेन्द्र यादव - 'हंस' मासिक पत्रिका

* प्राध्यापक (हिन्दी) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

रघुवीर सहाय के काव्य में सामाजिक जागरूकता

डॉ. रशीदा खान*

रघुवीर सहाय दूसरा सप्तक के कवि हैं। उनके काव्य में कुछ विशिष्ट नहीं, सब समान है। उन्हें सामान्य से स्नेह और आत्मीयता है। उनकी कविताओं की मूल भूमि भी, सामान्य व्यक्ति की जिजीविषा ही है। जीवन की बहुत छोटी-छोटी सी सामान्य सी लगने वाली घटनाओं को उन्होंने अपनी कविताओं में पिरोया है। उनकी कविताओं में बनावटीपन नहीं है। वोह कहते हैं –

सन्नाटा छा जाए,
जब मैं कविता पढ़ूँ।

जीवन दर्शन :-

रघुवीर सहाय का जीवन के विषय में दार्शनिक भाव था। मेरे विचार में उनका जीवन दर्शन था कि, अपने लिये तो सभी जीते हैं, औरों के लिये जीना ही जीना है। इस बात को उन्होंने अपने साहित्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। वे कहते थे कि ''विचार वस्तु का कविता में खून की तरह दौड़ते रहना, कविता को जीवन और शक्ति देता है और यह तभी संभव है, जब हमारी कविता की जड़ें यथार्थ में हों।''

रघुवीर सहाय जन सम्बद्ध कवि के रूप में प्रमाणित हुवे। वे आम भारतीय की जिजीविषा की सार्थक अभिव्यक्ति को कविता का मूल प्रतिपाद्य मानते थे। शक्ति सम्पन्नों से घिरे हुए कमजोर और डरपोक इंसान उनकी कविताओं में छटपटाते दिखाई देते हैं। उनकी कविताओं में समकालीन ज़िन्दगी के विभिन्न दृश्य पूरी संवेदनशीलता से उभरे हैं।

जीवन की स्वाभाविकता :-

The craftsman avoids overlapping in the corners of the cloth by putting an old cloth orpaper where the printing has already been done.Different designs are put on the cloth by completing printing in rectangles, starting from the outer portion of the cloth andclosing in as the cloth gets filed with designs.

6.4. Drying

[Photograph 7: Drying]

Once the printing is finished, the cloth is left on pebbles to dry in the sun. This way it is dried from both sides, outer as well as inner. After this, it is again washed, this time in river water, and left to dry.

6.5. Dyeing

Red: For making red dye, a solution of alum and the powder of tamarindseed is boiled and left to cool in a plastic vessel. This solution is then filteredthrough fine cloth. For deep color dye less viscous solution is used and forfine printing thick solution is used.

Black: Black dye is prepared by mixing alum and iron ore.

Violet: For this indigo is used.

Yellow: For this turmeric and haradaare used.

[Photograph 8: Coloring]

After this comes the process of Dyeing. In order to provide the Bagh print cloth theircharacteristic contrast and finishing, the cloth passes though a process of dyeing onceagain. For this alizarin and dhavadi flowers are boiled together in big copper containersconcealed in a cement structure under which a fire using wood, leaves, etc. is made. Theprinted cloth is put in these vessels and is left to boil there for five to six hours. The redprinted portion, which has alum, takes its color by reacting with alizarin.

6.6. Finishing

After this process, through which the cloth gets clear red, black and white colors, it is left on pebbles to dry. Packing follows the drying process, and the cloth is then ready to be marketed.

7. Use of the Product

Products of Bagh printing are used in a variety of ways, mainly as bedcovers, saris, suit pieces, curtains, scarves, hand ker chiefs, etc.

8.Conclusion:

The main advantages of this printing is that the tribal are now not dependent on the other people, like moneylenders, landholders or other traders to carry out their life cycle. They have a good job and they can sell the cloths at high prices, because of their demand and good quality. They are famous in many other countries such as Canada, Indonesia, Australia etc. Today the cloth used for printing is made of synthetic fibres and dyes used for colouring them are harmful chemicals therefore it harms our environment, but this technique uses natural colour and cloth natural fibres therefore they are eco friendly and all of the great thing is that the whole process doesn't consists of today's major threat causing substance that is plastic.

9. Bibliography

1. http://www.straw.com
2. India_resource@tripod.com
3. http://dhar.nic.in
4. http://www.indianmirror.com
5. A brief note on Bagh printing by Mohd. Yusuf Khatri, master craftsman, Bagh.

Appendix I: Thematic Representation of the Bagh Printing Process

****

मंदसौर जिले की कृषि उपज मण्डियों पर आधुनिकीकरण का प्रभाव

डॉ. आर.के. श्रीवास्तव * डॉ. देवीलाल बामनियाँ **

मालवा के सुदूर दक्षिण-पश्चिम भाग में स्थित मन्दसौर जिले का विस्तार 23°45'54'' से 24°45'54'' उत्तरी अक्षांश तथा 74°52'52'' से 75°55'35'' पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित हैं। यह जिला मध्यप्रदेश के कुल क्षेत्रफल का 1.15 प्रतिशत है, जिसका क्षेत्रफल 5517 वर्ग कि.मी. हैं। जिले की समुद्र तल से औसत ऊँचाई 435 मीटर है।

मन्दसौर जिला पूर्व एवं पश्चिम दोनो तरफ से राजस्थान से घिरा है। इसके पूर्व में कोटा तथा झालावाड़ जिले, पश्चिम में चित्तौडगढ़ जिला उत्तर में प्रदेश का नीमच तथा दक्षिण में रतलाम जिला स्थित है।

मंदसौर जिला कृषि प्रधान जिला हैं, खरीफ एवं रबी की दो मुख्य फसलें यहाँ उत्पन्न होती हैं। जिले मे अफीम की भी नियंत्रित खेती की जाती हैं साथ ही विगत् वर्षो मे यहॉ औषधि फसलों तथा फलोद्यान में भी बढ़ोत्री हुई हैं। किसानों में जागरुकता बढने तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन से कृषि विपणन की दिशा मे उल्लेखनीय सुधार हुआ हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में मंदसौर जिल में कृषि विपणन के प्रकार, मण्डियों की स्थिति, व्यापार तथा समस्याओं को विश्लेषित किया गया हैं।

कृषि विपणन से अर्थ उन सभी क्रियाओं से लगाया जाता है जिनका संबंध कृषि उत्पादन का कृषक के यहाँ से अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचाने में किया जाता है, इन सभी क्रियाओं में कृषि उपज को एकत्रित करना, उनका श्रेणीकरण करना एवं प्रमाणीकरण करना, भण्डारण करना, उन्हें बेचने के लिये मण्डियों ,बाजारो तक ले जा कर उनकी बिक्री करना शामिल है। यह क्रय विक्रय हाट बाजारो से प्रारम्भ हुआ, जिस नगर या गाँव में सम्पन्न व अधिक क्रेता होते थे वे नगर धीरे-धीरे विकसित होकर मण्डियों में परिवर्तित हो गये।

कृषि विपणन की व्यवस्था

कृषक अपने उत्पाद के विक्रय से अधिकतम तथा शीघ्र लाभ प्राप्त कर सके, इसके लिये सर्वप्रथम आवश्यक है कि कृषक अधिशेष उत्पादो को जिन्हें वह बेचना चाहता है शीघ्रतिशीघ्र विपणन केन्द्रो तक ले जा सके। वर्तमान समय में जिले मे कृषि विपणन के लिये निम्न व्यवस्था पायी जाती है

(1) गाँवो में बिक्री -

किसान अपनी उपज का बहुत बड़ा भाग गाँवो में ही साहूकारो, महाजनो, बनियों, घुमते फिरते व्यापारियो आदि को बेच देते है। किसानो द्वारा गाँवो में ही बिक्री निम्न कारणों से कर दी जाती है - (अ) गाँव के साहूकारो या बनियों का ऋणी होना (ब) पहले ही विक्रय का सौदा कर लेना (स) धन की तुरंत आवश्यकता होना (द) परिवहन साधनो का अभाव होना (इ) मण्डी के मूल्यो की जानकारी का अभाव। लेकिन आधुनिकीकरण से नियमित मण्डियों में वृद्धि, सरकारी विपणन की जानकारी से कृषि वस्तुओं की गाँवो में ही बिक्री में कुछ कमी आयी है।

(2) हाट बाजार एवं मेलो में बिक्री -

बहुत से कृषक अपनी उपज को साप्ताहिक हाट बाजारो एवं मेलों में बेच देते है, जिससे जागरूकता का अभाव पाया जाता है। प्रतियोगी मूल्य नही मिलने के कारण उन्हे फसल बेचने पर कम फायदा होता है।

(3) कृषि उपज मण्डियों में बिक्री -

कृषि उपज मण्डियों का अर्थ उन स्थानो से है जहां थोक मात्रा में कृषि वस्तुओ का क्रय-विक्रय होता है। यह मण्डियाँ शहरी क्षेत्रो या कस्बो में होती है। मण्डियाँ दो प्रकार की होती है। (1) अनियमित मण्डी (2) नियमित मण्डी। अनियमित मण्डियों में बिक्री के नियम निश्चित नही होते है तथा बिक्री दलाल के माध्यम से होती है। किसान अपनी गाड़ी दुकानदार के यहाँ खड़ी करता है जिसको आढ़तिया कहते है। यह आढ़तिया दलाल के माध्यम से उत्पाद को बेच देता है। जिनकी तुलाई तुलावटी द्वारा की जाती है। यह आढ़तिया बिक्री मूल्य में से अपनी आढ़त व अन्य खर्चे काटकर किसान को शेष राशि का भुगतान कर देता है।

नियमित मंडियों की स्थापना राज्य सरकार के नियमों के अनुसार होती है। यहाँ पर उपज बेचने के निर्धारित नियम होते है। सामान्यतया यहाँ किसान से कुछ भी व्यय वसूल नही किया जाता है, सारे व्यय क्रेता से ही वसूल किये जाते है। किसान यहाँ अपनी उपज लाकर टीन शेडों में रख देता है जहाँ उसकी बिक्री सामान्यतया नीलामी के आधार पर होती है तथा बिक्री मूल्य उपज उठाते ही मिल जाता है।

(4) सरकारी समितियों के माध्यम से -

देश में इस प्रकार की समितियों में वृद्धि हो रही है। यह समितियाँ अपने सदस्यों से कृषि उपज एकत्रित करती है और फिर उसको ले जाकर बड़ी-बड़ी मण्डियों में बेचती है। ऐसा करने से उनके सदस्यों को उनके उत्पाद का अच्छा मूल्य मिल जाता है।

(5) सरकारी खरीद -

पिछले कुछ वर्षो से सरकार द्वारा भी कृषि उत्पत्ति को क्रय किया जा रहा है। इसके लिये सरकार स्थान-स्थान पर कुछ क्रय केन्द्र स्थापित कर देती है। जहाँ किसान अपनी उत्पत्ति लाकर निर्धारित मूल्य पर बेच सकते है। सरकार यह खरीद स्वयं अपने कर्मचारियों के माध्यम से, सहकारी समितियों के माध्यम से व भारतीय प्रांतीय खाद्य निगम के माध्यम से करती है।

(6) फुटकर विक्रेताओं के माध्यम से -

कृषि वस्तुओं के विक्रेता शहरों के भिन्न-भिन्न भागों में फैले रहते है। कभी-कभी इनको भी सीधा विक्रय किसानों द्वारा कर दिया जाता है। जिससे कृषकों को कभी फायदा तो कभी नुकसान होता है। इस प्रकार मन्दसौर जिले में मुख्यत: खरीफ में सोयाबीन एवं रबी में गेहुं का उत्पादन किया जाता है। कृषकों द्वारा अपनी आवश्यकता का अनाज बचाकर शेष पैदावार खुले बाजार में बेच दी जाती है।

वर्ष 2009-10 के अंतर्गत जिले में कुल फसलों का जो उत्पादन हुआ है इस उत्पादन की कुल आवक कृषि मण्डी में कम ही रही है। इस वर्ष में सोयाबीन का कुल उत्पादन 111.55 हजार मी. टन हुआ जिसमें से 85.18 हजार मी. टन मण्डी मे आवक हुई, यह आवक कुल फसल की 26.37 हजार मी. टन कम पायी गयी है। ज्वार का कुल उत्पादन 10.86 हजार मी. टन था जिसमें से 2.68 हजार मी. टन ज्वार की आवक रही बाकी 7.38 हजार मी. टन

* प्राध्यापक, भूगोल शासकीय महाविद्यालय पिपलियामण्डी ** प्र.शा.तक.भूगोल शासकीय महाविद्यालय, पिपलियामण्डी (म.प्र.) भारत

खाद्यान्न के रूप में उपयोग कर ली गयी है। उड़द का उत्पादन 12.17 हजार मी. टन में से 10.50 हजार मी. टन मण्डी में आवक रही जिसमें से 1.67 हजार मी. टन का उपयोग घरेलू दालो के रूप में कर लिया गया। मक्का एवं गेहूं का उत्पादन क्रमश : 23.81 तथा 84.30 हजार मी. टन था जिसका क्रमश : जिसका क्रमश :3.55 तथा 70.84 हजार मी. टन मण्डियों में लाया गया तथा मक्का 20.26 तथा गेहूं 13.86 हजार मी. टन घरेलू खाद्यान्न हेतू उपयोग कर लिया गया। इसी प्रकार चना एवं सरसों का उत्पादन क्रमश : 15.44 तथा 6.22 हजार मी. टन में से 9.76 व 5.17 हजार मी. टन मण्डी में विक्रय किया गया तथा शेष 5.7 व 1.05 हजार मी. टन कुल उत्पादन में से कम आवक रही। कुल उत्पादन का मण्डी में न आना घरेलू खाद्यान्न दलहन एवं तिलहन के उपयोग हेतुं उपयोग में लिया जाना है तथा कुछ अंश घर पर संग्रहित कर बीजो के रूप में उपयोग किया जाता है।

मन्दसौर जिले की कृषि उपज मण्डियों में आने वाली प्रमख फसलो में ज्वार, मक्का, तुवर, उड़द, मूंग, सोयाबीन, मूंगफली, गेंहू, चना, मसूर, मटर, मैथी, धनिया, पोस्ता, लहसुन, प्याज, अलसी, सरसो, सूरजमुखी, चवली, तारामीरा, सुवा, अरण्डी, जीरा, तिल्ली, कुसुम, बाजरा, अजवाईन, असारिया, इसबगोल, कलोंजी, जौ आदि फसलों का विक्रय जिले की मण्डियों में होता है। मण्डियों में आवक उत्पादन के हिसाब से क्रमश: बढ़ती हुई नजर आती है।

मन्दसौर जिले की कृषि उपज मण्डियाँ

जिले में विपणन हेतु मन्दसौर, दलोदा, सीतामऊ, सुवासरा, पिपलियामंडी, शामगढ़, मल्हारगढ़, भैसोदामंडी, भानपुरा, गरोठ आदि मण्डियाँ उपलब्ध है। जिनमें मन्दसौर मण्डी जिले की सबसे बड़ी मण्डी है। इसकी स्थापना 26 अक्टूबर 1953 को हुई। यहाँ किसानों की सुविधा हेतु वृहद् गार्लिक शेड कुल 24000 वर्गफीट क्षेत्र में तथा 8000 वर्गफीट क्षेत्रफल में छायादार शेड उपलब्ध है जिसके अंतर्गत कृषकों की फसल की खुली निलामी के लिये एक साथ लगभग 25000 बोरी का शेड तथा आर. सी. सी. प्लेटफार्म एवं डामरीकृत प्लेटफार्म लगभग 2 लाख वर्गफीट में उपलब्ध है। मण्डी प्रांगण में सही तोल हेतु 80 नग इलेक्ट्रिक तोल कांटों की व्यवस्था है, तोल के तुरंत बाद कृषकों को भुगतान की व्यवस्था की जाती है।

इस प्रकार यह कृषि उपज मण्डी समिति प्रदेश की उत्कृष्ट श्रेणी की मण्डी है, मण्डी समिति द्वारा किसानों के खेती संबंधी व्यावहारिक, प्रयोगात्मक ज्ञान, आधुनिक कृषि तकनीक, उच्च गुणवत्ता एवं संतुलित खाद, बीज, कृषि उपकरण, मूल्य संवर्द्धन की दिशा में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने हेतु समय-समय पर परिचर्चा, सेमिनार एवं कृषक प्रशिक्षण के माध्यम से विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में किसानो को उचित बाजार की जानकारी देने हेतु प्रशिक्षित किया जाता है, इसके साथ नवीन तकनीक की जानकारी के लिये मण्डी समिति द्वारा खरीफ एवं रबी फसल लेने की जानकारी संबंधी दो दिवसीय राज्य स्तरीय मेले का आयोजन किया जाता है।

इसी प्रकार कृषकों की सुविधा के लिये सर्वश्रेष्ठ भोजनशाला उपलब्ध है। समय-समय पर कृषकों की समस्याओं का समाधान कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से प्रश्न मंच के द्वारा किया जाता है।

मण्डी समिति द्वारा आधुनिक तकनीक, पशुपालन, जैविक खाद आदि के प्रशिक्षण हेतु एक बहुउद्देश्यीय कृषक प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की गई है। इन्ही आधुनिक सुविधाओं के कारण ही मण्डी को आई. एस. ओ. प्रमाण पत्र मिल चुका है।

इसी के साथ अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका Reinventing the Mandi Market Yards in a Globlised World ने मन्दसौर मण्डी को प्रमुख स्थान दिया है।

मंदसौर जिला : प्रमुख कृषि उपज मण्डियाँ



जिले में प्रमुख फसलो का उत्पादन एवं मण्डी आवक निम्नानुसार रही है।

मन्दसौर जिले की कृषि उपज मण्डियों में फसलों की कुल आवक (हजार मी. टन में)

वर्ष	मण्डी में फसलों की कुल आवक	आवक में वार्षिक अंतर
2003-04	722320	-
2004-05	1593629	871309
2005-06	1067554	-526075
2006-07	182250	-885304
2007-08	2154988	1972738
2008-09	2784347	629359
2009-10	2676951	-107396

स्त्रोत:-संचालक, जिला कृषि उपज मंडी, मन्दसौर

मन्दसौर जिले की समस्त कृषि उपज मण्डियों में आधुनीकीकरण को अपनाने के बाद से निरन्तर फसल आवक में वृद्धि होती जा रही है लेकिन कुछ वर्षो से यह जिला वर्षा की कमी के कारण सूखे की मार झेल रहा है, जिस कारण से उत्पादन काफी हद तक प्रभावित हुआ है। वर्ष 2003 से 2010 तक मण्डी में फसलों की आवक पर नजर डाले तो पता चलता है कि वर्षा में कमी के कारण मण्डियों में आवक भी काफी प्रभावित हुई।

यह प्रभाविता 2003-04 में 7,22,320 हजार मी. टन आवक थी जो वर्ष 2004-05 में 15,93,629 हजार मी. टन आवक हुई जो 8,71,409 हजार मी. टन की वृद्धि को दर्शाता है। लेकिन वर्ष 2005-06 में 5,26,075 हजार मी. टन की कमी आयी यह कमी निरंतर 2006-07 में भी रही जो

8,85,304 हजार मी. टन थी, यही वर्ष 2007-08 में 2154988 हजार मी. टन आवक थी जो 2003-04 से 1972738 हजार मी. टन की वृद्धि रही तथा 2008-09 में फसलों की आवक 27,84,347 हजार मी. टन हुई यह आवक वर्ष 2009-10 से 6,29,359 हजार मी. टन अधिक आवक हुई। लेकिन 2010-11 में पुन: कमी रही इस वर्ष में कुल वार्षिक आवक 26,76,951 हजार मी. टन रही यह आवक पिछले वर्ष से 1,07,396 हजार मी. टन कम पायी गयी है।

मंदसौर जिला : कृषि उपज मण्डियों में विगत तीन वर्षो में आवक (क्विंटल में)

क्रं.	फसल	2006-07	2007-08	2008-09
1.	ज्वार	30875	- 920	- 817
2.	मक्का	74493	- 54427	- 42471
3.	तुवर	612	- 381	+ 528
4.	उड़द	15938	- 6195	- 2325
5.	मूंग	66	+ 132	- 55
6.	सोयाबीन	916562	+ 1252114	+ 1542900
7.	मूंगफली	43	- 00	+ 05
8.	गेंहू	131600	+ 431568	- 324668
9.	चना	130017	- 83772	- 59280
10.	मसूर	7145	+ 10319	+ 11830
11.	मैथी	85508	+ 129993	- 62785
12.	धनियाँ	23677	- 13021	+ 16248
13.	पोस्ता	458	- 207	+ 300
14.	लहसुन	452637	+ 594865	- 346104
15.	प्याज	28221	+ 37785	+ 66529
16.	अलसी	6169	+ 13676	- 7736
17.	सरसों	234225	+ 142499	+ 183857
18.	सुरजमूखी	07	- 00	+ 02
19.	चवली	258	- 443	- 36
20.	तारामीरा	3391	+ 5101	- 3038
21.	सूवा	04	- 00	+ 01
22.	जीरा	40	- 32	+ 52
23.	तिल्ली	903	- 650	- 249
24.	कुसुम	37	- 32	- 16
25.	बाजरा	20	- 00	+ 09
26.	अजवाईन	66	- 25	+ 39
27.	असारिया	5927	- 3470	- 2401
28.	इसबगोल	766	+ 144	- 818
29.	कलोंजी	158	+ 767	- 240
30.	जौ	96	+ 400	+ 502

स्त्रोत:- संचालक ,कृषि उपज मण्डी, मन्दसौर

उक्त तालिका से स्पष्ट है कि इन वर्षो में फसलों की आवक में बहुत अधिक उतार चढ़ाव देखने में आता है। फसलों की आवक में निरंतर वृद्धि मात्र कुछ ही फसलों में देखी गयी है जिनमें सोयाबीन, मसूर, प्याज, सरसो, जौ आदि फसलों की आवक में निरंतर वृद्धि देखी गई है। जबकि 2006-07 से 2007-08 व 2008-09 में निरंतर कमी एवं वृद्धि देखने को मिलती है। ज्वार की आवक में इन तीन वर्षो में कमी रही इसके अलावा मक्का, उड़द, चना, चवली, तिल्ली, कुसुम, असारिया, इसबगोल आदि फसलों की आवक निरंतर कम होती रही है। जबकि कुछ फसलों में कमी और फिर वृद्धि देखी गई है। ऐसी फसले है - तुवर, मूंग, मूंगफली, गेंहू, मेथी, पोस्ता, लहसुन, अलसी, सूरजमुखी, तारामीरा, सुवा, जीरा, अजवाईन आदि फसलों में काफी उतार चढ़ाव पाया गया है। यह उतार चढ़ाव प्रमुखत: फसलों के उत्पादन पर निर्भर है, इसमें से निरंतर रबी की फसलों में कमी रही जिसका प्रमुख कारण वर्षा का कम होना है। वर्ष 2007-08 में अच्छी वर्षा होने से 2007-08 में खरीफ एवं रबी की फसलो की आवक में काफी वृद्धि देखी गई है।

मन्दसौर जिले के कृषकों के निरंतर आधुनीकीकरण अपनाने से जहाँ पैदावार में बढ़ोतरी हो रही है इसके साथ ही उत्पादित फसलों के दाम में भी काफी सुधार आया है। फसलों के समर्थन मूल्य के निर्धारण के बाद से किसानों को उनकी उपज का सही दाम प्राप्त होना शुरू हो गया है। सरकारी समितियों द्वारा कृषकों से सीधे फसलों का क्रय कर लिया जाता है। सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद के कारण व्यापारियों द्वारा फसलों के मूल्य में अधिक गिरावट नही की जा सकती। जिले भर में सोया चौपाल जैसी संस्थाओं द्वारा भी माल का आयात निर्यात किया जाता है। लगातार हो रही सड़कों के सुधार एवं परिवहन की व्यवस्था के कारण कृषकों ,द्वारा उत्पादित माल ग्रामीण व्यापारियों को विक्रय करने के बजाय कृषि उपज मण्डियों में ले जाना अधिक सुलभ होता जा रहा है।

मन्दसौर मण्डी जिले की सबसे बड़ी कृषि उपज मण्डी है। यहाँ पर दूसरे जिलों से भी फसलों को विक्रय करने के लिये लाया जाता है। पिछले कुछ वर्षो से मण्डी चुनाव के माध्यम से उसके अध्यक्ष एवं सदस्यों से कृषक अपनी समस्या बताते है एवं उत्पादित माल का उचित मूल्य प्राप्त करने के लिए काफी जागरूक दिखाई दे रहे है। मण्डी के आढ़तियों द्वारा फिजूल आढ़त एवं दाम काटकर देने पर भी काफी हद तक अंकुश लगा है।

अत: किसानों द्वारा निरंतर कृषि मे नये आयामो को अपनाने एवं उनको लागू कर उपज को उत्पादित कर विपणन हेतु कृषि उपज मण्डियों में लाया जाने लगा है। जिससे कृषि मण्डियों के विकास में अग्रणी पहलू बना है और कृषि मण्डियों की आय में भी निरंतर वृद्धि देखी जा रही है।

संदर्भ सूची

(1) डॉ छोटुभाई जे. पटेल (2005) : सामान्य कृषि विज्ञान पृष्ठ - 09 भोपाल

(2) पत्रिका (2006) : वार्षिक नाबार्ड पुस्तिका, पृष्ठ 06 जिला नाबार्ड बैंक, मन्दसौर

(3) डॉ. मामोरिया एवं जैन (1985) :भारतीय कृषि उद्योग एवं नियोजन पृष्ठ-90, आगरा

(4) कृषि हलचल (2008) :(वार्षिक विशेषांक) दैनिक भास्कर समाचार पत्र पृष्ठ - 8 एवं 9

(5) श्रीवास्तव व्ही. के. (2001) :उत्तर भारत भूगोल पत्रिका, अंक 37, जून-दिसंबर 2001 पृष्ठ -27

(6) चौधरीविजयकुमार (1998) : पारिस्थैतिकीय संश्लिष्ट और विपणन का विकास गढवाल हिमालय क्षैत्र (उत्तर प्रदेश) का प्रतिक अध्ययन, दि.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत शोध प्रबंध

(7) गगराडे सुनिल (2007) : भण्डारण के वैज्ञानिक तरिके, कृषक जगत प्रकाशन, भोपाल

(8) श्रीवास्तव वी.के. एवं दीक्षित: विपणन भूगोल मध्य प्रदेश, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल (म.प्र.)

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संगीत का व्यावसायिक स्वरूप

डॉ. बी. वर्षा*

मनुष्य एक विकासशील प्राणी है। अपनी आवश्यकतानुसार नित नये सृजन करना उसका स्वाभाविक गुण है। नित नये आविष्कारों के कारण आज मनुष्य इतना व्यस्त होता जा रहा है कि उसके जीवन में संवेदना लगभग समाप्त होती जा रही है और संवेदनशील होने के लिये उसका कहीं न कहीं कला से जुड़ना आवश्यक है। जब से सृष्टि का प्रारम्भ हुआ और मानव जीवन अस्तित्व में आया, तब से कला मनुष्य की चिरसंगिनी रही है। कला बिना मनुष्य का जीवन पशु समान है।

कला को ईश्वर का साक्षात रूप माना जाता है। एक विचारक के अनुसार, ''कला एक भाषा है, जो मनुष्य, संसार और कलाकार के बारे में बताती है।'' और संगीत इसी कला का एक अभिन्न अंग है। सृष्टि निर्माण से ही संगीत अस्तित्व में आया इसलिये संगीत का स्थान साहित्य और कला से भी पहले माना जाता है, जिसप्रकार प्रत्येक विषय का अपना एक इतिहास होता है, उसी प्रकार संगीत का इतिहास भी बहुत प्राचीन और समृद्धशाली है। वैदिक काल से लेकर आज तक संगीत के इतिहास ने कई गौरवशाली पड़ाव पार किये हैं। वैदिक काल में संगीत को बहुत आदर की दृष्टि से देखा जाता था। समाज में संगीतज्ञों को सम्मान प्राप्त था। उस समय वेदों का, ऋचाओं का संगीत के माध्यम से ही गायन होता था। समाज के प्रत्येक वर्ग व क्षेत्र में संगीत प्रचलित था। राजा की दैनिक दिनचर्या की सूचना तथा मनोरंजन के लिये संगीत का ही उपयोग किया जाता था। कौटिल्य ने भी सामाजिक व्यवस्था के लिये संगीत को महत्वपूर्ण स्थान दिया था।

कहने का तात्पर्य यह है कि उस समय से ही संगीत समाज के लिये आजीविका का साधन बन गया था। राज दरबार की गणिकाओं एवं नटों की सम्पूर्ण जीविका संगीत पर ही आधारित थी। संगीत विधा में पारंगत व्यक्ति को गंधर्व कहा जाता था। चूंकि संगीत में गायन, वादन तथा नृत्य तीनों कलाओं का समावेश है। अत: वैदिक काल में संगीत इन तीनों विधाओं में उन्नति कर रहा था। इस काल में नृत्य का सामुहिक प्रदर्शन उन्मुक्त वातावरण में एकत्रित जनसमूह के सम्मुख होता था, जिसमें पुरूष एवं महिलाऐं दोनों बढ़-चढ़कर भाग लेते थे और बदले में सम्मान और इनाम पाते थे।

संगीत और धर्म दोनों एकाकार होने से संगीत का पवित्र रूप कायम हो चुका था। संगीत का यह पवित्र स्वरूप पौराणिक काल में टिक न सका। पौराणिक काल आते-आते समाज में संगीत का वर्चस्व थोड़ा कम हो गया था। जो आदर व सम्मान वैदिक काल में संगीत को प्राप्त था, वैसा सम्मान इस काल में नहीं था। संगीत को केवल मनोरंजन का साधना माना जाने लगा। किन्तु संगीत का यह दौर ज्यादा दिन नहीं रहा। रामायण और महाभारत काल आते-आते संगीत पुन: उन्नति के पायदान चढ़ने लगा।

रामायण में कई प्रसंग ऐसे मिलते हैं, जिनमें आनंद प्राप्ति के लिये वाद्य यंत्रों का प्रयोग उल्लेखित है। रावण को भी संगीत का प्रकाण्ड विद्धान बताया जाता है। इसी प्रकार महाभारत काल में भी दुंदुभि, वीणा, आदंबर, मृदंग आदि वाद्यों का उल्लेख मिलता है, जिससे यह प्रतीत होता है कि इस काल में संगीत पुन: काफी लोकप्रिय हो रहा था। स्वयं भगवान श्रीकृष्ण एक कुशल बांसुरी वादक और संगीत के महान ज्ञाता थे। उन्होंने जहाँ समाज में ज्ञान का प्रचार-प्रसार किया, वहीं संगीत को भी प्रचारित किया। वे बाँसुरी बजाने में इतने प्रवीण थे कि उनकी बाँसुरी सुनकर गोपिकायें दौड़ी चली आती थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि श्रीकृष्ण का गायन, वादन तथा नृत्य तीनों कलाओं पर समान अधिकार था। संगीत उपयोगी कई महत्वपूर्ण ग्रंथ इस काल में लिखे गए।

संगीत ने जिस तेजी से अपने उत्थान काल को देखा, उतनी ही तेजी से उसे अपने पतन का भी सामना करना पड़ा, किन्तु इस पतनकाल में भी उसका विकासक्रम नहीं टूटा। मुगलकाल में सगीत के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास हुए। कई नये रागों एवं तालों का आविष्कार इस युग की देन है। कव्वाली, गज़ल, ख़्याल, ठुमरी आदि इसी काल में प्रचलित हुए। अमीर खुसरो इस युग की ऐसी शख्सियत थी, जिन्होंने कई अरबी व फारसी ग्रंथों का भारतीय भाषा में अनुवाद किया।

लगभग सभी मुस्लिम शासकों ने संगीत को प्रचारित करने में अपनी सार्थक भूमिका निभाई, जिनके राजदरबार तानसेन, बैजू बावरा, ब्रजचंद, श्रीचंद जैसे संगीतज्ञों से सुशोभित थे। भारतीय संगीत की आधारशिला माना जाने वाला शारंगदेव कृत 'संगीत रत्नाकर' ग्रंथ इसी काल की देन है। इस काल में संगीत के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण विकास यह हुआ कि भक्तिकाव्य तथा संगीत का समन्वय स्थापित हुआ। ब्रिटीश काल के आगमन के बाद संगीत का निरादर होने लगा। फिर भी संगीतज्ञों ने अपनी सृजनशीलता को विराम न देते हुए कई महत्वपूर्ण ग्रंथों की रचना इस काल में की।

इसी काल में भारतीय संगीत को दो महान दैदीप्यमान सितारों का संरक्षण प्राप्त हुआ - पं. विष्णुनारायण भातखण्डे तथा पं. विषणु दिगंबर पलुस्कर, जिन्होंने गीतों को, स्वरलिपि के माध्यम से आने वाली पीढ़ी के लिये सुरक्षित कर दिया। सन् 1800 ई. के बाद का समय आधुनिक काल माना जाता है। इस काल में भी भारतीय संगीत उत्तरोत्तर उन्नति कर रहा था। घरानों की कल्पना इसी काल में अपना रूप ले रही थी। ख़्याल तथा ध्रुपद गायन शैली के अलावा ग़ज़ल, टप्पा, ठुमरी आदि गायन शैलियां भी प्रचलित हो रही थी।

संगीत के इस स्वर्णिम इतिहास की जानकारी देना इसलिये आवश्यक है क्योंकि संगीत के क्रमिक विकास के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि संगीत ने प्राचीनकाल से ही व्यवसायिक स्वरूप को अपनाया था। अंतर केवल यह था कि उस काल में राजदरबारों में राजा के द्वारा संगीतज्ञ तथा कलाकार अपनी कला से जीविकोपार्जन करते थे। विकसित होते-होते आज इसके स्वरूप में कई परिवर्तन हुए हैं।

संगीत एक तपस्या है, जिसे नि:स्वार्थभाव से ही सिद्ध किया जा सकता है, किन्तु वर्तमान समय में संगीत की गहन साधना करना सभी के लिये संभव नहीं है। इसलिये मनुष्य ने संगीत के विभिन्न क्षेत्र खोज लिये हैं। संगीत का जादू ऐसा है, जिससे पशु-पक्षी ही नहीं वरन् पेड़-पौधे भी प्रभावित होते हैं। आज कई अनुसंधान इस क्षेत्र में किये जा रहे हैं तथा लोग इसी दम पर अपनी आजीविका चला रहे हैं। संगीत का चिकित्सा के क्षेत्र में भी प्रभाव देखा गया है। संगीत के सुरों से कई ऐसी धुनों का निर्माण किया गया है जिससे शारीरिक विकार दूर किये जा सकते हैं। मानसिक रोगों के उपचार के लिये भी

* सहायक प्राध्यापक (संगीत) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

'म्युझिकोथैरेपी' का इस्तेमाल किया जाता है। इस प्रकार कई क्षेत्र हैं, जिनमें मनुष्य संगीत का ज्ञान प्राप्त कर अपनी योग्यता के अनुरूप जीवनयापन करने में समर्थ हो सकता है।

यथा – यदि कोई व्यक्ति संगीत के सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक पक्ष का समुचित ज्ञान प्राप्त करे, उसकी आवाज सुरीली हो, समीक्षात्मक अध्ययन की योग्यता हो तथा विद्यार्थियों को सांस्कृतिक महत्व की समझ दे सके, ऐसा व्यक्ति एक सफल शिक्षक बन कर किसी भी विद्यालय या महाविद्यालय में अपनी सेवाऐं देकर अपना जीवनयापन कर सकता है।

आजकल सरकारी संस्थाऐं भी इस क्षेत्र में आने वाले विद्यार्थियों के लिये कई प्रकार की छात्रवृत्ति तथा पुरस्कार की घोषणा कर इस कला को प्रोत्साहित कर रही है। म.प्र. के संस्कृति विभाग द्वारा भी कलाकारों तथा साहित्यकारों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के प्रावधान के तहत अमूमन प्रतिमाह 500 से लेकर 5000 रूपए तक की सहायता दी जाती है। यह सहायता मध्यप्रदेश कलाकार कल्याण सहायता कोश के माध्यम से दी जाती है।

कहने का तात्पर्य यह है कि वर्तमान समय में शासन द्वारा भी कलाकारों को उचित प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसके दूसरे पक्ष पर गौर करें तो आज समाज में संगीत ने अपने पैर मजबूती से जमा लिये हैं। वर्तमान युग कम्प्यूटर और टीवी का है। आज टेलिविजन पर कई तरह के रियलिटी शो प्रसारित हो रहे हैं, फिर चाहे वह गायन के हों, नृत्य के या अन्य किसी टेलेन्ट के। इन सब में युवा वर्ग काफी उत्साह से बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और अभिभावक भी प्राय: इसी कोशिश में रहते हैं कि उनकी संतान भी किसी न किसी टेलेन्ट के जरिए अपना एक मुकाम हासिल करे। वे उसे प्रोत्साहित करने में पीछे नहीं रहते। टीवी पर प्रसारित होने वाले इन कार्यक्रमों के लोकप्रिय होने का कारण भी यह है कि जो युवा वर्ग इनसे अपना मुकाम हासिल करते हैं वे देश में ही नहीं, वरन् विदेशों में भी अपने हुनर के जरिए धनार्जन करते हैं।

आज संगीत का क्षेत्र पूरी तरह व्यावसायिक रूप ले चुका है, किन्तु युवा वर्ग अथवा आने वाली पीढ़ी का यह उत्तरदायित्व है कि वह संगीत को केवल व्यवसाय के रूप में जीवनयापन के लिये न अपनायें वरन् उसे समाज व कला की उन्नति के लिये अपनायें तो ज्यादा श्रेयस्कर होगा।

यह आवश्यक नहीं है कि वह टेलेन्ट शो के जरिए ही उसे व्यवसाय के रूप में हासिल करें। इसके अतिरिक्त भी वह संगीत को अनेक क्षेत्रों में व्यवसाय के रूप में अपना सकता है। जैसे – एक संगीत शिक्षक के रूप में, एक मंचीय कलाकार के रूप में, संगीत आलोचक के रूप में, शास्त्रकार अथवा रचनाकार के रूप में, साउंड कम्पोजर के रूप में आज कई क्षेत्र ऐसे हैं, जिसमें संगीत को माध्यम बनाकर व्यवसाय किया जा सकता है।

सारांश के रूप में कहा जा सकता है कि संगीत एक ऐसी कला है, जिसको अपनाने से कोई भी व्यक्ति जीवन में कभी दुखी नहीं हो सकता। संगीत प्राचीन काल से ही आजीविका का साधन रहा है। यदि इसे व्यवसाय के रूप में न भी अपनाया जाए तो भी 'स्वांत–सुखाय' के लिये इससे बेहतर कोई विकल्प हो नहीं सकता।

एक समय संगीत में जरूर ऐसा आया था जब समाज में संगीत को बहुत ही हेय दृष्टि से देखा जाता था, किन्तु यह संगीत की ही शक्ति थी, जिससे वह विषम परिस्थितियों से निकलकर पुन: अपने श्रेष्ठ मुकाम पर विराजमान हुआ और आज संगीत प्रत्येक मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। संगीत ने समाज को श्रेष्ठ परम्परा दी है, व्यवसाय दिया है, आत्म सुख दिया है और भविष्य में भी वह संगीत ही होगा, जो भारत को विकास के उन्नत मार्ग पर ले जाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा।

संदर्भ ग्रंथ –

1. आधुनिक व्यवसायिक हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायन (परम्परा एवं लक्षण) – डॉ. जीतराम शर्मा, संजय प्रकाशन, दिल्ली, 2004
2. संगीत मधुबन – मधुबाला सक्सेना, राकेशबाला सक्सेना, अभिषेक पब्लिकेशन, चंडीगढ़, प्रथम संस्करण, 2001
3. भारतीय संगीत का समाजशास्त्रीय अध्ययन – राजेन्द्रप्रसाद सिंह, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2004
4. भारतीय संगीत का इतिहास – राम अवतार मीर, राधा पब्लिकेशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2006
5. सांस्कृतिक शिक्षा के उद्विकास में संगीत का योगदान– राजश्री, राधा पब्लिकेशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2003
6. संगीत चिकित्सा – डॉ. सतीश वर्मा, राधा पब्लिकेशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2004
7. मुख्यमंत्री की चौपाल – अपना मंच, अपने पंच – जनसम्पर्क, मध्यप्रदेश प्रकाशन, 2009

****

दक्षिणात्य संगीत (कर्नाटक संगीत) में समय-सिद्धांत

डॉ. स्नेहा पण्डित *

भारतीय संगीत का इतिहास बहुत पुराना है। अतिप्राचीनकाल में संगीत, भारतीय संगीत के नाम से ही प्रचार में था। मध्यकाल में भारतीय संगीत दो भागों में बँट गया। 1) उत्तर भारतीय संगीत और 2) दक्षिणात्य संगीत। उत्तर भारतीय संगीत हिन्दुस्तानी संगीत के नाम से तथा दक्षिण का संगीत कर्नाटकी संगीत के नाम से जाना जाता है। इन दोनों ही संगीत पद्धतियों में कुछ समानताऐं हैं तथा कुछ असमानताऐं भी हैं। समानताओं में स्वर, रागों के नाम इत्यादि हैं। असमानताओं में ताल पद्धति, स्वरलेखन पद्धति, रागों का समय-सिद्धांत इत्यादि है। इन विभिन्न प्रकार की असमानताओं में यहाँ ''रागों के समय-सिद्धांत'' पर चर्चा की जा रही है।

भारतीय संगीत की दूसरी संगीत पद्धति अर्थात् दक्षिणात्य संगीत में समय-सिद्धांत का पालन नहीं होता, ऐसा कहा जाता है। हिन्दुस्तानी संगीत में रागों को समय पर गाने के लिए जो महत्व दिया गया है, उतना महत्व दक्षिणात्य संगीत पद्धति में नहीं है, परन्तु यह कथन आधुनिक ग्रंथकारों द्वारा ही दिया गया है। मध्यकाल में संगीत पद्धतियों के पृथक होने के पूर्व दक्षिण के विद्वानों द्वारा जो पुस्तकें लिखी गई उन सभी में रागों के वर्णन के साथ रागों को निश्चित समय पर गाने को बताया गया है। मध्यकाल तथा आधुनिक काल में भी कुछ विद्वानों द्वारा रागों को समय पर गाने को महत्व दिया है, परंतु 18वीं शताब्दी से कर्नाटक पद्धति में बदलाव आया तथा कुछ विद्वानों द्वारा समय-सिद्धांत को मान्यता नहीं है, ऐसा कहा गया।

आधुनिककाल के विचारक डॉ. कृष्णा बिष्ट द्वारा बताया गया कि ''प्राचीन और मध्यकालीन ग्रंथों के आधार पर यह कहा कि भारतीय संगीत में समय-सिद्धांत की परम्परा प्राचीन है। वर्तमान समय में समय-सिद्धांत हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में ही प्रचलित है।'' श्री साम्बपूर्ति द्वारा समय-सिद्धांत आदेशात्मक नहीं माना गया। प्रो. पी. बालकृष्ण के अनुसार रागों को समय पर गाना प्रासंगिक एवं तर्कसंगत नहीं है।

18वीं शताब्दी के विद्वानों एवं संगीतज्ञों ने पूर्व से चले आ रहे समय-सिद्धांत को त्याग दिया। उनके अनुसार जब सार्वजनिक संगीत कार्यक्रम रात्रि में ही होते हैं, जिससे अन्य समय में गाये जाने वाले राग गाने से छूट जाते हैं। इसके पश्चात भी अपवादात्मक श्रेणी में रखे गये कुछ रागों को समय पर गाया जाता है।

इस नियम को ध्यान में रखते हुए डॉ. गीता कुमार ने तृतीय राग वर्गीकरण में बताया "Classification based on Gana Kala on the time of singing" राग और समय का सम्बन्ध सिद्ध हो चुका है। इसे आधार मानकर कर्नाटक पद्धति में रागों को समय पर गाने की पाबंदी नहीं है, किन्तु भूपालम् प्रात:काल, राग बिलहारी और केदारम् राग विशेषत: उषाकाल में गाने की परम्परा है। इसके अतिरिक्त कुछ राग सर्वकालिक बताये गए जिसमें चक्रवात, भैरवी, कांभोजी और आरभी हैं। इनके अनुसार -

1. सूर्योदय से पूर्व जिन रागों को गाया जाता है, वे प्रभाती कहलाते हैं। जैसे भूपाला, रेवगुप्ति, बहुली, मलयमारूत, बालाजीदेशाक्षी।
2. प्रात:कालीन राग जिनमें बिलहारी, केदारम्, धन्यासी है।
3. दोपहर के पूर्व राग आसावरी गाया जाता है।
4. मध्याह्न में श्रीराग तथा मध्यावति बताए गए हैं।
5. मुखारी तथा बेगाड़ा ये दोपहर के बाद गाये जाते हैं।
6. वसंत, नाटकुरंजी, पूर्वकल्याणी ये सायंकालीन राग बताए हैं।

इस प्रकार कर्नाटक पद्धति में रागों का विभाजन दिन के विभिन्न समयों में विभिन्न राग गाने की प्रथा बताई। जिनमें समय-सिद्धांत कर्नाटक पद्धति में भी है, ऐसा प्रतीत होता है।

कर्नाटक पद्धति में बंदिशें, तमिल, तेलुगु, संस्कृत, कन्नड़ भाषा में मिलती है। तमिल भाषा में रागों को (Pann) पन के नाम से जाना जाता है या राग का पर्यायवाची शब्द पन (Pann) है तथा टेवरम् (Tevaram) अर्थात् पवित्र स्त्रोत है। इस प्रकार तमिल भाषा में पवित्र स्त्रोत को गाने के लिए रागों का प्रयोग होता है, उसका विभाजन, समय अनुसार निम्नप्रकार से बताया -

1. Pagal Pann :- To be sing during day.
2. Irvau Pann :- To be sing during night.
3. Podup Pann :- Which can be sing at all time.

(Pann) पन अर्थात् रागों को तीन वर्ग में विभाजित किया। पहले प्रकार में उन रागों को बताया गया जो दिन में गाये जाते हैं। दूसरे में उन रागों को बताया गया है, जिसे रात्रि में गाया जाता है तथा तीसरा प्रकार सर्वकालिक रागों का है। रागों को अगर निश्चित समय पर गाया जाए तो उसका प्रभाव अधिक पड़ता है। डॉ. गीता कुमार द्वारा "The rule is however not of a mendatory nature but of an advisory character" अर्थात् कर्नाटक संगीत में रागों को समय पर गाने का नियम आदेशात्मक न होकर सलाह के रूप में बताया गया है। डॉ. कुमार ने इस ओर ध्यान आकर्षित किया है कि जब कार्यक्रमों में विस्तृत आलाप गान होता है तब गान कला में समय की महत्ता बताई गई - जैसे कलाकार या विद्वान यदि सुबह कार्यक्रम देता है तो उसे धन्यासी आलाप करने के पश्चात् उसी राग में पल्लवी गाना चाहिए, परन्तु सर्वकालिक रागों में यह बंधन नहीं है।

संदर्भ

1 - Justification of the time theory in Hindustani Classical Music - Krishna Bisht
2 - The concept and evaluation of Raga in Hindustani and Karnatic Music - Dr. Geeta Kumar
3 - शास्त्रीय संगीत के दस सिद्धांत

* सहायक प्राध्यापक (कण्ठ संगीत) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

विकलांगता और शिक्षा

प्रमिला वास्केल *

व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का आधार एवं समाज का दर्पण शिक्षा है। यह देश की उन्नति और विकास का संवाहक एवं प्रत्येक महत्वाकांक्षी समाज की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सी. पी. स्नों के अनुसार – 'शिक्षा का मुख्य उद्देश्य मनुष्य की उस क्षमता को बढ़ना होगा जिससे हर समस्या के हल की ओर, हर चुनौती के साथ चलने की योग्यता हो।'

किसी गतिशील समाज में उच्च शिक्षा की अवधारणा उस समाज की नैतिकताओं, आदर्शवादी अपेक्षाओं, बेहतर जीवन मूल्यों और व्यावहारिक जीवन की मांगों से जोड़कर गढ़ी जाती है।[1] सन् 2001 की जनगणना के अनुसार देश में 2.19 करोड़ विकलांग लोग है, जो कुल जनसंख्या का 2.13 प्रतिशत है। विकलांगों की कुल जनसंख्या में से 1.26 करोड़ पुरूष और 0.93 करोड़ महिलाएं है। इनमें दृष्टि बाधित, सुनने में असमर्थ, और मानसिक रूप से नि:शक्त लोग शामिल है। जनगणना के आंकड़े स्पष्ट करते है कि विकलांग लोगों में से 75 प्रतिशत गांवो में रहते हैं, 49 प्रतिशत साक्षर है और इनमें से 34 प्रतिशत लोगों को रोज़गार हासिल है।

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संस्थान द्वारा सन् 2002 में किए गए सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया है कि 1.85 करोड़ लोग विकलांग है और विकलांगता के प्रकार के अनुसार पाए गए आंकड़े सन् 2001 की जनगणना आकड़ों से अलग है। ऐसा इसलिए, क्योकि तब कवरेज में अंतर और डाटा संग्रहण में विकलांगता की परिभाषा अलग थी। अंतिम जनगणना से जो आंकड़े सामने आए है, उनके अनुसार 2008 तक देश में विकलांगों की कुल जनसंख्या लगभग 2.44 करोड़ हो गई थी।

जनगणना 2011 में विकलांगता को और भी विश्वसनीय तरीके से परिगणित करने के लिए मामला भारत के महानिबंधक के पास ले जाया गया था। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने प्रस्तावना दिया कि पीडब्ल्यूडी एक्ट में वर्णित सभी सात किस्मों की विकलांगता को जनगणना 2011 में शामिल किया जाए और सरल परिपूर्ण परिभाषा के साथ जनगणना 2011 में आंकड़ा संग्रहण के दौरान घरेलू अनुसूची भी सुनिश्चित करने की सलाह दी। जनगणना 2011 के अनुसार परिगणना के लिए निम्न प्रकार की विकलांगता शामिल की गई है :1. दृष्टिहीनता, 2. बोलने की विकलांगता 3. सुनने में असमर्थता 4. चलने-फिरने में असमर्थ 5. मानसिक रूप से विकलांगता 6. मानसिक बीमार, 7. बहु विकलांगता, 8. अन्य।[2] जिस समाज की जैसी व्यवस्था होगी, वहां उसी प्रकार की शिक्षा का स्वरूप होगा। लोकतांत्रिक समाज में शिक्षा द्वारा समानता, स्वतंत्रता जैसे लोकतांत्रिक गुणों के विकास प्रयास किया जाएगा। भारत में प्रारंभ से ही विकलांगों के पुनर्वास तथा शिक्षा की जिम्मेदारी परिवार या व्यक्तिगत संस्थाओं की रही है। परंपरा की इस लीक को लांघकर राज्य कल्याण की अवधारणा के तहत विकलांगों के लिए नई योजनाओं और सेवाओं के प्रशिक्षण का कार्य प्रारंभ हुआ है। विकलांगों की शिक्षा और पुनर्वास का कार्य केंद्र तथा राज्य सरकारों का दायित्व हैं। एक समय जब शिक्षा केवल एक विशेष वर्ग तक सीमित थी। शिक्षा का संबंध समाज में संकुचित हो गया था। लेकिन लोकतंत्र के उदय के साथ समानता, स्वतंत्रता, भातृत्व और न्याय के जीवन मूल्यों के साथ व्यक्ति के अधिकार और कर्तव्यों की समझ और जागृति के कारण यह स्पष्ट हो गया कि समाज में व्यक्तियों को शिक्षा से अलग नहीं रखा जा सकता। लोकतंत्र ने समाज और शिक्षा को निकट ला दिया। भारत में विकलांगों के प्रति परंपरागत अंधविश्वास चला आ रहा है।

लोग विकलांग या अपाहिज व्यक्ति को पूर्व जन्म का फल मानकर उनके प्रति उपेक्षा भाव दिखाते है उन्हें समाज का बोझ समझ कर उनके प्रति सहानूति दिखाते है। यह परंपरागत विचार अब दम तोड़ रहा हैं। आज कई विकलांग व्यक्ति समाज में स्वतंत्र और आत्म-निर्भर जीवन जी रहे हैं उन्हें देखकर लोगों के पुराने विचारों में परिवर्तन आ रहा हैं। विकलांग समाज में सम्मान चाहते है, व्यवहार में समानता चाहते है, भीख नहीं। समाज के अन्य लोगों पर यह दायित्व बनता है।[3] शारीरिक समस्याओं के कारण आर्थिक तथा सामाजिक समस्याओं को भी झेलना पड़ता हैं। यदि व्यक्ति के ऊपर परिवार की जिम्मेदारी है तो अनियमित आमदनी और क्षमतानुसार काम न मिलने से उसे आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। यदि व्यक्ति के ऊपर परिवार की जिम्मेदारी है तो अनियमित आमदानी और क्षमतानुसार काम न मिलने से उसे आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। यदि उसमें काबलियत भी है तो हमारा व्यस्त सामाजिक परिवेश उसे मौका देने के लिए तैयार नहीं है। निजी क्षेत्रों में सामान्य व्यक्ति यह विश्वास भी नहीं कर पाते कि एक विकलांग व्यक्ति काम की जिम्मेदारी को निभा पाएगा।[4]

हाल के वर्षो में विकलांग व्यक्तियों से संबंधित अधिनियम और शिक्षा का अधिकार अधिनियम जैसे कानूनों में जिस प्रकार के प्रावधान किए गए है, उनमें स्पष्ट है कि विकलांग बच्चों की शिक्षा पर अब काफी ध्यान दिया जा रहा है। इस बात की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। परंतु लक्ष्यों में विरोधाभास और स्पष्टता के अभाव में अभी भी ऐसे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। विकलांग बच्चों के शिक्षा के अनुभवों और परिणामों से यह बात भलीभांती साफ हो जाती है।

विकलांग बच्चों की स्कूलों में भर्ती के आंकड़ों को लेकर मतभेद बने हुए है। विभिन्न आंकड़ों के अनुसार 4 प्रतिशत से लेकर 67.5 प्रतिशत बच्चे विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहें है। परंतु औपचारिक शिक्षा अर्थात विद्यालयीन शिक्षा से अभी भी काफी बड़ी संख्या में विकलांग वंचित है और गंभीर चिंता का विषय है राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन के आंकडे बताते है कि केवल 45 प्रतिशत के विकलांग बच्चे ही साक्षर है जबकि कुल जनसंख्या में सामान्य बच्चों की साक्षरता का प्रतिशत 65 है।

विकलांग बच्चों की शालाओं में भर्ती और उपस्थिति में कोई विशेष प्रगति नहीं हुई है। विश्व बैंक (2007) का कहना है कि केवल 4 प्रतिशत विकलांग बच्चे ही 8 वर्ष से अधिक की स्कूली शिक्षा जारी रख पाते है। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बच्चों की तुलना में विकलांग बच्चों की पढ़ाई बीच में छोड़ने की संभावना पांच गुना अधिक होती है। केरल और तमिलनाडु जैसे शिक्षा की दृष्टि से उन्नत राज्यों में भी स्थिति संतोषजनक नहीं कही जा सकती। इससे यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि इस मामले में कहां गलती हुई है। जबकि कुछ समीक्षकों का यह कहना

* पीएच. डी. शोधार्थी, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान संस्थान, महू (म.प्र.) भारत

है कि देश की विकलांग नीति का ढांचा सर्वाधिक प्रगतिशील है। पिछले कुछ वर्षो में सरकार ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत विशेष विद्यालयों को अनुदान देकर अच्छी पहल की है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के एकीकृत विकलांग बच्चों की शिक्षा कार्यक्रम के तहत विकलांग बच्चों को मुख्यधारा के विद्यालयों से जोड़ने का प्रयास भी सराहनीय है। सर्वशिक्षा अभियान (2007) में भी एक महत्वपूर्ण बदलाव कर विकलांगता के प्रकार श्रेणी और अंश में किसी प्रकार का भेदभाव न करते हुए, सभी विकलांग बच्चों की शालाओं में पढ़ाई का अवसर देने पर जोर दिया गया है। विकलांग बच्चों की शिक्षा के लिए ये जो अनेक वैकल्पिक सुविधाएं उपलब्ध है, वैसे तो काफी उपयोगी है, परंतु सरकार की जो सोच है, उसमें कुछ बदलाव की आवश्यकता प्रतीत है।

विकलांगों की शिक्षा के प्रयासों में मुख्यधारा की शिक्षा में व्याप्त जो चुनौतियां है, उनको स्वीकार करने की अधिक आवश्यकता है। इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली में अनेक मूलभुत समस्याएँ बनी हुई है, जिनमें शिक्षक की उपस्थिति (योग्यता नहीं) बुनियादी कौशल (नवाचारों शैक्षिक दृष्टिकोण का विकास नहीं) स्वच्छ शौचालयों का अभाव। निश्चित रूप से विकलांगों की शिक्षा के लिए अपनाएं जाने वाले नजरिये में इस प्रकार की विसंगतियों को अस्वीकार करने की आवश्यकता है।[5]

सर्वविदित है कि भारत दुनिया का चीन के बाद दूसरा बड़ा राष्ट्र है। भारत की जनसंख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। कुछ समय उपरांत यह दुनिया का सर्वाधिक बड़ा राष्ट्र होगा। यह विकासशील देश है जहाँ अशिक्षा, गरीबी, बीमारियां, प्राकृतिक प्रकोप, दुर्घटनाओं की प्रगढ़ता है। यहां आधारभूत विकासात्मक ढांचे का अभाव है। देश भ्रष्टाचार में जकड़ा हुआ है। मानवीय संवेदनाओं का पतन व यूरोपीय मॉडल भारतीय समाज में आ गया है। इन तथ्यात्मक कारणों से विकलांगता बढ़ी है। जो आने वाले समय में संपूर्ण संघीय ढ़ाचे के लिए चुनौती है। विकलांगता मनुष्य में निश्चित रूप में शारीरिक कमी लाती है तथा मानसिक आघात भी पहुंचाती है, पर मात्र विकलांगता के आधार पर किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को किसी अधिकार या अवसर से वंचित कर देना अन्यायपूर्ण है। विकलांग व्यक्तियों के लिए शिक्षा सामाजिक एवं आर्थिक विकास का सबसे कारगर माध्यम है।

संविधान के अनुच्छेद 21 क जिसमें शिक्षा के मूलभूत अधिकार की ग्यारण्टी है, और नि:शक्त व्यक्ति अधिनियम, 1995 की धारा 26 को ध्यान में रखते हुए, कम से कम 18 वर्ष की आयु के सभी विकलांग बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराई जानी है।

समय की यही पुकार विकलांगजनों को मुख्यधारा में लाने के लिए ऐसा वातावरण बनाने की आवश्यकता है जिसमें अधिकार एवं सुविधाएं उपलब्ध हो जिससे वे अपना जीवन सुव्यवस्थित रूप से चलाने के अलावा समाज और राष्ट्र के विकास में भी अपना योगदान दे सके। प्रस्तुत पेपर द्वितीय आंकड़ो पर आधारित है जिसमें विकलांगजनो के लिए शिक्षा के अभाव तथा समाज का दृष्टिकोण बताया है।

संदर्भ

1. जैन, ए. के. (2013) 'उच्च शिक्षा में गुणवत्ता : चुनौती एवं संभावनाएँ' जनवरी पेज 20–22 वर्ष –13 अंक –5 जनमत प्रकाशन गिरिजाशंकर, सम्पर्क ई–115/8, शिवाजी नगर भोपाल।
2. भारत में विकलांगों की संख्या कितनी है? अप्रैल 2013 (क्या आप जानते है।) योजना प्रकाशन विभाग, सूचना भवन सी. जी. ओ. कॉप्लेक्स, लोधी रोड़, नयी दिल्ली।
3. यादव, रवि प्रकाश 'विकलांगों के लिए शिक्षा' कुरूकक्षेत्र, दिसम्बर 1999 पेज 3 कुरूकक्षेत्र प्रकाशन सूचना भवन, नई दिल्ली।
4. सिंह, इरा 'कैसे संभव हो विकलांगों के लिए बेहतर जीवन' पेज 6 दिसंबर 1999 कुरूकक्षेत्र प्रकाशन सूचना भवन, नई दिल्ली।
5. सिंगल, निधि विकलांग बच्चों की शिक्षा अप्रैल 2013 पेज 21 योजना प्रकाशन विभाग, सूचना भवन सी. जी. ओ. कॉप्लेक्स, लोधी रोड़, नई दिल्ली।
6. यादव, आलोक कुमार विकलांगों के बारे में मानसिकता बदलनी जरूरी जनवरी 2009 पेज 29 कुरूक्षेत्र प्रकाशन सूचना भवन, नई दिल्ली।

****

लॉफ्टर (हास्य) योग एवं मानवीय स्वास्थ्य - एक विश्लेषण

प्रो. अलका जैन *

लाफ्टर योग- स्वस्थ जीवन का आधार :

हँसती मुस्कराती जीवनचर्या स्वस्थ जीवन का मूलभूत आधार है । शरीर के आंतरिक अंग-अव्यव की संरचना इस प्रकार की है कि वे हास-परिहास के वातावरण में सही रूप से संचालित होती है और मानवीय स्वास्थ्य बना रहता है। यहाँ तक कि गंभीर बीमारी में हास्य योग की प्रभावशीलता प्रमाणित हो चुकी है। यह एक कुशल, कम लागत चिकित्सा उपचार है । हँसी को योग की तरह इस्तेमाल कर हेल्थ बनाना नया नुस्खा है जो वर्तमान में निरन्तर अत्यन्त लोकप्रिय होता जा रहा है।

लॉफ्टर योग क्या है ?



लॉफ्टर योग एक क्रांतिकारी, सरल एवं गहरा विचार है। यह एक नियमित व्यायाम है जिसे भारत के एक फिजिसियन मुंबई के डॉ. मदन कटारिया ने जन्म दिया है। उन्होंने 3 मार्च 1995 को एक पब्लिक पार्क में पहले लॉफ्टर क्लब का शुभारंभ किया। आज यह एक विश्वव्यापी घटना बन गई है। 72 से अधिक देशों में हजारो लॉफ्टर क्लब कार्य कर रहे हैं। लॉफ्टर योग अर्थात योगिक प्राणायाम के साथ बिना शर्त हँसना। इसमें किसी को भी हास्य चुटकुले या कामेडी पर निर्भर किए बिना, बिना किसी कारण के हास्य योग किया जाता है। हँसी एक समूह में आँख के संपर्क से संक्रामक हँसी में बदल जाती है तथा नकली और असली हँसी में अन्तर नहीं रह जाता।

लॉफ्टर योग की अवधारणा वैज्ञानिक तथ्य पर आधारित है। यह शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक रूप से अत्यन्त लाभदायक हैं। लॉफ्टर योग का लक्ष्य हँसी के माध्यम से अच्छा स्वास्थ्य, खुशी और दुनिया में शांति लाना है। प्रतिवर्ष मई का हर पहला रविवार वर्ल्ड-लाफ्टर दिवस के रूप में मनाया जाता है। लॉफ्टर योगा हँसी, प्यार और फ्रेंडशिप में विश्वास रखने वाले लोगों का समूह है, जो विश्वव्यापी समुदाय के रूप में विकसित हो रहा है। जो भाषा, संस्कृति से बाधित नहीं है। लॉफ्टर योग क्लब सभी के लिए नि:शुल्क हैं तथा यह योग शिक्षक तथा योग नेताओं के रूप में प्रशिक्षित स्वयं सेवकों द्वारा भारत सहित दुनिया भर में चलाये जा रहे है। हँसने से चेहरे और फेफड़ों का अच्छा व्यायाम होता है। ब्लड नवर्स खुल जाती है, हृदय को शक्ति मिलती है, मस्तिष्क को अधिक मात्रा में ऑक्सीजन मिलती है, जिससे वह तेजी से काम करने लगता है। मुक्त कंठ से हँसने से अमाशय आनन्द की लहरों से झंकृत हो उठता है तथा पाचन क्रिया स्वत: बढ़ने लगती है। शरीर में पेट और छाती के बीच एक 'डायफ्राम' होता है जो हँसते समय कम्पित होता है, जिससे सारे आन्तरिक अवयवों में गतिशीलता आती है। समूची काया में उष्मा का प्रवाह बढ़ने से व्यक्तित्व में ओजस्विता बढ़ती हैं। नियमित रूप से हँसना सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ठ बनाता है। दिन में एक बार हँसने को दस मिनट नाव का चप्पू चलाने जितना लाभकारी माना गया है। हँसने से सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है जो मन में विश्वास पैदा कर भय को दूर करती है। हास्य योग मन की कमजोरी, चिंता, दु:ख, सदमा, अनिद्रा, अवसाद, इन्सीकियोरिटी काम्प्लेक्स, तनाव आदि को दूर करता है। वर्तमान में हास्य योग विश्व में शारीरिक स्वास्थ की दृष्टि से काफी लोकप्रिय एवं प्रभावकारी सिद्ध हो रहा है। आस्ट्रिया, अमेरिका और भारत सहित कई देशों में वैज्ञानिक शोध तथा योग विधियों पर वैज्ञानिक अनुसंधान ने साबित कर दिया है कि लॉफ्टर योग तनाव, अवसाद, अनिद्रा तथा अन्य शारीरिक, मानसिक बीमारियों को कम करने में सफल रहा है तथा यह गठिया, एलर्जी, अस्थमा, मधुमेह, कैंसर, मोटापा इत्यादि में लाभदायक सिद्ध हुआ है। नकारात्मकता, क्रोध को दूर करने में सहायक तथा भावनात्मक रूप से रिश्ते सुधारने एवं सकारात्मक सोच में उपयोगी साबित हुआ है।

हास्य योग के प्रकार और स्वास्थ्य लाभ - हास्य योग में हँसी के कई प्रकार हैं, जो अलग-अलग तरह से स्वास्थ लाभ पहुँचाते हैं।

* **हा - हा लॉफिंग -** सीधे खड़े होकर शरीर को उपर की ओर उठाते हुए हा - हा की आवाज में जोर से हँसना। इससे रक्त संचार तेज होता है, जिससे धमनियाँ और शिराओं का फैलाव होता है। मस्तिष्क को पूरी गति से रक्त मिलने से तनाव दूर होता है।
* **हो - हो लॉफिंग -** साँस को बाहर की ओर निकालते हुए हो - हो की आवाज में हँसना। इससे नाभि पर प्रभाव पड़ता है जिससे लीवर व कीडनी मजबूत होते है। उनकी कार्यक्षमता बढ़ती है।

* **इंटरमिटेंट लॉफिंग -** साँस अंदर की ओर लेते और बाहर की ओर छोड़ते हुए रूक -रूक कर हँसना। इससे शरीर के फर्टिलिटी पार्ट में तेजी से रक्त संचार होता है, जिससे फर्टिलिटी अंग मजबूत होते है।

* **इंटरमिटेंट लाँग लॉफिंग -** साँस को अंदर लेकर, फिर उसे रोककर, खुलकर झटके के साथ हँसना। इस हास्य योग से पेल्विक एरिया में तेजी से रक्त संचार होने लगता है जो सेक्सुअल एक्टीवनेस के लिए लाभदायक होता है।
* **लाँग लास्टिंग लॉफिंग -** इसे रावण हँसी कहते है। साँस को बाहर निकालते हुए पूरे शरीर को हिलाते हुए खुलकर हँसना। इस योग से नर्वस मस्कुलर्स, तथा डायजेस्ट सिस्टम पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। फेफड़े और हृदय को अधिक मात्रा में ऑक्सीजन मिलने पर वे मजबूत होते है।
* **साइलेंट लॉफिंग -** अत्यन्त सामान्य बिना आवाज किए मुस्कराहट के साथ हँसना। इससे चेहरा दमकने लगता है, चेहरे की त्वचा पर लाली छा जाती हैं।

* **सांइलेंट जोकर लॉफिंग -** इस हास्य प्रकार में एक-दूसरे को चिढ़ाते

* प्राध्यापक, श्री अटल बिहारी वाजपेयी, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

हुए बिना आवाज किए तेज हँसा जाता है। इससे फेफड़ो में तेजी से 'एअर सर्कुलेशन' होता है। शरीर में तेजी से रक्त संचार होता है। हृदय और मस्तिष्क को पर्याप्त मात्रा में रक्त मिलता है। जिससे शरीर को भरपूर ऊर्जा मिलती है। व्यक्ति की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।

- **हार्टी विगरस लाफिंग –** इस हास्य योग में मुँह खोलकर दिल से, ताली पीटते हुए खुलकर हँसा जाता है। इसे लॉफिंग एरोबिक भी कहा जाता है। यह रक्त संचार को बढ़ाता है, इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, हृदय व फेफड़े मजबूत होते है, व शरीर में स्फूर्ति रहती है। सामान्यतया अन्य व्यायाम के साथ इसे भी उपयोग में लाया जाता है।

- **वार्म अप लॉफिंग –** इसमें लयबद्ध तरीके से हा – हा , हे – हे के उच्चारण के साथ हँसना, धीरे – धीरे इसकी गति बढ़ाकर ऊँचाई तक ले जाकर फिर मंद हँसा जाता है। यह प्रक्रिया कई बार अपनायी जाती है। इस हास्य योग से पूरे शरीर में रक्त का तेजी से संचार होता है, तनाव दूर होता है तथा हृदय एवं फेफड़े मजबूत होते हैं।
- **फाइव मिनट लॉफिंग –** इस हास्य योग में 5 मिनट तक ठहाके लगाकर खुलकर हँसा जाता है। इससे चेहरे की रौनक बढ़ती है। शरीर में तेजी से रक्त संचार होता है, जिससे शरीर के भीतरी अंगो की कार्यक्षमता बढ़ती हैं।
- **एटीकेट आफिस लॉफिंग –** इसमें होठो को बंद रखकर सौम्यता से हँसते हुए अंदर कबुतर या मक्खी की भाँति आवाज की जाती हैं। यह हास्य योग नर्वस सिस्टम पर प्रभाव डालता है तथा शरीर में ऊर्जा पैदाकर आलस्य को दूर करता है।

इस तरह कई प्रकार के हास्य योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य हेतु लाभदायक है। हास्य योग पर किये गए शोध एवं अध्ययन इस बात को प्रमाणित करते है।

हास्य योग पर विभिन्न अध्ययन

हास्य योग का मनुष्य के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव के अनगिनत अध्ययन देश एवं विदेशों में हो चुके हैं, जो यह साबित करते हैं कि हास्य योग लाभदायक प्रभाव डालता है। कुछ महत्वपूर्ण अध्ययन भी इसी बात को परिलक्षित करते हैं। डॉ. एम. एस. छाया एवं उनकी टीम ने (विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय के सहयोग से, योगा रिसर्च आर्गेनाइजेशन बेंगलोर में) 'कार्यस्थल में तनाव पर लॉफ्टर योगा के प्रभाव' शीर्षक पर वैज्ञानिक शोध एवं अध्ययन किया। जिसमें 3 आईटी कम्पनी में से 200 प्रतिभागी लिए गए तथा उन्हे दो ग्रुप में विभाजित किया गया।

लाफ्टर योगा ग्रुप तथा, कन्ट्रोल ग्रुप। लॉफ्टर योगा ग्रुप में हर दो–तीन दिन में 20 मिनट का हास्य योगा होता तथा 18 दिन के बाद परिवर्तन का अध्ययन किया गया। इसमें हृदय दर, ब्लड प्रेशर, कोर्टिसोल (**a stress hormone**), **PANAS** (**Positive affectivity and Negative Affectivity Scale), PSS (Perceived stress scale)** इत्यादि का अध्ययन किया तथा पाया कि लॉफ्टर योग ग्रुप में हृदय दर (2.33%), ब्लड प्रेशर (उपर का में 6.18% तथा नीचे का 3.829%), कोर्टीसोल (28%) , का स्तर नीचे गिरा तथा **PANS Test** में 'पॉजीटीव इमोशन' में (17.25%) वृद्धि तथा नकारात्मक भावनाओं में (27.2%) कमी दिखाई दी। **PSS Test** (1.99%) कम हुआ अर्थात तनाव में कमी हुई। **Tas Test** (8.84%) कम हुआ अर्थात **Alexithymia** में कमी हुई तथा भावनातमक संज्ञान में वृद्धि हुई। इस प्रकार यह अध्ययन यह बताता है कि लॉफ्टर योगा से कार्यस्थल पर तनाव में कमी होती है। अर्थात मनुष्य के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जबकि कन्ट्रोल्ड ग्रुप में परिवर्तन अत्यन्त कम या नहीं देखा गया।

